श्रीभाष्यम्

ब्रह्म-सूत्र

श्री १०८श्रीमद्रामानुजाचार्य प्रणित ।

देवनागरी

रसिकानुवाद

श्रीदुर्गाचरण शर्मा 'सांख्य' वेदान्त तीर्थ के

बंगानुवाद अवलम्बन से

प्रकाशक—

बाबू श्रीरामसुन्दरसिंह जी रईस ज़मीदार

गड़बेता ज़िला मेदनीपुर

१००१]   १९५१   [मूल्य ६)

पुस्तक मंगाने का पता—

श्रीरिपुदमनकुमार शरणजी

श्रीलक्ष्मण किला, श्रीअयोध्याजी, जिला फैजाबाद।

Shant Sharma Hiremath
"Kavyateerth"
शास्त्री तृ. वर्ष (Shastri III year)
S.M.V. B.H.U.

* आभास *

21

अवैदिक बौद्धादि धर्मों के आविर्भाव से भारत में जब एक विषम धर्म विप्लव उपस्थित भया, आपात-मधुर बौद्धमत के प्रबल आक्रमण से सुश्री सनातन वैदिक धर्म जब विपर्य्यस्त तथा कृष्ण पक्षीय शशिकला के न्याय प्रति दिन क्षयोन्मुख होते रहे; उसी समय भट्टकुमारिल तथा ज्ञान गुरु श्रीशंकराचार्य्यजी अविर्भूत होकर वेदोक्त कर्म और ज्ञान-पथों को प्रकटित करिके, उस अशास्त्रीय विप्लव को विदूरित करते भये। किन्तु, तब भी भक्त हृदय-धन, भावुक-कण्ठ मणि रूप विमलभक्ति मार्ग अज्ञान के अन्धकूप में निहित रहे; तब भी सम्प्रदाय शुद्ध सुविमल श्रीवैष्णव धर्म के उज्वल आलोक दिग् दिगन्त को उद्भासित नहीं किये; तब भी सन्तप्त मानव हृदय में भक्तिमय शान्ति-सलिल की सुशीतल धारा प्रवाहित नहीं भयो। जीवों के एकान्त प्रयोजनीय उस भक्ति रस को वितरण उद्देश्य से भक्त श्रेष्ठ, भावुक चुड़ामणि, दार्शनिक श्रीमद्रामानुजाचार्य्यजी अवतीर्ण होते भये। आप समझने लगे कि, जीवगण भगवदंश होते हुये भी श्री श्रीसीताराम जी के चिर सेवक, भगवान श्री श्रीसीतारामजी ही उनके मात्रसेव्य तथा भक्तिभावना ही उसका परम साधन। जीव चाहे कितना ही समुन्नत हो, भक्तिव्यतीत कोई भी कभी मुक्ति लाभ में समर्थ नहीं होता है।

आपके चिरवाञ्छित जो सिद्धान्त सो ब्रह्मसूत्र-वेदान्तदर्शन की व्याख्या श्रीभाष्य में अति निपुणता के साथ युक्ति, तर्क, श्रुति, स्मृति तथा पुराणादिकों के सहायता से, आप प्रतिपादन या संस्थापन कर गये हैं। परवर्तिभक्तसम्प्रदाय मूलतः आपही के युक्ति तर्कों पर निर्भर करिके अपने अपने सम्प्रदाय को समर्थन तथा पुष्टि साधन किये हैं।

जो लोग भक्ति मार्ग का प्रकृत तत्त्व को जानना चाहैं, उनके लिय तो 'श्रीभाष्य' अवश्य पाठ्य है ही; इसी की सहायता से वे लोग स्वीय साधन तत्त्व के अनेक गूढ़ मर्मों को सहज में जान सकते हैं।

और जो लोग ज्ञान गुरू श्रीशंकर स्वामीजी के अनुयायी, तिनके लिये भी 'श्रीभाष्य' का पठन पठान अत्यावश्यक। क्योंकि, विस्तृत समालोचना सहित विविध युक्ति, तर्क और प्रमाणों के साहाय्य से, अति गम्भीर भाव से श्रीशंकर-मत को खण्डन की चेष्टा इस 'श्रीभाष्य' में जैसी पायी जाती है तद्रूप और कुत्रापि दृष्ट नहीं होती है; सुतरां इसी के सहायता से वे लोग स्वमत की बलाबल-परीक्षा तथा उभय मतों के सामञ्जस्य और दोष गुणों के तुलना करने में यथेष्ट सुविधा या साहाय्य को पा सकते हैं।

श्री श्री भगवत् कृपा से आज उनहीं महानुभव श्री श्री रामानुजाचार्य्यजी प्रणीत सानुवाद श्रीभाष्य का प्रथम खण्ड प्रकाशित भया। इस खण्ड में ब्रह्मसूत्र की 'चतुः सूत्री' मात्र सन्निविष्ट है। कहना आवश्यक है कि यही 'चतुःसूत्री' ही श्री श्रीरामानुज-मत का सार सर्वस्व रूप आपके अभिप्रेत 'विशिष्टाद्वैतवाद' के अनुकूल तथा प्रतिकूल, में जितने प्रकार के युक्ति तर्क सम्भावित हो सकते हैं सो सभी की, आपने इसी 'चतुःसूत्री' में, विस्तृत समालोचना तथा मीमांसा भी कर दिये हैं। अधिक क्या कहूँ, केवल मात्र 'चतुःसूत्री'-पाठ से ही, आपके अभिमत 'विशिष्टाद्वैतवाद' सो क्या है तद्विषयक युक्ति तर्क और सार सिद्धान्त ही किस प्रकार के हैं, सो सम्पूर्ण रूप से जाना जा सकता है।

अनुवाद सरल, सुखबोध्य तथा भाष्यानुयायी करने की विशेष चेष्टा की गयी है तथा अनुवाद के साहाय्य से, भाष्य के भाव को सयम्क रूप से समझाने के लिये यथा सम्भव चेष्टा की त्रुटि नहीं किये गये। इसी कारण से भाषागत सौन्दर्य्य के तरफ विशेष दृष्टि नहीं कर पाये।

विशेषतः 'ब्रह्मसूत्र'-वेदान्त दर्शन अति दुरूह ग्रन्थ; तदुपरि 'श्रीभाष्य' की भाषा, वाक्य विन्यास तथा तर्क पद्धति अत्यन्त गम्भीर, सहज में भाव को हृदयंगम करना कठिन है। तिसमें फिर, वंगाला, देवनागरी आदि भाषावों में शब्द सम्पत तथा तर्कोपकरण का इतना अभाव है कि उनसे इस प्रकार दुरूह भाष्य का अविकल अनुवाद सो असम्भव है। इसी कारण सर्वत्र अनुवाद की अविकलता सुरक्षित है सो नहीं सो नहीं कहा जा सकता।

ग्रन्थ को सुखवोध्य करने के लिये प्रथमतः सूत्र के नीचे में 'पदच्छेद' में सूत्रस्थ पदों के विश्लेषण तथा सरल अर्थ दिये गये हैं। तन्निम्न में स्वरचित सरल संक्षिप्त टीका तथा तदनुवाद द्वारा भाष्यानुयायी सूत्रार्थ को विवृत किये गये हैं। भाष्य के जटिल अंश को अनायास-वोध्य करने के लिये, जहाँ तहाँ पर 'श्रुत प्रकाशिका' नामक प्राचीन टीका के अंश विशेष को भी उद्धृत किये गये हैं। भाष्य में जो जो वचन प्रमाण उद्धृत हैं उन सबके श्लोक संख्या तथा,मूल ग्रन्थ का नाम आदि दिये गये हैं; जिससे प्रमाणों का वलाबल भी परिचित हो सर्वत्र ही वोधोपयोगी कमा, सेमिकोलन प्रभृति चिह्न प्रदत्त भये हैं। दुर्वोध्य सन्धियों का विश्लेषण भी आवश्यकतानुसार किया गया है।

श्रीकाशीजी, द्राविड़ तथा पयागराज प्रभृति नानास्थान के पांच ठो मूल ग्रन्थों के मेल से, सुसंगत पाठ ही को लिये गये हैं।

उपसंहार में वक्तव्य यह है कि इस दुरूह ग्रन्थ का अनुवाद सम्पादन में हमारे भ्रम प्रमाद पदे पदे परिलक्षित हो सकते हैं। सहृदय पाठक गणोंके अनुग्रह पूर्वक विदित कराने पर संशोधन कर दिया जायगा। यही श्रीभाष्य का प्रथम अनुवाद, अतएव कहना चाहिये—

पदन्यैर्वर्त्मन क्षुण्णं तत्र संञ्चरतोमम ।
पदे पदे प्रस्खलतः सन्तः सन्त्ववलम्बनम् ॥

श्रीदुर्गाचरण शर्मा
तथा देवनागरी अनुवादक
श्रीलक्ष्मणकिला श्रीअयोध्याजी।

❁ श्री श्री सीतारामजू ❁

विषय-सूची

विषय पृष्ठ

❀ श्री श्रीसद्गुरु चरणकमलेभ्यो नमः   श्री श्रीसीतारामाभ्यां नमः ❀

❀ नमो भगवते वासुदेवाय ❀

ब्रह्मसूत्रम्

श्रीभाष्यसमेतम्

प्रथमोध्यायः

अखिल भुवनजन्मस्थेम भंगादि लीले, विनत विविध भूत व्रात रक्षैकदीक्षे ।
श्रुति शिरसि विदीप्ते ब्रह्मणि श्रीनिवासे, भवतु मम परस्मिन् शेमुषी भक्तिरूपा ॥

अर्थात्—समस्त जगत् का सृष्टि स्थिति और लय जिनकी लीला शरणागत सर्व विध प्राणियों की रक्षा करना एकमात्र व्रत, और जो उपनिषद्शास्त्र में विशेपरूप से प्रतिपादित हैं। उस परब्रह्म स्वरूप श्रीनिवास वासुदेवजी में हमारी भक्ति मयी मति हो।

पाराशर्य्य वचः सुधा मुपनिषद् दुग्धाब्धि मध्योद्धृताम्,
संसाराग्नि विदीपन व्यपगत प्राणात्म संजीवनीम् ।
पूर्वाचार्य्यसुरक्षितां बहुमतिव्याघातदूरस्थिताम्,
आनीतां तु निजाक्षरैः सुमनसो भौमाः पिबन्त्वन्हम् ॥

अर्थात—उपनिषत् शास्त्र रूप दुग्ध समुद्र से समुद्धृत, (निकाला हुआ) संसार वह्नि के तीव्र ताप से प्राणात्म हीन अर्थात् परमात्मज्ञान विरहित जीवों की संजीवनी (निस्तार के उपाय) पूर्वतन आचार्यगण द्वारा सुरक्षित, तथापि बहुतर मतभेद (के) से व्याघात के कारण दूरस्थित अबोध्य, पुनश्च भाष्य व्याख्या द्वारा समुपनीत-सुबोध्य रूप में श्रीपराशर सुत वेदव्यासजी की वचन सुधा को भुलोक वासी सुधीगण प्रति दिन आस्वादन कीजिये।

सूत्रस्थरूपद मादाय पदैः सूत्रानुसारिभिः ।
स्वपदादि च वर्ण्यन्ते भाष्यम् भाष्यविदो विदुः ॥

अर्थात्—जिसमें सूत्रानुरूप पदों से सूत्रस्थ पदों की व्याख्या की जाती है और व्याख्या-च्छल से अपने पदादि की भी व्याख्या की जाती है। भाष्यवित् पण्डितों ने उसको भाष्य कहा है।

भगवद् बोधायन कृतां विस्तीर्णां ब्रह्मसूत्रवृत्तिं पूर्वाचार्याः संचिक्षिपुः। तन्मतानु-सारेण सूत्राक्षराणि व्याख्यास्यन्ते ॥

अर्थात्—भगवान बोधायन कृत ब्रह्मसूत्र की विस्तीर्ण व्याख्या आचार्यों ने संक्षेप से किये हैं, उसी के अनुसार हम अक्षर समूह की व्याख्या करेंगे।

ब्रह्म सूत्र्यते यथायथं निरूप्यते येन तत् ब्रह्मसूत्रम्।

श्रीस्कन्द पुराणे

नारायणाद्विनिष्पन्नं ज्ञानं कृत युगे स्थितम्, किंचित् तदन्यथा जातं त्रेतायां द्वापरे-खिलम्। संकीर्ण बुद्धयो देवा ब्रह्म रुद्र पुरःसराः, शरण्यं शरणं जग्मुर्नारायणमना-मयम्॥ तैर्विज्ञपित कार्यस्तु भगवान् पुरुषोत्तमः, अवतीर्णो महायोगी सत्यवत्यां पराशरात्। चतुर्धा व्यभजत् तांश्च चतुर्विंशतिधा पुनः, शतधा चैकधा चैव तथैव च सहस्रधा॥ कृष्णो द्वादशधा चैव पुनस्तस्यार्थ वित्तये, चकार ब्रह्मसूत्राणि येषां सूत्रत्वमंजसा। निर्विशेषित सूत्रत्वम् ब्रह्मसूत्रस्य चाप्यतः, सविशेषाणि सूत्राणि ह्यपराणि विदो विदुः॥ अल्पाक्षर मसंदिग्धं सारवद्विश्वतो मुखम्, अस्तोभमनवद्यं च सूत्रं सूत्रविदो विदुः॥

अर्थात्—यहां सूत्राक्षर कहने का तात्पर्य यह है कि प्रकृति प्रत्यय विभागानुसार जिस सूत्र का अर्थ जैसा संगत है इस भाष्य में उसका वैसा ही किया है स्वकपोल कल्पना, कष्ट कल्पना से कदर्थ नहीं किया गया। व्याख्या शब्द पारिभाषिकार्थ में व्यवहृत होता है। तिसका लक्षण-यथा-

पदच्छेदः पदार्थोक्तिः विग्रहो वाक्ययोजना।
आक्षेपस्य समाधानं व्याख्यानं पंच लक्षणम्॥

पदच्छेदः-मिलित शब्दों का पृथक् पृथक् निर्देश करना, पदार्थोक्तिः-जिस पदका जो अर्थ वही प्रकाश करना, विग्रहः-समासों का स्पष्ट वाक्य रचना करना, वाक्य योजना—अन्वयार्थ एक वाक्य रचना, आक्षेप समाधान-कोई आपत्ति तथा दोष सम्भावना में उनका परिहार या मीमांसा करनी।

अथातोब्रह्मजिज्ञासा ॥ १ ॥

पदच्छेदः—अथ [अनन्तर] अतः [इस हेतु से] ब्रह्म जिज्ञासा (ब्रह्मको जानने की इच्छा) [करनी उचित है]।

सरलार्थः 'अथ' अनन्तरम्, आदौ वेदाध्ययनेन केवल कर्मणां फलम् अनित्यम्, अत्यन्तम् तारतम्य युक्तं च ज्ञात्वा इत्याशयः (यतः केवल कर्मणः फलमेवमिथं,) ब्रह्मज्ञान फलं तु तद्विपरीतं नित्यं अनन्तं, निरतिशयं तारतम्य रहितं च, अतः अस्माद् हेतोः ब्रह्मजिज्ञासा (कर्तव्या) विचारेण ब्रह्म ज्ञातव्यमित्यभिप्रायः ॥१॥

अर्थात्—ज्ञान रहित कर्म का फल ध्वंसशील, कमी बेशी के साथ और परिच्छिन्न, तथा ब्रह्म ज्ञान का फल अक्षय अनन्त वो निरतिशय। अतएव विचार के साथ ब्रह्म को जानना आवश्यक हैं ॥ १ ॥

अथस्यात् मंगले प्रश्ने कार्य्यारम्भेष्वनन्तरे ।
अधिकारे प्रतिज्ञायामन्वादेशादिषु क्वचित् ॥

अर्थ—अथ शब्द का अर्थ-मंगल, प्रश्न, कार्य्यारम्भ, आनन्तर्य्य, [किसी के बाद] अधिकार, प्रतिज्ञा तथा अन्वादेश या कथितानुकथन करना है तिनमे से आनन्तर्य्य अर्थं इस सूत्र में परिग्रहण किया गया है। इति।

अत्राथ शब्द आनन्तर्य्यं भवति, अतः शब्दो वृत्तस्य हेतुभावे, अधीत सांग सशिरस्क वेदस्य अधिगताअल्पास्थिर फल केवल कर्म ज्ञान तया संजातमोक्षाभिलाषस्य, अनन्त स्थिर फल ब्रह्म जिज्ञासाह्यनन्तर भाविनी ॥ २ ॥

ब्रह्मणोजिज्ञासा-ब्रह्म जिज्ञासा। ब्रह्मण इति कर्मणि षष्ठी, कर्तृ कर्मणोः कृतीति विशेष विधानात्। यद्यपि सम्बन्ध सामान्य-परिग्रहेऽपि जिज्ञासायाः कर्म्मापेक्षत्वेन कर्मार्थत्व सिद्धिः [तथापि आक्षेपतः प्राप्तादाभिधानिकस्यैव ग्राह्यत्वात् कर्मणि षष्ठी गृह्यते] न च 'प्रतिपद विधाना षष्ठी न समस्यते' इति कर्मणि षष्ठ्याः समास निषेधः शंकनीयः ? 'कृद्योगा षष्ठी समस्यते" इति प्रति प्रसव सद्भावात् ॥३॥

अथ शब्दार्थविचारः

इस सूत्र में अथ शब्द का अर्थ और अतः शब्द का अर्थ-पूर्वागत विषय का हेतुत्व अर्थात् – पुर्ववर्ति कर्मकांड से अवगत कर्म फल अनित्य, अस्थिर इत्यादि ज्ञानही ब्रह्मजिज्ञासा उत्पत्ति का हेतु। कारण यह कि, वेदांग और उपनिषत् शास्त्र पाठ से जाना गया है कि केवल ज्ञान रहित कर्म का फल अल्प स्थिर व ध्वंसशील, तथा ब्रह्मज्ञान का फल अनन्त और अक्षय। तब हृदय में मोक्षाभिलाष उपस्थित हुआ और तदनन्तर जिज्ञासा भी सम्भव है ॥२

ब्रह्म जिज्ञासा का अर्थ ब्रह्म को जानने की इच्छा 'कर्तृ कर्मणोः कृति' इस विशेष विधान से 'ब्रह्मणः' इसमें कर्म में षष्ठी विभक्ति हुई है। जिज्ञासा मात्र ही जिज्ञास्य या जिज्ञासा के कर्म की अपेक्षा रखती है। अतएव, यद्यपि सामान्य कर्म सम्बन्ध रूप अर्थ स्वीकार करने से भी, तात्पर्य में ब्रह्म का कर्मत्व लाभ हो सक्ता है, तथापि आक्षेप लब्ध-प्रकारान्तर प्राप्त अर्थ से आभिधानिक-शब्द लब्ध अर्थ ग्रहण करना ही समुचित है। इसलिये यहां कर्म मे ही षष्ठी स्वीकार करनी चाहिये-सामन्य सम्बन्ध में नही। शंका, प्रतिपद् अर्थात् कर्म में षष्ठी होने से समास नहीं हो सक्ता है, फिर ब्रह्म जिज्ञासा कैसे पद बनेगा। समाधान- कृद्योगा षष्ठी समस्यतें' इस विशेष विधान के साथ हो सक्ता है ॥ ३

ब्रह्म शब्देन स्वभावतो निरस्त निखिल दोषोऽनवधिकातिशयासंख्यय कल्याण गुण गणः पुरुषोत्तमोऽभिधीयते। सर्वत्र बृहत्व-गुणयोगेनहि ब्रह्म शब्दः। बृहत्वं च स्वरूपेण गुणैश्च यत्रानवधिकाशयं सोऽस्य मुख्योऽर्थः, सच सर्वेश्वर एव अतोब्रह्मशब्दस्तत्रैव मुख्यवृत्तः। तस्मादन्यत्र तद्गुणलेश योगादौपचारिकः अनेकार्थ कल्पनायोगात् भगवच्छब्दवत्, तापत्रयातुरैरमृतत्वाय स एव जिज्ञास्यः। अतः सर्वेश्वरो जिज्ञासा कर्म भूतं ब्रह्म। ज्ञातुमिच्छा-जिज्ञासा, इच्छया इष्यमाण प्रधानत्वाद् इष्यमाणं ज्ञानमिह विधीयते ॥ ४ ॥

मीमांसा-पूर्वभाग-ज्ञातस्य कर्मणोऽल्पास्थिर फलत्वादुपरितनभागवसेयस्य ब्रह्मज्ञानस्यानन्ताक्षय फलत्वाच्च पूर्व वृत्तात् कर्म ज्ञानादनन्तरं तत एव हेतोः ब्रह्म ज्ञातव्यमित्युक्तम् भवति। तदाह वृत्तिकारः वृत्तात् कर्माधिगमादनन्तरं ब्रह्म विविदिषा-इति। वक्ष्यति च कर्म ब्रह्ममीमासयोरैकशास्त्र्यं- संहितमेतत् शारीरकं जैमिनीयेन षोडश लक्षणेनेति शास्त्रैकत्वसिद्धिः'' इति। अतः प्रतिपिपादयिषितार्थ षट्कभेदवदध्यायभेदवच पूर्वोत्तर मीमांसयोर्भेदः ॥ ५ ॥

मीमांसा शास्त्रं- अथातो धर्म जिज्ञासा' इत्यारभ्य 'अनावृत्तिः शब्दात्' इत्येव मन्तं संगति विशेषेण विशिष्ट क्रमम्। तथाहि प्रथमं तावत् 'स्वाध्यायोऽध्येतव्यं' इत्यध्ययनेनैव स्वाध्याय-शब्दवाच्य-वेदाख्याक्षरराशेर्ग्रहणं विधीयते ॥ ६ ॥

ब्रह्म शब्द स्वाभाविक ही सर्वदोष विवर्जित; अवधि और तारतम्य रहित अनन्त कल्याण गुण गण मय पुरुषोत्तम को समझाता है। ब्रह्म शब्द सर्वत्र ही बृहत्व गुण का योग या सम्बन्ध अनुसार प्रयुक्त होता है। जिसमें स्वरूपतः तथा गुणत: असीम और निरतिशय बृहत्व वर्तमान है। सोई ब्रह्म शब्द का मुख्य अर्थ है। वही गुणों का आंशिक सम्बन्ध से अन्यत्र भी जो ब्रह्म शब्द प्रयुक्त होता है, सो भगवत् शब्दवत् औपचारिक अर्थात गौणार्थ प्रकाशक, न चेत् एक शब्द का अनेकार्थ कल्पना करना पड़ेगा। त्रिताप तापित जनों के लिये अमृतत्व लाभ निमित्त सोई एक मात्र जिज्ञास्य है। अतएव-सर्वत्र ही जिज्ञासा का कर्म स्वरूप ब्रह्म [और कोई नहीं] जिज्ञासा का अर्थ-जानने की इच्छा से [में] इष्यमाण अर्थात् अभीप्सित विषय ही प्रधान, इसी कारण से यहाँ अभीप्सित ज्ञान ही को समझना चाहिये ॥ ४ ॥

अभिप्राय यह है कि—मीमांसा का पूर्वभाग में कर्म फल का अल्पत्व और अनित्यत्व जाना जाता है, और उत्तर भाग में ब्रह्मज्ञान-फल का अनन्तत्व अक्षयत्व विदित होता है। इसी ज्ञान के फल से प्राथमिक कर्म तत्व अवगति के बाद ब्रह्म जिज्ञासा की आवश्यकता उपलब्धि होती है। वृत्तिकार भी पूर्वसम्पन्न कर्मज्ञान के अनन्तर ब्रह्म को जानने की इच्छा होती है ऐसे कहे हैं। और बाद को भी कहेंगे कि 'यह शारीरक सूत्र जैमिनि कृत कर्म मीमांसा सहित संहित' या सम्मिलित होकर षोडशाध्याय पूर्ण है।'' जैसे प्रतिपाद्य विषय के भेद से पटक अध्याय आदिक भेद होते हैं। यह पूर्व और उत्तर मीमांसा के प्रभेद भी वैसा ही है ॥ ५ ॥

पूर्व मीमांसा प्रथम सूत्र-'अथातो धर्म जिज्ञासा' से लेकर उत्तर मीमांसा का शेष सूत्र 'अनावृत्ति: शब्दात्' पर्यन्त सूत्र समष्टि एक ही मीमांसा शास्त्र संगति या सम्बन्ध विशेष अनुसार पूर्व पर रूप से विशेष क्रम युक्त मात्र है। सो इस प्रकार जानिये प्रथमतः 'स्वाध्यायोध्येतव्यः' अर्थात् वेदाध्ययन कीजिये, यह अध्ययन विधि से 'स्वध्याय' शब्दोक्त अक्षर समूहात्माक वेद का ग्रहण या अध्ययन विहित होता है ॥ ६ ॥

तच्चाध्ययनं किं रूपं ? कथं च कर्तव्यं ? इत्यपेक्षायां "अष्टवर्षं ब्राह्मण-मुपनयीत, तमध्यापयेदित्यनेन—श्रावण्यां प्रौष्ठपद्यां वा उपाकृत्य यथा विधि । युक्त श्छंदांस्यधीयीत मासान् विप्रोऽर्द्ध पंचमान् ।" मनु-४-९५ । इत्यादि व्रत-नियम विशेषोपदेशैश्चापेक्षितानि विधीयन्ते ॥ ७ ॥

एवं सत् सन्तान प्रसूत-सदाचार-निष्ठात्मगुणोपेत-वेदविदाचार्योपनीतस्य व्रत नियम विशेष युक्तस्याचार्य्योच्चारणानूच्चारणमक्षरराशि ग्रहण फलमध्ययनमित्यवगम्यते । अध्ययनं च-स्वाध्याय संस्कारः "स्वाध्यायोऽध्येतव्य" इति स्वाध्यायस्य कर्मत्वा वगमात् । संस्कारो हि नाम कार्यान्तर योग्यताकरणम् । संस्कार्यत्वं च स्वाध्यायस्य युक्तं, धर्मार्थ-काम-मोक्ष रूप-पुरुषार्थ चतुष्टय-तत्साधनाव-बोधित्वात्, जपादिना स्वरूपेणापि तत्साधनत्वाच्च । एवमध्ययन विधिर्मन्त्रवत् नियमवदक्षरराशि ग्रहण मात्रे पर्य्यवस्यति । अध्ययन गृहीतस्य स्वाध्यायस्य स्वभावत एव प्रयोजनवदर्थावबोधित्व दर्शनात् ।

वह अध्ययन क्या है और किस प्रकार से किया जाय ? इसी आकांक्षा से 'अष्ट वर्ष वयस्क ब्राह्मण को उपनीत करके अध्ययन कराना' । ब्राह्मण श्रावण या भाद्रमास की पूर्णिमा तिथिको यथा विधिउपाकर्म कराके सार्धपंच मास काल स्थिर चित्त से वेद अध्ययन करे'-इत्यादि रूप व्रत नियम विशेष का उपदेश से वेद पाठ अपेक्षित सकल विषय [विहित] विधिवत् प्रतिष्ठित है ॥ ७ ॥

ऐसा जाना जाता है— कि सद्वंश सम्भूत, सदाचार पूत [अक्रोधादि] आत्म गुण सम्पन्न, वेदज्ञ आचार्य कर्तृक उपनीत और विशेष विशेष व्रत तथा नियम सम्पन्न [ब्रह्मचारी] शिक्षा के उद्देश में आचार्यों के उच्चारण के अनन्तर अक्षर समूह का उच्चारण करै सोई प्रकृत अध्ययन वेद 'अध्ययन' करना इस वाक्य से जाना जाता है कि वेद ही अध्ययन क्रिया का कर्म है । सुतरां अध्ययन कार्य को वेद का एक प्रकार संस्कार कहना चाहिये, संस्कार अर्थ कार्य विषय में योग्यता सम्पादन करना । हेतु यह है कि वेद धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष यह चतुर्विध पुरुषार्थ तथा तदुपाय प्रतिपादक एवं जपादि द्वारा स्वयं भी चतुर्विध पुरुषार्थ साधक अतएव उसका संस्कार्यत्व या संस्कार होना चाहिये । उसी युक्ति के अनुसार वेदाध्ययन की विधि भी मन्त्र के न्याय केवल अक्षर समूह ग्रहणार्थ में पर्यवसित होती है । कारण, अध्ययन गृहीत वेद ही का प्रयोजनीय अर्थ प्रकाश करने का स्वभाव परिदृष्ट होता है ।

गृहीतात् स्वाध्यायादवगम्यमानान् स्वप्रयोजनवतोऽर्थान् आपाततो दृष्टवा-तत् स्वरूप प्रकार विशेष निर्णय फल वेद वाक्य विचार रूप मीमांसा श्रवणेऽधी-तवेदः पुरुषः स्वयमेव प्रवर्तते ।

तत्र कर्म विधि स्वरूपे निरूपिते कर्मणामल्पास्थिर फलत्वं दृष्ट्वाध्ययन गृहीत स्वाध्यायैक देशोपनिषद्वाक्येषु चामृतत्वरूपानन्तस्थिर फला पात प्रतीतेस्त-न्निर्णय फल वेदान्त वाक्य विचार रूप शारीरक मीमांसा यामधिकरोति ॥ ८ ॥

तथा च वेदान्त वाक्यानि केवल कर्म फलस्य क्षयित्वं, ब्रह्म ज्ञानस्य चाक्षय-फलत्व दर्शयन्ति–'तद्यथेह कर्म–जितो लोकः क्षीयते एव मेवामुत्र पुण्य जितो लोकः क्षीयते'–छान्दोग्योपनिषत्, ८–१–६ । "अन्तवदेवास्य तद्भवति"–बृहदारण्यको-पनिषत्–३–८–१० । "नह्यध्रुवैः प्राप्यते ध्रुवं कर्मभिः"-कठोपनिषत् २-१० । 'प्ल-वाह्येते अदृढायज्ञरूपाः' मंडुकोपनिषत् १-२-७ । परीक्ष्य लोकान् कर्म जितान् ब्राह्मणो निर्वेदमायात्, नास्त्य कृतः कृतेन तद्विज्ञानार्थं सगुरुमेवाभिगच्छेत् ससित्-पाणिःश्रोत्रियं ब्रह्मनिष्ठम्'। 'तस्मै सविद्वान् उपसन्नाय सम्यक् प्रशान्तचित्ताय समा-न्विताय येनाक्षरं पुरुषं वेद सत्यं प्रोवाच तां तत्वतो ब्रह्म विद्याम् ।' मंडुकोपनिषत् १-२-१०-१३ 'ब्रह्मविदाप्नोतिपरम्; न पुनर्मृत्यवे" तैत्तिरीयोपनिषत् २-१-१ "तदेकम्पश्यति, न पश्यो मृत्युम् पश्यति" छान्दो-७-२६-२ 'स स्वराड् भवति, तमेवं विद्वानमृत इह भवति" नृसिंह पूर्व तापनी १-६ । "तमेव विदित्वाति मृत्यु-मेति, नान्यः पन्था विद्यतेऽयनाय"–श्वेताश्वतरोपनिषत् ३-८ । पृथगात्मानं प्रेरि तारं च मत्वा जुष्टस्ततस्तेनामृतत्वमेति" श्वेत १--६ । इत्यादीनि ॥ ९ ॥

वेदवित् पुरुष अधीतवेद से प्रयोजनीय विषय समूह आपाततः अवगत होय के उन सब के स्वरूप और प्रकार गत विशेष भावों को निर्धारण के वास्ते वेद वाक्य विचारात्मक मीमांसा शास्त्र श्रवण की प्रवृति अपने आप होती है । वही कर्म मीमांसा से कर्म विधि जानि के समझ लेता है कि कर्म का फल अनित्य और अल्प, तब वह अधीतवेदैक देश–उपनिषद् में अनन्त तथा अक्षय मोक्ष फल की बात साधारणतः जानकर फिर उसी को निर्णायक, वेदान्त विचारात्मक शारीरक मीमांसा शास्त्र का अधिकारी या प्रवृत्त होता है ॥ ८

(ननु च, सांग वेदाध्ययनादेव कर्मणां स्वर्गादि फलत्वं स्वर्गादीनां च क्षयित्वं, ब्रह्मोपासनस्या मृतत्वफलत्वं च ज्ञायतएव। अनंतरं मुमुक्षुर्ब्रह्म जिज्ञासायामेव प्रवर्ततां, किमर्थो धर्मविचारापेक्षा ?

एवं तर्हि शारीरक मीमांसायामपि न प्रवर्ततां ? सांग वेदाध्ययनादेव कृत्स्नस्य ज्ञातत्वात्। सत्यं आपाततः प्रतीतिर्विद्यत एव, तथापि न्यायानुगृहीतस्य वाक्यस्यार्थ निश्चायक त्वाद् आपाततः प्रतीतोप्यर्थः संशय-विपर्ययौ नातिवर्तते अतस्तन्निर्णयाय वेदांत वाक्य विचारः कर्तव्य इति चेत् ? तथैव धर्मविचारोपि कर्तव्य इति पश्यतु भवान्। १०। श्रीशंकरप्रश्न—)

वेदान्त वाक्य भी ज्ञान रहित कर्म फल का क्षयित्व तथा ब्रह्मज्ञान फल रूप मोक्ष का नित्यत्व दर्शाशय रहे हैं।—"इस लोक में कृषि प्रभृति कर्मार्जित लोक अर्थात् शस्यादि भोग्य वस्तु जैसे, भोग से क्षय प्राप्त होता है, उसी तरह परलोक में भी पुण्य कर्म लब्ध लोक स्वर्गादि क्षय प्राप्त होता है" इसका—ज्ञान रहित कर्मों का सो-कर्म फल ध्वंस प्राप्त होता है। कर्मियों ने अध्रुव या अनित्य कर्म राशि से ध्रुव मोक्ष फल को प्राप्त नहीं होते हैं "यह यज्ञ समूह दृढ़तर भोला नहीं है ब्रह्मनिष्ठ व्यक्ति, कृत अर्थात् कर्म द्वारा अकृत-नित्य-मोक्ष लाभ नहीं करते है" इस प्रकार से कर्म लब्ध फलों की परीक्षा लेकर निर्वेद को प्राप्त होते हैं, वह- जिज्ञासु ब्रह्म विज्ञान लाभ निमित्त समित् पाणि होकर श्रोत्रिय ब्रह्म-निष्ठ गुरु के समीप उपस्थित हो, वह श्री गुरुजी दयापूर्वक, सम्पूर्ण रूप से, प्रशान्त चित्त और संयतेन्द्रिय उस उपस्थित शिष्य को ब्रह्मविद्याययायथ रूप उपदेश दें, जिससे अक्षय सत्य पुरुष को अवगत हो सकै। "ब्रह्मवित् व्यक्ति परमात्मा को प्राप्त होता है। पुनर्वार मृत्यु प्राप्त नहीं होता है। केवल एक ही वस्तु को दर्शन कराता है, ब्रह्मदर्शी मृत्यु को नहीं देखता" "वह स्वराज होते हैं उनको इस प्रकार जानकर अमृतत्व लाभ-मृत्यु को अतिक्रम करते हैं, मोक्ष प्राप्ति का और पथ नहीं है" "प्रेरक आत्मा को पृथक् भाव से मनन करके उनका कृपाभाजन होते हैं उसी से मोक्ष प्राप्त होते हैं" इत्यादि-॥ ६ ॥

ननु च ब्रह्म जिज्ञासा यदेव नियमेनापेक्षते, तदेव पूर्ववृत्तं किंचिद् वक्तव्यम् न धर्म विचारापेक्षा ब्रह्मजिज्ञासाया: अधीत वेदांतस्यानधिगत कर्मणोऽपि वेदांत वाक्यार्थ-विचारोपपत्ते: । कर्मांगाश्रयाण्युद्गीथाद्युपासनान्यत्रैव चिंतंत्ये, तदन-धिगत कर्मणो न शक्यं कर्तुमिति चेत् ? अनभिज्ञोहि भवान शारीरक मीमांसा शास्त्र-विज्ञानस्य । अस्मिन् शास्त्रेऽनाद्य विद्याकृत-विविध भेददर्शनतन्निमित्त-जन्म-जरामरणादि सांसारिक दु:ख सागरनिमग्नस्य निखिल दु:ख मूल भूत मिथ्या-ज्ञान निवर्हणायात्मैकत्व-विज्ञानं प्रतिपिपादयिषितम् , अस्यहि भेदावलम्बि कर्म विज्ञानं क्वोप युज्यते ? प्रत्युत विरुद्ध मेव । उद्गीथादि विचारस्तु कर्म शेष भूत एव ज्ञान स्वरूपत्वा विशेषादिहैव क्रियते, सतु न साक्षात् संगत: अतोयत्प्रधानं शास्त्रं, तदपेक्षितमेव पूर्ववृत्तं किमपि वक्तव्यम् ॥ ११ ॥

प्रश्न यह है कि वेद वेदांग आदि अध्ययन से ही जब जाना जाता है कि कर्मों का फल स्वर्गादिफल क्षयशील तब तो मुमुक्षु जन को चाहिये कि केवल वही एक ब्रह्म जिज्ञासा ही में प्रवृत्त हों, धर्म जिज्ञासा में फिर उनका क्या प्रयोजन है ? उत्तर अगर ऐसा ही हो तो वेद वेदांग ही से तो सभी जाना गया फिर शारीरक मीमांसा ही में प्रवृत्त होने की क्या आवश्यकता ? (श्रीशंकरोक्ति) सत्य है साधारण ज्ञान मात्र उनका है । लेकिन, न्यायानु-मोदित वाक्य ही जब अर्थ निश्चय का कारण है तब कोई अर्थ अपातत: या अविचारित भाव से परिज्ञात होकर भी संशय विपर्यय को अतिक्रम नहीं कर सकता । अतएव उसके निर्णय निमित्त वेदांत विचार करना आवश्यक है। (श्रीरामानुजोक्ति) ठीक उसी रीति से धर्म विचार का भी आवश्यकता, वादी को विचार के साथ मानने योग्य ही है॥ १०

अगर ऐसा कहा जाय कि, उसमें कर्मांग सापेक्ष उद्गीथादि उपासना का भी उल्लेख है, इसलिये कर्मकांड अनभिज्ञ लोग उसका अनुष्ठान नहीं कर सकते ? आप (श्रीरामानुज) इस शारीरक मीमांसाशास्त्र के अर्थ विज्ञान में अनभिज्ञ । कारण-इस शास्त्र में, अनादि अविद्या से जो नानाविध भेद ज्ञान उपस्थित होता है, वही भेद ज्ञान जनित जन्म, जरा मरणादि भय सांसारिक दु:ख सागर-निमग्न व्यक्ति के दु:ख राशि का मूल कारण रूप ज्ञान

वाढं, तदपेक्षितं च कर्मज्ञान मेव, कर्म समुच्चिताज् ज्ञानादपवर्ग श्रुतेः। वक्ष्यति च 'सर्वापेक्षा च यज्ञादिश्रुतेरश्ववद्'। ब्रह्मसूत्रम् ३-४-२६। अपेक्षित च कर्मण्यज्ञाते केन समुच्चयः, केन न, इति विभागो न शक्यते ज्ञातुम्। अतस्तदेव पूर्ववृत्तम्॥ १२॥

नैतद् युक्तम्, सकल विशेष प्रत्यनीक-चिन्मात्र ब्रह्मविज्ञानादेवाविद्यानिवृत्तेः अविद्या निवृत्तिरेवहि मोक्षः। वर्णाश्रम विशेष साध्य साधनेति कर्तव्यताधनंत विकल्पास्पदं कर्म सकल भेद दर्शन निवृत्तिरूपाज्ञाननिवृत्तेः कथमिव साधनं भवेत्? श्रुतयश्च कर्मणामनित्य फलत्वेन मोक्ष विरोधित्वं ज्ञानस्यैव मोक्षसाधनत्वं च दर्शयंति-'अंतवदेवास्यतद् भवति'-बृहत्-३-८-१०। 'तद्यथेहकर्म जितोलोकः क्षीयते' एवमेवामुत्रपुण्यजितोलोकः क्षीयते छान्दो ८-१-६। 'ब्रह्मविदाप्नोति परम्' तैत्ति० २-१-१। 'ब्रह्म वेद ब्रह्मैव भवति' मुण्डक-३-२-६। 'तमेव विदित्वाऽतिमृत्युमेति' श्वेताश्व ३-८। इत्यादि॥ १३॥

निवारण के लिये आत्मैकत्व ज्ञान प्रतिपादित भया है। भेद सापेक्ष कर्मज्ञान इसके उपयोगी कैसे होगा? वलिक विरुद्ध ही होगा उद्गीथादि उपासना कर्मांग होते हुए भी ज्ञानस्वरूप है। इसी हेतु से यहाँ भी विचार किया गया है। किंतु वह उसके साक्षात् सम्बन्ध में यहां संगत या आवश्यक नहीं है। अतएव शास्त्र का जो प्रधान प्रतिपाद्य तदपेक्षित कोई विषय को पूर्ववृत्त रूप निर्देश करना चाहिये॥ ११॥

श्रीरामानुज-अच्छीबात है, कर्म विज्ञान हो तो ज्ञान का अपेक्षित है, कारण यह है कि, श्रुति कह रही है 'कर्म सहकृत ज्ञान से मुक्ति होती है'। और सूत्रकार भी कहेंगे कि 'विद्यालाभ में समस्त कर्म की अपेक्षा है' श्रुति में भी यज्ञादि कर्मों का अपेक्षणीयत्व उक्त ही है। तथापि योग्यता देखि के विचार करना चाहिये-जैसे अश्व वहन,योग्य होने पर भी उससे हर आदि नहीं जोता जाता है किन्तु शकटादि वहन कराया जाता है उसी तरह, ज्ञान लाभ के अनुकूल कर्म ही ग्रहणीय है। और तत् प्रतिकूल कर्म समूह वर्जनीय है। ज्ञानोपेक्षित उस कर्मकांड में विशेष ज्ञान न होने से, किसके साथ समुच्चय है किसके साथ नहीं है इस विभाग को नहीं जान सकते। अतएव कर्म विज्ञान ही पूर्ववृत्त॥ १२॥

यदपि चेदमुक्तम्, यज्ञादि कर्मापेक्षा विद्येति, तद्वस्तु विरोधात् श्रुत्यक्षर पर्यालोचनया चांतःकरणनैर्मल्य द्वारेण विविदिषोत्पत्तावुपयुज्यते, न फलोत्पत्तौ विविदिषन्तीति श्रवणात्। विविदिषायां जातायां ज्ञानोत्पत्तौ शमादीनामेवान्तरं-गोपायतां श्रुतिरेवाह, 'शान्तो दान्त उपरतस्तितिक्षुः समाहितो भूत्वात्मन्येवात्मानं पश्येत्'-बृहदा-४-४-२३ ॥ १४ ॥

श्रीशंकर-यह बात युक्ति युक्त हो नहीं सकती। क्यों कि सर्व विध भेद रहित शुद्ध चिन्मय ब्रह्मज्ञान ही से अविद्या की निवृत्ति होती है वही मोक्ष रूप है। अतएव वर्णाश्रम गत भेद-पार्थक्य तथा साध्य साधन और इति कर्तव्यता प्रभृति अनन्त भेद सापेक्ष कर्म समूह कैसे, सर्व प्रकार भेदबुद्धि निवृत्ति रूप अज्ञान निवृत्तिका कारण होगा। 'ब्रह्मज्ञानी का सब कर्म शांत या क्षयशील होता है। इस लोक में कर्म लब्ध लोक [शस्यादि] क्षय प्राप्त होता है, पुण्य लब्ध स्वर्गादि लोक भी ठीक उसी तरह क्षय को प्राप्त होता है। ब्रह्मज्ञ व्यक्ति परमपद को प्राप्त होते हैं। ब्रह्मविद् ब्रह्म ही होते हैं। उनको जानकर मृत्यु को अतिक्रम करते हैं।' इत्यादि श्रुतियों ने भी, अनित्य फल उत्पादक कर्मों का मोक्ष विरोधित्व और एक मात्र ब्रह्मज्ञान का मोक्ष साधनत्व ज्ञापन कर रहे हैं॥ १३ ॥

और बात है-'विद्या या, आत्मज्ञान यज्ञादि कर्म सापेक्ष' इसके अनुकूल जो श्रुति में कहा गया है सो भी वस्तु विरोधी हैं। उस कारण से, और श्रुति की विविदिषा पद अर्थ पर्यालोचना से भी जाना जाता है कि-अन्तःकरण की निर्मलता संपादन से ही-विविदिषा जानने की इच्छा होने ही में उसकी उपयोगिता, फलीभूत ज्ञानोत्पादन में नहीं। क्यों कि, विविदिषंति यहां इतना ही मात्र श्रुत भया। 'शान्त, दान्त, उपरत तितिक्षु और समाहित होय के आत्मा ही में आत्मा को देखना, यह श्रुति, विविदिषा समुत्पत्ति के बाद शमादि साधन ही को ज्ञानोत्पत्ति का अंतरंग उपाय रूप निर्देश कर रहे हैं॥ १५ ॥

तदेवं जन्मान्तर शतानुष्ठितानभि संहित फल विशेष कर्म मृदित कषायस्य विविदिषोत्पत्तौ सत्यां 'सदेव सोम्येदमग्र आसीदेकमेवाद्वितीयम्' छन्दो ६-२-१। 'सत्यं ज्ञान मनंतं ब्रह्म'-तैत्ति २-१-१। 'निष्कलं निष्क्रियं शान्तं निरवद्यं निरंजनम्'- श्वेता ६-१६। 'अयमात्माब्रह्म'-बृहदा-२-५-१६ 'तत्त्वमसि'-छान्दो-६-८-४ इत्यादि वाक्य जन्य ज्ञानादेवाविद्या निवर्तते। वाक्यार्थ ज्ञानोपयोगीनि च श्रवणमनननिदिध्यासनानि। श्रवणं नाम वेदान्त वाक्यान्यात्मैक्य विद्या प्रतिपादकानीति तत्वदर्शिन आचार्याद् न्याय युक्तार्थ ग्रहणम्। एवमाचार्योपदिष्टस्यार्थस्य स्वात्मन्येव युक्तमिति हेतुतः प्रतिष्ठापनं-मननम्। एतद्विरोध्यनादिभेद वासना निरसनायास्यार्थस्यानवरत भावना निदिध्यासनम्। एवं श्रवण मननादिभिर्निरस्त समस्त भेद वासनस्य वाक्यार्थ ज्ञानमविद्यां निवर्तयतीत्येवं रूपस्य श्रवणस्यावश्यापेक्षितमेव पूर्ववृत्तं वक्तव्यम्। तच्च नित्यानित्य वस्तु विवेकः शम दमादि साधन सम्पद्, इहामुत्र च फलभोग विरागः मुमुक्षुत्वं चेत्येतत् साधन चतुष्टयम्। अनेन विना जिज्ञासाऽनुपपत्तेः। अर्थस्वभावादेवेदमेव पूर्ववृत्तमिति ज्ञायते ॥१५॥

अत एव इस तरह से, शत शत जन्म निष्काम कर्म को अनुष्ठान से जिसकी कामनायें विध्वस्त हो जाती हैं उसकी विविदिषा या ज्ञानेच्छा प्रादुर्भूत होती है। अनन्तर, 'हे सौम्य सृष्टि के पूर्व में यह जगत् एक अद्वितीय सत ब्रह्म स्वरूप रहा'। 'ब्रह्म अनन्त सत्य और ज्ञान स्वरूप' ब्रह्म, निष्कल अर्थात् अंश शून्य, निष्क्रिय, शान्त, निर्दोष और मालिन्य रहित'। 'यह आत्माही ब्रह्म' तुम वह ब्रह्म स्वरूप' इत्यादि वाक्यों से जाना जाता है कि इनही वाक्यों के ज्ञान से अविद्या निवृत्ति होती है श्रवण मनन तथा निदिध्यासन की आवश्यकता है। 'तत्वदर्शी आचार्यों से वेदान्त वाक्य सकल आत्मैकत्व ज्ञान प्रतिपादक'-इस प्रकार युक्ति युक्त वाक्यार्थ के ग्रहण का नाम 'श्रवण'। आचार्योपदिष्ट विषय 'इसी प्रकार' ऐसे विचार के साथ आत्मविश्वास स्थापन का नाम 'मनन' इस एकत्व ज्ञान का प्रतिपक्ष अनादि भेद बुद्धि तथा तत् संस्कार दूर करने के लिये सदाकाल एकही विषय की भावना का नाम निदिध्यासन। इस विधि (के) श्रवण मननादि से जिसकी भेद वासना अपनीत

एतदुक्तम्भवति, ब्रह्मस्वरूपाच्छादिकाविद्या मूलमपारमार्थिकम् भेदनदर्शन मेव बन्धमूलम्। बन्धश्चापारमार्थिकः सच स मूलोऽपारमार्थिकत्वादेव ज्ञाने नैव निवर्तते। निवर्तकं च ज्ञानं तत्वमस्यादि वाक्य जन्यम्। तस्यै तस्य वाक्य जन्य ज्ञानस्य स्वरूपे, तदुत्पत्तौ, कार्ये वा कर्मणोनोपयोगः, विविदिषायामेवतूपयोगः। सो च पापमूल रजस्तमोनिवर्हणद्वारेणसत्वविवृद्ध्या भवतीतीममुपयोगमभिप्रेत्य 'ब्राह्मणाविविदिपन्ती' इत्युक्तमिति। अतः कर्म्म ज्ञान स्यानुपयोगादुक्तमेव साधन-चतुष्टयं पूर्व्ववृत्तमिति वक्तव्यम् ॥ १६ ॥

हुई है (तत्वमसि इत्यादि) वाक्य जनित ज्ञान उसी के अविद्या की निवृत्ति कर सकती है। अतएव उक्त प्रकार 'श्रवण में जो अवश्यापेक्षित, ऐसे कोई बिषय को पूर्ववृत्त कहना चाहिये। सो क्या है? सोई नित्यानित्य वस्तु का विवेक शम दमादि साधन (शम,दम, उपरति, तितिक्षा समाधि और श्रद्धादि षट् सम्पत्ति) ऐहिक तथा पारलौकिक फल भोग में वैराग्य और मुमुक्षुत्व यह चतुर्विध साधन। क्यों कि यह साधन चतुष्टय के बिना जिज्ञासा ही नहीं हो सकती, अतएव वस्तु का स्वभाव अर्थात् कार्य कारण भाव पर्यालोचना से समझा जाता है, कि हेतु श्रवणापेक्षित पूर्ववृत्त का यही साधन चतुष्टय ॥ १५ ॥

श्रीरामानुज—इस विषय में कहना यह है कि, अविद्यानिवृत्ति ही मोक्ष है, और वह निवृत्ति भी ब्रह्मज्ञान से होती है, यह जो कहा गया है सो मान लिया, किन्तु वेदान्त वाक्यों ने जो अविद्या निवृत्ति के लिये ज्ञान का विधान दिये हैं सो ज्ञान किस प्रकार का है। सो विवेचना करनी चाहिये। क्या वह ज्ञान वाक्यार्थ ज्ञान मात्र? अथवा वाक्यार्थ ज्ञान मूलक उपासना। यहां वाक्य जन्य ज्ञान, अर्थ नहीं हो सकता। क्योंकि विधान व्यतीत केवल वाक्य ही से वह सिद्ध हो सकता है, और केवल वाक्यार्थ ज्ञान से अविद्या की निवृत्ति भी नहीं देखी जाती ॥ १६ ॥

अत्रोच्यते, यदुक्तमविद्या निवृत्तिरेवहि मोक्षः, सा च ब्रह्म विज्ञानादेव भवतीति, तदभ्युपगम्यते। अविद्या निवृत्तये वेदान्तवाक्यैर्विधित् सितं ज्ञानं किं-रूपमिति विवेचनीयम्। किं वाक्याद्वाक्यार्थ ज्ञानमात्रम्? उत तन्मूल मुपासनात्मकं ज्ञानमिति? न तद्वाक्यजन्यं तस्य विधानमन्तरेणापि वाक्यादेव सिद्धेः तावन्मात्रेणाविद्या निवृत्यनुपलब्धेश्च। न च वाच्यं भेद वासनायासनिरस्तायां वाक्यमविद्यानिवर्तकं ज्ञानं न जनयति जातेऽपिसर्वस्य सहसैव भेद ज्ञाना निवृत्तिर्न दोषाय, चन्द्रैकत्वे ज्ञातेपि द्विचंद्र ज्ञानानिवृत्तिवत्, अनिवृत्तमपिच्छिन्न मूलत्वेन न बंधाय भवतीति! सत्यां सामग्र्यांज्ञानानुत्पत्यनुपपत्तेः, सत्यामपि विपरीत वासनायामाप्तोपदेश लिंगादिभि र्बाधक ज्ञानोत्पत्ति दर्शनात् सत्यपि वाक्यार्थ ज्ञानेऽनादिवासनया सात्रया भेदज्ञानमनुवर्तत इति भवता न शक्यते वक्तुम्, भेदज्ञान सामग्र्या अपि वासनाया मिथ्यारूपत्वेन ज्ञानोत्पत्त्यैव निवृत्तत्वात्। ज्ञानोत्पत्तावपि मिथ्यारूपायास्तस्या अनिवृत्तो निवर्तकांतराभावात् कदाचिदपि नास्या वासनाया निवृत्तिः॥ १७॥

यह नहीं कहा जा सकता कि भेद संस्कार निवृत्ति न होने से, वाक्य निचय अविद्या निवारक ज्ञान उत्पादन नहीं कर सके। जैसे-चन्द्र एक-ऐसा ज्ञान होते हुए भी द्विचन्द्र ज्ञान रूप भ्रम, निवृत्ति नहीं होती। इसी तरह एकत्र ज्ञान उत्पन्न होने से भी भेदज्ञान तत्क्षणात् नहीं जाता। सो किसका दोष है। मूलअविद्याछिन्न होकर अगर] भेदज्ञान रह भी जाय तो वह बन्धन नहीं उपजा सकता। ऐसा भी नहीं कहा जा सकता। क्योंकि, कारण होते हुये भी ज्ञान को न होने में कोई युक्ति नहीं है। कारण, विरुद्ध संस्कार के साथ, आप्तोपदेश तथा अन्यान्य हेतु से [विरुद्ध धारणा का] वाधक ज्ञान उपजते देखा जाता है. और यह भी नहीं कह सकते हैं कि वाक्य ज्ञान उत्पन्न होते हुए भी अनादि-वासना वशतः थोड़ा सा भेद ज्ञान की अनुवृत्ति होती है। क्यों कि भेद ज्ञान जब मिथ्या ही है, तब तो ज्ञान की उत्पत्ति होते ही उसकी निवृत्ति भी हो गई है। तत्वज्ञान होने से भी अगर भेद वासना नहीं जाय तब तो और कोई उपाय न होने के कारण वह कभी नहीं जायगी॥ १७॥

वासनाकार्यं भेदज्ञानं छिन्नमूलं अथचानुवर्तत इति बालिश भाषितम्। द्विचद्र ज्ञानादौ तु बाधक सन्निधावपि मिथ्याज्ञान हेतोः परमार्थ तिमिरादि दोषस्य ज्ञान बाध्यत्वाभावेनाविनष्टत्वात् मिथ्याज्ञानानिवृत्तिरविरुद्धा, प्रबल प्रमाण बाधित-त्वेन भयादि कार्यं तु निवर्तते।

अपि च भेद वासना निरसनद्वारेण ज्ञानोत्पत्ति मभ्युपगच्छतां कदाचिदपि ज्ञानोत्पत्तिर्नस्येत् स्यति, भेद वासनाया अनादिकालोपचितत्वेनापरिमितत्वात्, तद्विरुद्ध भावनायाश्चाल्पत्वादनया तन्निरासानुपपत्तेः। अतो वाक्यार्थज्ञानादन्य-देव ध्यानोपासनादि शब्द वाच्यं ज्ञानं वेदान्त वाक्यैर्विधित्सितम्॥ १८॥

भेदज्ञान का मूल कारण वासना, सो वासना नाश के बाद भी तत्कार्य भेदज्ञान का वर्ताव-यह मूर्ख कहता है। द्विचंद्रादि दर्शन में परन्तु, भ्रम का बाधक ज्ञान रहने से भी, वह भ्रमका, यथार्थ कारण-तिमिरादि दोष-रोग विशेष नष्ट नहीं होता, कारण वह सत्य है सुतरां, वैसा भ्रम तादृश ज्ञान से नहीं जा सकता। इसीलिये, वहां मिथ्या ज्ञान की अनि-वृत्ति विरुद्ध या दोषावह नहीं है। परन्तु, यहां भी, आप्तोपदेश आदि प्रवल प्रमाण से बाधा प्राप्त होकर अर्थात् यह सत्य नहीं-मिथ्या है ऐसा निश्चय के कारण भ्रम सम्भूत भयादि कार्य निवृत्ति हो जाता है।

और भी-जिन्हों ने भेद वासना को मेटकर ज्ञानोत्पत्ति की इच्छा की है, उनके मत में कभी ज्ञानोत्पत्ति सिद्ध नहीं हो सकती। क्योंकि भेद वासना अनन्त काल संचिता, सुतरां, अपरिमिता, और उसकी विपक्षज्ञान वासना अल्पकाल संचिता स्वल्प मात्रा सुतरां वह प्रवला भेद वासना इससे नहीं जा सकती। अतएव, निश्चय, ध्यान तथा उपासनादि शब्द गम्य ज्ञान ही समस्त वेदान्त वाक्य का विधित्सित-विधानेच्छुवाक्यार्थ ज्ञान नहीं॥ १८॥

तथा च श्रुतयः-'विज्ञायप्रज्ञां कुर्वीत'-बृहदा-४-४ २१ । 'अनुविद्य विजानाति' छांदो-८-७-१ । ओमित्येवं ध्यायथ आत्मानम् । मुंड २-२-६ । निचाय्य-तन् मृत्यु मुखात् प्रमुच्यते-कठो-३-१५ । आत्मानमेव लोकमुपासीत बृहदा १-४-१५ । आत्मावा अरे द्रष्टव्यः, श्रोतव्यो मन्तव्योनिदिध्यासितव्यः-बृहदा-२-४-५ । ४-५-६ । सोऽन्वेष्टव्यः, सविजिज्ञासितव्यः' ८-७१ । इत्येवमाद्याः अत्र 'निदिध्यासितव्य' इत्यादिनैकार्थात् 'अनुविद्यविजानाति' 'विज्ञाय प्रज्ञां कुर्वीते' त्येवमादिभिर्वाक्यार्थ ज्ञानस्य ध्यानोपकारकत्वात् 'तदनुविद्य' विज्ञाये' त्यनुद्य 'प्रज्ञां कुर्वीत विजानातीति' ध्यानं विधीयते । 'श्रोतव्य' इति चानुवादः, स्वाध्याय-स्यार्थ परत्वेनाधीतवेदः पुरुषः प्रयोजनवदर्थावबोधित्व दर्शनात् तन्निर्णयाय स्वय-मेव श्रवणे प्रवर्तते,इति श्रवणस्य प्राप्तत्वात् । श्रवण प्रतिष्ठार्थत्वान्मननस्य मन्तव्य' इति चानुवादः तस्माद् ध्यानमेव विधीयते ॥ १६ ॥

श्रुति प्रमाण-'उत्तम रूप से ज्ञान के प्रज्ञा (ध्यान) करना' 'अनुवेदन-बार बार आलोचना से जानना चिन्ता करना' आत्मा को ओंकार रूपही ध्यान करना,' उन्हीं को जानकर मृत्युमुख-संसार से मुक्त होते हैं' 'आत्मा ही की उपसना,' करना अरे [मैत्रेय] आत्मा ही को दर्शन श्रवण मनन औ निदिध्यासन करना,' 'उन्हीं को अन्वेपण करना उन्हीं को विशेष रूप से जानना'-इत्यादि ।

उक्त श्रुतियों में निदिध्यासन के साथ ध्यान का अर्थगत एकता है । वाक्यार्थ ज्ञान भी ध्यान ही का उपकारक । इसी कारण से, 'अनुविद्य विजानाति' 'विज्ञाय प्रज्ञां कुर्वीत' इत्यादि वाक्यों से अनुवेदन-प्रत्यक्ष ज्ञान और विज्ञान का अनुवाद करके, 'प्रज्ञां कुर्वीत' और 'विजानाति' वाक्यों से ध्यान ही विहित भया । और 'श्रोतव्य'-वाक्य भी पूर्ववत् अनुवाद(अप्रामाणिक),कारण 'स्वाध्याय' शब्द का अर्थ शब्दार्थका बोध सुतरां जो वेदाध्ययन किये हैं वह प्रयोजनीय अर्थ को जानकर उसके निर्णय के लिये स्वयं ही श्रवण विषय में प्रवृत्त होते हैं । अतएव श्रवण तो प्राप्त ही है । श्रुतार्थ को स्थिर तर करना ही मनन का प्रयोजन, सुतरां मनन भी श्रवण ही के अधीन या अपेक्षित । अतएव मन्तव्यः [मनन करना] यह शब्द भी अनुवाद है । फलतः यहां ध्यान ही विहित अर्थात् प्रधान रूप से प्रतिपादित [जानना] ॥ १६ ॥

वक्ष्यति च, 'आवृत्तिरसकृदुपदेशात्' इति ब्रह्मसूत्र ४-१-१। तदिदमपवर्गोपायतया विधित्सितं वेदनमुपासनमित्यवगम्यते, विद्युपास्त्योर्व्यतिकरेणोपक्रमोपसंहारदर्शनात्, 'मनो ब्रह्मेत्युपासीत'-छांदो ३-१८-१। इत्यत्र 'भातिचतपतिच' कीर्त्या यशसा ब्रह्मवर्चसेन, य एवम्वेद'-छांदो ३-१८-३। 'न स वेद, अकृत्स्नोह्येषः, आत्मेयेवोपासीत'-बृहदा-१-४-७। 'यस्तद्वेदयत् स वेद, समयै तदुक्त' छांदो ४-१।४।६। इत्यत्र 'अनुम एतां भगवो देवतां शाधि, यां देवतामुपास्म' इति छांदो ४-२-२। ध्यानं च तैलधारावदविच्छिन्न स्मृतिसन्तानरूपा ध्रुवास्मृतिः। 'स्मृत्युपलम्भे सर्वग्रन्थीनां विप्रमोक्ष' इति ध्रुवायाः स्मृतेरपवर्गोपायत्व श्रवणात्। सा च स्मृतिर्दर्शनसमानाकारा, 'भिद्यते हृदय ग्रन्थिश्छिद्यंते सर्वसंशयाः क्षीयंते चास्य कर्माणि तस्मिन् दृष्टे परावरे' मुंड २-२-८। इत्यनेनैकार्थ्यात्। एवं च सति आत्मा वा अरे द्रष्टव्यः' इत्यनेन निदिध्यासनस्यदर्शन रूपता विधीयते। भवति च स्मृतेर्भावनाप्रकर्षाद् दर्शनरूपता ॥ २० ॥

'सूत्रकार भी, "आवृत्ति रसकृदुपदेशात्"-सूत्र में ध्यान ही की पुनः पुनः कर्तव्यता निर्देश कर रहे हैं। मुक्ति का उपाय रूप विधित्सित, यह "वेदना" और उपासना जो एक ही अर्थ प्रद, सो भी अच्छी तरह समझा जाता है। क्यों कि विद्या और उपासना शब्द का व्यतिकर अर्थात् अदल बदल भाव में उपक्रम तथा उपसंहार देखा जाता है। उपक्रम-'मन को ब्रह्मभाव में उपासना करना'-यहाँ पर उपसंहार—जो ऐसा जानता है सो कीर्ति, यश और ब्रह्मण्यतेज से प्रतिभात होता है।' उपक्रम-'जो इन्द्रिय विशेष को सम्पूर्ण आत्मा जान के उपासना करता है सो सम्पूर्ण आत्मा को नहीं जानता। क्योंकि यह घ्राणादि इन्द्रिय पूर्ण आत्मा नहीं है। आत्मा का एक देश मात्र'। उपसंहार-'आत्मा जान के उपासना करना चाहिये' उपक्रम 'जो उनको जानता है और वह जिनको जानता है, सो और यह दोनों हमने कहा'। उपसंहार-'हे भगवन, आप जिस देवता की उपासना करते हैं उसी का उपदेश हमको कीजिये'। तैलधारावत अविच्छिन्न प्रवर्तमान स्मृति प्रवाहमय ध्रुवास्मृति का नाम ध्यान। क्यों स्मृति लाभ होने से सब ग्रन्थी छूट जाती है, यहाँ ध्रुवास्मृति ही अपवर्ग की उपाय रूपा सुनी गई। क्योंकि,

वाक्यकारेणैतत् सर्वं प्रपंचितम्- वेदनमुपासनं स्यात् तद्विषये श्रवणादिति सर्वासूपनिषत्सु मोक्षसाधनतया विहितम् वेदनमुपासनम् इत्युक्तम् । 'सकृत्, प्रत्ययं कुर्यात्, शब्दार्थस्य कृतत्वात प्रयाजादिवदिति ।' पूर्वपक्षं कृत्वा 'सिद्धं तूपासन शब्दादिति वेदनमसकृदावृत्तं मोक्षसाधनम् इति निर्णीतम् । उपासनं स्याद् ध्रुवानुस्मृतिः दर्शनात् निर्वचनाच्चेति' तस्यैव वेदनस्योपासनरूपस्यासकृदावृत्तस्य ध्रुवानुस्मृतित्वमुपवर्णितम् ॥ २१ ॥

सेयं स्मृतिर्दर्शनरूपा प्रतिपादिता, दर्शनरूपता च प्रत्यक्षतापत्तिः । एवं प्रत्यक्षतापन्नामपवर्गसाधनभूतां स्मृतिं विशिनष्टि,-'नायमात्मा प्रवचनेन लभ्यः, न मेधया, न बहुना श्रुतेन, यमेवैष वृणुते स तेन लभ्यस्तस्यैष आत्मा वृणुते तनुं स्वाम्'-इति-कठ-२-२३-मुंड-३-२-३ । अनेन केवल श्रवण मनन निदिध्यासनानामात्मप्राप्त्यनुपायतामुक्त्वा 'यमेवैष आत्मा वृणुते तेनैव लभ्य' इत्युक्तम् ॥ २२ ॥

सोई परावर अर्थात् पुरुषोत्तम के दर्शन से समस्त हृदय ग्रन्थी विनष्ट हो जाती है, संशय राशि छिन्न हो जाती है और समस्त कर्म क्षय प्राप्त होता है। इस वाक्य के साथ पूर्वोक्त वाक्य का अर्थ देखा जाता है। अतएव पूर्वोक्त ध्रुवास्मृति दर्शन को बराबर है, इस प्रकार ही अर्थ प्रकाशित है। भावना का प्रकर्ष होने से स्मरणात्मक ज्ञान प्रत्यक्ष रूप हो जाता है ॥ २० ॥

वाक्यकार [कोई एक टीकाकार] इस विषय को विस्तृत रूप में वर्णन किये हैं- 'वेदन' शब्द से उपासना समझना चाहिये,कारण,उपासना विषयमें 'वेदन' शब्द श्रुतभया है [श्रुतिमें सुना गया] मोक्ष का साधन या उपाय रूप विहित'वेदन' शब्द का अर्थ जो उपासना यह उपनिषदों में भी कहा गया [है] । प्रयाजादि याग के न्याय ज्ञानानुशीलन भी एक बार करना, उसी से तो शब्दार्थ-विधिवाक्यार्थ या आदेश प्रतिपालित भया ?-इस प्रकार पूर्व पक्ष करके [वेदन या मोक्ष साधन] उपासना शब्द ही से सिद्ध भया है-ऐसा कहके पुनः पुनः अनुष्ठित 'वेदन' ही को निर्णय या सिद्धान्त किये हैं। लोक प्रसिद्धि औ श्रुति वाक्यानुसार उपासना तथा ध्रुवानुस्मृति एक है। ऐसे ही बारम्बार अनुष्ठित वही उपासनात्मक 'वेदन' ही को ध्रुवानुस्मृति करके कहे हैं ॥ २१ ॥

प्रियतम एवहि वरणीयो भवति यस्यायं निरतिशय प्रियः स एवास्य प्रियतमो भवति। यथायं प्रियतम आत्मानं प्राप्नोति, तथा स्वयमेव भगवान् प्रयतत इति भगवतैवोक्तम्—

तेषां सतत युक्तानां भजतां प्रीति पूर्वकम्।
ददामि बुद्धि योगं तं येन मा मुपजान्ति ते ॥ गीता १०-१० ॥
प्रियोहि ज्ञानिनोऽत्यर्थमहं सच मम प्रियः। गीता ७-१७।

अतः साक्षात् काररूपा स्मृतिः स्मर्य्यमाणात्यर्थ प्रियत्वेन स्वयमप्यत्यर्थं प्रिया यस्य स एव परमात्मना वरणीयो भवतीति तेनैव लभ्यते परमात्मेत्युक्तम्भवति।२३।

सोई यह [ध्रुवा] स्मृति ही को दर्शनरूप करके प्रतिपादन किया, गया दर्शन रूपता अर्थ प्रत्यक्षत्व प्राप्ति-साक्षात्कार। ऐसे अपवर्ग का साधन भूता और साधन भूता प्रत्यक्ष भावनापन्ना स्मृति को विशेष रूप से निर्देश कर रहे हैं। श्रुति-' इस आत्मा को प्रवचन से नहीं पाया जाता, न मेधा से तथा बहुविध श्रवण से भी नहीं पाया जा सकता, परन्तु यह आत्मा जिनको वरण करते हैं वही आत्मा के लभ्य होता है। यह आत्मा उनको स्वीय तनु रूपसे वरण करते हैं अर्थात् उनके पास प्रकाशित होते हैं। यहां पर [उपासना रहित] श्रवण मनन निदिध्यासन को आत्म लाभ का अनुपाय रूप निर्देश करके 'यह आत्मा ही जिनको वरण करते हैं, आत्मा स्वयं ही अपने भक्ति के समीप अपना रूप प्रकाश करता है ऐसा यह कहा गया ॥ २२ ॥

देखा जाता है कि प्रियतम ही वरणीय होते हैं। सुतरां, परमात्मा जिनका सर्वाधिक प्रिय वही उनका (वरणीय) प्रियतम। यह प्रियतम व्यक्ति जैसे जिस विध आत्मा को पा-सकते हैं, भगवान स्वयं ही उस विषय में तदनुरूप यत्न करते हैं-यह श्रीमुख कथित है- 'जो निरन्तर भावयुक्त होकर प्रीति पूर्वक भजना करते हैं-मैं ही उन सबको उस प्रकार बुद्धि देता हूँ। जिससे वे हमको पा सकते हैं। और हम ज्ञानियों का ही अत्यन्त प्रिय और वे भी हमारे अत्यन्त प्रिय। अतएव, अत्यन्त प्रिय-भगवान-स्मरण में आते हैं, इसीसे साक्षात्कार का अनुरूप स्मृति-स्वयं भी जिनका प्रिय वही परमात्मा का वरणीय,-वही परमात्मा को पा सकते हैं-ऐसा कहा गया है ॥ २३ ॥

एवं रूपा ध्रुवानुस्मृतिरेव भक्ति शब्देनाभिधीयते उपासनपर्य्यायत्वाद्-भक्ति शब्दस्य। अतएव श्रुति स्मृतिभिरेवमभिधीयते 'तमेव विदित्वाति मृत्यु-मेति'-श्वेता-३-८। 'तमेवं विद्वानमृत इह भवति'-नृसिंह पुः-१-६। नान्यः पन्था-अयनाय विद्यते श्वेता-६-१५।

नाहम्वेदै र्न तपसा न दानेन न चेज्यया।
शक्य एवं विधो द्रष्टुं दृष्टवानसिमांयथा॥
भक्त्या त्वनन्यया शक्यःअहमेवम्विधोऽर्जुन।
ज्ञातुं द्रष्टुं च तत्वेन प्रवेष्टुं च परंतप॥

पुरुषः सपरः पार्थ भक्त्या लभ्यस्त्वनन्यया गीता ११-५३-५४ एवं रूपाया ध्रुवानुस्मृतेः साधनानि यज्ञादीनि कर्माणि यज्ञादि श्रुतेरश्ववद्'--ब्रः सूः ३-४-२६ इत्यभिधास्यते॥ २४॥

यद्यपि विविदिषंतीति यज्ञादयो विविदिषोत्पत्तौ विनियुज्यंते तथापि तस्यैव वेदनस्य ध्यानरूपस्याहरहरनुष्ठीयमानस्याभ्यासाधेयातिशयस्या प्रयाणादनुवर्तमा-नस्य ब्रह्मप्राप्ति साधनत्वात् तदुतपत्तये सर्वाण्याश्रम कर्माणि यावज्जीवमनुष्ठे-यानि। वक्ष्यति च ,आप्रयाणात् तत्रापिहिदृष्टम्।' ब्रः सूः ४--१--१२। 'अग्निहो-त्रादि तु तत् कार्यायैव तद्दर्शनात्'--ब्रःसूः ४--१--१६। 'सहकारित्वे न च'-३--४--३३ इत्यादिषु॥ २५॥

भक्ति शब्द से भी इसी प्रकार की ध्रुवानुस्मृति ही विदित होती है। क्योंकि भक्ति शब्द भी उपासना ही की पर्यायवाची। इसी हेतु से श्रुति तथा स्मृति में ऐसा ही अभि-हित होता है-उनको जानकर मृत्यु को अतिक्रम करता है, उनको इस प्रकार जानने से अमृत होता है, गति का और पथ नहीं है। हे अर्जुन, तुमने हमको जिस प्रकार देखा, समस्त वेदाध्ययन, तपस्या, दान किम्वा यज्ञ से भी एवम्विध दर्शनीय नहीं हो सकता, हे परंतप एवम्विध हमको मात्र अनन्य विषया भक्ति से यथार्थ रूप जाना, देखा जा सकता तथा हममें (बुद्धि) प्रवेश कर सकती, हे पार्थ केवल भक्ति ही के द्वारा उस परमात्मा को पाया जा सकता है॥ २४॥

वाक्यकारश्च ध्रुवानुस्मृतेर्विवेकादिभ्य एवनिष्पत्तमाह 'तल्लब्धिर्विवेक विमोकाभ्यास-क्रिया-कल्याणानवसादानुद्धर्षेभ्यः, सम्भवात् निर्वचनाच्च।' विवेकादीनां स्वरूपंचाह, 'जात्याश्रय-निमित्त-दुष्टादन्नात कायशुद्धिर्विवेकः'। इति। अत्र निर्वचनं 'आहारशुद्धौसत्वशुद्धिःसत्वशुद्धौ ध्रुवास्मृतिः' इति। विमोकः-कामानभिष्वंग इति। 'शांत उपासीत' इति निर्वचनम्। आरंभण संशीलनं पुनः पुनरभ्यास इति। निर्वचनं च स्मार्त मुदाहृतं भाष्यकारेण, 'सदातद्भावभावितः इति॥ २६॥

यद्यपि विविदिषंति श्रुति में यज्ञादि कर्म समूह विविदिषाया-जिज्ञासा उत्पादन विषय में विनियुक्त, तथापि प्रतिदिन अनुष्ठीयमान अभ्यास द्वारा उत्कर्षता प्राप्त और मरणकाल पर्यन्त अनुगत वही ध्यान रुप वेदन ही ब्रह्मलाभ का साधन, इसी कारण से उसकी उत्पत्ति निमित्त आश्रम विहित समस्त कर्म ही को यावज्जीवन अनुष्ठान करना चाहिये, बाद को, मरणकाल तक उपासना करना-क्योंकि-श्रुति, 'अग्निहोत्रादि कर्म वही कार्य के निमित्त ही (अनुष्ठेय), क्योंकि श्रुति में ऐसा ही देखा जाता है-' 'विद्या की सहकारी रूप में (कर्म अनुष्ठेय)'-इत्यादि स्थल में सूत्रकार भी इस विषयको कहेंगे॥ २५॥

वाक्यकार भी विवेकादि निमित्त से ही ध्रुवानुस्मृति की समुत्पत्ति कहे हैं। विवेक, विमोक अभ्यास, क्रिया, कल्याण, अनवसाद और अनुद्धर्ष-एही सब ध्रुवानुस्मृति लाभ का हेतु स्वरुप और शास्त्र सिद्ध भी हैं। विवेकादिकों का स्वरूप भी निर्णय किये हैं-जाति, आश्रय और निमित्त से दूषित भोजन से शरीर को बचाना विवेक, "आहार शुद्धि से चित्त शुद्धि और चित्त शुद्धि से ध्रुवानुस्मति"-प्रमाण। कामना का त्याग-विमोक, प्रमाण-शांतचित्त होकर उपासना करना'। इष्ट विषय में पुनः पुनः चित्त समावेश-शिक्षा का नाम अभ्यास। प्रमाण-"सदा उसी भाव में निमग्न रहना" स्मृति शास्त्रोक्त-॥ २६॥

पञ्च महायज्ञानुष्ठानं शक्तितः क्रियेति । निर्वचनं-क्रियावानेष ब्रह्मविदां वरिष्ठः-बृहदाः-४-४-२३ । 'तमेतं वेदानु वचनेन ब्राह्मणा विविदिषन्ति यज्ञेन दानेन, तपसानाशकेन' 'इति च ।' बृहदाः-४-४-२२ । सत्यार्जव दया दाना हिंसानभिध्याः कल्याणानीति, निर्वचनं 'सत्येन लभ्यस्तेषामेवैष विरजो ब्रह्मलोकः' इत्यादि । देशकाल वैगुण्यात् शोक वस्त्वाद्यनुस्मृतेश्च तज्जन्यंदैन्यमभास्वरत्वं मनसोऽवसादः तद्विपर्य्ययोऽनवसाद इति । निर्वचनं 'नायमात्मा बलहीनेन लभ्यः' इति । तद्विपर्य्ययजा तुष्टिरुद्धर्षः, तद्विपर्य्ययोऽनुद्धर्ष इति अतिसन्तोषश्च विरोधीत्यर्थः । निर्वचनमपि 'शान्तोदान्त' इति ॥ २७ ॥

एवं नियम युक्तस्याश्रम विहित-कर्मानुष्ठानेनैव विद्या-निष्पत्तिरित्युक्तं भवति । तथा च श्रुत्यंतरं-'विद्यांचाविद्यां च यस्तद्वेदोभयं सह अविद्यया मृत्युं तीर्त्वा विद्ययाऽमृतमश्नुते'-ईशोप-११ । इति । अत्र अविद्याशब्दाभिहितं वर्णाश्रम-विहितं कर्म । अविद्ययाकर्मणा मृत्युंज्ञानोत्पत्ति विरोधि प्राचीनं कर्म तीर्त्वा अपोह्य, विद्यया ज्ञानेनामृतं ब्रह्म अश्नुते-प्राप्नोतीत्यर्थः । मृत्युतरणोपायतया प्रतीताविद्या-विद्येतरद् विहितं कर्मैव । यथोक्तम्-

इयाजसोऽपि सुबहून् यज्ञान् ज्ञानव्यपाश्रयः ।
ब्रह्मविद्यामधिष्ठाय ततुं मृत्युमविद्यया ॥ विष्णुपुराण ६-६-१२ इति ॥ २८ ॥

क्रिया क्या है ? पंच महायज्ञ का अनुष्ठान यथा शक्ति निर्वचन—'क्रियावान ब्रह्मविदों में वरिष्ठ'' ब्राह्मणों ने वेदाध्ययन, यज्ञ, दान तथा तपस्या-अनाशक से आत्मा को जानने की इच्छा करते हैं ।' 'कल्याण' क्या है-सत्य, सरलता, दया, दान, अहिंसा और अनभिध्या (सफल चिन्ता) । निर्वचन- ऐसे विरज ब्रह्म-लोक सत्य.नष्ठा से लाभ करते हैं ।' 'अनवसाद' क्या है ? देशकालादिक विपरीत होने से शोकवस्तु आदिकों के स्मरण हेतु दैन्य-दौर्बल्य तथा तत् कारण अप्रसन्नता ही अवसाद उसी का विपरीत भाव अनवसाद निर्वचन 'बलहीन व्यक्ति आत्मा को नहीं पा सकता ।' उसी का विपर्य्यय उद्धर्ष औ तद्विपरीत अनुद्धर्ष । अति सन्तोष भी उपासना के अनुकूल नहीं है ॥ २७ ॥

ज्ञान विरोधि च कर्म-पुण्य पापरूपम्। ब्रह्म ज्ञानोत्पत्ति-विरोधीत्वेनानिष्ठफलतया उभयोरपि पाप शब्दाभिधेयत्वम्। अस्य च ज्ञानोत्पत्ति विरोधित्वं ज्ञानोत्पत्ति-हेतु भूत शुद्ध सत्व विरोधि रजस्तमो विवृद्धिद्वारेण। पापस्य च ज्ञानोदयविरोधित्वं-'एष उ एवासाधु कर्म कारयति तं यमधो निनीषति'-कौषीतकी० ३-८। इति श्रुत्यावगम्यते ! रजस्तमसोर्यथार्थज्ञानावरणत्वं, सत्वस्य च यथार्थ-ज्ञानहेतुत्वं भगवतैव प्रतिपादितं 'सत्वात् संजायते ज्ञानम्'-गीता-१४-१७। इत्यादिना। अतश्च ज्ञानोत्पत्तये पापं कर्म निरसनीयम्। तन्निरसनं च अनभिसंहित फलेनानुष्ठितेन धर्मेण। तथा च श्रुतिः-'धर्मेण पापमपनुदति' इति। तदेवं ब्रह्मप्राप्ति साधनभूतं ज्ञानं सर्वाश्रम धर्मापेक्षम्। अतोऽपेक्षित कर्म स्वरूप ज्ञानं, केवल कर्मणामल्पास्थिर-फलत्वज्ञानं च कर्म मीमांसा वसेयं, इति सैवापेक्षिता कर्म मीमांसायाः पूर्ववृत्ता वक्तव्या॥ २९॥

उक्त प्रकार नियम वाले का आश्रम विहित कर्म से ही विद्यानिष्पत्ति होती है, उस वाक्य से यह ही प्रतिपन्न भया। इसी तरह और भी श्रुति–जो प्रसिद्ध विद्या और अविद्या दोनों को जानता है सो अविद्या से मृत्यु को अतिक्रम करके विद्या से अमृत को भोगता है। यहां वर्ण और आश्रम विहित कर्म ही अविद्या शब्द से अभिहित है। अविद्या-कर्म से, मृत्यु-ज्ञान लाभ का विरोधी–(भव भयादि) अतिक्रम करके विद्या से ब्रह्म रूप अमृत को प्राप्त करता है। मृत्यु त्राण की उपाय रूपी अविद्या नाम विद्या भिन्न विहित नित्य कर्म मात्र। अन्यत्र भी उक्त है 'ज्ञानसम्पन्न भी ब्रह्मविद्या अवलम्बन पूर्वक अविद्या से मृत्यु परिहार के वास्ते बहुतर यज्ञ किये हैं'॥ २८॥

पाप और पुण्य दोनों ज्ञान विरोधी कर्म। ज्ञानोत्पत्ति का विरोधी-सुतरां अनिष्टफल का उत्पादक, इसीसे दोनों की पाप संज्ञा। ज्ञानोत्पत्ति का कारण चित्तशुद्धि, पाप उसके प्रतिकूल रज और तमो गुण को बढ़ाता है। इसी से ज्ञान विरोधी वही भगवान ही उससे असाधु कर्म कराते हैं, जिसको अधोगामी किया चाहते हैं। "इस श्रुति में पाप की ज्ञानोदय-विरोधिता जानी जाती है। रजः तथा तमोगुण का तत्वज्ञान वाधकत्व और सत्व गुण का यथार्थ ज्ञान उत्पादकत्व भगवान ही "सत्व गुण से ज्ञान पैदा होता है" इन वाक्यों से प्रतिपादन किये हैं। इसी कारण से ज्ञान लाभ के लिये पाप कर्म परित्याज्य है। उसकी

अपि च नित्यानित्य वस्तु विवेकादयश्च मीमांस श्रवणमन्तरेण न सम्पत्स्यन्ते। स्थिरतरफलसाधनेति कर्तव्यताधिकारि विशेष निश्चयाद् ऋते कर्म स्वरूप तत् फल स्थिरत्वास्थिरत्वात्म नित्यत्वादीनां दुरवबोधत्वात्। एषां साधनत्वं च विनियोगा वसेयम् विनियोगश्च श्रुतिलिंगादिभ्यः स च तार्तीयः। उद्गीथाद्युपासनानिकर्म-समृद्धयर्थान्यपि ब्रह्म दृष्टि रूपाणीति ब्रह्मज्ञानापेक्षाणीति इहैव चिंतनीयानि। तान्यपि कर्माणि अनभिसंहितफलानि ब्रह्मविद्योत्पादकानीति तत्साद्गुण्यापादनान्येतानि सुतरामिहैव संगतानि। तेषां च कर्म स्वरूपाधिगमापेक्षा सर्वसम्मता ॥ ३० ॥

निराशा भी फल कामना रहित धर्मानुष्ठान से प्रतिपादित–यथा–श्रुति "धर्म से पाप अपनोदित होता है" अतएव इस प्रकार ब्रह्म लाभ का साधन ज्ञान समस्त आश्रम धर्म सापेक्ष। अतएव अपेक्षित कर्म का स्वरूप–ज्ञान तथा निरा–कर्म फल का अल्पत्व और अस्थिरत्व ज्ञान, कर्म मीमांसा ही से ज्ञातव्य, इसीलिये अपेक्षित ब्रह्ममीमांसा का पूर्ववृत्त वही है–ऐसा ही कहना चाहिये ॥ २६ ॥

और कारण, मीमांसाशास्त्र श्रवण विना नित्यानित्य वस्तु विवेकादि नहीं उपज सकता। क्योंकि, स्थिरतर या नित्य फलका साधन विषय का कर्तव्यता के अवधारण में विशेष निश्चय का आवश्यक, नहीं तो, कर्म का स्वरूप और उसके फलका स्थिरत्व रूप नित्यत्व और अनित्यत्वादि समझ में नहीं आ सकते। शमादिगुण जो ब्रह्मज्ञान का साधन, सो नियोग अर्थात् 'यह सब किसके अंग!' इस प्रकार ज्ञान से निर्णय करना चाहिये। पुनः नियोग श्रुति लिंग आदि से स्थिर करना चाहिये, सो भी कर्म मीमांसा के तृतीय अध्याय में निरूपित है उद्गीथादि उपासनायें, कर्म ही के पुष्टि साधक होते हुये भी फलतः ब्रह्म दृष्टि ही का स्वरूप ब्रह्मज्ञान का अपेक्षित, अतएव यहां हीं वह सबकी अनुष्ठित होने से ब्रह्मविद्या का उत्पादक होता है, और यह उद्गीथादि उपासना भी वह सब कर्म का उत्कर्ष सम्पादन करती है, इसी कारण से यहां ही ब्रह्मजिज्ञासा में संगत या सुसंबद्ध। वह उद्गीथादि उपासना जो, कर्म सापेक्ष यह सर्वसम्मत विषय है ॥ ३० ॥

यदप्याहुः, अशेष विशेष प्रत्यनीक चिन्मात्रं ब्रह्मैव परमार्थः तद्व्यतिरेकि नानाविध ज्ञातृ ज्ञेय तत् कृत ज्ञानभेदादि सर्वं तस्मिन्नेव परिकल्पितं मिथ्याभूतम्। 'सदेवसोम्येदमग्रआसीत् एकमेवाद्वितीयम्'-छांदो-६-२-१। 'अथ परा यया तद-क्षरमधिगम्यते'-मुंड १-१-५। यत् तदद्रे श्यमग्राह्यमगोत्रमवर्ण-चक्षुः श्रोत्रं, तदपाणिपादम्। नित्यं विभुं सर्वगतंसुसूक्ष्मं, तदव्ययंयद् भूतयोनिं परिपश्यंति धीराः' मुंड १-१-६। 'सत्यं ज्ञानमनंतंब्रह्म'-तैत्ति २-१-१। 'निष्कलं निष्क्रियं शान्तं निरवद्यं निरंजनम्।'-श्वेताश्व-६-१६ 'यस्यामतं, तस्य मतं मतं यस्य न वेद सः। अविज्ञातं विजानतां विज्ञातमविजानताम्'-केन २-३। नदृष्टेर्द्रष्टारं पश्येः,न मतेर्मन्तारं मन्वीथाः'-बृहदा ३-४-२। 'आनन्दो ब्रह्म'-तैत्ति-३-६-१। 'इदं सर्वं यदयमात्मा' बृहदा ४-५-७। 'नेहनानस्ति किंचन।' 'मृत्योः समृत्युमाप्नोति य इहनानेव पश्यति'-बृहदा ४-४-१-६। 'यत्रहि द्वैतमिव भवति, तदितर इतरं पश्यति' 'यत्रत्वस्य सर्वमात्मैवाभूत् तत् केन कं पश्येत केन कं विजनीयात्' बृहदा ४-५-१-५ 'वाचारम्भणं विकारो नामधेयं मृत्तिकेत्येवसत्यम्' छांदो ६-१-४ ॥ 'यदाह्येवैष एतस्मिन्नुदरमन्तरं कुरुते अथ तस्यभयम्भवति।' तैत्ति २-७-१। 'न स्थानतोऽपि परस्योभय लिंगं सर्वत्रहि' ब्रः सूः ३-२-११ 'मायामात्रं तु कार्तस्न्येनानभिव्यक्त स्वरूपत्वात्।' ब्रः सूः ३-२-३ ॥ ३१ ॥

(श्री श्री शंकरमत समालोचना-) और जो कहा गया है कि, सर्व प्रकार विशेष धर्मविरहित, चिन्मय ब्रह्म ही यथार्थ सत्य तदतिरिक्त-ज्ञातृ, ज्ञेय, ज्ञान प्रभृति जितने प्रकार, के भेद हैं सो सबही ब्रह्म में कल्पित मिथ्या, हेतु यह है कि-'हे सोम्य यह जगत (सृष्टि के पूर्व में) निश्चय एक अद्वितीय सतस्वरूप रहा' 'अनन्तर पराविद्या की बयान किया जा रहा है, जिससे वह अक्षर जाना जाता है'। जो कोई अदृश्य-बुद्धीन्द्रिय का अगम्य, अग्राह्य-कर्मेन्द्रिय का अविषय, अगोत्र-वंश अर्थात् मूल कारण से रहित, अवर्ण-स्थूलादि धर्म या शुक्लादि गुण वर्जित, चक्षु कर्ण हीन, हस्त पाद रहित, नित्य विभु विविधाकार धारी), सर्वव्यापी, अतिसूक्ष्म, अव्यय (विकार शून्य) और भूतवर्ग का मूल कारण। धीरगण उनको सर्व तो भाव से दर्शन करते हैं'। 'ब्रह्म सत्य ज्ञान और अनन्त स्वरूप'। '(ब्रह्म) निष्कल, निष्क्रिय, शान्त निरवद्य और निरंजन' 'जो जानते हैं कि

प्रत्यस्तमित भेदं यत्, सत्तामात्रमगोचरम् ।
वचसामात्म संवेद्यं तज्ज्ञानं ब्रह्म संगितम् ॥ विष्णु पुराण ६-७-५३
ज्ञानस्वरूपमत्यन्त निर्मलं परमार्थतः ।
तमेवार्थस्वरूपेण भ्रान्ति दर्शनतः स्थितम् ॥ „ „ १--२-६
परामर्थ स्त्वमेवैको नान्योऽस्ति जगतः पते ।
यदेतद्दृश्यते मूर्त्तमेतज्ज्ञानात्मनस्तव ॥
भ्रान्ति ज्ञानेन पश्यन्ति जगद्रूप मयोगिनः ।
ज्ञान स्वरूप मखिलं जगदेतदवुद्धयः ।
अर्थ स्वरूपम्पश्यन्तो भ्राम्यन्ते मोहसम्प्लवे ॥
और भी, आप जो कहे हैं कि, जड़ न होने के कारण संवित् को आत्मा जानना चाहिये, सो, उसमें जिज्ञास्य यह है कि, आप का अभिप्रेत यह जो अजड़त्व पदार्थ सो क्या है? यदि कहिये कि स्वीय सत्ता वशतः प्रकाशत्व ही अजड़त्व, तब तो दीपादि में उसका व्यभिचार है। औरो (आप तो) संवित् अतिरिक्त प्रकाश नामक कोई धर्म ही नहीं मानते, तब तो, आप का भी अभिप्राय सिद्ध नहीं भया। सुतरां विरोध आय पड़ा। यदि, यों कहिये कि-जिसकी सत्ता कभी अप्रकाश नहीं रहती सो, अजड़, तो भी, सुख दुःखादि में व्यभिचार होगा, सुतरां उक्त नियम भी निरस्त भया। (सुख दुःखादि भी उत्पन्न हो के अप्रकाश नहीं रहता है।) यदि कहिये-सुखादि की सत्ता प्रकाश सहकृत होते हुये भी उसका प्रकाश परार्थ में है सुतरां परार्थत्व निबन्धन घटादि न्याय जड़ता वश ही वह आत्मा नहीं होगा? ज्ञान का प्रकाश स्वार्थ पर अथवा परार्थ पर ? हम सुखी-कहने में सुख जैसे ज्ञाता के लिये होता है, वैसे ही, हम जानते हैं कहने में-यह ज्ञान और अहम् पदार्थ ज्ञाता के बारे में प्रकाशित होता है। अतएव, संवित् में, स्वार्थ पर, प्रकाशमानता रूप पूर्वोक्त प्रकार अजड़ता नहीं सिद्ध होती है। अतएव, स्वीय आत्मा निमित्त, स्वीय सत्ता वशतः सुसिद्ध 'अहम्' पद-वाच्य ही आत्मा है। ज्ञान का प्रकाश भी उसी आत्मा के अधीन, उसी निमित्त ज्ञान पदार्थ सुखादि-न्याय से अपना आश्रयीभूत-चेतन आत्मा समीप ही प्रकटित होता है। और के पास अप्रकटित रहता है। अतएव, शुद्ध ज्ञान ही मात्र आत्मा नहीं, परन्तु ज्ञाता-अहम् पदार्थ, ज्ञान कर्ता ही आत्मा ॥ ६७ ॥

अथ यदुक्तम्, अनुभूतिः परमार्थतो निर्विषया निराश्रया च सती भ्रान्त्या ज्ञातृतयावभासते, रजततयेव शुक्तिः, निरधिष्ठान- भ्रमानुपपत्तेरिति । तदयुक्तम्; तथा सति अनुभव-सामानाधिकरण्येनानुभविता अहमर्थः प्रतीयेत-'अनुभूतिरहम्' इति पुरोऽवस्थितभास्वरद्रव्याद्याकारतया रजतादिरिव । अत्र तु पृथगवभासमानैवेयमनुभूतिरर्थान्तर महमर्थं विशिनष्टि दण्डइव देवदत्तम् । तथाहि 'अनुभवाम्यहम्' इति प्रतीतिः तदेवमस्मदर्थमनुभूतिं विशिष्टंप्रकाशयन् अनुभवाम्यहमिति प्रत्ययो दण्डमात्रे 'दण्डीदेवदत्तः' इति प्रत्ययवद् विशेषणभूतोऽनुभूतिमात्रावलम्बनः कथमिव प्रतिज्ञायेत ?

यदप्युक्तम्-स्थूलोऽहमित्यादि-देहात्माभिमानवत् एव ज्ञातृत्व प्रति भासनात् ज्ञातृत्वमपिमिथ्येति । तदयुक्तम्; आत्मतयाभिमताया अनुभूतेरपि मिथ्यात्वंस्यात्. तद्वदेव प्रतीतेः सकलेतरोपमर्दि तत्वज्ञानाबाधितत्वेनानुभूतेर्न मिथ्यात्वोमिति चेत्; हन्तैवसति तद्बाधादेव ज्ञातृत्वमपि न मिथ्या ॥ ६८ ॥

और जो कहा गया है कि शुक्ति जो भ्रान्ति वशत: रजत प्राय प्रतीति होती है, स उसी प्रकार अनुभूति वस्तुत निर्विषय और निराश्रय हो के भी भ्रान्ति वशतः ज्ञाता रूप में प्रकाश प्राप्त होता है; कारण-कोई एक सत्य प्रतिष्ठान व्यतीत भ्रम नहीं हो सकता, सो यह भी युक्त के साथ नहीं । कारण-वैसा होने से जैसे सम्मुखस्थ उज्वल शुक्ति सहित रजत अभेद प्रतीति होता है, तैसे 'अहम्' पदार्थ अनुभविता भी अनुभूति के साथ 'हम अनुभूति'-इस प्रकार अभिन्न भाव प्रतीयमान होते,-उभय का भेद कभी न जान पड़ता । किन्तु यहाँ पर, (दण्डी देवदत्त कहने में, जैसे दण्ड और देवदत्त का अभेद प्रतीति नहीं होती (आश्रयी भाव प्रतीति होता है;) तैसे अनुभूति स्वयं पृथक भाव में अनुभूत हो के, अनुभविता-अहम् पदार्थ को स्वीय आश्रय रूप में विशेषित कर देती है । देखिये 'हम अनुभव कर रहे हैं'- ऐसी प्रतीति होती हैं । (हम अनुभव ऐसी नहीं) । अतएव, 'हम अनुभव कर रहे हैं'- कहने से भी जब अनुभूति को 'अहम् पदार्थ का विशेषण रूप में प्रतीति होती तब तो, वह 'अहम्' पदार्थ का विशेषणीभूत सोई ज्ञान को अनुभूति मात्र- विषयक करके कैसे प्रतिज्ञा की जायगी ?

यदप्युक्तम्, अविक्रियस्यात्मनो ज्ञानक्रिया-कर्तृत्वरूपं ज्ञातृत्वं न सम्भवति, अतो ज्ञातृत्वं विक्रियात्मकं जड़ं विकारास्पदाव्यक्त-परिणामाहंकार-ग्रन्थिस्थमिति न ज्ञातृत्वमात्मनः, अपितु अन्तःकरणरूपस्याहंकारस्य। कर्तृत्वादिर्हि रूपादिवद् दृश्यधर्म्मः, कर्तृत्वेऽहम्प्रत्ययगोचरत्वे चात्मनोऽभ्युपगम्यमाने देहस्येव अनात्मत्व पराक्त्व जड़त्वादि प्रसंगश्चेति। नैतदुपपद्यते देहस्येवाचेतनत्व-प्रकृतिपरिणामित्व-दृश्यत्व-पराक्त्व-परार्थत्वादि योगादन्तःकरणरूपस्याहंकारस्य, चेतनासाधारणस्वभावत्वाच्च ज्ञातृत्वस्य।

एतदुक्तम्भवति, यथा देहादिर्दृश्यत्व-पराक्त्वादिभिर्हेतुभिस्तत् प्रत्यनीक द्रष्टृत्व-प्रत्यक्त्वादेर्विविच्यते, एवमन्तःकरणरूपाहंकारोऽपि तद्‌द्रष्टृत्वादेव तैरेव हेतुभिः तस्माद्‌विविच्यत इति। अतो विरोधादेव न ज्ञातृत्वमहंकारस्य, दृशित्ववत् यथा दृशित्वं तत्कर्म्मणोऽहंकारस्य नाभ्युपगम्यते, तथा ज्ञातृत्वमपि न तत् कर्म्मणोऽभ्युपगन्तव्यम्। न च ज्ञातृत्वं विक्रियात्मकम्; ज्ञातृत्वं हि ज्ञानगुणाश्रयत्वम्; ज्ञानं चास्य नित्यस्य स्वाभाविक-धर्म्मत्वेन नित्यम्। नित्यत्वंचात्मनो 'नात्माश्रुतेः' इत्यादपु वक्ष्यति। 'ज्ञोऽतएव' इत्यत्र 'ज्ञइति व्यपदेशेन ज्ञानगुणाश्रयत्वं च स्वाभाविकमिति वक्ष्यति। अस्यज्ञानस्वरूपस्यैव मणि प्रभृतीनां प्रभाश्रयत्वमिव ज्ञानाश्रयत्वमप्यविरुद्धमित्युक्तम्। स्वयमपरिच्छिन्नमेव ज्ञानं संकोच-विकाशार्हमित्युपपादयिष्यामः। अतः क्षेत्रज्ञावस्थायां कर्मणा संकुचित स्वरूपं तत्तत् कर्म्मानुगुण-तरतम भावेनवर्त्तते, तच्चेन्द्रियद्वारेण व्यवस्थितम्। तमिममिन्द्रियद्वार-ज्ञानप्रसरमपेक्ष्योदयास्तमय व्यपदेशः प्रवर्त्तते। ज्ञान प्रसरेतु कर्तृत्वमस्त्येव, तच्च न-स्वाभाविकम्, अपितु कर्म्मकृतमित्यविक्रिया स्वरूप एवात्मा। एवं-रूपाविक्रियात्मकं ज्ञातृत्वं ज्ञानस्वरूपस्यात्मन एवेति न कदाचिदपि जड़स्याहंकारस्य ज्ञातृत्व सम्भवः।

जड़स्वभावस्याहंकारस्य चित्सन्निधाने तच्छायापत्त्या तत्सम्भव इति चेत्; केयं चिच्छायापत्तिः? किमहंकारच्छायापत्तिः संविदः, उत संविच्छायापत्तिरहंकारस्य। न तावत् संविदः, संविद ज्ञातृत्वानभ्युपगमात्। नाप्यहंकारस्य, तस्य जड़स्य उक्तरीत्याज्ञातृत्वायोगात्, द्वयोरप्य चाक्षुषत्वाच्च, नह्यचाक्षुषाणां छायादृष्टा।

अथाग्नि सम्पर्कादयः पिण्डौष्ण्यवत् चित् सम्पर्कात् ज्ञातृत्वोपलब्धिरिति। नैतत्, संविदि वास्तव ज्ञातृत्वा नभ्युपगमादेव न तत् सम्पर्कादहंकारे ज्ञातृत्वं तदुपलब्धिर्वा। अहंकारस्य त्वचेतनस्य ज्ञातृत्वा सम्भवादेव सुतरां न तत् सम्पर्कात् संविदि ज्ञातृत्वं तदुपलब्धिर्वा॥ ६६॥

और, 'हम स्थूल-इत्यादि प्रकार जिसको देह में आत्माभिमान है, तादृश व्यक्ति का जब ज्ञातृत्व प्रकाश पाता है, तब, सो ज्ञातृत्व भी मिथ्या-सत्य नहीं' यह भी जो कहे हैं सो भी अयौक्तिक, क्योंकि, आप जिसको आत्मा करके मान रहे हैं, सो अनुभूति भी जब देहाभिमानी ही के लिये तब तो वह भी मिथ्या नहीं होगी। यदि कहा जाय कि मिथ्यामय वस्तुमात्र विमर्दक जो तत्वज्ञान उससे बाधित न होने से, अनुभूति की मिथ्यात्व नहीं हो सकता, तो फिर ज्ञातृत्व भी मिथ्या नहीं', क्योंकि वह भी तत्वज्ञान से बाधित नहीं है ॥ ६८ ॥

और भी जो आप कहे हैं-'ज्ञातृत्व अर्थात् ज्ञान क्रिया की कर्तृत्व, सो कभी विकार रहित आत्मा में सम्भव नहीं। अतएव, विकारात्मक, जड़ स्वभाव ज्ञातृत्व धर्म सो विकारमय प्रकृति-परिणाम अहं का ग्रन्थि ही में अवस्थित, आत्मा में नहीं। पक्षान्तर पर रूप रसादि न्याय कर्तृत्व भी दृश्य धर्म; सुतरां आत्मा में वह कर्तृत्व धर्म तथा अहम्-बुद्धि की विषयता स्वीकार करने से देह न्याय उसका भी अनात्मत्व, पराक्त्व (बाह्य पदार्थत्व) और जड़त्वादि धर्मों का सम्भावना हो ही पड़ेगा'।-यह भी अयौक्तिक है,-कारण-अचेतनत्व, प्रकृति-परिणामित्व, दृश्यत्व, पराक्त्व तथा परार्थत्व प्रभृति धर्मों के साथ देह के माफिक अहंकार-अन्तःकरण ही के सम्बन्ध, ज्ञातृत्व प्रभृति भाव चेतन वस्तु ही का असाधारण (विशेष) धर्म (सुतरां उभय का एकत्व असम्भव।) अभिप्राय-देहादि पदार्थों जैसे दृश्यत्व और पराक्त्व प्रभृति हेतु बस, तद्विपरीत-द्रष्टत्व और प्रत्यक्त्व प्रभृति धर्मों से पृथक्-कृत होता है वैसे अन्तःकरण-अहंकार भी स्वीय दृश्यत्व निबन्धन ही अचेतनत्व तथा परिणामित्व आदि धर्मों द्वारा द्रष्टत्व तथा पराक्त्वादि धर्मों से विविक्त या पृथक् कृत होता है। अतएव, विरोध वशत: ही दृशित्व (ज्ञानरूपता) न्याय ज्ञातृत्व भी अहंकार का धर्म नहीं है। अर्थात्-दृशित्व या ज्ञान जैसे उसका कर्म या प्रकाश्य अहंकार का धर्म नहीं, तैसे ही ज्ञातृत्व भी उसका धर्म नहीं हो सकता।

और, ज्ञातृत्व अर्थ कोई विकार नहीं,-बल्कि ज्ञान गुण का आश्रयत्व, आत्मा नित्य सुतरां उसका साधारण (स्वाभाविक) ज्ञान भी नित्य। 'नात्मा श्रुतेः'-इत्यादि सूत्रों में आत्मा का नित्यत्व अभिहित होगा। और 'ज्ञः अतएव-इस सूत्र में 'ज्ञ' शब्द से आत्मा का स्व-

भावत: ज्ञान गुणाश्रयत्व प्रतिपादित होगा। और, पहिले कहा जा चुका है कि मणि प्रभृति तेजो पदार्थ जैसे स्वभावत: ही प्रभा का आश्रय रूप है, तैसे ही आत्मा का ज्ञानाश्रयत्व भी विरुद्ध नहीं। ज्ञान स्वयं अपरिच्छिन्न (असीम) होते हुये भी, जो संकोच-विकाश योग्य सो भी उपपादन किया जायगा।

अतएव, बद्ध दशा में (जीवावस्था पर) ज्ञान धर्म यथा योग्य कर्मानुसार आवश्यक पर तारतम्यरूप से संकुचित होती है, इन्द्रियों से ही ज्ञान संकोच का व्यवस्था होती है। यह जो संकुचित भाव से ज्ञान-प्रसारण, सो भी इन्द्रिय सहायता से होता है, इसी वास्ते इन्द्रिय वृत्ति का आविर्भाव तथा तिरोभावानुसार वह ज्ञान का उत्पत्ति और विलय का व्यवहार होता है,-इन्द्रिय वृत्ति से ज्ञान का विकाश तथा वृत्ति संकोच में विनाश या संकोच व्यवहार किया जाता है। किन्तु, ज्ञान का प्रसारण में निश्चय (आत्मा का) कर्तृत्व है। सो भी (आत्मा का कर्तृत्व भी) स्वभाव सिद्ध नहीं कर्म निमित्तमात्र, सुतरां, उसमें भी आत्मा का स्वरूपत: विकार नहीं होता है। आत्मा अविक्रिय ही रहते हैं। एवम्विध कर्तृत्व धर्म विकारात्मक, ज्ञान स्वरूप आत्मा ही में सम्भव, अतएव, जड़ रूपी अहंकार का कभी ज्ञातृत्व धर्म हो नहीं सकता।

यदि कहिये कि, अहंकार जड़ स्वभाव होते हुये भी सान्निध्य वशत: चित् छाया सम्पात् या चैतन्य-प्रतीबिम्बन होता है, उसी से, अहंकार का भी ज्ञातृत्व सम्भव है। (जिज्ञास्य) यह 'चित छायापत्ति' है क्या? क्या, संवित् के ऊपर अहंकार का छाया या अहंकार के ऊपर चित् छायापात? संवित् के ऊपर कह नहीं सकते, क्योंकि आप तो संवित् का ज्ञातृत्व ही नहीं मानते। अहंकार के ऊपर भी नहीं होगा। क्योंकि पूर्वोक्त नियमानुसार अहंकार में भी ज्ञातृत्व सम्बन्ध असम्भव, परन्तु, संवित् और अहंकार दोनों देखा नहीं जाता (आँखों से) जो दिखता ही नहीं उसका छाया कैसा? फिर यों कहा जाय कि, आग से जैसे लोहा गरम होता है, वैसेही चित् के निकटता से अहंकार में ज्ञातृत्व प्रतीति होती है। नहीं, सो भी नहीं, क्योंकि, चित् पदार्थ ही का जब ज्ञतृत्व अस्वीकार किये गये तो फिर उसके सम्बन्ध से अहकार का ज्ञातृत्व सो बिलकुल असम्भव। और, अचेतन अहंकार का ज्ञातृत्व जब असम्भव है ही है, तब उसके सम्बन्ध से संवित् का ज्ञातृत्व कैसे होगा? ॥ ६१ ॥

यदप्युक्तम्-उभयत्र वस्तुतो न ज्ञातृत्वमस्ति, अहंकारस्त्वनुभूतेरभिव्यंजकः स्वात्मस्थामेवानुभूतिमभिव्यनक्ति, आदर्शादिवदिति। तदयुक्तम्, आत्मनः स्वयं ज्योतिषो जड़रूपाहंकाराभिव्यंग्यत्वायोगात्। तदुक्तम्-

शान्तांगार इवादित्य महंकारो जड़ात्मकः।

स्वयं ज्योतिषमात्मानं व्यनक्तीति न युक्तिमत्-इति॥

स्वयम्प्रकाशानुभवाधीनसिद्धयो हि सर्व्वेपदार्थाः, तत्र तदायत्त प्रकाशोऽचिदहंकारोऽनुदितानस्तमितस्वरूपप्रकाश मशेषार्थसिद्धि हेतुभूत मनुभवमभिव्यनक्तीत्यात्मविदः परिहसन्ति।

किञ्च अहंकारानुभवयोः स्वभावविरोधादनुभूतेरननुभूतित्व प्रसंगाच्च न व्यङ्क्तृ-व्यंग्यभावः। तथोक्तम्-

व्यङ्क्तृ-व्यंग्यत्वमन्योन्यं न चस्यात् प्रतिकल्यतः।

व्यंग्यत्वेऽननुभूतित्वमात्मनिस्याद् यथाघटे इति॥

न च रविकर निकराणांस्वाभिव्यंग्य-करतलाभिव्यंग्यत्ववत् संविदभिव्यंग्याहंकाराभिव्यंग्यत्वं संविदः साधीयः, तत्रापि रविकर निकराणां करतलाभिव्यंग्यत्वाभावात्। करतल प्रतिहतगतयोहि रश्मयोबहुलाः स्वयमेव स्फुटतरमुपलभ्यन्ते, इतितद्बाहुल्यमात्रहेतुत्वात् करतलस्य नाभिव्यंजकत्वम्।

किञ्च, अस्य संविद्रूपस्यात्मनोऽहंकार-निर्व्वर्त्याभिव्यक्ति किंरूपा? न तावदुत्पत्तिः, स्वतः सिद्धतयानन्योत्पाद्यताभ्युपगमात्। नापि तत् प्रकाशनम् तस्या अनुभवान्तराननुभाव्यत्वात्। तत एव च न तदनुभवसाधनानुग्रहः। सहि द्विधा, ज्ञेयस्येन्द्रिय सम्बन्धहेतुत्वेन वा यथा जाति निजमुखादिग्रहणे व्यक्तिदर्पणादीनां नयनादीन्द्रियसम्बन्ध हेतुत्वेन, वोद्धृगत कल्मषापनयनेन वा यथा परत्वाववोधन-साधनस्य शास्त्रस्य शमदमादिना। यथोक्तम् करणानामभूमित्वान्न तत् सम्बन्धहेतुतेति॥ ७० ॥

और जो कहा गया है कि, संवित् और अहंकार इन दोनों में वास्तविक ज्ञातृत्व नहीं है, परन्तु अहंकार अनुभूति ही की अभिव्यञ्जक, सुतरां वह दर्पणादि न्याय स्वगत अनुभूति

की ही अभिव्यक्ति करता रहता है । सो यह भी असंगत; क्योंकि, स्वयं ज्योतिर्मय स्वप्रकाश आत्मा, कभी भी जड़स्वरूप अहंकार का प्रकाशक नहीं हो सकते-ऐसा अन्यत्र भी कहा गया है । 'शान्त-अग्नि रहित अंगार सदृश जड़स्वभाव अहंकार, आदित्यवत् स्वयं-प्रकाश आत्मा को अभिव्यक्त करता है । यह युक्तियुक्त नहीं अभिप्राय सकल वस्तु ही प्रकाशमान अनुभूति या प्रतीति द्वारा सिद्ध होता है : तहाँ, जिसका प्रकाशस्वयं अनुभव के अधीन सो अचित् अहंकार ही जो उदय अस्त रहित-नित्य प्रकाश सम्पन्न और सर्वप्रतीति की कारणीभूत अनुभव को अभिव्यक्त करता है-ऐसी बातों में आत्मवित् पण्डितों ने उपहास करते हैं ।

और एक बात-अहंकार और अनुभव परस्पर विरुद्ध भाव सम्पन्न, इस हेतु, और अनुभव का अयुभावत्व नाश के सम्भावना से भी व्यंग्य व्यंजक भाव हो नहीं सकते । ऐसा भी उक्त भया है-'स्वाभाविक विरोध वशत: अनुभव और अहंकार दोनों को परस्पर वैलक्षण्य से, परस्पर व्यंग्य व्यंजक नहीं हो सकते । परन्तु, यदि व्यंग्य हो, तो घटादि न्याय अनुभूति रहित आत्मा भी हो जायेंगे । सूर्य किरण मण्डल जैसे करतल को अभिव्यक्त करके, स्वयं ही उसमें प्रतिबिम्बित होता है, वैसे संवित् भी अहंकार को अभिव्यक्त करके अपने भी उसमें प्रतिफलित होता है:-ऐसा भी कहना ठीक नहीं । क्योंकि, वहाँ भी, सूर्य्य रश्मी करतल में प्रतिबिम्बित नहीं होती, मात्र, करतल द्वारा प्रतिहत हो के किरण जाल इतस्ततः प्रसृत होके समधिकस्पष्ट भाव प्रत्यक्षीभूत होता है । अतएव, किरणों को विस्तार मात्र करने के कारण, अभिव्यक्ति की हेतु करतल नहीं हो सकता ।

अपिच, यह जो कहा गया कि ज्ञानमय आत्मा की अभिव्यक्ति अहंकार द्वारा होती है-सो यह अभिव्यक्ति किस प्रकार की ? उत्पत्ति रूप उसको नहीं कहा जा सकता, क्योंकि ज्ञान पदार्थ स्वतः सिद्ध-नित्य, सुतरां-और वस्तु से उसकी उतपत्ति नहीं होगी । इसीसे, पहिले ही सो मानलिया गया । अभिव्यक्ति की अर्थ प्रकाशन, सो भी कहना ठीक नहीं, कारण-अनुभूति तो फिर अनुभवान्तर द्वारा प्रकाशित या अनुभूत नहीं हो सकती इन्हीं कारणों से ज्ञानानुभव का साधनों में साहाय्य करने को भी 'अभिव्यक्ति'नहीं कही जा सकती । सो सहायता भी दो प्रकार की,-ज्ञेय पदार्थ साथ इन्द्रिय सम्बन्ध समुत्पादन करना, एक,

किञ्च अनुभूते रनुभाव्यत्वाभ्युपगमेऽप्यहमर्थेन न तदनुभव-साधनानुग्रहः सुवचः; स हि अनुभाव्यानुभवोत्पत्ति प्रतिबन्धक निरसनेन भवेत्, यथारूपादि ग्रहणोत्पत्ति विरोधि-सन्तमसनिरसनेन चक्षुषोदीपादिना। न चेह तथाविधं निरसनीयं सम्भाव्यते। न तावत् संविदात्मगतं तज्ज्ञानोत्पत्ति विरोधिकिञ्चिदप्यहंकारापनेयमस्ति। अस्तिह्यज्ञानमिति चेत्; न अज्ञानस्याहंकारापनोद्यत्वा नभ्युपगमात्; ज्ञानमेव ह्यज्ञानस्य निवर्त्तकम्। न च संविदाश्रयत्वमज्ञानस्य सम्भवति;ज्ञान समानाश्रयत्वात् तत् समान विषयत्वाच्च ज्ञातृभाव-विषय भाव विरहिते ज्ञानमात्रे साक्षिणि नाज्ञानं भवितुमर्हति। यथा ज्ञानाश्रयत्व प्रसक्ति शून्यत्वेन घटादेर्नाज्ञानाश्रयत्वम् तथाज्ञान मात्रेऽपि ज्ञानाश्रयत्वाभावेन नाज्ञानाश्रयत्वं स्यात्।

संविदोऽज्ञानाश्रयत्वाभ्युपगमेऽप्यात्मतयाभ्युपेताया स्तस्या ज्ञानविषयत्वाभावेन ज्ञानेन न तद्गताज्ञाननिवृत्तिः। ज्ञानं हि स्वविषय एवाज्ञानं निवर्त्तयति, यथा रज्ज्वादौ। अतो न केनापि कदाचित् संविदाश्रयमज्ञानमुच्छिद्येत। अस्यच सदसद्निर्व्वचनीयस्याज्ञानस्य स्वरूपमेव दुर्निरूपमित्युपरिष्टाद्वक्ष्यते; ज्ञानप्रागभावरूपस्य चाज्ञानस्य ज्ञानोत्पत्ति विरोधित्वाभावेन न तन्निरसनेन तज्ज्ञान-साधनानुग्रहः। अतो न केनापि प्रकारेणाहंकारेणानुभूतेरभिव्यक्तिः ॥ ७१ ॥

जैसे-मनुष्यादि जाति प्रत्यक्ष में, जाति सहचक्षुः सम्बंध सम्पादक मनुष्यादि व्यक्ति। द्वितीय-ज्ञाता की हृदय गत पाप-दोष अपनयन द्वारा, जैसे-परतत्व-परमेश्वर बोधोपाय शास्त्र सम्बन्ध में शम दमादि साधन। अन्यत्र भी उक्त है-'वह इन्द्रियों का अगम्य, सुतरां इन्द्रिय गण तत सह सम्बन्ध का कारण नहीं' ॥ ७० ॥

और कुछ,-अनुभव का अनुभाव्यत्व (अनुभवान्तर का विषयता) स्वीकार करने से भी, अहम् पदार्थ द्वारा तद्विषयक अनुभव साधन का सहाय होता है, यह सहज में नहीं कहा जा सकता, क्योंकि, अनुभवोत्पत्ति में जो सब प्रतिबन्धक हैं, केवल तत् समुदय को निरास, याने, अपसारण से ही सो सहाय सम्पादित हो सकता, जैसे-प्रदीपादि आलोक रूपादि प्रत्यक्ष का विरोध गाढ़ अन्धकार निवारण से आँखों का सहायता करती है, यहाँ पर तो वैसा निवारणीय कोई वस्तु नहीं देख पड़ रहा है। स्वयं ज्ञान स्वरूप आत्मा में ज्ञानो-

न च स्वाश्रयतया भिव्यंग्याभिव्यञ्जनमभिव्यञ्जकानां स्वभावः, प्रदीपादिष्वदर्शनात्, यथावस्थितपदार्थ प्रतीत्यनुगुणस्वाभाव्याच्च ज्ञान-तत्साधनयोरनुग्राहकस्य च। तच्च स्वतः प्रामाण्य-न्यायसिद्धम्। न च दर्पणादिर्मुखादेरभिव्यञ्जकः, अपितु चाक्षुषतेजः-प्रतिफलनरूपदोष हेतुः तद्दोषकृतश्च तत्रान्यथावभासः, अभिव्यञ्जकस्तु, आलोकादिरेव। न चेह तथाहंकारेण संविदि स्वप्रकाशायां तादृशदोषापादनं सम्भवति। व्यक्तेस्तु जातिराकारः, इतितदाश्रयतया प्रतीतिः; न तु व्यक्ति-व्यंग्यत्वात्। अतोऽन्तःकरणभूताहंकारस्थतया संविदुपलब्धेर्वस्तुतो दोषतो वा न किञ्चिदिह कारणमिति नाहंकारस्य ज्ञातृत्वं, तथोपलब्धिर्वा। तस्मात् स्वत एव ज्ञातृतया सिध्यन्नहमर्थ एव प्रत्यगात्मा—न ज्ञप्ति मात्रम्। अहम्भाव विगमे तु ज्ञप्तेरपि न प्रत्यक्त्व सिद्धिरित्युक्तम्।

तमोगुणाभिभवात् परागर्थानुभवाभावाच्च अहमर्थस्य विविक्त स्फुट प्रतिभासा भावेऽप्यप्रबोधाद् अहमित्येकाकारेणात्मनः स्फुरणात् सुषुप्तावपि नाहंभाव विगमः। भवदभिमताया अनुभूतेरपि तथैव प्रथेति वक्तव्यम्। नांह सुप्तोत्थितः कश्चिदहम्भाव-वियुक्तार्थान्तर-प्रत्यनीकाकारा ज्ञप्तिरहमज्ञानसाक्षितया वातिष्ठे, इत्येवम्विधां स्वापसम कालामनुभूतिं परामृशति। एवं हि सुप्तोत्थितस्य परामर्शः 'सुखमहमस्वाप्सम्' इति। अनेन प्रत्यवमर्शेन तदानीमप्यहमर्थस्यैवात्मनः सुखित्वं ज्ञातृत्वं च ज्ञायते ॥ ७२ ॥

त्पत्ति की प्रतिबन्धक ऐसा कुछ भी नहीं है, जो कि, अहंकार से अपनीत हो सकता। अगर अज्ञान, ही को प्रतिबन्धक रूप कहा जाय, तो सो नहीं हो सकता, कारण-ज्ञान ही मात्र, अज्ञान का निवर्तक, अहंकार भी अज्ञान का निवारक ऐसा तो नहीं माना गया है, और ज्ञान, अज्ञान का आश्रय भी, कभी नहीं हो सकता, क्योंकि, ज्ञान तथा अज्ञान का आश्रय और विषय तुल्य या समान-ज्ञान भी यद् आश्रित, यद्विषयक, अज्ञान भी तद्विषयक तथा तदाश्रित रहता है। वस्तुतः ही ज्ञातृत्व और विषयभाव-विरहित, साक्षिस्वरूप शुद्ध ज्ञान में कभी अज्ञान रह ही नहीं सकते। ज्ञानाश्रयत्व का सम्भावना-शून्य घटादि वस्तु जैसे अज्ञान का (भी) आश्रय नहीं होता, तद्रूप ज्ञानाश्रयत्व-सम्भावना की हीनता से, मात्र ज्ञान भी अज्ञान का आश्रय नहीं हो सकेगा।

संवित् को अज्ञान का आश्रयरूप मान लेने से भी, जब उसी को आत्मा करके माना गया है, तब फिर वही ज्ञान का विषय या ज्ञेय नहीं हो सकता, सुतरां ज्ञान से कोई सम्विदाश्रित अज्ञान का निवृत्ति भी नहीं होगी । (क्योंकि) ज्ञान स्वीय विषय गत अज्ञान ही को निवारण करता है । जैसे रज्जु सर्पादि में होता है । अतएव (अज्ञान को ज्ञान आश्रित कहने में) कभी कोई उपाय से उस ज्ञानाश्रित अज्ञान का उच्छेद नहीं होगा। और सदसद् रूप अनिर्वचनीय अज्ञान का निरुपण नहीं हो सकता । यह वाद को उठाया जायगा। और अज्ञान को ज्ञान का प्रागभाव कहने से भी, वह जब ज्ञानोत्पत्ति का प्रतिबन्धक ही नहीं होता तब उनको प्रत्याख्यान में भी, ज्ञानोत्पत्ति का साधनों से कोई प्रकार की अनुकूलता न होगी। अतएव, अनुभूति की अभिव्यंजक अहंकार-ऐसा कभी न कहिये ॥ ७१ ॥

यह भी नहीं है-'अभिव्यजकों का स्वभाव ही है कि,-आश्रयीभूत पदार्थों का ही प्रकाश करना (अभिव्यक्ति करना' ।) कारण-प्रदीपादि में ऐसा नहीं देखा जाता है। विशेषत:, ज्ञान और ज्ञान साधन के अनुकूल वस्तु समूहों का यही स्वभाव है कि, वह सब यथा यथ वस्तु प्रतीति में सहायता करता है । प्रमाण का स्वत: प्रामाण्य युक्ति से ही यह नियम व्यवस्थित होता है । और, दर्पणादि भी वस्तुत: मुखादि का अभिव्यंजक नहीं है, परन्तु, दर्पण में चाक्षुष-तेज का प्रतिफलन रूप दोष ही उस अभिव्यक्ति का कारण । उसी दोष से दर्पणादि में वस्तु का विपरीत भाव दर्शन होता है । वस्तुतः प्रत्यक्ष का सहायक आलोकादि ही वहाँ पर अभिव्यञ्जक या अभिव्यक्ति का कारण,- दर्पणादि नहीं । यहाँ पर, स्वप्रकाश ज्ञान में तो अहंकार द्वारा तादृशदोषोत्पादन सम्भव नहीं (साधारणत:) जाति या आकार व्यक्ति-समाश्रित, इसी वास्ते ही तदाश्रितरूप में प्रतीत होता है किन्तु व्यक्ति का अभिव्यंग्य करके नहीं । अतएव, ज्ञान का अहंकाराश्रितत्व प्रतीति पक्ष पर वस्तु सिद्ध या दोषकृत कोई कारण नहीं है, सुतरां अहंकार का ज्ञातृत्व भी नहीं है, एवं तादृश उपलब्धि या प्रतीति भी नहीं देखी जाती अतएव, स्वभावतः ही ज्ञान रूप प्रसिद्ध जो अहम् पदार्थ वही 'आत्मा', न कि शुद्ध ज्ञान मात्र । और, अहम् भाव की अभाव में, जो, ज्ञान क भी आत्मत्व असिद्ध है, सो, पहिले ही कहा जा चुका ।

सुषुप्ति काल पर तमोगुण से अभीभूत होने से और वाह्य प्रतीति न रहने से, यद्यपि,

न च वाच्यम्, यथेदानीं सुखं भवति, तथा तदानीमस्वाप्समित्येषा प्रतिपत्तिरिति, अतद्रूपत्वात् प्रतिपत्तेः। न चाहमर्थस्यात्मनोऽस्थिरत्वेनतदानीमहमर्थस्य सुखित्वानुसन्धानानुपपत्तिः, यतः सषुप्तिदशायाः प्रागनुभूतं वस्तुसुप्तोत्थितो 'मयेदं कृतं' 'मयेदमनुभूतम्' 'अहमेवेदमवोचम्' इति परामृशति। 'एतावन्तं कालं न किञ्चिदहमज्ञासिषम्' इति च परामृशति इति चेत् ततः किम्? 'न किञ्चिद' इति कृत्स्न प्रतिषेध इति चेत्; न-'नाहमवेदिषम्' इति वेदितुरहमर्थस्यैवानुवृत्तेः; वेद्यविषयो हि स प्रतिषेधः। न 'किञ्चिद' इति निषेधस्य कृत्स्न विषयत्वे भवदभिमतानुभूतिरपि प्रतिसिद्धा स्यात्। सुषुप्तिसमयेऽप्यनुसन्धीयमान महमर्थमात्मानं ज्ञातारम् 'अहमिति' परामृश्य 'न किञ्चिदवेदिषम्' इति वेदने तस्य प्रतिसिध्यमाने तस्मिन् काले प्रति सिध्यमानाया वित्तेः सिद्धि मनुवर्त्तमानस्य ज्ञातुरहमर्थस्य चा सिद्धिमनेनैव 'न किञ्चिदहमवेदिषम्' इति परामर्शेन साधयंस्तमिममर्थं देवानामेव साधयतु।

'मामप्यहम् न ज्ञातवान्' इत्यहमर्थस्यापि तदानीमननुसन्धानं प्रतीयते इति चेत्; स्वानुभव-स्ववचनयोर्विरोधमपि न जानन्ति भवन्तः 'अहं मां न ज्ञातवान्' इति ह्यनुभव-वचने। 'माम्' इति किं निसिध्यते इति चेत्; साधु पृष्टं भवता तदुच्यते अहमर्थस्य ज्ञातुरनुवृत्तेर्न स्वरूपं निषिध्यते, अपि तु प्रबोध समयेऽनुसन्धीयमानस्याहमर्थस्य वर्णाश्रमादि विशिष्टता। 'अहं मां न ज्ञातवान्' इत्युक्तेर्विषयो विवेचनीयः। जागरितावस्थानुसंहित जात्यादि विशिष्टोऽस्मदर्थो 'माम्' इत्यंशस्य विषयः। स्वापावस्था प्रसिद्धोऽविषदस्वानुभवैकतानश्चाहमार्थः 'अहम्' इत्यंशस्य विषयः अत्र सुप्तोऽहम्, इद्दशोऽहमिति च, मामपि न ज्ञातवानहमित्येव खल्वनुभव प्रकारः॥ ७१॥

तत् समय अहम् भाव की विस्पष्ट प्रतीति नहीं रहती, सत्य है तथापि उसका बिलकुल विलोप नहीं होता, क्योंकि प्रबोध या जागरण न होते तक उसमें भी अहम् भाव की स्फूर्ति रहती है। और, आपको भी आप की (आत्म स्वीकृत) अनुभूति की उसी प्रकार स्फुरण मानना पड़ेगा। कोई भी जागकर ऐसा नहीं सोचता है कि 'अहंकार तथा पदार्थान्तर सम्ब-

किञ्च, सुषुप्तावात्मा अज्ञान साक्षित्वे नास्ते, इति हि भवदीयाप्रक्रिया। साक्षित्वंञ्च साक्षात् ज्ञातृत्व मेव नह्यजानतः साक्षित्वम् । ज्ञातैव लोक-वेदयोः साक्षीति व्यपदिश्यते,न ज्ञान मात्रम्। स्मरति च भगवान् पाणिनिः 'साक्षात् द्रष्टरि संज्ञायाम्'–अष्टा० ५-२-९१ । इति साक्षात् ज्ञातर्य्येव साक्षि शब्दम् । स चायं साक्षी जानामीति प्रतीयमानोऽस्मदर्थ एवेति कुतस्तदानीमहमर्थो न प्रतीयेत।

न्ध रहित अर्थात् ज्ञातृ ज्ञेयादि सर्वविध विशेषभाव विरहित ज्ञानस्वरूप–हम सुषुप्ति समय अज्ञान का साक्षिरूप थे', परन्तु, 'हम सुख से सो रहे थे', जागे हुये का ऐसा ही परामर्श या स्मरण होता है। निद्रोत्थित का इस परामर्श अनुसार जानना चाहिये कि उस समय भी अहं पदार्थ-आत्मा का ज्ञान तथा सुख विद्यमान रहा ॥ ७२ ॥

यदि कहिये-'सुषुप्ति में, हम को भी हम नहीं जानते थे'–कहने से तत् काल विदे अहम् पदार्थ-आत्मा की भी अनुसन्धन या प्रतीति का अभाव समझा जाता है ? (नहीं, ऐसा कहने से) स्वकीय उक्ति और अनुभव का साथ विरोध होता है, सो यह भी आप लोग नहीं सोच सकते हैं। 'हम हमको भी नहीं जानते हैं' इसी प्रकार अनुभव तथा तदभिव्यञ्जक उक्ति होती है, (सुतरां, अहम् पदार्थ आत्मा न होने से, 'नहीं जानता हूँ' यह अनुभव कौन करेगा ?) यदि कहिये-(अहम् पदार्थ आत्मा जब रहा ही) तब, ,न माम्'- यह किसको निषेध में कहा जाता है ? हाँ, यह उत्तम् श्रेनों का प्रश्न है। सदुत्तर-अहम् पदार्थ ज्ञाता की अनुवृत्ति या सम्बन्ध तब भी रहता है; सुतरां सषुप्ति दशा में तत् प्रतिषेध नहीं होता। परन्तु-जागृत दशा पर वर्णाश्रमादि जो जो विशेष विशेष धर्म की प्रतीति रहती है,सुषुप्ति दशा में वही सबका अभाव होता है, यही जागे हुये के 'हम हमको नहीं जानते थे' । इस उक्ति का विषय रूप विवेचना करना चाहिये,- जागरित अवस्था पर अनुभूत जो, जाति प्रभृति धर्म संयुक्त अहम् पदार्थ आत्मा, सोई 'माम्-इस अंश का विषय और, स्वप्नावस्था में प्रसिद्ध, जो अस्फूट-अनुभव मात्र गम्य अहम् पदार्थ, सोई 'अहम्'-इस प्रतीति भाग का विषय। इस विषय में हम सुप्त, हम इस प्रकार,' और 'हम हमको भी नहीं जानते' इसी तरह अनुभव प्रणाली देखी जाती है ॥ ७३ ॥

आत्मने स्वयमवभासमानोऽहमित्येवावभासते, इति स्वापाद्यवस्थास्वप्यात्मा प्रकाश मानोऽहमित्येवावभासते इति सिद्धम्।

यत्तु मोक्षदशायामहमर्थो नानुवर्त्तते इति; तदपेशलम्। तथा सत्यात्मनाश एवापवर्गः प्रकारान्तरेण प्रतिज्ञातः स्यात्। न चाहमर्थोधर्म मात्रम्; येन तद्विगमेऽप्यविद्या निवृत्ताविवस्वरूप मवतिष्ठेत; प्रत्युत स्वरूपमेवाहमर्थ आत्मनः। ज्ञानन्तु तस्य धर्म्मः, 'अहंजानामि, ज्ञानं मे जातम्' इतिचाहमर्थ धर्म्मतया ज्ञान प्रतीतेरेव। अपिच, यः परमार्थतो भ्रान्त्या वा आध्यात्मिकादि-दुःखैर्दुःखितयात्मान मनुसन्धत्ते 'अहंदुःखी' इति, सर्व्वमेतद्दुःखजातमपुनर्भवमपोह्य कथमहमनाकुलः स्वस्थो भवेयमित्युत्पन्नमोक्षरागः स एव तत्साधने प्रवर्त्तते। ससाधनानुष्ठानेन यद्यहमेव न भविष्यामीत्यवगच्छेत्; अपसर्पेदेवासौ मोक्षकथाप्रस्तावात्। ततश्चाधिकारि-विरहादेव सर्व्वं मोक्ष शास्त्रमप्रमाणं स्यात्।

अहमुपलक्षितं प्रकाशमात्रमपवर्गेऽवतिष्ठते, इति चेत्; किमनेन? मयि विनष्टेऽपि किमपि प्रकाशमात्रमवतिष्ठते इति मत्वानहि कश्चिद्बुद्धि पूर्व्वकमधिकारी प्रयतते। अतोऽहमर्थस्यैव ज्ञातृतया सिध्यतः प्रत्यगात्मत्वम्। स च प्रत्यगात्मा मुक्तावपि 'अहम्' इत्येव प्रकाशते, स्वस्मै प्रकाशमानत्वात्; यो यः स्वस्मै प्रकाशते, स सर्व्वः 'अहम्' इत्येव प्रकाशते यथा तथावभासमानत्वे नोभयवादिसम्मतः संसार्य्यात्मा। यः पुनरहमिति न चकास्ति, नासौ स्वस्मै प्रकाशते; यथा-घटादिः स्वस्मै प्रकाशते चायं मुक्तात्मा; स तस्माद् 'अहम्' इत्येव प्रकाशते।

न च 'अहम्' इति प्रकाशमानत्वेन तस्याज्ञत्व-संसारित्वादि प्रसंगः; मोक्ष विरोधादज्ञत्वाद्यहेतुत्वाच्चाहंप्रत्ययस्य। अज्ञानं नाम स्वरूपाज्ञानमन्यथाज्ञानं विपरीतज्ञानं वा। 'अहम्'इत्येवात्मनःस्वरूपमिति स्वरूपज्ञान रूपोऽहम्प्रत्ययो नाज्ञत्वमापादयति, कुतः संसारित्वम्? अपितु तद्विरोधित्वान्नाशयत्येव। ब्रह्मात्मभावापरोक्ष्य-निर्द्धूत निरवशेषाविद्यानामपि वामदेवादीनामहमित्येवात्म अनुभव दर्शनाच्च श्रूयतेहि-'तद्धै तत् पश्यन् ऋषिर्व्वामदेवःप्रतिपेदे-'अहम्मनुरभवं सूर्य्यश्च' बृहदा-३-४-१०। इति। 'अहमेकः प्रथममासं वर्त्तामि च भविष्यामि'-अथर्व्व शिखा, १। इत्यादि। सकलेतराज्ञान विरोधिनः सच्छब्द-प्रत्यय मात्रभाजः पर.

स्य ब्रह्मणोव्यवहारोऽप्येवमेव –'हन्ताहमिमास्तिस्रो देवताः'–छान्दो-६-३-२ । 'बहु स्यांप्रजायेय'-तैत्ति-६-२ । 'स ऐक्षत लोकान नुसृजै'-ऐत-१-१-१ । इति । तथा–

'यस्मात्क्षरमतीतोऽहमक्षरादपिचोत्तमः । अतोऽस्मिलोकेवेदेचप्रथितः पुरुषोत्तमः 'अहमात्मागुड़ाकेश' । 'नत्वेवाहं जातुनाशम्' । अहंकृत्स्नस्यजगतः प्रभवः प्रलयस्तथा' । 'अहं सर्व्वस्य प्रभवोमत्तः सर्व्वम्प्रवर्त्तते '। तेषामहंसमुद्धर्त्ता मृत्यु संसारसागरात्' । 'अहं बीज प्रदःपिता' । 'वेदाहं समतीतानि' गीता यथाक्रमम्-१५-१८।१०-२०।१२-१२।७-६।१०-८।१२-७।१४-४।७-२६ । इत्यादिषु । ७४ ।

किञ्चित् और भी,–'सपुप्ति समय आत्मा अज्ञान का साक्षीरूप रहते हैं,'-यही आपका अभिमत सिद्धान्त । साक्षित्व का अर्थ साक्षात् सम्बन्ध में जानना, जो नहीं जानता वह साक्षी नहीं हो सकता, क्या लोक व्यवहार, क्या वेद में सर्वत्र ज्ञाता ही को साक्षी कहा जाता । केवल ज्ञान को साक्षी न कहा जाता । भगवान् पाणिनि भी 'साक्षात् द्रष्टरि संज्ञायाम्' इस सूत्र में द्रष्टा ही का साक्षित्व निर्देश करते है । 'मैं जानता हूं' ऐसी प्रतीतिगम्य सोई साक्षी, 'अस्मत्' पदार्थ आत्मा भिन्न कोई नहीं अतएव सुषुप्ति में आत्मा प्रतीत क्यों न होंगे । होते ही हैं । आत्मा, स्वार्थ में अहम् रूप ही प्रतीत होता है । ऐसा ही देखा जाता है । अतएव सपुप्ति प्रभृति दशा में प्रकाशमान आत्मा, जो अहम् रूप में ही प्रकाशित होते हैं, सोई सिद्ध होता है । (उनके मतमें) मोक्ष दशा में अहम् प्रतीति की अनुवृत्ति नहीं रहती-ऐसा जो कहा जाता–सो भी बात अच्छी नहीं । क्योंकि तब तो प्रकारन्तर में आत्म विनाश ही को मोक्ष मानना पड़ेगा । और अहम् पदार्थ तो आत्मा का कोई प्रकार धर्म भी नहीं जो अविद्या न्याय, अहम् भाव भी, हटने पर भी शुद्ध स्वरूप रह सकेगा । परन्तु अहम् पदार्थ ही आत्मा का स्वरूप । 'हम जानते हैं', 'हमारा ज्ञान भया'–इत्यादि में आत्मा का धर्म या गुण रूप, ज्ञान ही प्रतीत होता है । सुतरां ज्ञान ही को आत्मा का धर्म करके मानना चाहिये । (अहम् पदार्थ को नहीं) ।

अपि च, वास्तविक ही हो या भूल से ही हो जो आध्यात्मिकादि दुःख त्रय से कातर होकर अपने को दुःखी जानता है, सोई, फिर जिसमें दुःख न हो, कैसे हम इस दुःख को ध्वंस करके निश्चिन्त होंगे' इस प्रकार सोच कर प्रथमतः मोक्ष विषय पर अनुरागी होता है, फिर उसके उपाय प्राप्ति में प्रवृत्त होता है । अगर, वह जाने कि मोक्ष साधन अनुष्ठान से

अपना अस्तित्व ही विलुप्त हो जायगा तब तो वह मोक्ष प्रसंग से दूर हट जायगा । फलतः कोई भी मोक्षाधिकारी नहीं रह जायेंगे । और, अधिकारी के अभाव पर मोक्ष प्रतिपादक शास्त्रायें भी अप्रमाण या अनर्थक हो जायेंगे ।

यदि कहिये-'मोक्ष दशा में (अहंकार न रहते हुये भी) अहंकार उपलक्षित केवल आत्म प्रकाश विद्यमान रहता है' । सो, इस से भी क्या होता है ? हम (मुक्त पुरुष) विनष्ट होते हुये भी, हमारा प्रकाश मात्र रह जायगा, ऐसा भी जान कर, कोई बुद्धि पूर्वक प्रवृत्त नहीं होगा । अतएव, ज्ञाता रूप प्रसिद्ध अहम् पदार्थ ही आत्मा, सो आत्मा मुक्त दशा में भी अहंरूप में ही प्रकाशित रहता है । कारण, उस समय आत्मा स्वयं स्वार्थ में प्रकाश प्राप्त होता है-परार्थ नहीं । जो जो वस्तु स्वार्थ पर प्रकाशमान होता है सो सो सब ही अह आकार में प्रकाशित होता है । यथा-अहंरूप में प्रकाशमान, उभयवादि सम्मत, 'संसारी आत्मा' । अर्थात्-आत्मा संसार दशा में अहं रूप ही प्रकाशित होता है-यह वादी विवादी उभय सम्मत । परन्तु जो अहंकार में प्रकाशित नहीं होता,सो कभी स्वयं या स्वार्थ पर प्रकाशमान नहीं होता है, जैसे घटादि जड़ वस्तु । अथच, यह मुक्तात्मा स्वार्थ पर या स्वयं ही प्रकाशमान रहता है; इसी वास्ते वह अहंरूप में ही प्रकाशित रहता है ।

फिर भी क्या अहंरूप में प्रकाशित होने ही के कारण, उसी में अज्ञत्व तथा संसारित्व आदि धर्मों की सम्भावना होगी ? नहीं कह सकते । क्योंकि मोक्षावस्था सो अज्ञत्वादि धर्म विरोधी; अधिकन्तु, अहम् प्रत्यय या, ममत्व बुद्धि भी अज्ञत्वादि धर्मों का कारण नहीं (जिससे कि, अहंभाव रहने ही से अज्ञ भी होना जरुरी है)-(ताते, मोक्ष अवस्था में अज्ञत्वादि धर्मों की सम्भावना हो ही नहीं सकते ।) अज्ञान अर्थात् स्वरूपाज्ञान-(आत्म स्वरूप को न जानना-आत्मा को इन्द्रिय विकार रूप मानना) । अहं ही जब आत्मस्वरूप, तब तो वही स्वरूप ज्ञान, अहम् प्रत्यय कभी आत्मा की अज्ञत्व प्रतिपादन नहीं कर सकता; सुतरा, संसारित्व भी नहीं सम्पादन कर सकता, परन्तु वही अहं प्रत्यय ही अज्ञत्व और संसारित्व विध्वस्त कर देता है । विशेषतः ब्रह्मात्म भाव का साक्षात्कार से जिनको अविद्या समूल उन्मूलित हो गई, सो वाम देवादिकों का भी अहंरूप में आत्मानुभव दृष्ट होता है । सुनी जाती है-वामदेव ऋषि सो-सो-तत्व दर्शन से समझे रहे कि-'हम ही मनु तथा सूर्य्य भये रहे, तथा वर्त्तमान औ भविष्यत् में भी हम ही रहेंगे' । इत्यादि। अपर सर्व विध अज्ञान

यद्यहमित्येवात्मानः स्वरूपम्; कथं तह्यहंकारस्य क्षेत्रान्तर्भावो भगवतोपदिश्यते?-'महाभूतान्यहंकारो बुद्धिरव्यक्तमेव, च' इति, गीता जी-७-१०।

उच्यते,-स्वरूपोपदेशेषु सर्व्वेष्वहमित्येवोपदेशात् तथैवात्मस्वरूप प्रतिपत्तेश्चाहमित्येवं प्रत्यगात्मनः स्वरूपम्। अव्यक्त परिणाम भेदस्याहंकारस्य क्षेत्रान्तर्भावो भगवतोपादिश्यते। स त्वनात्मनि देहेऽहम्भाव करणहेतुत्वेनाहंकार इत्युच्यते। अस्यत्वहंकार शब्दस्याभूततद्भावेऽर्थे च्विप्रत्ययमुत्पाद्य व्युत्पत्तिर्द्रष्टव्या अयमेवत्वहंकार उत्कृष्ट जनावमान हेतुर्गर्व्वापरनामा शास्त्रेषु वहुशोहेयतयाप्रतिपाद्यते। तस्माद्बाधकापेताहम्बुद्धिः साक्षादात्मगोचरैव, शरीर गोचरात्वहम्बुद्धिरविद्यैव। यथोक्तम् भगवतापराशरेण,-'श्रूयतां चाप्यविद्यायाः स्वरूपंकुलनन्दन। अनात्मन्यात्मबुद्धिर्य्या'-वि० पु०-६-७।१०-११ इति। यदि ज्ञप्तिमात्रमेवात्मा, तदानात्मन्यात्माभिमाने शरीरे ज्ञप्तिमात्रपतिभासः स्यात् न ज्ञातृत्व प्रतिभासः। तस्माज्ज्ञाताहमर्थएवात्मा। तदुक्तम्,-'अतःप्रत्यक्षसिद्धत्वादुक्त न्यायागमान्वयात्। अविद्यायोगतश्चात्मा ज्ञाताहमितिभासते॥' आत्मसिद्धि-इति तथा च 'देहेन्द्रिय मनः प्राण धीभ्योऽन्योऽनन्य साधनः।

नित्यो व्यापी प्रतिक्षेत्रमात्माभिन्नः स्वतः सुखी॥ आत्मसिद्धि इति। अनन्य साधनः-स्वप्रकाशः। व्यापी-अति सूक्ष्मतया सर्व्वाचेतनान्तः प्रवेशनस्वभावः।

विरोधी केवल सत् शब्द वो सत् प्रतीति गम्य परब्रह्म सम्बन्ध में व्यवहार भी यहां प्रकार-'हम तेजः जल वो पृथिवी, इन देवता त्रय को (नाम रूप में अभिव्यक्त करेंगे) वहु होंगे, जन्मेंगे' आप आलोचना किये थे-लोक सकल सृष्टि करेंगे'। तथा 'जो कि, हम क्षर के अतीत, और अक्षर से भी उत्तम, इसी से लोक तथा वेद में हम पुरुषोत्तम करके कहे गये', 'हे निद्राजयी अर्जुन, हम ही आत्मा', 'हम कभी नहीं रहे सो ऐसा नहीं', 'हम ही समस्त जगत् का प्रभव वो प्रलय (स्थान) हम ही सब की उत्पत्ति-निदान, और आत्मा ही से सब उत्पन्न होता है, 'हम उन सबको मृत्युमय संसार से उद्धार करता हूँ', 'हम ही वीजप्रद पिता स्वरूप', 'हम वहु अतीत विषय को जानते हैं'-इत्यादि स्थलों में परब्रह्म सम्बन्ध में भी अहम् प्रत्यय दृष्ट होता है॥ ७४॥

यदुक्तम् ,-दोषमूलत्वेनान्यथा सिद्धिसम्भावनया सकलभेदावलम्बिप्रत्यक्षस्य शास्त्रबाध्यत्वमिति । कोऽयं दोष इति वक्तव्यम् ? यन्मूलतया प्रत्यक्षस्यान्यथासिद्धिः । अनादिभेद वासनैव हि दोष इति चेत्; भेदवासनायास्तिमिरादिवद्यथावस्थित वस्तु-विपरीतज्ञान हेतुत्वं किमन्यत्र ज्ञातपूर्व्वम् ? अनेनैवशास्त्रविरोधेन ज्ञास्यते इति चेत्; न अन्योऽन्याश्रयणात् । शास्त्रस्य निरस्त निखिल विशेषवस्तुबोधित्व निश्चये सति भेद वासनाया दोषत्व निश्चयो भेदवासनाया दोषत्वनिश्चये सति शास्त्रस्य निरस्त निखिलविशेष वस्तु-बोधित्व निश्चय इति ।

किञ्च यदि भेद वासना मूलत्वेन प्रत्यक्षस्य विपरीतार्थत्वं शास्त्रमपि तन्मूलत्वेन तथैवस्यात् । अथोच्येत-दोषमूलत्वेऽपि शास्त्रस्य प्रत्यक्षावगत सकल भेद निरसनज्ञान हेतुत्वेन परत्वात् तत्प्रत्यक्षस्य बाधकमिति । तन्न; दोषमूलत्वे ज्ञाते सति परत्वमकिञ्चित्करम्; रज्जु-सर्प ज्ञान निमित्तभये सतिभ्रान्तोऽयमिति परिज्ञातेन केनचित् 'नायंसर्पोभाभैपीः' इत्युक्तेऽपि भयानिवृत्तिदर्शनात् । शास्त्रस्यच दोषमूलत्वं श्रवणवेलायामेव ज्ञातम्, श्रवणावगतनिखिलभेदोपमर्दि-ब्रह्मात्मैकत्व विज्ञानाभ्यासरूपत्वान्मननादेः ।

अपि च, इदं शास्त्रसम्भाव्यमान दोषम्; प्रत्यक्षन्तु सम्भाव्यमानदोष मिति केनावगतंत्वया । न तावत् स्वतः सिद्धा निर्धूत निखिल विशेषानुभूति रिममर्थमवगमयति; तस्याःसर्व्वविषय विरक्तत्वात् शास्त्रपक्षपात विरहाच्च । नाप्यैन्द्रियकं प्रत्यक्षम्, दोषमूलत्वेन विपरीतार्थत्वात् । तन्मूलत्वादेव नान्यान्यपि प्रमाणानि । अतः स्वपक्षसाधन-प्रमाणानभ्युपगमात् न स्वाभिमतार्थसिद्धिः ॥ ७५ ॥

भला,-अहम् ही यदि आत्म स्वरूप हो, तो, महाभूत सकल (क्षिति, अप तेज, मरुत, व्योम) अहंकार, बुद्धि तथा अव्यक्त (प्रकृति,) (यह सभी सविकार-क्षेत्र संज्ञाभिहित) इस पर स्वयं भगवान ही अहंकार को क्षेत्र के (जड़ के) अन्तर्भूत करके कैसे निर्देश किये ? उत्तर-कहा जा रहा है-जहाँ जहाँ पर, आत्मा का स्वरूप का उपदेश है, सो सब मौकों पर, 'अहं' रूप में ही अत्मोपदेश रहने से, और, 'अहं' रूप में ही आत्मा की स्वरूप प्रतीति के हेतु से समझना चाहिये- आत्मा का प्रकृत स्वरूप अहम् ही है, और श्री

श्री भगवान, जो, अहंकार को क्षेत्रान्तरभूत किये हैं, सो, प्रकृति परिणाम-विशेष स्वतन्त्र अहंकार। अनात्म-देह में अहम् भाव या अहम् बुद्धि उपजाता है इसी से उसको भी अहंकार कहा जाता हैं। अभूत-तद्भाव अर्थ पर 'चित्र' प्रत्यय योग से यह अहंकार शब्द निष्पन्न भया है सो जानना चाहिये। यही अहंकार, उत्कृष्ट जनों के प्रति अवज्ञा जनक-इसी का अपर नाम गर्व्व, और, शास्त्रोंमें भी भूयोभूयः इसीकी हेयता प्रतिपादित-भई है। अतएव, कस्मिन् काल में भी जिसकी वाधा नहीं होती वही अहम् बुद्धि निश्चय साक्षात् सम्बन्ध में आत्म विषयक है। और, शरीर विषयक अर्थात् स्वदेह प्रति जो अहम् बुद्धि सो अविद्यात्मक है ही है। देखिये भगवान पराशर जी जो कहे हैं-'हे कुलनन्दन, अनात्मा-में जो आत्म बुद्धिरूपा अविद्या (ताके स्वरूप सुनो)।

आत्मा, अगर, मात्र ज्ञान रूपी ही होता, तो, अनात्मा में आत्माभिमान समय शरीर में भी केवल ज्ञान रूपता ही प्रतीत-होती। ज्ञातृत्व की प्रतीति कभी न हो पाते। अतएव, ज्ञाता अहम् पदार्थ ही आत्मा,-अतिरिक्त नहीं। 'आत्म सिद्धि' में भी ऐसी ही कही गई। 'प्रत्यक्ष, उक्त न्याय या युक्ति वो शास्त्र प्रामाण्यानुसार और अविद्या सम्बन्ध वशतः ज्ञाता (आत्मा) अहम् रूप में ही प्रकाश पाते हैं (जानने योग्य है)। और भी 'देह इन्द्रिय, मन, प्राण वो बुद्धि से पृथक, अनन्यसाधन (अपर प्रकाश्य नहीं-स्वप्रकाश नित्य तथा व्यापी आत्मा प्रति देह में भिन्न और स्वभावतः सुख सम्पन्न', 'अनन्य साधन'-स्वप्रकाश, 'व्यापी'-अति सूक्ष्मता हेतु समस्त अचेतन के अभ्यन्तर स्वतः प्रविष्ट रहते हैं।

श्री शंकर मत में और भी जो कहा गया है-'समस्त भेद वस्तु-विषयक प्रत्यक्ष मात्र दोष सम्पन्न, सुतरां भ्रमाशंका पूर्ण, ताते, वह सब (अभ्रान्त) शास्त्रों करके वाधित होने योग्य'। (इसमें जिज्ञास्य) जिसके बल पर प्रत्यक्ष ज्ञान की अन्यथा सिद्धि, याने, भ्रान्तत्व सम्भावित हो रहा है सो दोष पदार्थ क्या है, सो भी कह देना चाहिये, यदि ऐसा-'अनादि भेद संस्कार ही दोष रूप' हो, (पुनः जिज्ञास्य) नयनगत तिमिरादि (रोग विः) दोष के न्याय भेद वासना भी, जो, प्रकृत वस्तु में विपरीत ज्ञान उपजाता है, सो क्या और भी कहीं देखी गई? अगर कहा जाय कि उक्त प्रकार शास्त्र विरोध से ही जान लेना है। नहीं, ऐसी न कहिये, क्योंकि, अन्योन्याश्रय दोष होगा, कारण-शास्त्र, जो, सर्व प्रकार विशेष विरहित (निर्विशेष ब्रह्म) वस्तु प्रतिपादक सो निश्चय के साथ ही भेद वासना का दोषत्व निश्चय

✓ ननु व्यावहारिक प्रमाण प्रमेय व्यवहारोऽस्माकमप्यस्त्येव। कोऽयं व्यावहारिकोनामः ? आपात प्रतीतिसिद्धो युक्तिभिर्निरूपितो न तथावस्थित इति चेन्; किं तेन प्रयोजनम् ? प्रमाणतयाप्रतिपन्नेऽपियोक्तिक बाधादेव प्रमाणकार्य्याभावत्।

अथोच्यते, शास्त्र प्रत्यक्षयोर्द्वयोरप्यविद्यामूलत्वेऽपि प्रत्यक्ष विषयस्य शास्त्रेण बाधो दृश्यते। शास्त्र विषयस्य सदद्वितीयस्य ब्रह्मणः पश्चात्तन बाधादर्शनेन निर्व्विशेषानुभूतिमात्रं ब्रह्मैव परमार्थ इति। तदयुक्तम्, अवाधितस्यापि दोष मूलस्या पारमार्थ्यं निश्चयात्। एतदुक्तम्भवति,-यथा सकलेतर-काचादिदोषरहित

हो सकता, और भेदवासना को दोपत्व निश्चय के साथ ही शास्त्र का निर्विशेष वस्तु बोधकत्व निश्चित हो सकता। (सुतरां परस्परापेक्षित होने से अन्योन्याश्रय दोष हुआ) अपि च, भेद संस्कार-जनित करके, यदि प्रत्यक्षज्ञान विपरीतार्थग्राही हो तब तो भेद संस्कार प्रसूत शास्त्र भी वैसे ही मिथ्या-या, विपरीतार्थग्राही हो सकता-(उभय में कुछ विशेषता नहीं पाई जाती) फिर कहिये-'शास्त्र दोष मूलक होते हुये भी, प्रत्यक्ष परिज्ञात सर्वविध भेद का निवारक ज्ञान समुत्पादन करता है, इसी से वह 'पर', या प्रत्यक्ष अपेक्षा बलवत्तर, तभी वह प्रत्यक्ष ज्ञान की बाधा या मिथ्यात्व को ज्ञापन करता है'। नहीं, यह गलत बात है क्योंकि-शास्त्र दोष मूलक, ऐसा जानते ही उसका परत्व-बल अकिञ्चित्कर हो जाता है। रज्जु में सर्प भ्रम से किसी के भय समय, (भ्रान्त) और किसी से 'यह सर्प नहीं, भय मत करो' ऐसा सुनते हुये भी भ्रम तथा भय नहीं जाता है। शास्त्र का भी दोष मूलत्व, श्रवण समय में ज्ञात होके, श्रवण से अवगत निखिल दोष नाशक ब्रह्मात्मैकत्व विज्ञान का अभ्यास रूप मननआदि से जाना जाता है।

और भी, यह शास्त्रदोषा शंका रहित, और प्रत्यक्ष प्रमाण दोष सम्भावना संकुल यह आप कैसे जान पाये ? स्वतः सिद्ध निर्विशेष अनुभूति से यह नहीं जाना जा सकता, क्योंकि, वह सर्व विषय विरहित है। निर्विषय-ऐसा वस्तु समझाना शास्त्र का काम नहीं। इन्द्रिय साध्य प्रत्यक्ष से भी सो ज्ञान नहीं हो सकता, कारण-प्रत्यक्ष मात्र ही दोष मूलक, सुतरां विपरीत अर्थग्राही। अन्यान्य प्रमाण भी जब प्रत्यक्ष सापेक्ष, तब, वह भी सब इस विषय में यथार्थ बोध नहीं करा सकते। अतएव, स्वपक्ष साधन में अनुकूल उपयुक्त प्रमाण न मानने के कारण आप के अभिमत प्रमेय भी सिद्ध नहीं हो सकता ॥ ७५ ॥

पुरुषान्तरा-गोचर-गिरिगुहासु वसतस्तैमिरिक-जनस्याज्ञात-स्वतिमिरस्य सर्व्वस्य तिमिरदोषाविशेषेण द्विचन्द्र ज्ञानमविशिष्टंजायते, तत्र न बाधक-प्रत्ययोऽस्तीति न तन्मिथ्या न भवतीति तद्विषयभूतं चन्द्र-द्वित्वमपि मिथ्यैव,दोषोह्ययथार्थ ज्ञान हेतुः । तथा ब्रह्मज्ञानमविद्यामूलत्वेन बाधक ज्ञान रहितमपि स्वविषयेण ब्रह्मणा सहमिथ्यैवेति । भवन्ति;चात्र प्रयोगाः, विवादाध्यासितं ब्रह्म मिथ्या, अविद्यावदुत्पन्न-ज्ञानविषयत्वात् प्रपञ्चवत् । ब्रह्म मिथ्या, मिथ्या-ज्ञान विषयत्वात्, प्रपञ्चवत् । ब्रह्म मिथ्या, असत्य हेतु जन्मज्ञान विषयत्वात्, प्रपञ्चवदेव ॥ ७६ ॥

भला, हम लोगों को (श्री शंकर पक्ष वालों को) मत में भी, व्यवहारिक प्रमाण प्रमेय भाव तो स्वीकृत ही है, अर्थात्–जब तक ब्रह्मात्मैकत्व-विज्ञान न होय, तब तक प्रमाण प्रमेय प्रभृति की व्यवहारिक सत्यता–अवश्य ही स्वीकार की जाती, सुतरां प्रमाणाभाव काहें को होगा ? (इसके उत्तर में जिज्ञास्य)-यह व्यवहारिक शब्द का क्या अर्थ है? यदि कहा जाय-'जो आपात या,अविचारसह प्रतीति-सिद्ध, अथ च, युक्ति की साथ निरूपण में रूपान्तर प्राप्त होता है (सोई व्यवहारिक शब्द का अर्थ)' । सो इससे भी क्या लाभ है ? क्योंकि, जो प्रमाण रूप अवधारित होके भी युक्ति से बाधित हो सकता, सो प्रमाण किस काम का ? फिर कहिये-'शास्त्र और प्रत्यक्ष प्रमाण दोनों अविद्यामूलका होते हुये भी शास्त्र से ही, प्रत्यक्ष विषय का बाधा देखी जाती, परन्तु शास्त्र प्रतिपादित सत् अद्वितीय ब्रह्म का पर भविक कोई प्रमाण में बाधा नहीं देख पड़ती । अतएव, निर्व्विशेष ब्रह्म ही प्रति परमार्थ या, सत्य वस्तु' । सो, यह भी युक्ति की बाहर वाली बात, कारण-दोष प्रसूत जो कुछ, सो बाधित न होने से भी, अपरमार्थ या असत्य करके ही निर्णीत होता है ।

अभिप्राय यह है काचादि रोग रहित (उत्तम दृष्टि सम्पन्न) व्यक्ति की अदृश्य,गिरि गुहा वासी तैमिरिक (तिमिर नामक चक्षु रोगग्रस्त) व्यक्ति स्वीय तिमिर रोग न जानते हुये भी (ज्ञान तथा अज्ञान से) तिमिर रोग का कार्य्य कारिता-शक्ति की कुछ भी विशेष नहीं होता है, सो, उसके फल से, जैसे द्विचन्द्र ज्ञान भी (एक चन्द्र ज्ञान न्याय) तुल्य रूप ही होता है । अर्थात्-सज्ञान तिमिर रोगी का और अज्ञान तिमिररोगी का द्विचन्द्र दर्शन में, नयन-रोग का कार्य्यकारि शक्ति का कोई भी तारतम्य नहीं होती । यद्यपि, उस द्विचन्द्र

न च वाच्यम्, स्वाप्नस्य हस्त्यादि ज्ञानस्यासत्यस्य परमार्थ-शुभाशुभ-प्रतिपत्तिहेतुभाववद् अविद्यामूलत्वेनासत्यस्यापि शास्त्रस्य परमार्थभूत-ब्रह्म विषय-प्रतिपत्तिहेतुभावो न विरुद्ध इति, स्वाप्नज्ञानस्यासत्यत्वाभावात्। तत्र हि विषयाणामेव मिथ्यात्वम्, तेषामेव हि बाधो दृश्यते, न ज्ञानस्य। न हि 'मया स्वप्नवेलायामनुभूतं ज्ञानमिह न विद्यते' इति कस्यचिदपि प्रत्ययो जायते। दर्शनन्तु विद्यते, अर्था न सन्तीति हि बाधक संप्रत्ययः। मायाविनो मन्त्रौषधादि प्रभवं मायामयं ज्ञानं सत्यमेव प्रीतेर्भयस्य च हेतुः; तत्रापि ज्ञानस्याबाधितत्वात्। विषयेन्द्रियादि-दोषजन्यं रज्ज्वादौ सर्पादि विज्ञानं सत्यमेव भयादि हेतुः; सत्यैवादष्टेऽपि स्वात्मनिसर्पसन्निधानात् दष्टबुद्धिः; सत्यैव शंका-विषबुद्धिः मरणहेतुभूता; वस्तुभूत एव जलादौ मुखादि प्रतिभासो वस्तुभूत मुखगत विशेष निश्चय हेतुः। एतेषां संवेदनानामुत्पत्तिमत्त्वादर्थ क्रियाकारित्वाच्च सत्यत्वमवसीयते।

हस्त्यादीनामभावेऽपि कथं तद्बुद्धयः सत्या भवन्तीति चेत्; नैतत्, बुद्धीनां सावलम्बनत्व मात्र नियमात्। अर्थस्य प्रतिभासमानत्वमेव ह्यालम्बनत्वेऽपेक्षितम्, प्रतिभासमानता चास्त्येव दोषवशात्, सतु बाधितोऽसत्य-इत्यवसीयते। अबाधिता हि बुद्धिः सत्यैवेत्युक्तम्॥ [शब्दस्फोटविचारः]-

रेखया वर्ण-प्रतिपत्तावपि ना सत्यात्, सत्य बुद्धिः रेखायाः सत्यत्वात्। ननु वर्णात्मनाप्रतिपन्ना रेखा वर्णबुद्धि हेतुः, वर्णात्मतात्वसत्या। नैवम्, वर्णात्मताया असत्याया उपायत्वायोगात्। असतो निरूपाख्यस्य ह्युपायत्वं न दृष्टमनुपपन्नञ्च।

दर्शन में कोई बाधक ज्ञान है नहीं, तथापि, तद्विषयक ज्ञान जो मिथ्या नहीं होती, सो नहीं और उस ज्ञान का विषयीभूत चन्द्रगत द्वित्व भी मिथ्या सिवाय,सत्य नहीं होता। कारण-दोष, सो स्वाभाविक ही असत्य ज्ञान पैदा करती है। तैसे ही ब्रह्मज्ञान जब अविद्यामूलक, तो, तद्विषय में बाधक ज्ञान न होने से भी, अज्ञानी के ज्ञान विषयीभूत जगत्-प्रपञ्च वत, वह ज्ञान तथा ज्ञानविषयीभूतब्रह्म दोनों मिथ्या, (इस पर दो अनुमान) ब्रह्म जो कि मिथ्या ज्ञान का विषय, अतएव, प्रपञ्च न्याय सो भी मिथ्य। १। ब्रह्म जो कि, असत्य-शास्त्र जनित ज्ञान का विषय, अतएव, प्रपञ्च प्राय वह भी मिथ्य। २।॥ ७६॥

अथ तस्यां वर्णबुद्धे रूपायत्वम् ? एवं तह्य सत्यात् सत्यबुद्धि न स्यात्, बुद्धेः सत्यत्वादेव । उपायोपेययोरैक्य प्रसंगश्च, उभयोर्व्वर्णबुद्धित्वाविशेषात् रेखाया अविद्यमान वर्णात्मनाउपायत्वे चैकस्यामेव रेखायामविद्यमान सर्व्व वर्णात्मकत्वस्य सुलभत्वादेक-रेखादर्शनात् सर्व्ववर्णप्रतिपत्तिःस्यात् ।

अथ पिण्ड विशेषे देवदत्तादि शब्द संकेतवत् चक्षुर्ग्राह्य रेखा–विशेषे श्रोत्रग्राह्य वर्ण विशेष संकेत वशाद् रेखाविशेषो वर्णविशेष बुद्धि हेतुरिति । हन्त तर्हि सत्यादेव सत्य प्रतिपत्तिः रेखायाः संकेतस्य च सत्यत्वात् । रेखा गवयादपि सत्य गवय बुद्धिः सादृश्य निबन्धना; सादृश्यञ्च सत्यमेव ।

न चैक रूपस्य शब्दस्य नादविशेषेणार्थ विशेष भेदबुद्धि हेतुत्वेऽप्यसत्यात् सत्यप्रतिपत्तिः,नाना नादाभिव्यक्तस्यैकस्यैव शब्दस्य तत्तन्नादाभिव्यंग्य स्वरूपेणार्थविशेषैः सह सम्बन्ध ग्रहणवशादर्थ भेद बुद्ध्युत्पत्ति हेतुत्वात् । शब्दस्यैक रूपत्वमपि न साधीयः, गकारादेर्व्वोधकस्यैव श्रोत्रग्राह्यत्वेन शब्दत्वात् । अतोऽसत्याच्छास्त्रात् सत्यब्रह्म विषय प्रतिपत्तिर्दुरूपपादा ।। ७७ ।।

अपि च, ऐसा भी कहा नहीं जा सकता–'स्वप्न दृष्ट हस्ति प्रभृति का ज्ञान, सो स्वयं -असत्य होते हुये भी, जैसे शुभाशुभ फल का प्राप्ति सूचक होता है वैसे ही, अविद्या प्रसूत शास्त्र सत्य न होने से भी परमार्थ सत्य वस्तु विषयक सत्य ज्ञान समुत्पादन करना, सो उसके लिये विरुद्ध नहीं होगा' । क्योंकि, स्वप्न कालीन ज्ञान असत्य नहीं (सुतरां, उक्त उदाहरण ठीक नहीं) सो, हेतु यह है कि स्वप्न दृष्ट विषय ही मिथ्या, जो कि (जाग्रत में) उस सब की बाधा होती है । किन्तु ज्ञान की स्फुर्ति तब भी नष्ट नहीं होत जाते, ,हम स्वप्न में जो जाने रहे सो अब नहीं है'-ऐसी प्रतीति किसी की नहीं होती, परन्तु ज्ञान हमारा ठीक ही है, केवल स्वप्न दृष्ट विषय ही नहीं है'- ताते, दृष्ट विषयों का ही बाधक प्रतीति होती है । मायावी (ऐन्द्र जालिक) की मन्त्र औषधादि सम्पादित माया भय ज्ञान सत्य सत्य ही प्रीति तथा भयादि के कारण होता है, कारण-वहाँ भी ज्ञान की बाधा नहीं रहती । विषय में भी, इन्द्रिय-दोष से (सादृश्यादि तथा काचादि रोग वशतः) रज्जु प्रभृति में, जो सर्पादि ज्ञान हो ही , पड़ता है सो भी सत्य–भयादि उपजाता है ।

स्वयं सर्प दष्ट न होके भी, जो, केवल सर्प सान्निध्य वशतः अपने को सर्पदष्ट मानलेता है, सो भी, ज्ञान ठीक ही होता है,–मिथ्या नहीं । शंका –विष से जो मृत्यु होता है, तहाँ पर भी, मरण का हेतुभूत विष बुद्धि सत्य ही है–मिथ्या नहीं। (पक्षान्तर में) जल प्रभृति सत्य वस्तु में ही मुख का प्रतिविम्ब निपतित होके, प्रकृत मुख का वैचित्र बोधक होता है। उल्लिखित सकल ज्ञान ही उत्पत्तिशील तथा कार्य्य सम्पादक होता है, इसीसे उनके सत्यता को अवधारित किया जाता है ।

आपत्ति हो सकती है–'स्वप्न का हस्ति आदि कुछ भी, जब, रहता ही नहीं, तब, तद्विपयक बुद्धि ही कैसे सत्य–होगी' ? नहीं, ऐसी आपत्ति अयथा है । कारण–साधारणतः–बुद्धि का एक अवलम्बन मात्र होना चाहिये। (सो अवलम्बन जो, सत्य ही हो सो, ऐसा कोई नेम नहीं है)। कोई वस्तु को, ज्ञान का अवलम्बन होने में, उसकी (तात्कालिक) प्रतीति मात्र अपेक्षित-होती (किन्तु, उसकी सत्यता की अपेक्षा नहीं रहती) । यहाँ पर भी, हस्ति आदि प्रतीति तो ठीक है, केवल दोष वशत: सो वाधित होता है, किन्तु तद्विष-यक बुद्धि कभी वाधित-नहीं-होती इसीसे उसकी सत्यता पहिले ही कही गई है।

शब्द स्फोट विचार—

और, रेखावों से जो वर्ण ज्ञान होता है, सो, उसमें भी सत्य से असत्य बुद्धि प्रमाणित-नहीं-होती। क्योंकि,रेखा सत्य पदार्थ, -मिथ्या नहीं । 'भला, रेखा को वर्ण स्व-रूप माना जाता है, ताते, रेखा से वर्ण बुद्धि होती है। वास्तविक, रेखा ही तो वर्ण स्वरूप नहीं है' ।–(ऐसी शंका की जवाब) । नहीं, सो नहीं है, क्योंकि, रेखा की वर्ण रूपता, यदि सत्य न होते, तो, उससे वर्ण बुद्धि या, वर्ण बोध के उपाय रूप वही रेखायें नहीं हो सकती थीं । जिस हेतु से- असत्–स्वरूप हीन पदार्थों का कार्य्य साधनता कभी देखी नहीं गई और संगत भी नहीं । यदि कहा जाय कि रेखा में जो वर्ण बुद्धि सोई प्रकृत वर्ण का बोध कराता है । भला, ऐसा होने से, वर्ण–बुद्धि तो सत्य वस्तु, तब तो, असत्य से सत्य बुद्धि, सो, नहीं कहने की बात है । अधिकन्तु (प्रकृत वर्ण और रेखा में जो वर्ण बुद्धि, इन) दोनों के बीच में जब कुछ भी विशेपता नहीं तब तो उपाय और उपेय उभय का ऐक्य हो सकता। विशेपत:, रेखा यदि प्रकृत वर्ण स्वरूप न होके भी सत्य वर्ण स्वरूप उपाय हो, तब

नतु, न शास्त्रस्य गगनकुसुमवदसत्यत्वम्, प्रागद्वैत ज्ञानात् सद्बुद्धि बोध्यत्वात्। उत्पन्ने तत्वज्ञाने ह्यसत्यत्वं शास्त्रस्य, न तदा शास्त्रं निरस्त निखिल भेद-चिन्मात्र ब्रह्म ज्ञानोपायः। यदोपाय स्तदाऽस्त्येव शास्त्रम्, अस्तीति बुद्धेः। नैवम्; असति शास्त्रे अस्ति शास्त्र मिति बुद्धेर्मिथ्यात्वात्। ततः किम्? इदं ततः- मिथ्याभूत-शास्त्र जन्य ज्ञानस्य मिथ्यात्वेन तद्विषयस्यापि ब्रह्मणो मिथ्यत्वम्; यथा धूम बुद्ध्या गृहीत वाष्पजन्य ज्ञानस्य मिथ्यात्वेन तद्विषयस्याग्नेरपि मिथ्यात्वम्।

पश्चात्तन बाधादर्शनं चासिद्धं, शून्यमेव तत्वमिति वाक्येन तस्यापि बाध दर्शनात। तत्तु भ्रान्तिमूलमिति चेत्; एतदपि भ्रान्तिमूल मिति त्वयैवोक्तम्। पाश्चात्य बाधादर्शनन्तु तस्यैवेत्यलमप्रतिष्ठित कुतर्कपरिहसनेन ॥ ७८ ॥

तो, रेखा मात्र में, अविद्यमान समस्त वर्णात्मकता सहज ही कल्पना किया जा सकता, सुतरां कोई भी रेखा से सभी वर्ण की प्रतीति हो सकती ?

फिर कहिये-'देवदत्त आदि शब्दों को जैसे व्यक्ति विशेष पर संकेत किया जाता है, श्रोत्रग्राह्य वर्ण विशेष का भी चक्षुग्राह्य रेखा विशेष पर संकेत होता है। तभी विशेष विशेष रेखा विशेष विशेष वर्णों का ज्ञान उपजाता है'। अच्छी बात, तब तो, रेखा और वर्ण दोनों जब सत्य तब तो सत्य से ही सत्य की उत्पत्ति भी (स्वीकृत) भई। और रेखामय (चित्रित) गवय से भी जो सत्य गवय (गोसदृश) का प्रतीति होती है, सो उसका भी कारण-सादृश्य, सो सादृश्य तो सत्य ही है।

विशेषतः, एक ही रूप शब्द उच्चारण भेद से विभिन्न अर्थगत भेद बुद्धि उपजाता है, ताते हां, असत्य से सत्य बुद्धि भई, सो ऐसा भी नहीं, क्योंकि, एक ही शब्द नानाविध ध्वनि या उच्चारण अनुसार (विवृत्त) अभिव्यक्त या उच्चारित होके, सोई अभिव्यक्तरूप में अर्थात् वही उच्चारण के प्रभेदानुसार भिन्न भिन्न अर्थ के साथ सम्बन्ध लाभ करता है, और तदनुसार ही भिन्न भिन्न अर्थ प्रतीति करार्ता है। सुतरां, असत्य से सत्योत्पत्ति सिद्ध नहीं भई। विशेषतः 'ग' कार प्रभृति वर्ण अर्थ बोध के साथ जब श्रवणेन्द्रिय ग्राह्य होके शब्द संज्ञा लाभ करता है, तब विभिन्न वर्णमय शब्द का एक रूपता भी युक्ति युक्त नहीं हो सकता ॥ ७७ ॥

यदुक्तम् वेदान्त वाक्यानि निर्विशेष ज्ञानैकरस-वस्तुमात्रप्रतिपादनपराणि, 'सदेवसौम्येदमग्र आसीत्' इत्येवमादीनीति;-तदयुक्तम् एक विज्ञानेन सर्व्वं विज्ञान प्रतिज्ञोपपादन मुखेन सच्छब्द वाच्यस्य परस्य ब्रह्मणो जगदुपादानत्वं, जगन्निमित्तत्वं, सर्व्वज्ञता, सर्व्वशक्तियोग: सत्य संकल्पत्वं, सर्व्वान्तरत्वं सर्व्वाधारता, सर्व्वनियमनमित्याद्यनेक-कल्याण-गुण-विशिष्टतां कृत्स्नस्य जगतस्तदात्मकताञ्च प्रतिपाद्य; एवम्भूतब्रह्मात्मक: 'त्वम् असि' इति श्वेतकेतुं प्रत्युपदेशाय प्रवृत्तत्वात् प्रकरणस्य । प्रपञ्चितश्चायमर्थो वेदार्थ संग्रहे अत्राप्यारम्भणाधिकरणे ब्र० सू० २-१-१४-निपुणतरमुपपादयिष्याम: ।

प्रश्न यह है कि, अद्वैत ज्ञानोदय के पहिले शास्त्र जब सत्य ही प्रतीति होती है तब तो वह शास्त्र गगनकुसुमवत् असत्य नहीं हो सकता । तत्वज्ञान होने से ही शास्त्र की असत्यता होती है। उस समय शास्त्र तो, सर्वविध भेदरहित चिन्मय ब्रह्म विषय में ज्ञानोत्पादक साधन या सहाय नहीं होता । परन्तु, जिस समय ब्रह्मज्ञान का साधन होता है, उस समय शास्त्र सत्य ही है क्योंकि तब तक उसकी सत्ता या अस्तित्व व्याहत नहीं होता'। नहीं ऐसा नहीं कहा जा सकता, क्योंकि, (प्रकृत पक्ष में) शास्त्र यदि मिथ्या ही हो, शास्त्र सत्-इस प्रकार शास्त्रों में जो सत्यता बुद्धि सो मिथ्या हो जायगी ?'सो उससे क्या होता है' ? उत्तर-उससे यह भया कि जब शास्त्र मिथ्या, तब, तज्जनित-ज्ञान भी मिथ्या, सुतरां, उस ज्ञान का विषयीभूत ब्रह्म भी मिथ्या सिद्ध भया । उदाहरण अगर कोई वाष्प को धूम मानकर अग्नि की आशा करै, तब उपायीभूत धूम और धूम ज्ञान की असत्यता निबन्धन जैसे तत् साधित अग्नि का भी मिथ्यात्व सिद्ध होता है (वैसे ही शास्त्र और तज्जनित ज्ञान की असत्यता से तद्विषयीभूत ब्रह्म का भी असत्यता सिद्ध होता है) ।

और जो, परवर्ती कोई ज्ञान से बाधित नहीं कहि कर, शास्त्र प्रतिपादित ब्रह्म ज्ञान को सत्य कहा गया है सो भी प्रमाण सिद्ध नहीं है । कारण-'शून्य ही मात्र तत्व' इस वाक्य से ही उसकी बाधा देखी जा रही है । यदि कहिये कि यह बात भ्रान्ति मूलक, सो आप तो शास्त्र को भ्रान्ति मूलक कहे ही हैं । अधिकन्तु, शून्य वादी की ही वाक्य का परवर्ती कोई प्रमाण में बाधा नहीं दिखती (अतएव उसीकी प्रामाण्य ठीक है) खैर, अब अव्यवस्थित कुतर्क परिहास में क्या प्रयोजन ? ॥ ७८ ॥

'अथ परा यया तदक्षरमधिगम्यते'-मुण्डक-१-१-५ इत्यत्रापि प्राकृतान् हेयगुणान् प्रतिषिद्ध, नित्यत्व-विभुत्व-सूक्ष्मत्व-सर्व्वगतत्वाव्ययत्व-भूतयोनित्व-सर्व्वज्ञत्वादि,-कल्याण-गुणगणयोगः परस्य ब्रह्मणः प्रतिपादितः ।

सत्यं ज्ञान मनन्तं ब्रह्म'-तैत्ति०-२-१-१ । इति अत्रापि सामानाधिकरण्यस्यानेक विशेषणविशिष्टैकार्थाभिधान-व्युत्पत्त्या न निर्विशेष वस्तु सिद्धिः । प्रवृत्ति निमित्तभेदे नैकार्थ वृत्तित्वं सामानाधिकरण्यम् । तत्र सत्यज्ञानादि पद मुख्यार्थैः गुणैस्तत्तद्गुणविरोध्याकार-प्रत्यनीकाकारैर्व्वा एकस्मिन्नेवार्थे पदानां प्रवृत्तौनिमित्तभेदोऽवश्याश्रयणीयः । इयांस्तु विशेषः एकस्मिन् पक्षे पदानां मुख्यार्थता, अपरस्मिंश्च तेषां लक्षणा । न चा ज्ञानादीनां प्रत्यनीकता वस्तु स्वरूपमेव, एकेनैव पदेन स्वरूपं प्रतिपन्नमिति पदान्तर-प्रयोग-वैयर्थ्यात् । तथासति, सामानाधिकरण्या सिद्धिश्च, एकस्मिन् वस्तुनि वर्त्तमानानां पदानां निमित्तभेदानाश्रयणात् । न चैकस्यैवार्थस्य विशेषण भेदेन विशिष्टताभेदादनेकर्थत्वं पदानां सामानाधिकरण्य विरोधि, एकस्यैव वस्तुनोऽनेक विशेषणविशिष्टता-प्रतिपादनपरत्वात् सामानाधिकरण्यस्य । भिन्न प्रवृत्तिनिमित्तानां शब्दानामेकस्मिन्नर्थे वृत्तिः सामानाधिकरण्य मिति हि शाब्दिकाः ॥ ७६ ॥

और जो, 'सदेव सोम्य इदम् अग्रे आसीत्' इत्यादि वाक्यों को मात्र निर्विशेष, ज्ञानैक रस-वस्तु बोधक करके निर्देश किया जा चुका, सो भी अयुक्ति के साथ है । कारण-प्रथमतः एक-विज्ञान से सर्व विज्ञान की प्रतिज्ञा करके, तत् प्रतिपादन के उद्देश्य से सत् पद वाच्य परब्रह्म के जगत्-उपादानता, निमित्त कारणता सर्वज्ञता, सर्वशक्तिमत्ता, सत्य संकल्पता, सर्वान्तर्यामिता सर्वाश्रयता और सर्व संयमन प्रभृति बहुविध कल्याणमय गुण तथा समस्त जगत् की ब्रह्मात्मकता प्रतिपादन करके, ('हे श्वेतकेतु) पूर्वोक्त प्रकार ब्रह्म और तुम एकअभिन्न', यह तत्वोपदेश श्वेत केतु को देने के लिये यह प्रकरण आरब्ध भया, 'वेदार्थ संग्रह' में यह विषय को विषद् रूप वर्णन किये गये, और इसमें भी 'आरम्भणाधिकरण' में उत्तम रूप से प्रतिपादन किया जायगा.

'अनन्तर पराविद्या कही जा रही है'-जिससे वह अक्षरब्रह्म लाभ की जाती है'।

यदुक्तम्, 'एकमेवाद्वितीयम्' इत्यत्र अद्वितीय' पदं गुणतोऽपि सद्वितीयतां न सहते; अतः सर्व्वशाखाप्रत्यय न्यायेन कारणवाक्यानामद्वितीय वस्तु प्रतिपादन

इस 'मुण्डक' श्रुति में भी परब्रह्म सम्बन्ध में प्रकृति सम्भूत हेय गुणों का निषेध के साथ नित्यत्व, विभूत्व, सूक्ष्मत्व, सर्वगतत्व, अव्ययत्व, सर्वभूत,कारणत्व तथा सर्वज्ञत्व प्रभृति शुभ गुणों का सम्बन्ध के प्रतिपादित भया है। 'सत्य, ज्ञान, अनन्त ब्रह्म', इन तैत्तिरीय श्रुतियों में भी ब्रह्म के साथ सत्यादि पदोंका सामानाधिकरण्य(अभेद में विशेषण विशेष्यभाव) रहने के कारण, ब्रह्म की निर्विशेषत्व सिद्धि नहीं होती है। क्योंकि, अनेक गुणयुक्त एक वस्तु प्रतिपादन करना ही सामानाधिकरण्य का नियम, (केवल एक वस्तु प्रतिपादन ही नहीं)। विभिन्नार्थपर प्रयोज्य शब्दों का जो एकार्थ परत्व,उसी की नाम'सामानाधिकरणता'। सुतरां, सत्य ज्ञानादि शब्दों का जो मुख्य अर्थ सो, चाहे सत्यत्वादि गुणरूप ही हो या, उन्हीं गुणों का विरोधी गुण के प्रतिरोधक रूप ही हो, कोई एक ही अर्थ समझाने में सो सब पदों का प्रयोग में भिन्न भिन्न निमित्त निश्चय स्वीकार करना पड़ेगा (नहीं तो विभिन्न पदों ने अपर एक अर्थ को अनुगामी कैसे होंगे ?) हाँ, विशेष इतना ही है कि, एक पक्ष में (सत्यत्वादि गुण में) पदों का मुख्यार्थ रक्षित होता है, और अपर पक्ष में लक्षणा का आश्रय लेना पड़ता है। यह भी कहा नहीं जा सकता है कि, सत्यज्ञानादि पदों में जो, अज्ञानादि की विरोधिता अर्थ जनाता है, सो भी वही ब्रह्म का स्वरूप-अतिरिक्त नहीं। तब तो, एक ही पद से, जब ब्रह्म स्वरूप प्रतीति सिद्ध हो सकता, तो फिर अपर पदों का प्रयोग व्यर्थ ही हो पड़ा। तब तो एक ही वस्तु प्रतिपादन में, भिन्न भिन्न पदों का पृथक पृथक निमित्त स्वीकार न करने से इन पदों का सामानाधिकरण्य सिद्ध नहीं हो सकता। (क्योंकि सामानाधिकरण्य में निमित्त भेद का आवश्यक है)। विशेषण के भेद से एक ही वस्तु का गुणगत थोड़ा बहुत भेद होता ही है। पद को ऐसा भेद या अनेकार्थत्व जो, सामानाधिकरण्य-विरोधी सो नहीं कह सकते। कारण,-एक ही वस्तु को अनेक विशेषण योग से तादृश वैशिष्ट्य या प्रभेद प्रतिपादन के उद्देश्य पर ही सामानाधिकरण्य का व्यवहार होता है। इन सब शब्दों की प्रवृत्ति या प्रयोग का निमित्त एक ही नहीं इन शब्दों का, जो, कोई एक ही अर्थ में प्रयोग शब्दवित् गण उसीको सामानाधिकरण्य' कहा करते हैं ॥ ७९ ॥

रणतयोपलक्षितस्य तस्याद्वितीयस्य ब्रह्मणोलक्षणमिद-
ह्म' इति। अतोहि लिलक्षयिषितं ब्रह्म निर्गुणमेव;
इत्यादिभिर्व्विरोधश्चेति। तदनुपपन्नम्, जगदुपादा-
ष्ठान्तर निवारणेन विचित्रशक्ति योग-प्रतिपादन-
विचित्रशक्ति योगमेवावगमयति -'तदैक्षत बहुस्यां,
जत' इत्यादि। अविशेषेण 'अद्वितीयम्', इत्युक्ते नि-
यते? इति चेत् सिसृक्षोर्ब्रह्मण उपादान कारणत्वं
व' इति प्रतिपादितम्। कार्य्योत्पत्तिस्वाभाव्येन बुद्धि-
। 'अद्वितीय'-पदेन निषिध्यत इत्यवगम्यते। सर्व्वं
धयिषिता नित्यत्वादयश्च निषिद्धाः स्युः। सर्व्वं
विपरीतफलः सर्व्वशाखासु कारणान्वयिनां सर्व्व-
र हेतुत्वात्। अतः कारण-वाक्यस्वभावादपि 'सत्यं
वशेषमेव प्रतिपाद्यत इति विज्ञायते॥ ८०॥

र भी जो कहा गया है-'एक मेवाद्वितीयम्',-श्रुतिस्थित
के कारण भी, ब्रह्म की सद्वितीयता या भेद को सहन
र गुण परस्पर अभिन्न ऐसा कहने से ही उस श्रुति की ताद
जिन श्रुतियों से ब्रह्म को जगत् कारण कहा गया है,
नुसार अद्वितीय ब्रह्म प्रतिपादन ही में उन सब श्रुतियों
कारण-रूप में उल्लिखित सोई अद्वितीय ब्रह्म को ऐसा
तथा अनन्त रूपी'। सतरां, इस प्रकार लक्षण-लक्षित
ण हो नहीं सकते, न चेत् 'निर्गुण और निरञ्जन'-इत्यादि
पूर्व श्रुतियों के विरोध उपस्थित होता है'। नहीं, यह बात
तीयत्व बोधक श्रुति का आशय यह है कि जगत्-उपादान
क है कि उनके काय में कोई दूसरा परिचालक या सहा-
'आप तेज सृष्टि किये है'-इत्यादि श्रुति भी ब्रह्म में वैसी

न च निर्गुण वाक्यविरोधः, प्राकृत-हेयगुण विषयत्वात् तेषां 'निर्गुणं,' 'निरञ्जनं' निष्कलं निष्क्रियं शान्तम्'इत्यादीनाम्। ज्ञान मात्र स्वरूप-वादिन्योऽपि श्रुतयो ब्रह्मणो ज्ञान स्वरूपतामभिदधति;न तावता निर्विशेष ज्ञान मात्रमेव तत्वम् ज्ञातुरेव ज्ञान स्वरूपत्वात्। ज्ञानस्वरूपस्यैव तस्य ज्ञानाश्रयत्वं मणि द्युमणिप्रदी-पादिवद् युक्त मेवेत्युक्तम्।

ज्ञातृत्वमेव हि सर्व्वाः-श्रुतयो वदन्ति-'यः सर्व्वज्ञःसर्व्ववित्' -मुण्ड-१-१-६

विचित्र शक्ति को सम्बन्ध प्रतिपादन कर रही है।

जिज्ञासा हो सकती-'साधारण भाव से 'अद्वितीय' कहने ही में निमित्तान्तर का निषेध अर्थात्-स्वकार्य साधन में दूसरी सहायता की अपेक्षा ब्रह्म की नहीं है, सो कैसे समझा जाय'' ? सो इसका उत्तर-'हे सोम्य यह जगत् उत्पत्ति का पूर्व में एक मात्र सत स्वरूप ही रहा'-यह श्रुति प्रथमतः जगत् सर्जनेच्छु ब्रह्म की उपादान कारणता प्रतिपादन-की है। वाद को, जब शका भई कि कार्य मात्र का जब, उपादान अतिरिक्त निमित्त कारण भी देखा जाता तब तो, इस, जगत् निर्माण कार्य में भी ब्रह्म भिन्न, कारणान्तर रह सकता है, 'अद्वि-तीय' पद से, लोक बुद्धिस्थ सोई शंका की निवृत्ति भली भाँति समझी जा रही है। 'अद्वि-तीय' पद से सर्व धर्म का प्रतिषेध स्वीकार में (आप के मत में भी) ब्रह्म के नित्यत्वादि जिन धर्मों का प्रतिपादन आवश्यक, फलतः वह भी सब श्रुति-सिद्ध हो सकता ? और, 'सर्व शाखा प्रत्यय' जो नियम सो भी आप ही के मत का विपरीत फल प्रदायक हो रहा है। कारण-अपरापर वेद शखाओं में जगत्-कारण के सम्बन्ध से सर्वज्ञत्व प्रभृति जो जो गुण नियमित सम्बद्ध करके अभिहित हुए हैं, उन मौकों पर, न कहे हुये होते भी 'सर्वशाखा प्रत्यय' नियम के ही बल पर जगत् -कारण में सो सब गुणों का उपसंहार या संग्रह करना चाहिये। अतएव कारण बोधक वाक्य का साधारण नियमानुसार भी (जिन वाक्यों में ब्रह्म-कारणत्व का निर्देश है, उनमें सर्वत्र ही सर्वज्ञत्व, सर्व्वशक्तित्व आदि ब्रह्म के गुणों का उल्लेख है, वैसा गुण निर्देश करना ही उन वाक्यों का स्वभाव, तदनुसार) जाना जाता है 'सत्यं ज्ञान मनन्तं ब्रह्म'-इस वाक्य में सगुण ब्रह्म ही प्रतिपादित भये हैं (निर्गुण निस्प्र-योजन) ॥ ८० ॥

'तदैक्षत', 'सेयं देवतैक्षत'-छान्दो ६ ३-२। 'स ऐक्षत लोकान् नु सृजा इति'-ऐत-१-१। 'नित्यो नित्यानां चेतनश्चेतनानामेको बहूनां यो विदधाति कामान-कठो-२-५-१३। 'ज्ञा ज्ञौ द्वावजावीशनीशौ,' श्वेताश्व-१-६।

'त्वमीश्वराणां परमं महेश्वरं, तंदेवतानां परमञ्च दैवतम्। पतिं पतीनां परमं परस्तात्, विदाम देवं भुवनेशमीड्यम्॥ श्वेता ३-७।

'न तस्य कार्य्यं करणं च विद्यते. न तत् समश्चाभ्यधिकश्चदृश्यते। परास्य शक्तिर्विविधैव श्रूयते, स्वाभाविकी ज्ञानबलक्रिया च'॥ श्वेता ६-८।

'एष आत्मा अपहतपाप्मा विजरो विमृत्युर्विशोको विजिघत्सोऽपिपासःसत्य-कामः सत्य संकल्पः' छान्दोः-८-१-५। इत्याद्याः श्रुतयो ज्ञातृत्वप्रमुखान् कल्याण गुणान् ज्ञानस्वरूपस्यैव ब्रह्मणः स्वाभाविकान् वदन्ति; समस्त हेयगुणविरहित ताञ्च॥ ८१॥

अपि च, (इस प्रकार व्याख्या से) ब्रह्म का निर्गुणत्व बोधक प्रकृत वाक्यों से भ कोई विरोध नहीं होता, कारण (आप , निर्गुण, निरञ्जन निष्कल निष्क्रिय तथा शान्त इत्यादि श्रुतियों से (उनका। आप को तुच्छ प्राकृत गुणों का ही निषेध होता है (न कि गुण मात्र का)। और, जो सब श्रुतियों में केवल ज्ञान स्वरूप का कथन है, सो श्रुतियाँ ब्रह्म को ज्ञानमय-स्वरूप मात्र ही का प्रकाशक है, उनके माने यह नहीं कि मात्र निर्विशेष ही ब्रह्मतत्त्व। क्योंकि, (सविशेष , ज्ञाता ही को ज्ञान-स्वरूप कहना चाहिये। और, मणि द्युमणि तथा दीपादि पदार्थों जैसे स्वयम् प्रकाशमय होके, प्रकाश गुण विशिष्ट भ। होता है, उसी तरह, आप भी स्वयं ज्ञानस्वरूप होते हुये भी, ज्ञानगुण का आश्रय अर्थात् ज्ञाता हो सकते हैं। युक्ति के साथ यह बात पहिले ही कहि गई है। श्रुतियाँ भी ज्ञातृत्व ही को प्रतिपादन कर रहे हैं, यथा—

'जो सर्वज्ञ और सर्ववित', 'आप आलोचना इच्छा किये रहे' 'सो यह देवता (प्रकाशमान ब्रह्म) आलोचना किये थे', 'लोक समूह सृष्टि करेंगे-ऐसी चिन्ता आप किये'। 'आप नित्यों में नित्य, चेतनों में चेतन और अनेकों में एक रूप रहके जीवों की कामनायें

निर्गुण वाक्यानां सगुण वाक्यानाञ्च विषयम् 'अपहत पाप्मेत्याद्यपिपास' इत्यन्तेन हेयगुणान् प्रतिसिध्य 'सत्यकामः, सत्य संकल्पः इति ब्रह्मणः कल्याण-गुणान् विदधतीयं श्रुतिरेव विविनक्तीति सगुण-निर्गुण वाक्ययोर्व्विरोधाभावा-दन्यतरस्य मिथ्याविषयताश्रयणमपि ना शंकनीयम्। 'भीषास्माद्वातः पवते'–तैत्ति-आनन्द–८-१। इत्यादि ब्रह्म गुणानारभ्य, 'ते ये शतम्' इत्यनुक्रमेण तैत्रज्ञानन्दा-तिशयमुक्त्वा 'यतो वाचोनिवर्तन्ते अप्राप्य मनसा सह आनन्दम्ब्रह्मणो विद्वान'–तैत्ति–आनन्द–९-१। इति ब्रह्मणः कल्याणगुणानन्त्य मत्यादरेण वदतीयं श्रुतिः।

'सोऽश्नुते सर्व्वान् कामान् सह ब्रह्मणा विपश्चिता'-तैत्तिः-आनन्द–१-२। इति ब्रह्मवेदनफल मवगमयद्वाक्यं परस्य विपश्चितो ब्रह्मणो गुणानन्त्यं ब्रवीति। विपश्चिता ब्रह्मणा सह सर्व्वान् कामान् अश्नुते,काम्यन्त इति कामाः कल्याण गुणाः ब्रह्मणा सह तद्गुणान् सर्व्वान् अश्नुत इत्यर्थः। दहरविद्यायाम् 'तस्मिन् यदन्त-स्तदन्वेष्टव्यम्-छान्दो–८–१–१। इतिवद् गुणप्राधान्यं वक्तुं सह–शब्दः। फलोपा-सनयोः प्रकारैक्यं, 'यथा क्रतुरस्मिन् लोके पुरुषो भवति, तथेतः प्रेत्य भवति'-छान्दो–३–१४–१। इति श्रुत्यैव सिद्धन्।

'यस्यामतं तस्य मतम्; अविज्ञातं विजानताम्'-केन-२।३। इति ब्रह्मणो ज्ञाना-विषयत्वमुक्तमिति चेत्; 'ब्रह्मविदाप्नोति परम्'–तैत्ति-आनन्द-१-१। 'ब्रह्म वेद ब्रह्मैव भवति'–मुण्डक–३–२–६। इति ज्ञानान्मोक्षोपदेशो न स्यात्।

सम्पादन करते रहते हैं'। 'उभय ही अज, एकज्ञ, अपर अज्ञ, एक ईश्वर, दूसरा अनीश्वर'। 'ईश्वर एक भी सर्वातिशयीमहेश्वर, देवतावों में परम देवतारूप, पतियों के भी पति, और परम का भी परम, सो भुवनेश्वर स्तवनीय देव आराधन योग्य'। 'वह (आप) देहेन्द्रिय वर्जित, जिनका सम, या अधिक कुछ भी नहीं दिखता, आपके अनेक प्रकार महाशक्ति और सहज ज्ञान बल तथा क्रिया सुनी जाती है'।

'यह आत्मा पाप विरहित, जरा, मृत्यु, शोक तथा क्षुत् पिपासा शून्य और आपकी कामना तथा चिन्ता दोनों सत्य'। इत्यादि श्रुतियों ने ज्ञान स्वरूप ब्रह्म ही के ज्ञातृत्वादिक स्वभाव सिद्ध कल्याणमय गुणों का सहज सम्बन्ध तथा हेय गुणों की हानि निर्देश कर रही है॥ ८१॥

'असन्नेव सभवति, असद् ब्रह्मे ति वेद चेत् ।
अस्ति ब्रह्मे ति चेद्वेद सन्तमेनं ततोविदुः ॥' तैत्ति-आनन्द ६-१ ।

इति ब्रह्म विषय-ज्ञानासद्भाव-सद्भावाभ्यामात्मनाशमात्मसत्ताञ्च वदति अतो ब्रह्म विषय-वेदनमेवापवर्गाय सर्व्वाः श्रुतयो विदधति । ज्ञानञ्चोपासनात्मकम् उपास्यञ्च ब्रह्म सगुणमित्युक्तम् । 'यतो वाचो निवर्त्तन्ते अप्राप्य मनसासह' इति ब्रह्मणोऽनन्तस्यापरिमितगुणस्य वाङ्मनसयोरेतावदिति परिच्छेदायोग्यत्व श्रवणेन ब्रह्म 'एतावत्' इति ब्रह्मपरिच्छेदज्ञानवतां ब्रह्माविज्ञातममतमित्युक्तम्, अपरिच्छिन्नत्वाद् ब्रह्मणः । अन्यथा 'यस्यामतं तस्यमतम् विज्ञातमविजानताम्' इति ब्रह्मणो मतत्व विज्ञातत्ववचनं तत्रैव विरुध्यते ॥ ८२ ॥

स्वयं श्रुति ही जब 'अपहत पाप्मा, से लेकर 'अपिपासा' पर्यन्त वाक्यों से ब्रह्म को हेय गुण राशि का प्रत्याख्यान करके 'सत्य काम, सत्यसंकल्प' वाक्य में पुनश्च सोई ब्रह्म को कल्याणमय गुण समूह का विधान कर रहे हैं, तब तो समझना चाहिये कि, स्वयं श्रुति हो सगुण और निर्गुण वोधक वाक्यों के विषय या अधिकार विभिन्न कर दे रहे हैं, अर्थात् निर्गुण वाक्यों से हेय गुणों का निषेध और सगुण वाक्यों से लोक हितकार उत्कृष्ट गुणों का निर्देश कर रहे हैं । अतएव सगुण और निर्गुण वाक्यों का प्रतिपाद्य विषय ही जब एक नहीं भिन्न भिन्न, तब तो, दोनों के बीच में कुछ भी विरोध नहीं आ सकती । और विरोध न रहने से, दोनोंमें से,कोई वाक्य का प्रतिपाद्य विषय में मिथ्यात्व-शंका भी नहीं की जा सकती, तैत्तिरीय उपनिषद में 'इन्हीं के भय से वायु प्रवाहित होता है'-इत्यादि वाक्यों से प्रथमतः ब्रह्म के गुणों का उल्लेख करके-'सोई जो शतगुण आनन्द' इत्यादि वाक्यों से वे ब्रह्म संज्ञक जीव के समधिक आनन्द की (बात) कह के, अवशेष 'वाक्य जिनको न पाकर मन के साथ फिरिआते'-अर्थात् जो मन वाणी के विषय नहीं है 'ब्रह्म के सोई आनन्दाभिज्ञ व्यक्ति (किसी से डरते नहीं',) इत्यादि वाक्य से स्वयं श्रुति ही यत्न के साथ ब्रह्म के अनन्त कल्याण गुणों की बात कह रहे हैं-'वह ब्रह्मज्ञ पुरुष विशेषज्ञ ब्रह्म के साथ समस्त काम्यफल को भोगते हैं', ब्रह्म ज्ञान का फल वोधक यह श्रुति वाक्य भी परब्रह्म के अनन्त गुण सम्बन्ध ही ज्ञापन कर रहे हैं । 'विपश्चित् ब्रह्म के साथ सर्वकाम को भोगते हैं'-अर्थात्'

यत्तु,'न दृष्टेर्द्रष्टारम्,-न मतेर्मन्तारम्'-बृहदा ५-४-२। इति श्रुतिर्दृष्टेर्मतेर्व्यतिरिक्तं द्रष्टारंमन्तारं च प्रतिषेधतीति;तदागन्तुक चैतन्यगुण योगितया ज्ञातुरज्ञानस्वरूपतां कुतर्कसिद्धांमत्वा, न तथात्मानं पश्येः न मन्वीथाः; अपितु द्रष्टारं मन्तारमप्यात्मानं दृष्टि सति रूपमेव पश्येरित्यभिदधातीति परिहृतम्। अथवा दृष्टे-

---

काम-जो कामना किये जाती-अभीष्ट, कल्याणमय गुण समूह, उपासक ब्रह्म के साथ तदीय उस प्रकार गुण समूह को भोग करते हैं। 'उनके भीतर जो विराज रहे हैं। तिनको ढूँढ़ते रहना। यह 'दहर विद्या'-प्रकरण में जैसे एक मात्र गुण ही का प्राधान्य कहा गया है, वैसे यहाँ पर भी गुणप्राधान्य-सूचना के लिये ही 'सह' शब्द का प्रयोग है। और, उपासना तथा उसका फल भी जो, एक ही है सो इसकी प्रमाण रूपा यह श्रुति-'पुरुष इहकाल में जैसे संकल्प या भावना। सम्पन्न होते हैं, प्रयाण के बाद में भी वैसे ही होते हैं'।

यदि कहिये-'जो जानते हैं कि ब्रह्म अमत अर्थात् चिन्ता के अविषय, सो कुछ जानते हैं, जिन्हों ने विशेष रूप जानते हैं, तिन्हों ने उनको अविज्ञात करके जानते हैं'-इस श्रुति में तो ब्रह्म को अज्ञेय ही कहा गया ? नहीं, ऐसा होने से, 'ब्रह्मवित् पुरुष परमात्मा को पाते हैं, ब्रह्मज्ञ ब्रह्म ही होते हैं'-इस श्रुति में जो ब्रह्म-ज्ञान जनित मोक्ष का उपदेश सो असंगत हो जायगा। पक्षान्तर पर, 'यदि कोई ब्रह्म को असत् रूप माने तो, सो स्वयं असत् हो जाता है, और सत् रूप जानने वाले को सत् करके ही जानना चाहिये-इस श्रुति में, ब्रह्म ज्ञान के अभाव में आत्म विनाश तथा ब्रह्म ज्ञान से आत्म सद्भाव कहा गया है। इसी कारण से श्रुतियों ने मात्र ज्ञान ही को मोक्ष-साधन कहे हैं। उक्त ब्रह्म ज्ञान भी, जो, उपासनात्मक और सगुण ब्रह्म ही, जो, उपास्य सो पहिले ही कहा गया है। 'यतो वाचो निवर्त्तन्ते'-इस श्रुति से जाना जाता है कि, वाक्य तथा मन अपरिमित गुण गण सम्पन्न अनन्त ब्रह्म को 'एतावत्'- इतना ही मात्र करके निरूपण नहीं कर सकता सुतरां जिन्हों ने ब्रह्म को गुण तथा परिमाण से परिच्छिन्न-(एतावत्) करके जानते हैं, तिनके लिये ही ब्रह्म को अविज्ञात कहा गया है। क्योंकि, ब्रह्म सहज ही अपरिच्छिन्न-सर्व्व प्रकार परिच्छेद रहित-अनन्त इस प्रकार व्याख्या न करने से-'वह जिसको अमत वस्तुतः उसी को विज्ञात'-इत्यादि श्रुतियों में जो, ब्रह्म को 'मत' तथा विज्ञात कहा गया है सो, उससे विरोध होगा ॥८२॥

जीवात्मानं प्रतिसिद्ध्य सर्व्वभूतान्तरात्मानम् परमात्मान
यार्थः,अन्यथा'विज्ञातारमरे केन विजानीयाद्'बृहदा-४-४-१४।
विरोधश्च।
ः'-तैत्ति-भृगु-६-१ । इत्यानन्द मात्रमेव ब्रह्म स्वरूपं प्रतीयते
ानाश्रयस्य ब्रह्मणो ज्ञानं स्वरूप मिति वदतीति परिहृतम्। ज्ञान-
इत्युच्यते। 'विज्ञानमानन्दं ब्रह्म'-बृहदा-५-६-२८। इत्यान-
ब्रह्मे त्यर्थः। अतएव भवतामेकरसता। अस्य ज्ञान स्वरूपस्यैव
ात समधिगतमित्युक्तम्। तद्वदेव 'स एको ब्रह्मण आनन्दः'-तैत्ति
ानन्दं ब्रह्मणो विद्वान्' तैत्ति-आनन्द-४-१। इत्यादि व्यतिरेक
मात्रं ब्रह्म; अपित्वानन्दि। ज्ञातृत्वमेव ह्यानन्दित्वम्।
द्वैत मिवभवति' बृहदा-४-४-१४ । 'नेहनानास्ति किञ्चन्
नोति, य इह नानेवपश्यति'-बृहदा-६-४-१६ यत्र तस्य सर्व्वमा-
नकं पश्येत्'-बृहदा-४-५-१४। इति भेदनिषेधो बहुधादृश्यत
जगतो ब्रह्मकार्य्यतया तदन्तर्य्यामिकतया च तदात्मकत्वेनैक्यात्,
त्वं प्रतिसिध्यते। न पुनः 'बहुस्यां प्रजायेय इति बहु भवन
णो नानात्वं श्रुति सिद्धं प्रति सिध्यत इतिपरिहृतम् नानात्व-
थं विषयेति चेत्; न प्रत्यक्षादि सकल प्रमाणानवगतं नानात्वं
तिपाद्य तदेव बाध्यत इत्युपहास्यमिदम्॥ ८३॥

'दृष्टि-अनुभूति के साक्षी और मति के मन्ता-प्रकाशक को न जानने
- में अनुभूति तथा मनन के अतिरिक्त द्रष्टा और मन्ता के अस्तित्व
ो उसका अभिप्राय यह है कुतार्किक कहते हैं कि आत्मा के स्वतः
विशेष विशेष इन्द्रिय व्यापार से आत्मा में चैतन्य उत्पन्न होता है,
त्व व्यवहार होता है वस्तुतः आत्मा ज्ञाता होते हुये अचेतन है।
विश्वासवान होकर, आत्मा को अज्ञान रूपी मान कर, उसी भाव से
नहीं करना चाहिये, परन्तु, आत्मा स्वयं 'द्रष्टा' मन्ता' होते हुये

भी,'दृष्टि' 'मति' रूप अनुभव के योग्य। उस श्रुति से, यही अभिप्राय को समझना चाहिये सुतरां इसी तरह पूर्वोक्त विरोध का भी परिहार हो सकता। अथवा, 'दृष्टि का द्रष्टा तथा मति का मन्ता जीवात्मा को त्यागिकर सर्वभूतों का अन्तरात्मा परमात्मा की उपासना करते रहो',-ऐसा ही, न दृष्टेर्द्रष्टारं इस श्रुति का वाक्यार्थ जानना चाहिये', नहीं तो, 'विज्ञाता को फिर किस से जानोगे' ? इसमें जो, आत्मा को विज्ञाता कहा गया है सो विरुद्ध हो जायगा।

और, 'आनन्दो ब्रह्म' इस श्रुति अनुसार आनन्द ही ब्रह्म के मात्र स्वरूप सो प्रतीति हो रही है-यह जो आपत्ति आई थी, सो भी, 'ब्रह्म स्वयं ज्ञानाश्रय होते हुये भी, श्रुति उनको ज्ञान स्वरूप करके निर्देश किये हैं', इत्यादि वाक्यों से पहिले ही खंडित हो चुका। क्योंकि, एक ज्ञान ही अनुकूल भाव में आनन्द नाम से अभिहित होते हैं, वस्तुतः ज्ञान और आनन्द दो नहीं। 'विज्ञान आनन्द ब्रह्म', -अर्थ यह है कि आनन्द स्वरूप जो विज्ञान वही ब्रह्म। सो इसी हेतु, आप सब के (शंकर) 'एकरसता' शब्द संगत हो सकते। शतशः श्रुति से जाना जा सकता है कि ब्रह्म ज्ञानस्वरूप तथा ज्ञाता भी हैं। यह भी बात कही जा चुकी है। ऐसे ही 'वही ब्रह्म को एक आनन्द'। 'जा ह्म के आनन्द को जानता है' इत्यादिकों में, ब्रह्मानन्द का व्यतिरेक निर्देश से जाना जाता है कि ब्रह्म केवल आनन्द स्व-रूप ही नहीं, परन्तु आनन्दवान भी हैं। यह जो आनन्द और ज्ञातृत्व सो एक ही पदार्थ दो नहीं।

और, 'जब द्वैत ऐसा होता है'। 'जगत् में नाना करके कुछ भी नहीं है' 'जो नाना देखता है सो मृत्यु के बाद फिर मृत्यु को पाता है'। 'दृश्यमान सभी जब आत्म स्वरूप हो जाता है, तब, किससे किसको देखा जायगा'। इन श्रुतियों में जो, वारम्बार भेद प्रतिषेध देखा जाता है, सो उसका तात्पर्य यह है कि समस्त जगत् ही ब्रह्म से समुत्पन्न, तथा अन्तर्यामी रूप से ब्रह्म ही इसके अभ्यन्तर अवस्थित, सुतरां ब्रह्म और जगत् में जो एकता उस एकत्व बुद्धि के विरोधी भेद का प्रत्याख्यान मात्र ही उस श्रुतियाँ कर रहे हैं। किन्तु, 'हम ब्रह्म, वहु होंगे जन्मेंगे' इस श्रुति प्रतिपादित जो ब्रह्म के इच्छा कृत नाना-त्व, उसका प्रत्याख्यान नहीं। इसीसे ही वह पूर्वोक्त आपत्ति भी परिहृत या मीमांसित

दूषत_ 'यदाह्येवैष एतस्मिन्नुदरमन्तरं कुरुते, अथ तस्य भयम्भवति' तैत्त० आन० ७-२। इति ब्रह्मणि नानात्वं पश्यतो भयप्राप्तिरिति यदुक्तम्; तदसत्; 'सर्व्वं खल्विदं ब्रह्म तज्जलानिति शान्त उपासीत'-छान्दो-३-१४-१। इति तन्नानात्वानुसन्धानस्य शान्ति हेतुत्वोपदेशात्। तथाहि, सर्व्वस्य जगतस्तदुत्पत्ति-स्थितिलय कर्म्म तया तदात्मकत्वानुसन्धानेनात्र शान्ति विधीयते। अतो यथावस्थितदेव-तिर्य्यङ्_ मनुष्य-स्थावरादि भेद भिन्नं जगद् ब्रह्मात्मकमित्यनुसन्धानस्य शान्ति हेतुतया अभयप्राप्ति हेतुत्वेन न भय हेतुत्व प्रसंगः। एवं तर्हि, 'अथ तस्य भयं भवति' इति किमुच्यते? इदमुच्यते यद् ह्येवैष एतस्मिन्नदृश्यऽनात्म्येऽनिरुक्तेऽनिलयनेऽभयं प्रतिष्ठां विन्दते, अथ सोऽभयं गतोभवति'-तैत्ति, आन-७-२। इत्यभय प्राप्ति हेतुत्वेन ब्रह्मणि या प्रतिष्ठाभिहिता, तस्याविच्छेदे भयं भवतीति। यथोक्तं महर्षिभिः-

यन्मुहूर्तं क्षणम्वापि वासुदेवो न चिन्त्यते।
सा हानिस्तन्महच्छिद्रं सा भ्रान्तिःसा च विक्रिया॥ गरुड़ पु० २३४-१३

इत्यादि। ब्रह्मणिप्रतिष्ठाया अन्तरमवकाशो विच्छेद एव॥ यदुक्तम् 'न स्थानतोपि', ब्र० सू० ३-२-११। इति सर्व्व विशेष रहितं ब्रह्मेति च वक्ष्यतीति; तन्न, सविशेषं ब्रह्मेत्येवहि तत्र वक्ष्यति। मायामात्रं तु' ब्र०सू० ३-२-३। इति च स्वप्नानामप्यर्थानां जागरितावस्थानुभूतपदार्थ-वैधर्म्येण मायामात्रत्वमुच्यते इति जागरितावस्थानुभूतानामिव पारमार्थिकत्वमेव वक्ष्यति॥ ८४॥

भई। यदि कहा जाय कि, अपरापर श्रुतियों में जब ब्रह्म को नानात्व प्रतिसिद्ध हुवा है, तब 'बहु भवन्' श्रुति का अर्थ अपरमार्थ होना चाहिये? नहीं सो नहीं होगा, कारण यह है कि, एक ब्रह्म ही जो, बहुरूप धारन किये है, सो प्रत्यक्षादि कोई भी प्रमाण से नहीं जाना जाता है सुतरां अतीव दुर्बोध्य, श्रुति प्रथमतः उस दुर्ज्ञेय तत्व को उपदेश देकर अवशेष स्वयं ही उसको प्रतिषेध भी करें यह बड़ी उपहास की बात है॥ ८३॥

फिर, 'साधक जभी इस ब्रह्म में थोड़ा भी भेद को देखता है तभी उसको भय होता'। इस श्रुति में, ब्रह्म में भेद दर्शी को भय प्राप्ति की उल्लेख है। इसी निमित्त जो, भेद वाद

स्मृति पुराणयोरपि निर्विशेष ज्ञान मात्रमेव परमार्थोऽन्यदपारमार्थिकमिति प्रतीयत इति यदभिहितम् , तदसत्-

'योमामजमनादिञ्च वेत्ति लोक महेश्वरम्'। गीता-१०।३

'मत्स्थानि सर्व्वभूतानि न चाहं तेष्ववस्थितः ॥

को असत्य कहा गया सो भी ठीक नहीं भया, क्योंकि, यह सभी ब्रह्ममय', 'समस्त जगत् ही तद् जात, उनही पर स्थित तथा उनही में विलीन होता है' अतएव 'शान्त होके उपासना करना' । यहाँ पर भेद-बुद्धि को ही शान्ति का उपाय रूप उपदेश किया गया। अर्थात् समस्त जगत् ही ब्रह्म से उत्पन्न, उन्हीं में अवस्थित और उनही में विलीन होता है, ताते, समस्त जगत् को ब्रह्मात्मक मानि के शान्तचित्त रहना। यहाँ केवल शान्ति ही विहित है। अतएव यथायथ रूप प्रसिद्ध देवता, तिर्यक् तथा मनुष्यादि विविध भेद सम्वलित इस जगत् को ब्रह्म स्वरूप मानकर चिन्ता करने से शान्ति प्राप्ति होती है और भय की निवृत्ति होती है,भविष्यत में भी पुनःभयोत्पत्ति की सम्भावना नहीं रहती। भला,ऐसा ही जब सिद्धान्त है तब 'भेद दर्शन से भय होता है'- सो, कहा क्यों गया ? उत्तर-अभिप्राय यह है कि-'यह साधक जब अदृश्य, अनिर्वाच्य, स्वप्रतिष्ठ ब्रह्म में सर्वभय निवारक प्रतिष्ठा या निष्ठा लाभ करता है तब वह अभय प्राप्त होता है', इस श्रुति में जो, ब्रह्म निष्ठा ही भय शान्ति का उपाय रूप उपदिष्ट हुवा है, सोई ब्रह्म निष्ठा विनष्ट होने पर उसको भय होता है। जो, महाभारत में उक्त भया 'मुहूर्त या क्षण भर भी श्रीवासुदेव को चिन्तन न करना सोई हानि, सोई अनिष्ट प्राप्ति की रास्ता, सोई भ्रान्ति तथा सोई चित्तविकार रूप-इत्यादि । वास्तविक में, ब्रह्म पर दृढ़ प्रतिष्ठा के अन्तर याने अवकाश सो ब्रह्म विच्छेद या भेद बोध सिवा और कुछ भी नहीं ।

और भी जो, 'न स्थानतोपि' सूत्र में निर्विशेष ब्रह्म वर्णित होंगे-कहा गया, सो वहाँ पर भी सविशेष भाव ही कहा जायगा। और, 'माया मात्रं तू'-सूत्र में भी जो स्वप्नदृष्ट पदार्थों को केवल मायामय कहा गया, सो भी ठीक जाग्रत अवस्था में अनुभूत पदार्थों के साथ किञ्चित् वैलक्षण्य के कारण से ही 'माया मात्र' कहा गया। वस्तुतः स्वप्नदृष्ट पदार्थ भी, जाग्रत अवस्था में अनुभूत पदार्थ ही के माफिक सत्य, सोई वहाँ पर कहा जायगा॥८॥

न च मत्स्थानि भूतानि पश्य मे योगमैश्वरम् ।
भूतभृन्नच भूतस्थो ममात्मा भूतभावनः' ।। गीता ९-४।५
'अहं कृत्स्नस्य जगतः प्रभवः प्रलयस्तथा ॥
मत्तः परतरं नान्यत् किञ्चिदस्ति धनञ्जय ।
मयि सर्व्व मिदम्प्रोतं सूत्रे मणिगणा इव' ।। गीता ७।६-७ ।
'विष्टभ्याहमिदं कृत्स्नमेकांशेन स्थितो जगत्' ।। गीता १०।४२
'उत्तमः पुरुषस्त्वन्यः परमात्मेत्युदाहृतः ।
योलोकत्रयमाविश्य विभर्त्त्यव्यय ईश्वरः ।।
यस्मात् क्षरमतीतोऽहमक्षरादपि चोत्तमः ।
अतोस्मि लोके वेदे च प्रथितः पुरुषोत्तमः' ।। गीता १५।१७-१८
'स सर्व्वभूत प्रकृतिं विकारान्, गुणादि दोषांश्च मुने व्यतीतः ।
अतीतसर्व्वावरणोऽखिलात्मा, तेनास्तृतं यद् भुवनान्तराले ।।
समस्त कल्याण गुणात्मकोऽसौ,स्व शक्ति लेशाद् धृतभूत सर्गः ।
इच्छा-गृहीताभिमतोरूदेहः, संसाधिताशेष जगद्धितोऽसौ ।।
तेजोबलैश्वर्य्य महावबोध-सुवीर्य्य शक्त्यादि गुणैकराशिः ।
परः पराणां सकला न यत्र, क्लेशादयः सन्ति परावरेशे ।।
स ईश्वरो व्यष्टि समष्टि रूपोऽव्यक्तस्वरूपः प्रकटस्वरूपः ।
सर्व्वेश्वरः सर्व्वदृक् सर्व्ववेत्ता, समस्त शक्तिः परमेश्वराख्यः ।।
संज्ञायते येन तदस्तदोषं, शुद्धं परं निर्मलमेकरूपम् ।
संदृश्यते वाप्यधिगम्यतेवा, तज् ज्ञानमज्ञान मतोऽन्यदुक्तम् ।।
।।वि०पु०-६अं-५-अ: ८३-८७।।

'शुद्धे महाविभुत्याख्ये परेब्रह्मणि शब्यते ।
मैत्रेय ! भगवच्छब्दः सर्व्व कारण कारणे ।।
सम्भर्त्तेति तथाभर्त्ता भकारोऽर्थ द्वयान्वितः ।
नेता गमयिता स्रष्टा गकारार्थस्तथा मुने ।।
ऐश्वर्य्यस्य समग्रस्य वीर्य्यस्य यशसः श्रियः ।

ज्ञान वैराग्ययोश्चैव षण्णां भग इतीरणा ॥
वसन्ति तत्रभूतानि भूतात्मन्यखिलात्मनि ।
सच भूतेष्वशेषेषु वकारार्थस्ततोऽव्ययः' ॥ वि०-पु०-६-५।७२-७५
'ज्ञान-शक्ति-बलैश्वर्य्य वीर्य्य-तेजांस्य शेषतः ।
भगवच्छब्द-वाच्यानि विना हेयैर्गुणादिभिः' ॥
एवमेष महाशब्दो मैत्रेय ! भगवानिति ।
परम ब्रह्म भूतस्य वासुदेवस्य नान्यगः ॥
तत्र पूज्य पदार्थोक्ति-परिभाषासमन्वितः ।
शब्दोऽयं नोपचारेण ह्यन्यत्र ह्युपचारतः' ॥ वि० पु० ६-५।७६-७७
'समस्ताः शक्तयश्चैता नृप ! यत्र प्रतिष्ठिताः ॥
तद्विश्वरूप-वैरूप्यं रूपमन्यद् हरेर्महत् ॥
समस्त शक्तिरूपाणि तत् करोति जनेश्वर ॥
देव-तिर्य्यङ्-मनुष्याख्या-चेष्टावन्ति स्वलीलया ।
जगतामुपकाराय न साकर्म्मनिमित्तजा ॥
चेष्टातस्याप्रमेयस्य व्यापिन्यव्याहतात्मिका' । वि० पु० ६-७।६९-७२ ।
'एवम्प्रकारममलं नित्यं व्यापकमक्षयम् ।
समस्त हेय रहितं विष्णवाख्यं परमम्पदम्' ॥ वि० पु० १-२२-५१ ।
'परः पराणां परमः परमात्मात्मसंहितः ।
रूप वर्णादि निर्देश-विशेषण विवर्जितः ॥
अपक्षय विनाशाभ्यां परिणामर्द्धि-जन्मभिः ।
वर्जितः, शक्यते वक्तुं यः सदास्तीति केवलम् ।
सर्व्वत्रासौ समस्तञ्च वसत्यत्रेति वै यतः ।
ततः स वासुदेवेति विद्वद्भिः परिपठ्यते ॥
तद्ब्रह्म परमं नित्यमजमक्षर मव्ययम् ।
एकस्वरूपञ्च सदा हेया भावाच्च निर्म्मलम् ॥
तदेवसर्व्वमेवैतद् व्यक्ताव्यक्तस्वरूपवत् ।

तथा पुरुष रूपेण कालरूपेण च स्थितम्' ॥ वि० पु० १-२।१०-१४
'प्रकृतिर्य्यामयाख्याता व्यक्ता व्यक्त स्वरूपिणी।
पुरुषश्चाप्युभावेतौ लीयतेपरमात्मनि ॥
परमात्माच सर्व्वेषामाधारः परमेश्वरः।
विष्णु नामा सवेदेषु वेदान्तेषुच गीयते' ॥ वि० पु० ४-६।३८-३९
द्वे रूपे ब्रह्मणस्तस्य मूर्त्तञ्चामूर्त्तमेवच।
क्षराक्षर स्वरूपेते सर्व्वभूतेषु च स्थिते ॥
अक्षरं तत् परं ब्रह्म, क्षरं सर्व्वमिदं जगत्।
एकदेश स्थितस्याग्ने र्ज्योत्स्ना विस्तारिणीयथा ॥
परस्यब्रह्मणः शक्ति स्तथेदमखिलं जगत्' ॥ वि० पु० १-२२।५३।५५
विष्णु शक्तिः परा प्रोक्ता क्षेत्रज्ञाख्या तथापरा।
अविद्या कर्म्म संज्ञान्या तृतीया शक्तिरिष्यते ॥
यया क्षेत्रज्ञ शक्तिः सा वेष्टिता नृप सर्व्वगा।
संसार तापानखिला नवाप्नोत्यतिसन्ततान् ॥
तया तिरोहितत्वाच्च शक्तिः क्षेत्रज्ञसंज्ञिता।
सर्व्वभूतेषुभूपाल तारतम्येन वर्त्तते ॥ वि० पु० ६-७।६१-६३
'प्रधानञ्च पुमांश्चैव सर्व्वभूतात्मभूतया।
विष्णु शक्त्या महाबुद्धे वृतौ संश्रयधर्म्मिणौ ॥
तयोः सैव पृथग्भाव-कारणं संश्रयस्यच।
यथा सक्तो जले वातो बिभर्त्ति कणिकाशतम् ॥
शक्तिः सापि तथा विष्णोः प्रधान पुरुषात्मनः' ॥ वि० पु० २-७।२९-३१
'तदेतदक्षयं नित्यं जगन्मुनि वराखिलम्।
आविर्भाव-तिरोभाव-जन्म नाश विकल्पवत् ॥ वि० पु० १।२२।५८।

इत्यादिना परं ब्रह्म स्वभावतएव निरस्तनिखिल दोषगन्धं समस्त कल्याण गुणात्मकं जगदुत्पत्ति स्थिति-संहारान्तः प्रवेश-नियमनादिलीलं प्रतिपाद्य कृत्स्नस्य चिदचिद्वस्तुनः सर्व्वावस्थावस्थितस्य पारमार्थिकस्यैव परस्य ब्रह्मणः शरीर-

तया रूपत्वम्, शरीररूप-तन्वंश-शक्ति-विभूत्यादिशब्दैस्तत्तच्छब्द सामानाधिकरण्येन चाभिधाय तद्विभूति भूतस्य चिद्वस्तुनः स्वरूपेणावस्थितिमचिन्मिश्रतया चेत्रज्ञरूपेण स्थितिं चोक्त्वा क्षेत्रज्ञावस्थायां पुण्य पापात्मक कर्म्म रूपाविद्यावेष्टितत्वेन स्वाभाविक-ज्ञानरूपत्वाननुसन्धानम् अचिद्रूपार्थाकार तयानुसन्धानञ्च प्रतिपादितमिति परंब्रह्म सविशेषम्; तद्विभूतिभूतं जगदपि पारमार्थिकमेवेति ज्ञायते ॥ ८५ ॥

और यह जो कहे हैं कि श्रुतिस्मृति में केवल निर्विशेष ज्ञान मात्र ही परमार्थ रूप कहा गया है बाकी सभी असत्य है, सो यह भी भूल ही है-क्योंकि श्री गीता जी कह रही है। 'जो हमको जन्म रहित, अनादि तथा सर्व जगत् का परमेश्वर रूप जानते हैं'। 'समस्त भूत हमारा ही आश्रित है किन्तु, हम उनके आश्रित नहीं। हमारा आत्मा समस्तभूतों को धारण वो पोषण कर रहे हैं किन्तु, हम कोई भूतस्थ नहीं रहते हैं'। 'मैं ही जैसे समस्त जगत् की उत्पत्ति कारण, तैसे प्रलय के भी कारण मैं ही हूं। हे धनञ्जय मेरे से श्रेष्टतर और कुछ भी नहीं हैं'। सूत्रस्थ मणिवत्, यह जगत् मेरे में ग्रथित है। एकांश से मैं ही इस जगत् में व्याप्त हूँ, (उक्त क्षर और अक्षर से पृथक) श्रेष्ठ पुरुष परमात्मा नाम से कथित होते हैं, जो अव्यय, ईश्वर तथा त्रिलोक में प्रविष्ठ रह कर पालन करते हैं'। 'जो कि, हम, क्षर-भूतों के अतीत और अक्षर-कूटस्थ अपेक्षा उत्तम, सोई, हम लोक तथा वेद में पुरुषोत्तम करके प्रसिद्ध'। श्रीविष्णुपुराण में-'हे मुने, वह, सर्वभूत-प्रकृति-अव्यक्त तथा अव्यक्त-विकार (जगत्) तथा समस्त गुण दोष का अतीत, वह कोई आवरण से आवृत नहीं, और सर्व जगत् के आत्मा स्वरूप, वही भुवनस्थ समस्त वस्तु को आवृत कर रक्खा है, वह, समस्त शुभ गुणों से परिपूर्ण, स्वीय शक्ति अंश से इन भूत वर्ग का सृष्टि विधान कर रहा है। वही स्वेच्छा से सुमहत् देह धारण करते हैं और जगत् में अशेष प्रकार कल्याण साधन करते हैं। मानस तेजः, शारीर बल, अणिमादि ऐश्वर्य्य, समुन्नत ज्ञान, वीर्य तथा शक्ति प्रभृति गुणों का वही मात्र आश्रय, और पर,-(ब्रह्मादि) से भी पर। सो उन सर्वेश्वर में क्लेशादि कोई भी दोष नहीं है। वही ईश्वर व्यष्टि और समष्टि रूप में तथा व्यक्त के अव्यक्त रूप में अवस्थित, सर्वेश्वर, सर्वदर्शी, सर्वज्ञ, सर्वशक्ति और 'परमेश्वर'

नाम से अभिहित होते हैं। जिनके प्रभाव से लोग ज्ञान लाभ करते हैं; वह स्वाभाविक ही निर्दोष, विशुद्ध, महत्, निर्मल वो एक रूप। वह दृष्ट होते हैं, और प्रतीति गम्य होते हैं; एवम्विध ज्ञान ही यथार्थ ज्ञान, बाकी समस्त ही अज्ञान करके अभिहित भया'।

'हे मैत्रेय, सर्व-कारण-कारण, शुद्ध महा विभूति शब्दोक्त परब्रह्म में 'भगवत्' शब्द प्रयुक्त होता है। हे मुने, 'भ' कार का दो अर्थ सम्भर्ता (शासन कर्ता) तथा भर्ता (धारण कर्ता) 'ग' कार का अर्थ नेता वो प्रापक, सम्पूर्ण ऐश्वर्य, वीर्य, यश,श्री, ज्ञान और वैराग्य इन छवों का नाम 'भग'। वह, सब भूतों की आत्मा तथा सर्वात्मा उन ही में समस्त भूत अवस्थान करता है। 'व' कार का अर्थ अव्यय। अतएव, हेयगुण वर्जित सम्पूर्ण ज्ञान, शक्ति बल, ऐश्वर्य वीर्य तथा तेज इनही सब भगवत् शब्द का अर्थ। हे मैत्रेय, उक्त प्रकार अति उत्तम भगवान शब्द सो परब्रह्म वासुदेव सिवाय और किसी को नहीं समझाता है। पूज्यार्थ बोधन में परिभाषित यह भगवत् शब्द उनही में मुख्यतः प्रयुक्त हैं। किन्तु अन्यत्र गौड़ रूप से प्रयुक्त। हे नृप, पूर्वोक्त शक्ति समूह जिन में प्रतिष्ठित, वही, हरि का जगद्विलक्षण-अप्राकृत महत् रूप। हे जन नाथ, यही स्वीय लीला प्रभाव से समस्त शक्ति को, देव, तिर्यक तथा मनुष्य रूप में निर्माण के लिय कोशिस करते हैं। जगत को उपकार के लिये वह अप्रमेय भगवान की जो चेष्टा, कोई भी कर्म उसमें निमित्त नहीं हो सकते सो अयत्न सम्भूत, व्यापक और अव्याहत विष्णु नामक जो परम पद सो इस प्रकार निर्मल, नित्य, व्यापी, अक्षय और सर्वप्रकार हेय गुण वर्जित। उत्तम जो ब्रह्मादिक उनसे भी अति उत्तम स्वप्रतिष्ठ, रूप वर्णादि विशेष गुण वर्जित परमात्मा, क्षय, नाश, परिणाम, वृद्धि और जन्म रहित। वह मात्र 'अस्ति' शब्द से अभिहित होने योग्य। जो कि, वह सर्वत्र है और समस्त वस्तु भी उनमें है, तभी,पण्डितों ने उनको वासुदेव कहे हैं। वही परब्रह्म स्वरूप,नित्य जन्महीन अक्षर अव्यय,सर्वदा एकाकार और हेय गुण न रहने के कारण से निर्मल। वही स्थूल सूक्ष्म स्वरूप और पुरुष तथा काल रूप में वही अवस्थित हैं।

'हम जो, व्यक्त तथा अव्यक्त रूप प्रकृति और पुरुष की बात कहे हैं सो, वह दोनों ही परमात्मा में विलय प्राप्त होता है। परमात्मा ही सर्वाधार और परमेश्वर, और वही वेद वेदान्त में विष्णु' नाम करके वर्णित होते हैं'।'वह ब्रह्म को रूप द्विविध,-मूर्त तथा अमूर्त।

उसी रूप दोनों यथाक्रम से क्षर और अक्षर संज्ञा से अभिहित, और सर्वभूतों में अवस्थित हैं। उनमें से, वह परब्रह्म 'अक्षर' और समस्त जगत् 'क्षर' रूप कहे गये। एक स्थान स्थित अग्नि की ज्योत्स्ना जैसा विस्तार शील, परब्रह्म की शक्ति भी तैसी ही समस्त जगदाकार रूप से विस्तृत हो रही है'। 'विष्णु शक्ति ही पराशक्ति और क्षेत्रज्ञ जीव अपराशक्ति और कर्म प्रवर्तिका अविद्या उनकी तृतीया शक्ति करके कही गई। हे राजन्, क्षेत्रज्ञ शक्ति स्वभावतः सर्वगामिनी होके भी, जो, अविद्यामय कर्म वश से वेष्टिता अर्थात् परिच्छिन्न भाव प्राप्त होके चिर निरन्तर संसार सन्ताप को भोग करती है, हे भूपाल, क्षेत्रज्ञ शक्ति वही अविद्या के वश आवृत होकर, ज्ञान के तारतम्य अनुसार सर्वभूतों में अवस्थान करती है'। 'हे महामते, प्रधान (प्रकृति) और पुरुष दोनों ही सर्वभूतों की आत्मा स्वरूप विष्णु शक्ति से समावृत होते हैं। वही विष्णु शक्ति का प्रभाव से दोनों, संसार में प्रविष्ट होकर परस्पर पार्थक्यलाभ करता है और उसीके आश्रित रहता है वायु जैसे जल सम्पर्क से शतशः जल कणा वहन करता है अर्थात् कणारूप में जल को पृथक पृथक कर देता है, उसी प्रकार, वह विष्णु शक्ति भी प्रधान पुरुष और उन दोनों का आश्रयीभूत प्रधान-पुरुषात्म विष्णु को पृथक भाव समुत्पादन करती हैं'। हे मुनिवर, यह समस्त जगत् क्षय रहित-नित्य, केवल आविर्भाव तथा तिरोभाव रूप-जन्म और नाश युक्त इत्यादि वाक्यों से प्रथम ही प्रतिपादित भया है कि परब्रह्म सहज ही नित्य निर्दोष, सर्व प्रकार कल्याणमय गुण सम्पन्न, और लीला क्रम से जगत् को उत्पत्ति, स्थिति, संहार और अभ्यन्तर में प्रवेश पूर्वक सर्वभूतों को संयमन करते हैं। उसके बाद, कोई भी अवस्था में चित् जड़ात्मक समस्त वस्तु ही सत्य और परब्रह्म का शरीर, यह यो शब्द शरीर, रूप, तनु, अंश तथा विभूति शब्द में और 'तदेव सर्व्वं में वैतत्'-यह 'तत्' के सामानधिकरण्य-अभेद विशेषण-विशेष्य भाव से उत्तम रूप कहा जा चुका। अनन्तर, ब्रह्म विभूति चित् स्वरूप में अवस्थित होती है, और, जड़ सम्पर्क से क्षेत्रज्ञ रूप में रहती हैं; अनन्तर क्षेत्रज्ञ अवस्था पर पुण्य पापमय कर्म रूप जो अविद्या-तिसकी अधिष्ठाता होके रहती हैं, तब, स्वभाव सिद्ध स्वीय ज्ञान स्वरूप को भूल जाती है, और अपने को अचित्-जड़ रूप मान लेती है। इसीसे जाना जाता है कि परब्रह्म सविशेष और तदीय विभूति विशेष जड़ जगत् भी पारमार्थिक-मिथ्या नहीं ॥ ८५ ॥

'प्रत्यस्तमित भेदम्' इत्यत्र देव-मनुष्यादि प्रकृति-परिणाम विशेष संसृष्टस्याप्यात्मानः स्वरूपं तद्गतभेद रहितत्वेन तद्भेद वाचिदेवादि शब्दागोचरं ज्ञान सत्तैक लक्षणं स्वसम्वेद्यं योगयुङ्मनसो न गोचर इत्युच्यत इति; अनेन न प्रपञ्चापलापः। कथमिदमवगम्यते इति चेत्? तदुच्यते,-अस्मिन् प्रकरणे संसारैकभेषजतया योगमभिधाय योगावयवान् प्रत्याहारपर्य्यन्तांश्चाभिधाय धारणा सिद्ध्यर्थं शुभाश्रयं वक्तुं परस्य ब्रह्मणो विष्णोः शक्ति शब्दाभिधेयं रूपद्वयं मूर्त्तामूर्त्त विभागेन प्रतिपाद्य, तृतीय शक्तिरूप-कर्म्माख्याविद्यावेष्टितमचिद्विशिष्टं क्षेत्रज्ञं मूर्त्ताख्य विभागं भावनात्रयान्वयादशुभमित्युक्त्वा, द्वितीयस्य कर्म्माख्याविद्याविरहिणोऽचिद्वियुक्तस्य ज्ञानैकाकारस्यामूर्त्ताख्य विभागस्य निष्पन्नयोगिध्येयतया योगयुङ्मनसोऽनालम्बनतया स्वतः शुद्धिविरहाच्च शुभाश्रयत्वं प्रतिषिध्य परशक्तिरूप मिदममूर्त्तमपरशक्तिरूपं क्षेत्रज्ञाख्यं मूर्त्तञ्च, परशक्तिरूपस्यात्मनः क्षेत्रज्ञतापत्तिहेतुभूत-तृतीय शक्त्याख्यकर्म्मरूपाविद्या चेत्येतच्छक्तित्रयाश्रयं भगवदसाधारणम् 'आदित्यवर्णम्' इत्यादि वेदान्तसिद्धं मूर्त्तं स्वरूपं शुभाश्रय इत्युक्तम्।

अत्र परिशुद्धात्मस्वरूपस्य शुभाश्रयतानर्हतां वक्तुं 'प्रत्यस्तमितभेदंयद्' इत्याद्युच्यते। तथाहि-

'नतद्योगयुजाशक्यं नृप चिन्तयितुंयतः।
द्वितीयं विष्णु संज्ञस्य योगिध्येयं परम्पदम्॥
समस्ताः शक्तयश्चैता नृपयत्र प्रतिष्ठिताः।
तद्विश्वरूप वैरूप्यं रूपमन्यद् हरेर्म्महत्॥ वि० पु०-६-७-५५।६९-७०

इति च वदति। तथा चतुर्म्मुख सनकादीनां जगदन्तर वर्त्तिनामविद्यावेष्टितत्वेन शुभाश्रयानर्हतामुक्त्वा, वद्धानामेव पश्चाद्योगेनोद्भूत वोधानां स्वस्वरूपमापन्नानाञ्च स्वतःशुद्धि विरहात् भगवताशौनकेन शुभाश्रयतानिषिद्धा।

'आब्रह्मस्तम्ब पर्य्यन्ता जगदन्तर्व्यवस्थिताः।
प्राणिनः कर्म्म जनित-संसार वशवर्त्तिनः॥
यत स्ततो न ते ध्याने मुनिनामुपकारकाः।
अविद्यान्तर्गताः सर्व्वे तेहि संसारगोचराः॥

पश्चादुद्भूतबोधाश्च ध्यानेनैवोपकारकाः ।
नैसर्गिको न वै बोध स्तेषामप्यन्यतो यतः ॥
तस्मात् तदमलम्ब्रह्म निसर्गादेव बोधवत्'॥भवि०पु०वि०ध० १०४ अ० २३-२६
इत्यादिना परस्य ब्रह्मणोविष्णोः स्वरूपं स्वासाधारणमेव शुभाश्रय इत्युक्तम् । अतोऽत्र न भेदापलापः प्रतीयते ॥ ८६ ॥

पूर्वोक्त 'प्रत्यस्तमित भेदम्' (जिनमें किसी प्रकार का भेद नहीं है) वाक्य से भी समझना चाहिये कि, आत्मा यद्यपि प्रकृति परिणाम देवता मनुष्यादि साथ सम्बद्ध हैं-सत्य ही है, तथापि उनका जो स्वरूप सो, सकल भेदसम्बन्ध रहित, सुतरां, भेद-बोधक देवतादि शब्दों करके अवाच्य । वह केवल ज्ञान और सत्तास्वरूप आत्म वेद्य (वही उनको जानते हैं) और योगि-बुद्धिका भी अगम्य 'प्रत्यस्तमित' वाक्य का यही अभिप्राय, सुतरां, इस बात ही से जगत्-प्रपञ्च का अपलाप कैसे प्रतिपन्न होगा ? यदि कहा जाय यह भाव किससे जाना गया ? सो कहा जाता है । इस प्रकरण में प्रथमतः योगानुष्ठान को संसार व्याधि की मात्र औषधी कहके और, प्रत्याहार तक जो सब योगावयव हैं सो सबका उल्लेख करके 'धारणा सिद्धि की' उत्तम आश्रय निर्देश के लिये, परब्रह्म विष्णु को शक्ति स्वरूप मूर्त तथा अमूर्त दोनों रूप के उल्लेख किये हैं । बाद को, परब्रह्म की तृतीय शक्ति-कर्मात्मक अविद्या संयुक्त जो क्षेत्रज्ञ नामक मूर्त भाग तिसमें (ध्यान, धारणा, समाधि) त्रिविध भावना से अशुभ कह करके-'कर्ममय-अविद्या' रहित तथा जड़ वियुक्त, शुद्ध ज्ञानैक रूप जो द्वितीय शक्ति-अमूर्त विभाग सो भी केवल योग-सिद्ध पुरुष का ध्येय, सुतरां योगयुक् या प्राथमिक योगी का चित्त उसको ग्रहण नहीं कर सकता । तत् कारण तादृश योगी के लिये वह भी शुभ नहीं है । इस प्रकार कहके परिशेष आत्मा की पराशक्ति रूप जो अमूर्त भाग, अपरा शक्ति रूप जो मूर्त-क्षेत्रज्ञ भाग और परमात्मा ही की क्षेत्रज्ञत्व प्राप्ति के हेतुभूत जो तृतीय शक्ति कर्मात्मक अविद्या-यह तीन प्रकार शक्ति के आश्रय तथा 'आदित्य वर्ण' इत्यादि वेदान्त वाक्य-प्रतिपादित जो भगवान के मूर्तात्मक (साकार) रूप उसीको पूर्वोक्त 'धारणा' का उत्तम आश्रय या विषय करके निरूपण किये हैं ।

आत्मा के निर्विशेष विशुद्ध जो स्वरूप, सो, धारणा के लिये उत्तम आश्रय नहीं है,

ज्ञान स्वरूपम्' इत्यत्रापि ज्ञान व्यतिरिक्तार्थजातस्य कृत्स्नस्य न मिथ्यात्वं प्रतिपाद्यते, ज्ञान स्वरूपास्यात्मनो देवमनुष्याद्यर्थाकारेणावभासो भ्रान्ति रित्येतावन्मात्र वचनात् । नहि शुक्तिकाया मिथ्यारजततयावभासो भ्रान्तिरित्युक्ते जगति कृत्स्नं रजत जातं मिथ्याभवति । जगद् ब्रह्मणोः सामानाधिकरण्येनैक्य प्रतीतेर्ब्रह्मणो ज्ञानस्वरूपस्यार्थाकारता भ्रान्तिरित्युक्ते सति, अर्थजातस्य कृत्स्नस्य मिथ्यात्वमुक्तं स्यादिति चेत्; तदसत्, अस्मिन् शास्त्रे परस्य ब्रह्मणो विष्णोर्निरस्ताज्ञानादि निखिलदोष गन्धस्य समस्त कल्याणगुणात्मकस्य महा विभूतेः प्रतिपन्नतया तस्य भ्रान्तिदर्शनासम्भवात् ।

सोई 'प्रत्यस्तमित भेदं यत्'–अर्थात् जिसमें किसी प्रकार भेद नहीं' इत्यादि वाक्यों से कहा गया । श्रीविष्णु पुराण में देखिये-'हे नृप, विष्णु का द्वितीय पद अर्थात्, जो अमूर्त रूप योगयुक् (प्राथमिक) जो योगी चिन्ता नहीं कर सकते क्योंकि वह पर पद, मात्र सिद्धि प्राप्त योगियों को ध्यान के विषय । श्रीविष्णु को विश्वरूप के सिवाय, और भी एक विचित्ररूप है, जिसमें पूर्वोक्त समस्त शक्ति अवस्थित' । और भी 'लोकान्तर अवस्थित चतुर्मुख तथा सनक प्रभृति महापुरुष गण भी अविद्या–सम्पन्न, सुतरां, वह सब भी ध्यान के उत्तम विषय नहीं हैं, और जो लोग प्रथमतः संसारावद्ध रह के पश्चात् योग बल से तत्वज्ञान लाभ करके स्वीय परम रूप को प्राप्त भये हैं उनको शुद्धि भी स्वाभाविक नहीं-योग लब्ध, इसीसे उनको भी ध्यान का अशुभ आश्रय जान कर त्याग किये है । ब्रह्मा से लेकर,तृण पर्यन्त जो जो प्राणी संसार में वास कर रहे हैं सो सब ने कर्म फल से संसार के बश में हैं-सांसारिक, अविद्या समाच्छन्न, ताते, आराधित होते हुये भी वह सब, ध्याता का अभिप्रेत उपकार नहीं कर सकते । और, जिन्हों ने प्रथमतः संसारावद्ध रह कर, अवशेष ध्यान योग से ज्ञान लाभ किये हैं वह भी ध्यानकारी के उपकार में असमर्थ, ताते, उनकी भी बोधशक्ति स्वतः सिद्ध नहीं है अपर आराधना लब्ध । अतएव, स्वभाव सिद्ध ज्ञान सम्पन्न बिमल ब्रह्म ही मात्र ध्येय है' । इत्यादि वाक्यों से महर्षि शौनक जीभी, अपर-ब्रह्म विष्णु को रूप, उपासकों के अशुभाश्रय-अनुपादेय करके निर्देश किये हैं । सुतरां, उक्त वाक्य से भेद का अपलाप या अस्वीकार नहीं किया जा सकता ।। ८६ ॥

सामानाधिकरण्येनैक्य प्रतिपादनञ्च बाधासहमविरुद्धं च इत्येतदनन्तर-मेवोपपादयिष्यते। अतोऽयमपिश्लोकोनार्थस्वरूपस्य बाधकः। तथाहि,-'यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते; येन जातानि जीवन्ति; यत् प्रयन्त्यभिसंविशन्ति; तद्विजिज्ञासस्व, तद्ब्रह्म' तैत्ति-उ०, भृगु० १। इति जगज्जन्मादि कारणम् ब्रह्मेत्यवसिते सति-

'इतिहास पुराणाभ्याम्वेदंसमुपबृंहयेत्।

बिभेत्यल्पश्रुताद्वेदोमामयंप्रह्नरिष्यति' ॥ महाभारत आदिपर्व-१।२७३।

इति शास्त्रेणास्यार्थस्येतिहास-पुराणाभ्यामुपबृंहणं कार्य्यमितिज्ञायते। उपबृंहणं नाम विदित सकल वेद तदर्थानां स्वयोगमहिम-साक्षात् कृतवेदतत्वार्थानां वाक्यैः स्वावगतवेदवाक्यार्थव्यक्तीकरणम्। सकलशाखानुगतस्य वाक्यार्थस्याल्प भाग श्रवणाद् दुरवगमत्वेन तेन विना निश्चयायोगादुपबृंहणं हि कार्य्य मेव। तत्र पुलस्त्य वशिष्ठ वरप्रदान लब्ध परदेवता पारमार्थिक-ज्ञानवतो भगवतः पराशरात् स्वावगतवेदार्थोपबृंहणमिच्छन् मैत्रेयः परिपप्रच्छ-

'सोऽहमिच्छामि धर्म्मज्ञ श्रोतुं त्वत्तोयथाजगत्।

बभूव भूयश्च यथा महाभागभविष्यति ॥

यन्मयञ्च जगद् ब्रह्मन् यतश्चैतच्चराचरम्।

लीन मासीद्यथा यत्र लयमेष्यति यत्र च॥ वि० पु० १।१।४ ५।

इत्यादिना। अत्र ब्रह्म स्वरूप विशेष तद्विभूति भेद-प्रकार-तदाराधनस्वरूप-फलविशेषाश्च पृष्टाः। ब्रह्म स्वरूप विशेष प्रश्नेषु यतश्चैतच्चराचरम्' इति निमित्तोपादानयोः पृष्टत्वात्, यन्मयमित्यनेन सृष्टि-स्थिति लय कर्म भूतं जगत् किमात्मकमिति पृष्टम्। तस्य चोत्तरम्-'जगच्च सः' इति॥

इदञ्च तादात्म्यमन्तर्य्यामिरूपेणात्मतया व्याप्तिकृतं, नतु व्याप्य-व्यापकयोर्वस्त्वैक्यकृतम्। 'यन्मयम्' इति प्रश्नस्योत्तरत्वात् 'जगच्च सः' इति सामान्याधिकरण्यस्य। 'यन्मयम्' इति मयट् न विकारार्थः, पृथक् प्रश्न-वैयर्थ्यात्। नापि प्राणमयादिवत् स्वार्थिकः, 'जगच्च सः इत्युत्तरानुपपत्तेः। तदा हि विष्णुरेवेत्यु-

त्तरमभविष्यत् । अतःप्राचुर्य्यार्थ एव 'तत् प्रकृत वचने मयट्' अष्टा-५-४-२१ । इति मयट् । कृत्स्नस्य जगत् तच्छरीर तया तत् प्रचुरमेव, तस्माद् यन्मयमित्यस्य प्रति वचनं 'जगच्च सः' इति सामानाधिकरण्यं जगद् ब्रह्मणोः शरीरात्मभावनिबन्धन मिति निश्चीयते । अन्यथा निर्व्विशेष वस्तु प्रतिपादनपरे शास्त्रेऽभ्युपगम्यमाने सर्व्वाण्येतानि प्रश्न प्रतिवचनानि न संगच्छन्ते । तद्विवरणरूपं कृत्स्नञ्च शास्त्रं न संगच्छते । तथाहि सति, प्रपञ्चभ्रमस्य किमधिष्ठानमित्येवं रूपस्यैकस्य प्रश्नस्य निर्व्विशेष ज्ञान मात्र मित्येवं रूपमेवोत्तरं स्यात् । जगद् ब्रह्मणोरेकद्रव्यत्वपरे च सामानाधिकरण्ये सत्य संकल्पत्वादि कल्याण गुणैकतानतानिखिल हेय प्रत्यनीकता च बाध्येत सर्व्वाशुभास्पदञ्च ब्रह्म भवेत् । आत्म शरीर भाव एवेदं सामानाधिकरण्यं मुख्यवृत्तमिति स्थाप्यते ॥ ८७ ॥

और, उनको ज्ञान स्वरूप कहने से, जो, ज्ञानातिरिक्त समस्त वस्तुवों का मिथ्यात्व सिद्ध होगा सो भी नहीं । क्योंकि वहाँ भी इतना ही कहा गया है कि, ज्ञानमय आत्मा ही को, जो, देवता मनुष्यादि मानना, सो केवल भ्रान्ति मात्र, किन्तु ज्ञानातिरिक्त वस्तुवों का मिथ्यात्व नहीं कहा गया । शुक्तिका में जो रजत प्रतीति होती है, सो भ्रान्ति कल्पित या मिथ्या किन्तु, उसीसे जगत् में समस्त रजत ही मिथ्या नहीं हो जाती । यदि कहिये-'श्रुति में जगत् और ब्रह्म का सामानाधिकरण्य या विशेषण विशेष्य भाव रहने के कारण उभय में अभेद प्रीति होने हुये भी वस्तुतः ज्ञान स्वरूप ब्रह्म को जो जड़ जगताकार प्रतीति सो भ्रम मात्र, इनही बातों से ही समस्त जगत् का मिथ्यात्व सिद्ध होगा' सो यह भी असंगत है। कारण-इस शास्त्र में भी, अज्ञानादि सर्व दोष शून्य, सर्वप्रकार कल्याणमय गुण सम्पन्न, महा शक्ति परब्रह्म-विष्णु की सर्वातिशायिनी विभूत निःसशय रूप प्रतीति हो रही है, तौ फिर भ्रम ज्ञान की सम्भावना कैसी ? अर्थात्-यह जगत् भी जब भगवत् शक्ति ही का विकाश मात्र, तब फिर मिथ्या वा भ्रम किस हेतु से कहा जायगा ?

और, पूर्व उदाहृत श्रुति में जो सामानाधिकरण्य-विशेषण-विशेष्य भाव अभेदोक्ति सो भी युक्ति के साथ नहीं, और हमारे मत के विरुद्ध भी नहीं । एतदनन्तर युक्ति के साथ इसको उपपादन किया जायगा । अतएव, पूर्वोक्त युक्ति अनुसार समझना चाहिये कि ब्रह्म को ज्ञानस्वरूपत्व बोधक जो श्लोक सो जगत् के बाधक नहीं है । देखिये-'जिससे समस्त

भूत उत्पन्न होता है, उत्पन्न होके जिससे जीवित रहता है और मृत्यु के समय भी जिसमें प्रविष्ट होता है, उसको जानने की इच्छा किया जाय-वही ब्रह्म है'। इस श्रुति से यह निर्णीत हो रहा है कि ब्रह्म ही जगत् की उत्पत्ति आदि के मात्र कारण फिर इसके बाद 'इतिहास पुराणों से वेदार्थ को परिपुष्ट अर्थात् संशय शून्य करना। अल्पज्ञ लोक हम को उल्लंघन करेगा, ऐसा जान के वेद उससे भयभीत होता है। इस शास्त्रानुसार जाना जाता है। कि इतिहास पुराणों की सहायता से वेदार्थ को उपबृंहित या संशय शून्य करना आव-श्यक है। 'उपबृंहन'-जिन्होंने समस्त वेद तथा वेदार्थ को जाने है और योग बल से वेद के तत्वार्थ को प्रत्यक्ष किये हैं तिनके वाक्यों से अपना अवगत वेदार्थ को अभिव्यक्त निःसंदिग्ध स्पष्टार्थ कर लेना'। वेद का एकांश मात्र अध्ययन करके, अनेकानेक वेद शाखा के साथ सम्बद्ध वेद वाक्यों का अर्थ निर्णय करना असम्भव है, इसी हेतु से, पूर्वोक्त विधि अनुसार वेदार्थ को उपबृंहन अवश्य कर्तव्य है।

देखा जाता है कि, महर्षि पुलस्य तथा वशिष्ठजी के अनुग्रह प्रदत्तवर प्रभाव से प्रकृत परमात्म तत्वज्ञ भगवान पराशर के निकट, निज अधीत वेदार्थ को उपबृंहण-विशदीकरण के लिये महात्मा मैत्रेय निम्नोध्दृत वाक्यों से प्रश्न किये रहे-'हे महाभाग, धर्मज्ञ, इस जगत् की उत्पत्ति जिस प्रकार से भई, बाद को भी जैसे रहेगा, हे ब्रह्मन् चराचरात्मक यह समस्त जगत् यत् स्वरूप, जिससे समुद्भूत, जिस में विलीन रहा और बाद में भी जिसमें विलय प्राप्त होगा सो सब मैं आप से सुना चाहता हूं'-इत्यादि। इसी प्रकरण में ब्रह्म का नाना प्रकार की विभूति, आराधना प्रणाली तथा उसकी फल भेद जिज्ञासित हुवा है। ब्रह्म का स्वरूप विषयक प्रश्न में 'जिससे यह चराचर उत्पन्न भया' इसी में निमित्त कारण तथा उपादान कारण के बारे में जिज्ञासा किया गया और 'यन्मय' वाक्य से सृष्टि, स्थिति तथा लय का कर्मभूत इस जगत् का स्वरूप पूँछा गया, अब 'जगच्चसः' अर्थात् 'वही जगत् स्व-रूप' कह के उसी प्रश्न का उत्तर दिया गया।

यह जो जगत् का तदात्मक भाव (ब्रह्मरूपता) सो भी, व्याप्य जगत् तथा व्याप की भूत ब्रह्म को एकत्व निबन्धन नहीं, परन्तु ब्रह्म अन्तर्यामीरूप से इस जगत् में ओत-प्रोत भाव से अवस्थित है, इसी कारण से वैसा अभिहित भया। क्योंकि, 'जगत् च सः'

अत:-'विष्णो: सकाशादुद्भूतं जगत् तत्रैवसंस्थितम् ।
स्थिति संयम कर्त्तासौ जगतोऽस्य जगच्च स:' ॥ वि० पु० १-१।३१

इति संग्रहेणोक्तमर्थं 'पर: पराणाम्' इत्यारभ्य विस्तरेण वक्तुं परब्रह्मभूतम्भगवन्तं विष्णुं स्वेनैव रूपेणावस्थितम्; 'अविकाराय' इति श्लोकेन प्रथमं प्रणम्य, तमेव हिरण्य गर्भ स्वावतार शंकररूपत्रिमूर्त्तिप्रधान काल क्षेत्रज्ञ समष्टि रूपेणावस्थितञ्च नमस्करोति । तत्र 'ज्ञानस्वरूपम्' इत्ययंश्लोक: क्षेत्रज्ञ व्यष्ट्यात्मनावस्थितस्य परमात्मन: स्वभावमाह । तस्मान्नात्र निर्विशेष वस्तु प्रतीति: ।

इस अभेदोक्ति, 'यन्मय' प्रश्न का ही उत्तर दिया गया । 'यन्मय' में जो मयट् प्रत्यय है उसका अर्थ 'विकार' नहीं, अगर, होता तो फिर पृथक् प्रश्न नहीं होता और 'प्राणमय'-आदि में जो 'स्वार्थे मयट्' प्रत्यय होता है सो वैसा भी नहीं । क्यं कि, वैसा होने से 'जगत च स:'-'वह और जगत् एकही वस्तु' ऐसा उत्तर भी संगत नहीं होता बलकि स्वार्थ में मयट् होने से उत्तर देते समय 'जगत् विष्णु ही का स्वरूप' ऐसा कहना उचित रहा । अतएव, 'तत् प्रकृत वचने मयट्'-सूत्र से मयट् का अर्थ प्राचुर्य ही मानना चाहिये । वास्तविक में समस्त जगत जब उनही का स्वरूप, तब तो, उनका प्रचुरतर सम्बन्ध इसके साथ निश्चय मानना पड़ेगा । इसीसे, 'यन्मय' प्रश्न का जवाब में 'जगत् च स:' कह के अभेद विशेषण विशेष्य भाव प्रयुक्त भया है । जगत् ब्रह्म का शरीर-शरीरि भाव निबन्धन सो निश्चित किया गया । पक्षान्तर में, समस्त शास्त्र को निर्विशेष बोधक स्वीकार करने पर, पूर्वोक्त प्रश्न-प्रति वचन सब अत्यन्त असगत हो पड़ेगा, और उस प्रकार प्रश्न प्रतिवचनात्मक विषय की व्याख्या-स्वरूप शास्त्रीय अपरांश की भी संगति नहीं रह जायगी । यदि निर्विशेष वस्तु बोधन (में) ही शास्त्र का तात्पर्य होता, तो एक प्रश्न होता-'इस जगत् भ्रम का आश्रय क्या है', और उत्तर में भी, मात्र निर्विशेष ज्ञान का आश्रय रूप कहा जाता । विशेषत:, सामानधिकरण्य या विशेषण विशेष्य भाव से जगत् तथा ब्रह्म का एक द्रव्यत्व प्रतिपादित होने से ब्रह्म को जो सत्य संकल्पत्व आदि कल्याण मय गुण सम्बन्ध और सब प्रकार हेय गुण राहित्य उक्त भया सो सब की बाधा और सब प्रकार अशुभ गुणों का ही सम्बन्ध कल्पित हो सकता । और, शरीरात्म भाव ही जो उस सामानाधिकरण्य का मुख्य तात्पर्य सो भी बाद को उपपादन किया जायगा ॥ ८७ ॥

यदि निर्व्विशेष ज्ञान रूप ब्रह्माधिष्ठान-भ्रम प्रतिपादनपरंशास्त्रम् तर्हि-
'निर्गुणस्याप्रमेयस्य शुद्धस्याप्यमलात्मनः।
कथं सर्गादिकर्त्तृत्वं ब्रह्मणोभ्युपगम्यते' ॥ वि० पु० १-३-१।
इति चोद्यम्, 'शक्तयः सर्व्व भावानामचिन्त्य-ज्ञान गोचराः।
यतोऽतो ब्रह्मणस्तास्तु सर्गाद्या भाव शक्तयः॥
भवन्ति तपतां श्रेष्ठ पावकस्य यथोष्णता॥ वि० पु०-२३-२१-३-२
इति परिहारश्च न घटते। तथाहि सति निर्गुणस्य ब्रह्मणः कथं सर्गादि कर्त्तृत्वम्? ब्रह्मणो न पारमार्थिकः सर्गः; अपि तु भ्रान्तिकल्पितः इति चोद्य-परिहारौ स्याताम्। उत्पत्त्यादि कर्य्यं सत्वादिगुणयुक्ता परिपूर्ण कर्म्म वश्येषु दृश्येषु दृष्टमिति सत्वादिगुण रहितस्य परिपूर्णस्याकर्म्मवश्यस्य. कर्म्म सम्बन्धानर्हस्य कथं सर्गादेः कर्त्तृत्वमभ्युप गम्यत इति चोद्यम्। दृष्टसकल विसजातीयस्य ब्रह्मणो यथोदितस्वभावस्यैव जलादिविसजातीयस्याग्न्यादे रौष्ण्यादिशक्ति योगवत् सर्व्वशक्तियोगो न विरुध्यत इति परिहारः॥ ८८॥

अतएव यह जगत् विष्णु से समुत्पन्न तथा उनहीं में अवस्थित। वही इस जगत् का स्थिति और संहार कर्ता, और यह जगत् भी तत् स्वरूप'। इस श्लोक में संक्षेप से जो अर्थ को कहा गया, सोई 'परः-पराणाम्' प्रभृति श्लोकों में विशदरूप से कहने के लिये स्वरूपावस्थित परब्रह्म स्वरूप भगवान् विष्णु को 'अविकाराय' श्लोक में प्रथमतः प्रणाम करके पुनश्च ब्रह्मा विष्णु हिरण्य गर्भ रूप मूर्ति त्रय तथा प्रधान (प्रकृति) काल और क्षेत्रज्ञ स्वरूप व्यष्टि समष्टि भाव में अवस्थित वही भगवान ही को नमस्कार कर रहे हैं। फिर 'ज्ञान स्वरूपम्' श्लोक में, व्यष्टि जीव रूप परमात्मा का स्वभाव या स्वरूप को ही कहा गया है। अतएव, यहाँ निर्विशेष वस्तु की प्रतीति नहीं होती है। और, अगर निर्विशेष ब्रह्म में जगत् भ्रान्ति प्रतिपादन करना ही शास्त्र का अभिप्राय हो तब, निर्गुण, निरवच्छिन्न (असीम,) विशुद्ध तथा विमल स्वभाव ब्रह्म को ही सृष्टि संहारादि कार्य की कर्त्ता स्वीकार कैसे किया जायगा? ऐसी आपत्ति, तथा 'हे तापस श्रेष्ठ, जो कि, जागतिक वस्तुओं की शक्ति अचिन्त्य बुद्धि के अगोचर अतएव अग्नि की उष्णता जैसे स्वाभाव सिद्ध, तैसे ही ब्रह्म को यह सृष्टि

'परमार्थस्त्वमेवैकः' इत्याद्यपि न कृत्स्नस्यापारमार्थ्यं वदति; अपितु कृत्स्नस्य तदात्मकतया तद्व्यतिरेकेणावस्थितस्यापारमार्थ्यम्। तदेवोपपादयति,-'तवैष महिमा येन व्याप्तमेतच्चराचरम्' ॥ वि० पु० १-४-३८।

येन त्वयेदं चराचरम्व्याप्तम्; अतस्त्वदात्मकमेवेदं सर्व्वमिति त्वदन्यः कोऽपि नास्ति। अतः सर्व्वात्मतया त्वमेवैकः परमार्थः। अत इदमुच्यते-तवैष महिमा,-या सर्व्वव्याप्तिरिति; अन्यथा तवैषा भ्रान्तिरितिवक्तव्यम्। 'जगतः पते-त्वम्' इत्यादीनां पदानां लक्षणा च स्यात्; लीलया महीमुद्धरतो भगवतो महावराहस्य स्तुतिप्रकरणविरोधश्च।

यतः कृत्स्नं जगत् ज्ञानात्मना त्वया आत्मतया व्याप्तत्वेन तवमूर्त्तम्, तस्मात् त्वदात्मकत्वानुभवसाधन-योगविरहिण एतत् केवलदेव-मनुष्यादिरूपमिति भ्रान्तिज्ञानेन पश्यन्तीत्याह,-'यदेतद् दृश्यते' इति।

न केवलं वस्तुतस्त्वदात्मकं जगत् देवमनुष्याद्यात्मकमिति दर्शनमेवभ्रमः; ज्ञानाकाराणामात्मनां देव मनुष्याद्यर्थाकारत्वदर्शनमपि भ्रम इत्याह- ज्ञान स्वरूपमखिलम्' इति।

ये पुनर्ब्बुद्धिमन्तो ज्ञानस्वरूपात्मविदः सर्व्वस्यभगवदात्मकत्वानुभव साधन

संहारादि कार्य भी स्वभाव सिद्ध वस्तु-शक्ति समझना चाहिये'। इस प्रकार परिहार का मीमांसा दोनों बन सकता है। वस्तुतः शास्त्र का वैसा ही तात्पर्य होने पर, निर्गुण ब्रह्म सृष्टि को क्योंकर करते हैं? इस प्रकार प्रश्न होना चाहिये था। और 'ब्रह्म के सृष्टि सत्य नहीं परन्तु भ्रम कल्पित'-उत्तर भी इस तरह होता। अभिप्राय-जिनहीं ने सत्व, रज, तम गुण सम्पन्न-अपूर्ण स्वभाव तथा कर्म वश्य, उत्पादनादि क्रिया को करते हैं तिनहीं को देखा जाता है। ब्रह्म तो, निर्गुण, परिपूर्ण स्वभाव, कर्माधीनता शून्य, तो फिर उनही को सृष्टि कर्ता रूप कैसे माना जा सकता है? ऐसा प्रश्न और उसका उत्तर में-जलादि पदार्थ का विजातीय अग्नि आदि में जैसे स्वभाव सिद्ध उत्तप्तता गुण दृष्ट होता है तैसे ही सर्व्व जगत् विलक्षण तादृश निर्गुण स्वभाव सम्पन्न ब्रह्म में भी सर्व सक्ति सम्बन्ध विरुद्ध नहीं होगा। इस प्रकार से परिहार करना ही सगत रहा ॥ ८८ ॥

योग योग्य परिशुद्ध मनसश्च, ते देवमनुष्यादि प्रकृतिपरिणाम विशेष-शरीर रूपमखिलं जगच्छरीरातिरिक्त ज्ञान स्वरूपात्मकं त्वच्छरीरञ्च पश्यन्तीत्याह ।- 'येतुज्ञानविदः' इति । अन्यथा श्लोकानां पौनरुक्त्यं, पदानां लक्षणा अर्थविरोधः प्रकरण विरोधः, शास्त्र तात्पर्य्य विरोधश्च । 'तस्यात्म परदेहेषु सतोऽप्येकमयम्' इत्यत्र सर्व्वेष्वात्मसु ज्ञानैकाकारतया समानेषु सत्सु देव मनुष्यादिप्रकृति परिणाम विशेषरूप-पिण्ड संसर्गकृतमात्मसु देवाद्याकारेण द्वैतदर्शनमतथ्यमित्युच्यते, पिण्ड गत मात्मगतमपिद्वैतं न प्रतिषिध्यते । देवमनुष्यादि-विविधविचित्रपिण्डेषु वर्त्तमानं सर्व्वमात्मवस्तु सममित्यर्थः । यथोक्तं भगवता-

'शुनिचैव श्वपाके च पण्डिताः समदर्शिनः' ।

'निर्दोषं हि समं ब्रह्म'-इत्यादिषु गीता-५।१८-१९ ।

'तस्यात्मपरदेहेषु सतोऽपि' इति देहातिरिक्ते वस्तुनि स्वपरविभागस्योक्तत्वात् ।

'यद्यन्योऽस्ति परः कोऽपि' इत्यत्रापि नात्मैक्यं प्रतीयते । 'यदि मत्तः परः कोऽप्यऽन्यः' इत्येकस्मिन्नर्थे पर शब्दान्य शब्दयोः प्रयोगायोगात् । तत्र, पर-शब्दः स्वव्यतिरिक्तात्मवचनः, अन्य-शब्दः तस्यापि ज्ञानैकाकारत्वाद् अन्याकारत्वप्रतिषेधार्थः । एतदुक्तम्भवति,-यदिमद्व्यतिरिक्तः कोऽप्यात्मा मदाकारभूत-ज्ञानैकाकाराद न्याकारोऽस्ति, तदामेवमाकारः अयञ्चान्यादृशाकार इति शक्यते व्यपदेष्टुम् न चैव मस्ति, सर्व्वेषां ज्ञानैकाकारत्वेन समानत्वादेवेति ॥ ८९ ॥

और, 'परमार्थः स्वमेवैकः.'- 'आप ही एक मात्र परमार्थ,'-इत्यादि श्लोकों में जो, समस्त जगत् की असत्यता ही प्रतिपादित हो रही है सो नहीं, परन्तु समस्त जगत् ही तदात्मक, सुतरां उनको परित्याग से समस्त जगत् असत्य हो जायगा, इतना ही मात्र यह श्लोक प्रतिपादन कर रहा है ।

'आपकी महिमा से यह चराचर मय जगत् परिव्याप्त हो रहा है'-इस श्लोक में भी जगत् की ब्रह्मात्मकता ही प्रतिपादित-हो रही है, क्योंकि, आप ही इस चराचर मय जगत् में व्याप्त हैं, अतएव, यह समस्त ही तदात्मक,-आप ही के स्वरूप आप को छोड़कर कुछ भी नहीं है । अतएव, सर्वात्मक रूप में आप ही एक मात्र सत्य पदार्थ इसीसे कहा

गया है कि, हे भगवान्, आप ही की महिमा से आप समस्त जगत् में व्याप्त हो रहे हैं। न चेत्, महिमा के बदले में भ्रान्ति कहना ही उचित् रहा। और इस पद्य में 'जगतः पते-त्वम्' इन पदों की भी लक्षणा करनी पड़ेगी,-जब जगत् ही असत्य तब फिर उसका पति कैसा ? सुतरां, पति शब्द का 'पालक' अर्थ न करके अन्य अर्थ लेना चाहिये। विशेषतः, जगत् असत्य होने पर, लीला के साथ महा वराह रूप में जो जगत् उद्धारक का स्तोत्र है सो भी विरुद्ध हो जायेगा, क्योंकि, असत्य का उद्धार, सो कैसे ? और, 'यदेतत दृश्यते' श्लोक का भी अभिप्राय यह है कि-जो कि आप ज्ञानमय रूप से इस समस्त जगत् में परि-व्याप्त हैं, तभी यह समस्त जगत् आप ही के मूर्त-स्थूल रूप। शास्त्रोक्त योग ही, आपको इस भाव में जानने के लिये, मात्र उपाय स्वरूप। योग-साधन-शून्य जो लोक, इस देवता मनुष्यादि मय जगत को आप से पृथक देखता है सो उनके वह ज्ञान सत्य नहीं-भ्रम मात्र वास्तविक में, ब्रह्मात्मक जगत् को जो केवल देव मनुष्यादि आकार में देखना ही भ्रम है सो नहीं, परन्तु, ज्ञान मय देव-मनुष्यादि (विशिष्ट) जगत् को केवल जड़ पदार्थाकार देखना सो य भी भ्रम है। यही अभिप्राय ज्ञान स्वरूप मखिलम्' वाक्य से व्यक्त किया गया।

और जो लोग बुद्धि सम्पन्न, ज्ञानमय आत्म तत्वाभिज्ञ तथा जगत् को भगवद्भाव में दर्शन करने के उपयुक्त साधनीभूत-योगयुक्त और विशुद्ध चित्त, उन लोग प्रकृति-परिणाम देवता मनुष्यादि शरीर रूप समस्त जगद् को ज्ञान स्वरूप आपके शरीर रूप ही दर्शन करतेहैं।

'येतु ज्ञान विदाः'-श्लोक में भी वही भाव व्यक्त भया है। इसको न मानने से पूर्वोक्त श्लोकों का पुनरुक्ति दोष होगा। श्लोकस्थ पदों की लक्षणा करनी पड़ेगी। मुख्यार्थ का विरोध होगा और प्रकरण तथा तात्पर्य का भी विरोध होगा।

तस्यात्म परदेहेषु सतोऽप्येकमयम्'-'वह, स्वदेह तथा परदेह में विद्यमान रहते हुये भी एक रूप'-इसमें भी, यही भाव उक्त भया कि, ज्ञान रूप में समस्त आत्मा समान एक रूप हो कर भी प्रकृति-परिणाम-देव मनुष्यादि विशेष आकृति सम्बन्ध निबन्धन तत् समुदय को ब्रह्म से पृथक रूप देखना सो सत्य नहीं, इतना ही मात्र प्रतिपादन किया ग किन्तु देह पिण्ड और आत्मा, में जो भेद सो उसकाप्रतिषेध नहीं किया गया। तात्पर्य यह है कि आत्मा,देवता मनुष्य प्रभृति नाना वि ध विचित्रपिण्ड में रह करके भी समान-

'वेणुरन्ध्र विभेदेन' इत्यत्रापि आकार वैषम्यमात्मनां न स्वरूपकृतम् ; अपितु देवादि पिण्ड-प्रवेशकृत मित्युपदिश्यते नात्मैक्यम् । दृष्टान्तेचानेक रन्ध्रवर्त्तिनां वाय्वंशानां न स्वरूपैक्यम् ; अपितु आकारसाम्यमेव । तेषां वायुत्वेनैकाकाराणां रन्ध्रभेद निष्क्रमणाकृतो हि षड्जादि संज्ञाभेदः । एवमात्मनां देवादि संज्ञाभेदः । यथा तैजसाप्यपार्थिव द्रव्यांशभूतानां पदार्थानां तत्तद्रव्यत्वेनैक्यमेव;न स्वरूपैक्यम् । तथाचायवीयानामंशानामपि स्वरूप भेदोऽवर्ज्जनीयः ।

'सोऽहं सच त्वम्' इतिसर्व्वात्मनां पूर्व्वोक्त ज्ञानाकारत्वं तच्छब्देन परामृश्य तत् सामानाधिकरण्येन 'अहंत्वम्' इत्यादीनामर्थानां ज्ञानमेवाकार इत्युपसंहरन, देवाद्याकारभेदेनात्मसु भेदमोहं परित्यजेत्याह । अन्यथा देहातिरिक्तात्मोपदेश्य स्वरूपे, 'अहं त्वं सर्व्वमेतदात्मस्वरूपम्' इति भेद निर्देशो न घटते । अहं त्वमादि शब्दानामुपलक्ष्येण सर्व्वमेतदात्मस्वरूपमित्यनेन सामानाधिकरण्यादुपलक्षणत्वमपि न संगच्छते । सोऽपि यथोपदेशमकरोदित्याह– तत्याज भेदं परमार्थ दृष्टिः' इति ।कुतश्चैष निर्णय इति चेत्; देहात्म विवेक-विषयत्वादुपदेशस्य । तच– 'पिण्डः पृथग् यतः पुंसः शिरः पाण्यादि-लक्षणः' । वि० पु० २–१३–८९ ॥ ९० ॥

एक रस । श्री भगवान भी जो कहे हैं ।पण्डित लोग कुक्कुर और चण्डाल में भी सम दर्शी होते हैं', 'ब्रह्म निर्दोष और सर्वत्र समान' इत्यादि 'वह, स्वीय और परकीय देह में रहते हुये भी सरूपन'। इन वाक्यों में,देह भिन्न वस्तुओं में उनका विभाग कथित भया ।

और, 'यदि हमारे सिवाय और भी कोई हो'–इस में भी, आत्मा की एकत्व मात्र प्रतीति नहीं होती है । यदि वैसा होता तो 'यदि अन्य पर' इसमें ।'अन्य' और 'पर' का एकत्र प्रयोग नहीं होता । उनमें से, (पर) शब्द से स्व-भिन्न आत्मा को कहा गया, और 'अन्य' शब्द से स्व व्यतिरिक्त आत्मा की एक मात्र ज्ञान रूपता प्रतिपादन पूर्वक (जड़ रूपता) की निषेध किया गया । इसका भी अभिप्राय यह है कि यदि हमसे अतिरिक्त कोई आत्मा हमारा ज्ञान रूप से भी पृथक होता तो, हम एक प्रकार और वह अन्य प्रकार-इत्यादि रूप-विभाग हो सकता था । किन्तु, ज्ञान रूप में समस्त आत्मा ही जब एक, तब फिर पूर्वोक्त विभाग को कैसे माना जाय ? ॥ ८९ ॥

'विभेद जनकेऽज्ञाने' इति च नात्म स्वरूपैक्यपरम्; नापि जीवपरयोः। आत्म स्वरूपैक्यम् उक्तरीत्या निषिद्धम्। जीव-परयोरपि स्वरूपैक्यं देहात्मनोरिव न सम्भवति। तथा च श्रुतिः,-

'द्वा सुपर्णा सयुजा सखाया समानं वृक्षं परिषष्व जाते।
तयोरन्यः पिप्पलं स्वाद्वत्त्य नश्नन्नन्योऽभिचाकशीति ॥ मुण्डः ३-१-१
'ऋतं पिबन्तौ सुकृतस्य लोके गुहाम्प्रविष्टौ परमे परार्द्धे।
छायातपौ ब्रह्म विदो वदन्ति पञ्चाग्नयो ये च त्रिणाचिकेताः'॥कठ ३-१
'अन्तः प्रविष्टः शास्ता जनानां सर्व्वात्मा'इत्याद्या। यजुरारण्यके-३-२०

अस्मिन्नपिशास्त्रे-'ससर्व्व भूत प्रकृतिं विकारान् गुणादि दोषांश्च मुनेः व्यतीतः।
अतीत सर्व्वावरणोऽखिलात्मा तेनास्तृतं यद् भुवनान्तराले'॥
'समस्त कल्याणगुणात्मकोऽसौ'; परः पराणां सकलानयत्र।
क्लेशादयः सन्ति परावरेशे'-वि० पु० ६।५।८३ ८५।
'अविद्या कर्म्म संज्ञान्या तृतीया शक्तिरिष्यते॥
यया क्षेत्रज्ञ शक्तिः सा वेष्टिता नृप सर्व्वगा'॥ वि० पु० ६-७।६१-२।

इति भेद व्यपदेशात्। 'उभयेऽपिहि भेदे नैन मधीयते'। ब्र०सू० १-२-२१ 'भेदव्यपदेशाच्चान्यः'। ब्र० सू० १-१-२२। 'अधिकन्तु भेदनिर्देशात्'। ब्र० सू० २-१-२२। इत्यादि सूत्रेषुच। 'य आत्मनि तिष्ठन्नात्मनोऽन्तरो यमात्मा न वेद, यस्यात्मा शरीरम्, य आत्मानमन्तरो यमयति'-वृहदा-५ ७-२२। 'प्राज्ञेनात्मना संपरिष्वक्तः'। वृहदा-६-३-२१। 'प्राज्ञेनात्मनान्वारूढ़ः'। वृहदा-६-३। इत्यादिभिरुभयोरन्योन्य प्रत्यनीकाकारेण स्वरूप निर्णयात्॥ ६१॥

और, पूर्वोक्त 'अज्ञान सम्पूर्ण विनष्ट होने से' यह वाक्य भी आत्मा का स्वरूपत्व एकत्व प्रतिपादन नहीं कर रहा है, किम्बा जीव तथा ब्रह्म का अभेद ज्ञापन भी नहीं कर रहा है। परन्तु, उक्त वाक्य से, पूर्वोक्त श्रुति स्मृति प्रमाणानुसार आत्मा का स्वरूपतः एकत्व ही निषिद्ध हो रहा है। वस्तुतः, देह और आत्मा में जैसे एकत्व सम्भव पर नहीं है, तैसे ही जीव और परमात्मा के भी एकत्व असम्भव है। निम्नोद्धृत श्रुति भी यही कह रही है।

नापि साधनानुष्ठानेन निर्म्मुक्ताविद्यस्य परेण स्वरूपैक्य सम्भवः, अविद्याश्रयत्व योग्यस्य तदनर्हत्वा सम्भवात्। यथोक्तम् –

'परमात्मात्मनोर्योगः परमार्थ इतीष्यते।
मिथ्यातदन्य द्रव्यं हि नैति तद्द्रव्यतां यतः'॥ वि० पु० २-१४-२७।इति।

'दो पक्षी एक ही वृक्ष में रहते हैं, वे दोनों सहचर और सखा (समान) सो उभय में से एक परिपक्व पिप्पल को भोग करता है, और अपर सो भोग नहीं करता है–केवल दर्शन भर करता है, अर्थात् कर्म फल की साक्षी हैं'। 'ब्रह्मविद् तथा पञ्चाग्नि गण, और तीन वार जिन्होंने नाचिकेत अग्नि को चयन किये हैं, वह कहते हैं कि, इस लोक में पुण्य फल भोक्ता और छाया आलोक की न्याय (विरुद्ध स्वाभाव) दो वस्तु (जीव परमात्मा) बुद्धिरूप अत्युत्तम गुहा में प्रविष्ट होकर रह रहे हैं'। 'वह सर्वात्मक तथा सब के अन्तर में प्रविष्ट रह कर शासन करते हैं'। क्योंकि, इस विष्णु पुराण में भी 'वह (भगवान) सर्व भूतों का उपादान–प्रकृति और तद्विकार तथा सब प्रकार गुण दोष के अतीत, सर्व प्रकार ज्ञानावरण रहित और सर्वभूतों का आत्मा स्वरूप इस भुवन का समस्त वस्तु उनही करके परिव्याप्त हो रहा हैं'।'वह सब प्रकार मंगलमय गुणों से परिपूर्ण। श्रेष्ठ से भी श्रेष्ठतर। उन सर्वेश्वर भगवान में क्लेशादि दोष नहीं है'।'हे नृपते, उन भगवान को अविद्याकर्म नामक एक तृतीय शक्ति है जिससे सर्वगत क्षेत्रज्ञ शक्ति भी वेष्टिता हो रही है'। इत्यादि श्लोकों में परस्पर भेद का उल्लेख है। 'काण्वशाख तथा माध्यन्दिन शाखी दोनों अन्तर्यामी को जीव से पृथक रूप में पाठ करतीहै'। श्रुति में, जीव और अन्तर्यामी को भेदोल्लेख रहने से (समझना चाहिये) अन्तर्यामी परमात्मा जीव से पृथक'। 'श्रुति में, भेद निर्देश रहने से ब्रह्म पदार्थ जीव से अधिक या पृथक'। इत्यादि सूत्रों में 'जो आत्मा में वर्तमान तथा आत्मा से पृथक, आत्मा जिनको नहीं जानता है, पथच, आत्मा ही जिनको शरीर–अभिव्यक्ति का स्थान जिन्होंने अभ्यन्तर में रह कर आत्मा को संयमित करते हैं'। 'यह जीव–प्राज्ञ–परमात्मा के साथ मिल कर (वाह्य तथा अभ्यन्तरीण कोई विषय को नहीं जान सकता') 'जीव प्राज्ञ–परमात्माधिष्ठित (होके गमन करता है') इत्यादिक श्रुतियों से जीव तथा परमात्मा के परस्पर विलक्षण रूप निरूपित हुवा है॥ ६१॥

इति। मुक्तस्यतु तद्धर्म्मतापत्ति रेवेति भगवद्गीतासूक्तम्,-

'इदंज्ञानमुपाश्रित्य ममसाधर्म्यमागताः।
सर्गेऽपिनोपजायन्ते प्रलये न व्यथन्ति च' ॥ गीता-१४-२-इति।
इहापि-'आत्म भावं नयत्येनं तद्ब्रह्म ध्यायिनं मुने।
विकार्य्यमात्मनः शक्त्या लोहमाकर्षको यथा' ॥ वि० पु० ६-७-३० इति।

आत्मभावमात्मनः स्वभावम्। न ह्याकर्षक स्वरूपापत्तिराकृष्यमाणस्य। वक्ष्यति च, 'जगद्व्यापारवर्जं प्रकरणादसन्निहितत्वाच्च'। ब्र० सू० ४-४-१७। 'भोगमात्र साम्यलिंगाच्च'। ब्र० सू:४-४-२१-'मुक्तोपसृप्य व्यपदशाच्च' ब्र: सू:-१-३-२इति वृत्तिरपि जगद्व्यापार वर्ज समानो ज्योतिषा'इति। द्रमिड़भाष्यकारश्च 'देवता सायुज्यादशरीरस्यापि देवतावत् सर्व्वार्थसिद्धिः स्याद्' इत्याह।

श्रुतयश्च 'य इहात्मानमनुविद्य व्रजन्त्येतांश्च सत्यान् कामान् तेषां सर्व्वेषु लोकेषु कामचारो भवति'। छान्दो-८-१-६। 'ब्रह्मविदाप्नोति परम्'; 'सोऽश्नुते सर्व्वान् कामान सह ब्रह्मणा विपश्चिता'। तैत्ति-आनन्द-१-१-२। एतमानन्द-मयमात्मान मुपसंक्रम्य इमान् लोकान् कामान्नीकामरूप्यनुसञ्चरन्'। तैत्ति-भृगु-१०-५। 'स तत्र पर्य्येति'। छान्दो ८-१२-३। रसो वै सः। रसंह्येवायं लब्ध्वा-नन्दी भवति'। तैत्ति-आनन्द-७-१।

'यथा नद्यः स्यन्दमानाः समुद्रेऽस्तं गच्छन्ति नाम रूपे विहाय।
तथा विद्वान् नामरूपाद्विमुक्तः परात्परंपुरुषमुपैति दिव्यम्' ॥ मुण्ड ३-२-८।
'तदाविद्वान् पुण्यपापे विधूय निरञ्जनः परमं साम्य मुपैति ॥ मुण्ड-३-१-३।
इत्याद्याः ॥ ६२ ॥

और साधन विशेष अनुष्ठान से अविद्या नाश होने पर जीव को परब्रह्म के साथ एकता भी कभी सम्भव पर नहीं, क्यों कि अविद्या की जब, जीव को आश्रय करने की योग्यता है, तब, उस आक्रमण से बचने के लिये जीव को कोई उपाय नहीं है, (सुतरां अविद्या सम्बद्ध जीव परमात्मा की एकता नहीं पा सकती)। श्रीविष्णु पुराणे-'जीव और

परमात्मा की एकता को परमार्थ मानना सो मिथ्या है। कारण-अन्यद्रव्य कभी अन्य द्रव्यत्व को नहीं लाभ कर सकता। मुक्त पुरुष जो भगवद्गुण मात्र ही प्राप्त होता है सो गीताजी में भी स्पष्टतः उक्त भया है-'इस प्रकार ज्ञान अवलम्बन से जोसब हमारे समान धर्म को लाभ करते हैं, सो सब पुनः सृष्टि काल में जन्म धारण नहीं करते, और प्रलय में भी व्यथित नहीं होते हैं।' श्री विष्णु पुराण में भी-'आकर्षक अग्नि जैसे स्वीय शक्ति प्रभाव से विकार्य (धातुओं) को, आत्मभाव प्राप्त कराते हैं वैसे ही परब्रह्म भी स्वशक्ति प्रभाव से उपासकों को आत्म स्वभाव प्राप्त कराते हैं। यहां पर, 'आत्म भाव, शब्द का अर्थ अपना स्वभाव (तत्वतः एकता)-(स्वरूपतः एकत्व नहीं)। क्यों कि, आकृष्यमान लौह स्वरूपतः अग्नि कभी नहीं हो सकता। इस ब्रह्मसूत्र में भी कहा जायगा-'मुक्त पुरुष, केवल जगत् निर्माण भिन्न, और समस्त कार्यमें समस्त समता लाभ करते हैं, कारण,-वैसा ही प्रकरण, और जगत् रचना की बात भी यहां नहीं है।' 'केवल भोग-विषय में ही, ब्रह्म के साथ मुक्त पुरुष को साम्य या सादृश्य है।' और 'मुक्तात्मा उनको प्राप्त होते हैं-ऐसा उल्लेख रहने से भी (समझा जाता है कि जीव ब्रह्म का स्वरूपतः एकत्व नहीं होता)।' 'जगद्व्यापार वर्ज्जम्'-सूत्र की वृत्ति में भी है-'जगत् रचना की शक्ति नहीं प्राप्त होते (मुक्तात्मा) केवल ज्योति से ही भगवत् समान होते हैं।' द्रमीण भाष्यकार भी कहे हैं-'भगवत् सायुज्य लाभ से, मुक्त पुरुष भी भगवत् सम सब विषय में सिद्धि लाभ करते हैं।'

'जिन्हों ने उक्त प्रकार आत्मा को और पूर्वोक्त'सत्य कामना को जान कर इह लोक से प्रमाण करते हैं, वह लोग सर्व जगत में स्वाधीनता लाभ करते हैं। 'ब्रह्मज्ञ पुरुष परमात्मा को प्राप्त होते हैं।' 'वह (मुक्त ब्रह्मज्ञ) पुरुष सर्वज्ञ ब्रह्म के समस्त अभीष्ट फलों को भोग करते हैं।' 'यह आनन्दमय आत्मा को पाय के इच्छानुसार सर्व प्रकार काम्य फल को भोगते है।' 'वह (ब्रह्म) रस स्वरूप। जीव वह रसमय को पाकर आनन्दवान होता है' 'नदी समस्त जैसे निज निज नाम रूप परित्याग करके समुद्र में अस्तमित होता है, उसी तरह ब्रह्मज्ञ पुरुष नाम रूप से विमुक्त होकर उन परात्पर दिव्य पुरुष को प्राप्त होते हैं।' 'उसी प्रकार विद्वान् पुरुष पाप पुण्य को परित्याग करके और सर्व प्रकार दोष विमुक्त होकर अतिशय समता लाभ करते हैं।' इत्यादि श्रुति समूह भी पूर्वोक्त साम्यवाद ही को समर्थन कर रहे हैं। ५२।

परविद्यासु सर्वासु सगुण मेव ब्रह्मोपास्यम्, फलं चैकरूपमेव। अतो विद्या-विकल्प इति सूत्रकारेणैव 'आनन्दादयः प्रधानस्य' । ब्र॰ सू॰ ३-३-११ । 'विकल्पोऽविशिष्टफलत्वात्' ब्र॰ सू॰ ३-३-५९ । इत्यादिपूक्तम्। वाक्यकारेणच सगुणस्यैवोपास्यत्वं विद्याविकल्पश्चोक्तः, 'युक्तं तद्गुणकोपासनात्' इति। भाष्य-कृता (द्रमिड़ेन) व्याख्यातं च. 'यद्यपिसच्चित्तः' इत्यादिना।

'ब्रह्म वेद ब्रह्मैव भवति'-मुण्ड-३-२-९ । इत्यत्रापि 'नाम रूपाद्विमुक्तः परात्परं पुरुषमुपैति दिव्यम्' । मुण्डः-३-२-८ । 'निरञ्जनः परमं साम्यमुपैति मुण्ड ३-१-३ । 'परं ज्योति रूप सम्पद्यस्वेन रूपेणाभिनिष्पद्यते'। छान्दो-८-१२-२ । इत्यादिभिरैकार्थ्यात् प्राकृत-नाम रूपाभ्याम्विनिर्म्मुक्तस्य निरस्ततत्कृतभेदस्य ज्ञानै-काकारतया ब्रह्मप्रकारतोच्यते। प्रकारैक्ये च तत्त्वव्यवहारो मुख्य एव; यथा,-सेयं गौरिति। अत्रापि,-

'विज्ञानम्प्रापकम्प्राप्य परे ब्रह्मणि पार्थिव ।

प्रापणीय स्तथैवात्मा प्रक्षीणाशेषभावनः' ॥ विष्णुपुराण-६-७-९३

इति । परब्रह्म ध्यानादात्मा परब्रह्मवत्, प्रक्षीणाशेष भावनः, कर्म्म भावना-ब्रह्मभावनोभयभावनेति भावनात्रयरहितः प्रापणीयः इत्यभिधाय,-'क्षेत्रज्ञःकरणी, ज्ञानं करणं तस्यवैद्विज ।

निष्पाद्य मुक्तिकार्य्यं वै कृतकृत्यं निवर्त्तयेत् ॥' वि॰ पु॰६-७-९४ । इति करणस्य परब्रह्म-ध्यानरूपस्य प्रक्षीणाशेषभावनात्मस्वरूप-प्राप्त्या कृतकृत्यत्वेन निवृत्ति वचनात् यावत् सिध्यनुष्ठेयमित्युक्त्वा--

'तद्भावभावमापन्नस्तदासौ परमात्मना ।

भवत्यभेदो, भेदश्च तस्याज्ञानकृतो भवेत्' ॥ वि॰ पु॰ ६-७-९५ ।

इति मुक्तस्य स्वरूपमाह। तद्भावः--ब्रह्मणो भावः--स्वभावः नतु स्वरूपै-क्यम्; तद्भाव भाव मापन्न इति द्वितीय भावशब्दानन्वयात् पूर्व्वोक्तार्थविरोधा-च्च। यद् ब्रह्मणः प्रक्षीणाशेषभावनत्वं, तदापत्तिः--तद्भाव भावापत्तिः । यदैव मापन्नः, तदायंपरमात्मना अभेदी भवति,--भेदरहितोभवति। ज्ञानैकाकारतया पर-

मात्मनैक प्रकारस्यास्य तस्माद्भेदो देवादि रूपः । तदन्वयोऽस्य कर्म्म रूपाज्ञान-मूलः, न स्वरूपकृतः । सतु देवादि भेदः परब्रह्मध्यानेन मूलभूताज्ञान रूपे कर्म्मणि विनष्टे हेत्वभावान्निवर्त्तत इत्यभेदी भवति ।

यथोक्तम्— एकस्वरूप भेदस्तु वाह्यकर्म्मप्रवृत्तिजः ।

देवादिभेदेऽपध्वस्ते नास्त्येवावरणोहिसः' ॥ वि० पु० २-१४-३३ ।

इति । एतदेव विवृणोति,–'विभेदजनकेऽज्ञाने नाशमात्यन्तिकंगते ।

आत्मणोब्रह्मणो भेदमसन्तं कः करिष्यति' ॥ इति । विविधो भेदो विभेदः, देव तिर्यङ्मनुष्य-स्थावरात्मकः । यथोक्तं शौनकेनापि,–'चतुर्विधोपि भेदोऽयं मिथ्याज्ञान निवन्धनः' ॥ विष्णु धर्म्म-१००-२१ । इति । आत्मनि विज्ञानस्वरूपे देवादिरूप विविधभेद-हेतु भूतकर्म्माख्याज्ञाने परब्रह्मध्यानेनात्यन्तिक नाशं गते सति, हेत्वभावादसन्तं परस्माद् ब्रह्मणात्मनो देवादि रूपं भेदं कःकरिष्यतीत्यर्थः । 'अविद्या कर्म्म संज्ञान्या' । इति ह्यत्रैवोक्तम् ॥ ९३ ॥

समस्त परविद्या में सगुण ब्रह्म ही मात्र, (उपासक को) उपास्य और ब्रह्म सारूप्य लाभ ही उसकी फल प्राप्ति, (किन्तु एकत्व नहीं) । इसी कारण से, स्वयं सूत्रकारवेद-व्यासजी भी 'आनन्दादयः प्रधानस्य'—'सत्य, ज्ञान तथा आनन्दादि गुण समूह प्रधान—ब्रह्म सम्बन्ध में ग्रहनीय ।' और, 'विकल्पोऽविशष्टफलत्वात्'– जब सर्वत्र ही फल समान, तब श्री गुरु प्रदर्शित भाव में कोई भी विद्या ग्रहण की जा सकती' । इन दोनों सूत्रों में विद्या-उपासना सम्बन्ध से विकल्प विधि विहित किये हैं । वाक्याकार भी (श्री टंकजी श्री द्रमीड़ाचार्य्य जी से भी प्राचीन विशिष्टाद्वैतवादी) 'युक्तं तद्गुणकोपासनात्'–'उपासक को सगुण उपासना से सगुण ब्रह्म ही प्राप्तिरूप'–इस वाक्य से सगुण का उपास्यत्व तथा विद्या के वारे भी विकल्पत्व निर्देश किये हैं । भाष्यकार द्रमीणाचार्य्य भी 'यद्यपि सचत्तः'-सद्विद्या निरत'–इत्यादि वाक्यों में उक्त अभिप्राय को कहे हैं ।

और, (ब्रह्मवित् पुरुष) नाम रूप को परित्याग करके परात्पर दिव्य पुरुष को प्राप्त होते हैं ।' 'सर्वदोष विनिर्मुक्त पुरुष ब्रह्म के साथ अत्यन्त साम्य या समान धर्म को प्राप्त होते हैं'। और, 'जीव, परज्योति परमात्मा को पाकर स्वरूप लाभ करता है ।' इत्यादि

श्रुतियों के साथ एक वाक्यतानुसार समझना चाहिये कि 'ब्रह्मवित् पुरुष ब्रह्म ही होते हैं'– इस श्रुति में भी (मुक्त और ब्रह्म को अभेद नहीं कहा गया, परन्तु मुक्तावस्था में) जीव को प्राकृत नाम रूप विलुप्त हो तज्जनित भेद बुद्धि भी विनष्ट हो जाती है, सुतरां तत् समय पर एकाकार ज्ञान की विकाश होती है, इस भाव में मुक्त पुरुष तथा ब्रह्म में जो एकता सोइ अभिहित होती है–अभेद नहीं। एक ही प्रकार, विभिन्न वस्तुओं में भी एकत्व व्यवहार मुख्य या गौड़ रूप में ही होता है। जैसे एक गौ–दर्शन के बाद द्वितीयवार अपर गो–दर्शन में भी 'यह वही गौ' कहके उभय का एकत्व व्यवहार किया जाता है, पूर्वोक्त श्रुतियों में भी उसी रूप एकत्व व्यहार किया गया है।

और, श्रीविष्णुपुराण में भी 'हे राजन' परब्रह्म ही जीवों का प्राप्य या मात्र गन्तव्य, और, विज्ञान ही मात्र प्रापक या प्राप्ति की उपाय। और, सर्व भावना विहीन आत्मा भी परब्रह्म ही के न्याय प्राप्य।' परब्रह्म का ध्यान करते करते जिनकी आत्मा परब्रह्मवत् शेष भावना विहीन कर्म–भावना, ब्रह्म भावना–यह उभय भावना, और कर्म ब्रह्म यह भावना त्रय रहित तिनको प्रापणीय रूप।–यही जानना चाहिये। फिर कहे हैं हे द्विज, देवज्ञ (जीव) करणी (उपासक) और ज्ञान–उपासना करण अर्थात् मुक्ति की साधन रूप, मुक्ति सिद्धि की वाद कृतकृत्य होकर निवृत्त होना चाहिये।; यह कहा गया कि, परब्रह्म की उपासना रूप ज्ञान जब पूर्वोक्त भावना त्रय विरहित आत्मा का स्वरूप लाभ करके कर्तव्य शेष करेंगे- कृतार्थ होंगे, तभी उससे निवृत्त होना चाहिये। अतएव जब तक फल सिद्धि न होय तब तक ज्ञानानुष्ठान अवश्य करणीय। इसके बाद मुक्त पुरुष के स्वरूप निरूपणार्थ कहे गये–'तद्भाव–भाँव' प्राप्त–यह उपासक उस समय (सिद्धि समय) परमात्मा के साथ अभिन्न होते हैं, परन्तु 'अज्ञान वशतः उसमें भेद भी रहता है।' यहां पर तद्भाव शब्द का अर्थ ब्रह्म का भाव–स्वभाव, किन्तु स्वरूपतः एक्य नहीं। न चेत् 'तद्भाव भावम्' में द्वितीय 'भाव' शब्द का कोई सार्थकता नहीं रह जायगी। अधि· कन्तु पूर्वोक्त भेद बोधक वाक्यार्थ के साथ भी विरोध पड़ेगा। अतएव, समझना चाहिये कि, ब्रह्म का जो सर्व प्रकार भावना राहित्य तत् प्राप्ति ही यहां 'तद्भाव भावापत्ति' की तात्प· यार्थ। उपासक जब एवम्विध भाव को प्राप्त होते हैं तब वह परमात्मा के साथ अभिन्न होते

पृथगवस्थानं प्रतिषिध्यते,-'न तदस्ति विना यत् स्यात्'-इति, भगवद्विभुत्युपसंहार-श्चायमिति तथैवाऽभ्युपगन्तव्यम्। तत इदमुच्यते,-

'यद्यद्विभुतिमत्सत्त्वं श्रीमदूर्जितमेव वा। तत्त्वदेवावगच्छत्वं ममतेजोंऽश-सम्भवम् विष्टभ्याहमिदं कृत्स्नमेकांशेनस्थितोजगत्॥' गी०-१०।४१-४२। इति। अतः शास्त्रेषु न निर्व्विशेषवस्तु-प्रतिपादनमस्ति; नाप्यर्थजातस्य भ्रान्तत्व प्रति पादनम्; नापि चिदचिदीश्वराणां स्वरूपभेदनिपेधः॥ ६४॥

'सर्व शरीर में हम ही को क्षेत्रज्ञ करके जानना-' इत्यादि वाक्यों से स्वयं भगवान भी अन्तर्य्यामि रूप में ही सर्व आत्मा में अपना एकत्व निर्देश किये हैं। अन्यथा-'समस्त भूत वर्ग को क्षर और कूटस्थ को अक्षर कहा जाता है'- किन्तु, उत्तम पुरुष उक्त क्षर, अक्षर से भिन्न',-इत्यादि वाक्यों के साथ विरोध होगा। ब्रह्म, जो, अन्तर्यामि रूप में ही सर्व भूतों का आत्म-स्वरूप-यह भी श्री भगवान वहां ही कहे हैं—'हे अर्जुन, परमेश्वर सर्व भूतों का हृदय 'प्रदेश में बास करते हैं और हम सर्व भूतों का हृदय ही में रहता हूँ।' और भी 'हे जितनिद्र, मैं ही सब भूतों का हृदयस्थित-आत्मा।' यहां पर भी वही बात कही गयी। श्लोक-स्थ 'भूत' शब्द-सो देहात्म समष्टि वाचक जो कि, वही सब भूतों का आत्मा, सुतरां समस्त भूत वर्ग ही उनके शरीर स्थानीय, सोई, उनको छोड़ के--पृथक भाव से भूतों का अवस्थित की निषेध करके कह रहे हैं-'हमको छोड़ के रह सके ऐसा कुछ भी जगत् में नहीं है'। विशेषतः यह जब, पूर्वोक्त भगवद् विभूति की ही उप संहार वाक्य, तब इसकी यथोक्त अभिप्राय को मानना उचित है। इसी वास्ते श्री भगवान और भी कहे हैं-जो जो वस्तु ऐश्वर्य विशेष सम्पन्न, श्रीमान तथा अलौकिक प्रभाव सम्पन्न, सो समस्त ही हमारा तेज का अंश से सम्भूत'। 'हम एकांश से इस समस्त जगत् में व्याप्त हो रहा हूँ।' अतएव, समझना चाहिये शास्त्र का कहीं भी निर्विशेष ब्रह्म विषयक उपदेश नहीं है, और संसारिक पदार्थों का मिथ्यात्व भी नहीं कहा गया, और, चित् अचित् तथा ईश्वर का स्वरूपतः भेद को भी प्रतिषेध नहीं किये गये। ६४॥

यद्यप्युच्यते,–निर्विशेषे स्वयम्प्रकाशे वस्तुनि दोषपरिकल्पितमीशेशितव्या-द्यनन्त विकल्पं सर्वं जगत्। दोषश्च स्वरूप–तिरोधानविविधविचित्र विक्षेपकरी सदसदनिर्व्वचनीयानाद्यविद्या । साचावश्याभ्युपगमनीया; 'अनृतेनहि प्रत्यूढ़ाः' छान्दोः ८-३-२। इत्यादिभिः श्रुतिभिर्ब्रह्मणः तत्वमस्यादि वाक्य सामानाधिकरण्यावगतजीवैक्यानुपपत्त्याच। सातु न सती, भ्रान्ति–बाधयोरयोगात्। नाप्यसती, ख्यातिबाधयोश्चायोगात्। अतः कोटिद्वय-विनिर्मुक्तेयमविद्येति तत्त्वविद इति।

तदयुक्तम्; साहि किमाश्रित्य भ्रमं जनयतीति वक्तव्यम्। न ताबज्जीवमाश्रित्य; अविद्यापरिकल्पितत्वाज्जीवभावस्य। नापि ब्रह्माश्रित्य, तस्यस्वयम्प्रकाश–ज्ञानरूपत्वेनाविद्या–विरोधित्वात्। साहिज्ञानबाध्याभिमता।

'ज्ञान रूपम्परम्ब्रह्म तन्निवर्त्यं मृषात्मकम् ।
अज्ञानञ्चेत् तिरस्कुर्य्यात् कः प्रभुस्तन्निवर्त्तने ॥
ज्ञानं ब्रह्मेतिचेज् ज्ञान मज्ञानस्य निवर्त्तकम् ।
ब्रह्मवत् तत् प्रकाशत्वात् तदपि ह्यन्निवर्त्तकम् ॥
ज्ञानं ब्रह्मेति विज्ञानमस्तिचेत् स्यात् प्रमेयता ।
ब्रह्मणोऽनुभूतित्वं त्वदुक्त्यैव प्रसज्यते' ॥ नाथ मुनि ॥

ज्ञानस्वरूपम्ब्रह्मेति ज्ञानं तस्या अविद्याया बाधकं न स्वरूपभूतं ज्ञानमिति चेत्; न उभयोरपि ब्रह्मस्वरूप–प्रकाशत्वेसति, अन्यतरस्य विरोधित्वमन्यतरस्य नेति विशेषानवगमात्। एतदुक्तम्भवति,–ज्ञानस्वरूपम्ब्रह्मेत्यनेन ज्ञानेन ब्रह्मणो यः स्वभावोऽवगम्यते, सब्रह्मणः स्वयम्प्रकाशत्वेन स्वयमेव प्रकाशत इत्यविद्या–विरोधित्वे न कश्चिद्विशेषः स्वरूप तद्विषयज्ञानयोरिति ॥ ६५ ॥

(निर्विशेष वाद में) और जो कहा जाता है कि, मात्र ईश्वर ही शासनकर्ता, अपर समस्त उनका इशितव्य-शासनाधीन इत्यादि प्रकार विविध भेद सम्बलित यह समस्त जगत् ही स्वयं प्रकाशमान, निर्विशेष ब्रह्म में दोष-कल्पित मिथ्या मात्र। प्रकृति पक्ष में सोइ दोष ही ब्रह्म का स्वरूप आच्छादक और विविध विक्षेप-सृष्टि के हेतु और सत् या असत् रूप से अनिर्वचनीय। सो, वह अविद्या भिन्न कुछ भी नहीं। पूर्वोक्त 'अनृतेनहि

प्रत्यूढ़ाः' इत्यादि श्रुति अनुसार उस अविद्या का अस्तित्व अवश्य ही स्वीकार करना चाहिये। अस्वीकार करने से 'तत् त्वम् असि' इत्यादि वाक्यों में जो जीव ब्रह्म का एकत्व प्रतीति सो भी संगत नहीं होगी। वह अविद्या सत् नहीं हो सकते,-क्यों कि, ऐसा होने से उसकी भ्रान्तत्व तथा ज्ञानबाध्यत्व नहीं हो सकता। और, अविद्या असत् भी नहीं हो सकते, यदि असत होते तो उसकी सामयिक प्रतीति तथा बाधा भी कभी न होते। इसी से तत्वविद् गण कहते हैं 'यह अविद्या सत् भी नहीं, असत् भी नहीं-विलक्षण या अनिर्वचनीय पदार्थ,

सो, यह बात युक्ति युक्त नहीं है। वह अविद्या किसके आश्रय पर भ्रम उत्पादन करती है, सो कहना चाहिये। जीव के आश्रय से-सो नहीं कह सकते, क्यों कि जीव-भाव भी अविद्या कल्पित। ब्रह्म के आश्रित हो के भी भ्रम नहीं उपजा सकते, क्यों कि, वह स्वयं प्रकाशमान ज्ञान स्वरूप तिसमें अविद्या फिर ज्ञानबाध्य अर्थात् ज्ञान के साथ रह नहीं सकती। सुतरां ब्रह्म अविद्या-विरोधी-अविद्या उनको आश्रय नहीं कर सकती। श्री नाथ मुनि जी कहे हैं-'परब्रह्म ज्ञान स्वरूप, मिथ्यामय अज्ञान उनका निवर्त्य। यदि, अज्ञान वह ज्ञानमय ब्रह्म को ही आवृत करै तो फिर उसका निवारण कौन करेगा?' यदि कहिये 'ब्रह्मज्ञान स्वरूप'-इस प्रकार ज्ञान-बुद्धि वृत्ति ही उस अज्ञान का निवर्तक-(ब्रह्म का स्वरूप-भूत ज्ञान नहीं)। तब भी वह ज्ञान अज्ञान का निवारक नहीं हो सकते, क्यों कि, वह ज्ञान भी ब्रह्मज्ञान ही की न्याय केवल प्रकाश मात्र। अर्थात् प्रकाशात्मक ब्रह्म ही जब अज्ञान निवृत्ति नहीं कर सका, तब, उसी की आभासमात्र जो ज्ञान सोई कैसे उस अज्ञान को नाश करैगा? पुनः, यदि कहा जाय कि, 'ब्रह्म ज्ञान स्वरूप'-इस भाव में भी ब्रह्म विषय में विशेष ज्ञान होता है, अर्थात् ब्रह्म को ज्ञानस्वरूप जानने ही से तद्विषयक अज्ञान को निवारण हो जाता। सो उससे भी ब्रह्म प्रमेय-ज्ञेय पदार्थ हो जायगा। सुतरां आप ही के बातों से ब्रह्म को अननुभूतित्व-(ब्रह्म मात्र ज्ञान स्वरूप)-अज्ञेय नहीं सो सिद्ध हो रहा है। उल्लिखित श्लोकों का भावार्थ—

यदि कहिये 'ब्रह्म ज्ञानस्वरूप' इस प्रकार ज्ञान ही अविद्या की निवर्तक-ब्रह्म का स्वरूप भूत ज्ञान, निवर्तक नहीं। नहीं ऐसा कह नहीं सकते। क्यों कि, ब्रह्म का स्वरूप भूत ज्ञान तथा उक्त प्रकार ज्ञान इन उभय का ही, जब, प्रकाश रूपता समान तब एक,

किञ्च, अनुभव स्वरूपस्य ब्रह्मणोऽनुभवान्तरामनुभाव्यत्वेन भवतो न तद्विषयं ज्ञानमस्ति। अतो ज्ञानमज्ञान विरोधिचेत्; स्वयमेव विरोधि भवतीति नास्याब्रह्माश्रयत्वसम्भवः। शुक्त्यादयस्तु स्वयाथात्म्य-प्रकाशे स्वयमसमर्थाः स्वाज्ञानाविरोधिनस्तन्निवर्तने च ज्ञानान्तरमपेक्षन्ते। ब्रह्मतु स्वानुभवसिद्धयाथात्म्यम्, इति स्वाज्ञानविरोध्येव। तत एव निवर्तकान्तरञ्च नापेक्षते। अथोच्यते, ब्रह्मव्यतिरिक्तस्य मिथ्यात्वज्ञानमज्ञानविरोधीति। न, इदं ब्रह्मव्यतिरिक्त-मिथ्यात्वज्ञानं किं ब्रह्मयाथात्म्याज्ञानविरोधि ? उतप्रपञ्चसत्यत्वरूपाज्ञानविरोधीति विवेचनीयम्। न तावत् ब्रह्मयाथात्म्या ज्ञानविरोधि, अतद्विषयत्वात्। ज्ञानाज्ञानयोरेक विषयत्वेनहि विरोधः। प्रपञ्चमिथ्यात्वज्ञानञ्च तत् सत्यत्वरूपाज्ञानेन विरुध्यते। तेन प्रपञ्चसत्यत्वरूपाज्ञानमेववाधितमिति ब्रह्मस्वरूपाज्ञानं तिष्ठत्येव। ब्रह्मस्वरूपाज्ञानं नाम तस्य सद्वितीयत्वमेव। तत्तु तद्यतिरिक्तस्य मिथ्यात्वज्ञानेन निवृत्तम्। स्वरूपन्तु स्वानुभवसिद्धमिति चेत्; न ब्रह्मणोऽद्वितीयत्वं स्वरूपं स्वानुभवसिद्धमिति तद्विरोधि सद्वितीयत्वरूपाज्ञानं तद्बाधश्च न स्याताम्। अद्वितीयत्वं धर्म्म इति चेत्; न अनुभव स्वरूपस्य ब्रह्मणोऽनुभाव्य-धर्म्मविरहस्य भवतैवोपपादितत्वात्। अतो ज्ञान स्वरूपस्य ब्रह्मणो विरोधादेवनाज्ञानाश्रयत्वम्।

किञ्च, अविद्ययाप्रकाशैकस्वरूपं ब्रह्मतिरोहितमिति वदता स्वरूप नाशएवोक्तः स्यात्। प्रकाशतिरोधानं नाम प्रकाशोत्पत्ति-प्रतिबन्धः विद्यमानस्य विनाशो वा। प्रकाशस्यानुत्पाद्यत्वाभ्युपगमेन प्रकाशतिरोधानं प्रकाशनाश एव ॥ ६६ ॥

उनमें से, सो अज्ञान विरोधी और अपर, सो नहीं इस प्रकार वैलक्षण्य तो जाना नहीं जा रही है। अभिप्राय यह है कि 'ब्रह्म ज्ञान स्वरूप' इस ज्ञान से ब्रह्म का जो स्वभाव जाना जा रहा है, ब्रह्म स्वप्रकाश रहने से उनकी स्वभाव सिद्ध सो ज्ञान भाव, सो भी निश्चय करके स्वप्रकाश होनी चाहिये। अतएव, स्वरूप और स्वरूप विषयक ज्ञान, उभय का तुल्य रूप प्रकाश धर्म रहते हुये भी, अविद्या निवारण विषय में, दोनों के बीच कोई सा फरक नहीं पाया जाता है। ६५ ॥

और भी बात यह है कि, आप (श्रीशंकर) के मत में, ब्रह्म स्वयं ही अनुभव स्वरूप-तद्विषय में कोई अनुभवान्तर नहीं है, सुतरां उस विषय में कोइ ज्ञान भी नहीं है। ज्ञान. यदि स्वभावतः ही अज्ञान विरोधी हो, तब तो स्वभाव विरुद्ध ज्ञान मय ब्रह्म को, अज्ञान कभी भी आश्रय नहीं कर सकता। शुक्ति-रजतादि की शुक्ति प्रभृति जड़ पदार्थों ने स्वीय यथार्थ रूप प्रकाश करने में असमर्थ, सुतरां, स्वविषयक अज्ञान की विरोधी नहीं, कार्यतः-तद्विषयक अज्ञान की निवृत्ति में ज्ञान की अपेक्षा रहती है, किन्तु, ब्रह्म का जो प्रकाशमय स्वरूप सो तो स्वानुभव सिद्ध, सुतरां अज्ञान-विरोधी, अर्थात् ज्ञान और अज्ञान परस्पर विरोधी-कोई किसी की आश्रय नहीं हो सकते। इसी वास्ते, अज्ञान निवृत्ति के लिये और कोई साधन की भी अपेक्षा नहीं करते।

(यदि कहिये कि ब्रह्मातिरिक्त पदार्थ की जो मिथ्यात्व ज्ञान-सोई अज्ञान विरोधी,-ज्ञान मात्र नहीं। नहीं, सो भी कह नहीं सकते, क्यों कि, ब्रह्मातिरिक्त पदार्थ की मिथ्यात्व ज्ञान सो क्या ब्रह्म की याथात्म्य-प्रतिरोधक-अज्ञान की विरोधी? न कि, जगत् सत्यता रूप अज्ञान की विरोधी? सो विवेचना करनी चाहिये।)

अभिप्राय यह है कि, उक्त मिथ्यात्व ज्ञान-सो क्या ब्रह्म का प्रकृत स्वरूप को न जानना रूप अज्ञान को निवारण करता है, किम्वा, इस जगत् प्रति जो सत्यत्व भ्रमरूप अज्ञान है, मात्र उसीको विनष्ट करता है? तिनमें, अज्ञान जब ब्रह्म विषय में समुत्पन्न ही नहीं हो सकता, तब उक्त ज्ञान, ब्रह्म का यथायथ स्वरूपावरक ज्ञान की विरोधी भी नहीं हो सकती। इसमें कारण यह है कि, ज्ञान और अज्ञान एक ही विषय में विरुद्ध होता है,-भिन्न भिन्न विषय में विरुद्ध नहीं होता। जगत्-मिथ्यात्व ज्ञान सो जगत् सत्यत्व प्रतीति रूप अज्ञान ही की विरोधी, अतएव, पूर्वोक्तज्ञानद्वारा जगत सत्यत्व प्रतीति रूप अज्ञान ही बाधित हो सकता, किन्तु ब्रह्म विषयक जो अज्ञान सो रह ही जा सकता। ब्रह्म विषयक अज्ञान-अद्वितीय ब्रह्म को सद्वितीय जानना। ब्रह्मातिरिक्त पदार्थों की मिथ्यात्व ज्ञान से, केवल वही अज्ञान निवारित होती है-ब्रह्म--स्वरूपावरक अज्ञान रह ही जाता है। सद्वितीयत्व भ्रम मात्र निवृत्त होता है। यदि कहिये, कि, ब्रह्म स्वरूप सो तो, प्रमाणादि सापेक्ष नहीं, सो मात्र अनुभवगम्य, (सुतरां उस विषय में अज्ञान की सम्भावना ही नहीं)

अपि च, निर्व्विषया निराश्रया स्वप्रकाशेयमनुभूतिः स्वाश्रय-दोषवशादनन्ताश्रयमनन्त विषयमात्मानमनुभवतीति, अत्र किमयं स्वाश्रयदोषः परमार्थभूतः? उतापरमार्थभूतः? इति विवेचनीयम्। न तावत् परमार्थोऽनभ्युपगमात्। नाप्यपरमार्थः, तथाहिसति द्रष्टृत्वेन वा दृश्यत्वेन वा दृशित्वेन वा अभ्युपगमनीयः। न तावत् दृशिः, दृशिस्वरूपभेदानभ्युपगमात्। भ्रमाधिष्ठानभूतायास्तु साक्षात् दृशेर्म्माध्यमिकपक्षप्रसंगेनअपारमार्थ्यानभ्युपगमाच्च। द्रष्टृ-दृश्ययोः तदवच्छिन्नाया-दृशेश्च काल्पनिकत्वेन मूलदोषान्तरापेक्षया ऽनवस्थास्तात्। अथैतत्परिजिहीर्षया परमार्थ सत्यनुभूतिरेव ब्रह्मस्वरूपा दोष इति चेत्; ब्रह्मैवचेत् दोषः; प्रपञ्चदर्शनस्यैव तन्मूलंस्यात्; किं प्रपञ्च-तुल्याविद्यान्तर-कल्पनेन? ब्रह्मणोदोषत्वेसति तस्य नित्यत्वेनानिर्म्मोक्षश्च स्यात्। अतो यावद् ब्रह्मव्यतिरिक्तपारमार्थिकदोषानभ्युपगमः; न तावद् भ्रान्तिरुपपादिताभवति ॥ ६७ ॥

नहीं, यों होने से--अद्वितीयत्व भी जब ब्रह्म का एक स्वरूप, तब, वह भी स्वानुभव सिद्ध, सुतरां तद्विषय में सद्वितीयत्व भ्रम रूप अज्ञान भी आ नहीं सकती, और उस अज्ञान की बाधा भी नहीं हो सकती। यदि कहिये कि, उक्त अद्वितीयत्व भाव सो ब्रह्म का स्वरूप नहीं--धर्म्म मात्र। नहीं, यह भी ठीक नहीं, क्यों कि ब्रह्म स्वयं अनुभव स्वरूप, अथ च, उनका अद्वितीयत्व-धर्म सो अनुभाव्य, किन्तु, अनुभव स्वरूप ब्रह्म में, जो, अनुभाव्य कोई धर्म आ नहीं सकते, सो, पूर्व प्रसंग में आप ही समर्थन किये हैं। अतएव अज्ञान विरोधी ब्रह्म कभी अज्ञान के आश्रय नहीं हो सकते। और भी, मात्र प्रकाश स्वभाव ब्रह्म का स्वरूप यदि अविद्या से आवृत या तिरोहित ही हो, तब तो प्रकारान्तर से, ब्रह्म का स्वरूप ध्वन्स ही आप को मानना पड़ा। प्रकाश की तिरोधान कहने में--यातो प्रकाशोत्पत्ति की बाधा, नहीं तो विद्यमान प्रकाश की नाश जानना चाहिये। तिनमें से--आपके मत में भी, ब्रह्म प्रकाश जब उत्पन्न नहीं होता, तब, 'प्रकाश-तिरोधान' से प्रकाश की विनाश ही समझना चाहिये। ६६ ॥

अनिर्व्वचनीयत्वं च किमभिप्रेतम् ? सदसद् विलक्षणत्वमिति चेत्; तथाविधस्य वस्तुनः प्रमाण शून्यत्वेनानिर्व्वचनीयतैव स्यात्। एतदुक्तम्भवति,—सर्व्वंहि वस्तुजातंप्रतीति व्यवस्थाप्यम्, सर्व्वा च प्रतीतिः सदसदाकारा, सदसदाकारायाः प्रतीतेः सदसद्विलक्षणं विषय इत्यभ्युपगम्यमानेसर्व्वं सर्व्वप्रतीतेर्विषयः स्यादिति।

अथ स्यात्, वस्तुस्वरूप-तिरोधानकरमान्तरवाह्यरूपविविधाध्यासोपादानं सदसदनिर्व्वचनीयमविद्याज्ञानादिपदवाच्यं वस्तुयाथात्म्यज्ञाननिवर्त्यं ज्ञानप्रागभावातिरेकेण भावरूपमेवकिञ्चिद् वस्तु प्रत्यक्षानुमाभ्यां प्रतीयते। तदुपहित-ब्रह्मोपादानश्चाविकारे स्वप्रकाशचिन्मात्रवपुषि तेनैव तिरोहितस्वरूपे प्रत्यगात्मन्यहंकारज्ञान ज्ञेय-विभागरूपोऽध्यासः। तस्यैवावस्थाविशेषेणाध्यासरूपे जगतिज्ञानवाध्य सर्प-

---

अपिच, 'अनुभूति स्वयं निर्विषय तथा निराश्रय होते हुए भी केवल आश्रय दोष से ही, स्वीय अनन्त विषय तथा अनन्त आश्रय प्रतीति करती रहती है',—यह जो कहा गया है,उसमें जिज्ञास्य यह है कि, वह जो आश्रय दोष सो यथार्थ या अयथार्थ ? सो,यथार्थ नहीं कह सकते। क्यों कि, उसकी यथार्थता (पहिले) मानी नहीं गयी। अयथार्थ भी नहीं कहा जा सकता कारण-अयथार्थ होने में, क्या वह द्रष्टा, दृशि या दृश्य स्वरूप ? तिनमें से, दृश नहीं हो सकती, क्यों कि दृशि की कोई प्रकार भेद नहीं माना गया। विशेषत: भ्रम का आश्रयीभूत ज्ञान का भी भेद मानने से तो, यह भी माध्यमिक बौद्धमत ही हुआ जाता है ! अतएव, उसकी अयथार्थता माननीया नहीं। अधिकन्तु, द्रष्टा, दृश्य तथा तद्विषयक दृशि (ज्ञान) जब, काल्पनिक, तब, उसकी भी मूलीभूत अपर दोष रहना चाहिये,—सो ऐसी भी अनवस्था दोष फाट पड़ी। यदि, इस अनवस्था दोष परिहार के लिये ब्रह्म स्वरूप सत्य अनुभूति को ही दोष करके माना जाय, सो, उसमें जिज्ञास्य यह है कि, स्वयं ब्रह्म ही जब दोष रूप, तब तो जगत् प्रपञ्च प्रतीति की मूल कारण भी वही हो सकते,—तब फिर प्रपञ्च प्राय द्वितीया अविद्या कल्पना की क्या प्रयोजन ? पक्षान्तर पर, स्वयं ब्रह्म दोष रूपी होने में—वह जब नित्य, तब तो वह वे दोष विनाश से कभी भी मुक्ति लाभ नहीं हो सकती। अतएव, जब तक कि, ब्रह्मातिरिक्त एक दोष का अस्तित्व स्थिरीकृत न हो, तब तक, जगत् को भ्रान्ति या मिथ्या स्वीकार नहीं की जा सकती। ६७॥

रजतादि वस्तु तज्ज्ञानरूपोऽध्यासोऽपि जायते । कृत्स्नस्य मिथ्यारूपस्य तदुपादानत्वं च मिथ्या, मिथ्याभूतस्यार्थस्य मिथ्याभूतमेवकारणं भवितुमर्हतीति हेतु बलादवगम्यते । कारणाज्ञानविषयं प्रत्यक्षं तावत् 'अहमज्ञोमामन्यञ्च न जानामि' इत्यपरोक्षावभासः । अयन्तु न ज्ञानप्रागभावविषयः सहिषष्ठप्रमाणगोचरः । अयं तु 'अहं सुखी' इतिवदपरोक्षः। अभावस्यप्रत्यक्षत्वाभ्युपगमेऽप्ययमनुभवो नात्मज्ञानाभावविषयः अनुभववेलायामपिज्ञानस्यविद्यमानत्वात्; अविद्यमानत्वे ज्ञानाभाव प्रतीत्यनुपपत्तेश्च । एतदुक्तम्भवति -'अहमज्ञः' इत्यस्मिन्ननुभवे अहमित्यात्मनोऽभावधर्म्मितयाज्ञानस्य च प्रतियोगितयावगतिरस्तिवा, न वा ? अस्ति चेत्; विरोधादेव न ज्ञानाभावानुभव सम्भवः । नो चेत् ; धर्म्मिप्रतियोगिज्ञानापेक्षो ज्ञानाभावानुभवः सुतरां न सम्भवति । ज्ञानाभावस्यानुमेयत्वे अभावाख्य-प्रमाणविषयत्वेचेयमनुपपत्तिः समाना । अस्याज्ञानस्य भावरूपत्वे धर्म्मि-प्रतियोगिज्ञानसद्भावेऽपि विरोधाभावादयमनुभवोभावरूपाज्ञानविषयएवाभ्युपगन्तव्यइति ॥ ६८ ॥

अनिर्वचनीयत्व खण्डन—

आपका अनिर्वचनीयत्व शब्द का अभिप्राय क्या है ? यदि कहिये कि सदसद्विलक्षणत्व- अर्थात्- जिसको सत् या असत् करके निरूपण नहीं की जा सकती है । सो ठीक है-इस प्रकार वस्तु जब कोई भी प्रमाण से सिद्ध नहीं किया जा सकता, तब, तादृश वस्तु का अस्तित्व प्रतिपादन भी एक अनिर्वचनीय ही है । अभिप्राय यह है कि, प्रतीति अनुसार ही सब वस्तु की व्यवस्था की जा सकती है । प्रतीति मात्र ही सत् या असदाकार रूपी। अब सदसदाकारा प्रतीति से, यदि सद सद्विलक्षण वस्तु भी प्रतीत हो, तब तो, कोई भी वस्तु कोई सी प्रतीति की विषय हो सकता ? यदि कहा जाय कि सर्व वस्तु का स्वरूपावरक वाह्य तथा आभ्यन्तरिक सर्व विविध अध्यास की उपादान, सत् या असत् रूप से निरूपण के अयोग्य, और वस्तु विषयक यथार्थज्ञान द्वारा निवर्तनीय, इस रूप कोई एक भाव पदार्थ तो प्रत्यक्ष तथा अनुमान से भी प्रतीत होता है, यह जो भाव पदार्थ सो प्रागभाव से पृथक, और, अविद्या, अज्ञान प्रभृति शब्दों से अभिहित होता है । निर्विकार, स्वप्रकाश, चैतन्यमय

ब्रह्म जब उसी अविद्या द्वारा आवृत, तभी तदुपहित (अज्ञानावृत) आत्मा में 'हम' 'हमारा' इत्याकार अहंकार तथा ज्ञान-ज्ञेयादि विभाग रूप अध्यास उत्पन्न होता है। उसी अध्यास की अवस्था विशेष-इस अध्यासमय जगत् में भी, पुनः ज्ञान-वाध्य सर्प रजतादि वस्तु और तद्विषयक ज्ञान रूप विशेष विशेष अध्यास होती रहती है। समस्त मिथ्या की उपादानभूत उस अविद्या की उपादानत्व भी मिथ्या, क्यों कि युक्तियों से जानी जाती है कि मिथ्यावस्तु का कारण भी मिथ्या सिवाय सत्य हो नहीं सकती। 'हम अज्ञ'-'हम हमको तथा अपर को नहीं जानते-इत्यादि रूप जो अज्ञान की प्रत्यक्ष प्रतीति उसको विषय-कारणीभूत अज्ञान, किन्तु ज्ञान का प्रागभाव नहीं क्यों कि अभाव मात्र ही अनुपलब्धि नामक, षष्ठ प्रमाण विषयक-प्रत्यक्ष का, विषय नहीं। परन्तु, 'हम अज्ञ'-इत्यादि सब जो ज्ञान 'हम सुखी'-इत्यादि ज्ञान के माफिक अपरोक्ष-प्रत्यक्षात्मक। और अभाव की प्रत्यक्ष स्वीकार करने से भी, 'हम अज्ञ इत्यादि अनुभव कभी भी आत्मगत ज्ञानाभाव विषयक नहीं क्यों कि, अज्ञत्व-प्रतीति काल में भी आत्मा की ज्ञान विद्यमान ही रहती न चेत्, आत्मा द्वारा स्वीय अज्ञता अनुभूतही न होते। अभिप्राय-'हम अज्ञ'-ऐसी प्रतीतिमें आत्मा अज्ञान के आश्रय, और ज्ञान उस अभाव की प्रतियोगी, सो यह ज्ञान उस समय रहता है या नहीं ? यदि ज्ञान रहता हो, तब तो, ज्ञान तथा अज्ञान का सहावस्थान विरुद्ध होने के कारण, ज्ञानाभाव का अनुभव सम्भव पर नहीं है। और, ज्ञान यदि उस काल में न हो, तब भी ज्ञानाभाव का अनुभव असम्भव है। क्यों कि, अभाव प्रतीति की साधारण नियम है कि, जिसकी अभाव जानना चाहिये, सो प्रथमतः उस प्रतियोगी को जानना आवश्यक। प्रतियोगी की ज्ञान न रहने से, तदभाव की ज्ञान नहीं होता-न हो सकता है। ज्ञानाभाव, अनुमान ही का विषय हो, या अनुपलब्धि-प्रमाण का ही विषय हो, उभय पक्ष में प्रदर्शित असंगति दोष समान ही है। और, इस अज्ञान को, अगर भाव रूप करके माना जाय, तब भी, उक्त प्रतियोगी (ज्ञान) तथा धर्म्मी (आत्मा) की ज्ञान रहते हुये भी 'हम अज्ञ' यह अनुभव असंगत नहीं होता है। क्यों कि, इस पक्ष पर, उनको परस्पर में कोई विरोध नहीं रहता। अतएव, उस अनुभव के विषय अज्ञान को भाव रूप ही मानना ठीक है। ६८ ॥

ननु च, भावरूपमप्यज्ञानं वस्तु याथात्म्यावभास रूपेणसाक्षिचैतन्येन विरुध्यते। मैवम्, साक्षिचैतन्यं न वस्तु-याथात्म्य-विषयम्; अपितु अज्ञान विषयम्; अन्यथा मिथ्यार्थावभासानुपपत्तेः। नह्यज्ञान विषयेन ज्ञानेना ज्ञानं निवर्त्तत इति न विरोधः। ननु चेदं भावरूपमप्यज्ञानं विषय विशेष-व्यावृत्तमेव साक्षिचैतन्यस्य विषयो भवति सविषयः प्रमाणाधीनसिद्धिरिति कथमिवसाक्षिचैतन्येनास्मदर्थ व्यावृत्तमज्ञानं विषयी क्रियते। नैवक्षेपः; सर्वमेव वस्तुजातं ज्ञाततया अज्ञाततया वा साक्षिचैतन्यस्य विषयभूतम्। तत्र जड़त्वेन ज्ञाततया सिध्यत एव प्रमाणव्यवधानापेक्षा। अजड़स्यतु प्रत्यग्वस्तुनः स्वयं सिध्यतो न प्रमाण व्यवधानापेक्षेति सदैवाज्ञान व्यावर्त्तकत्वेन अवभासोयुज्ते। तस्मान्न्यायोपबृंहितेनप्रत्यक्षेणभावरूपमेवाज्ञानं प्रतीयते। तदिदम्भावरूपमज्ञानमनुमानेनापि सिध्यति,-विवादाध्यासितं प्रमाणज्ञानं स्वप्रागभाव व्यतिरिक्त-स्वविषयावरण-स्वनिवर्त्यस्वदेशगत वस्त्वन्तरपूर्वकम्, अप्रकाशितार्थप्रकाशकत्वात्, अन्धकारे प्रथमोत्पन्न प्रदीपप्रभावदिति। आलोकाभावमात्रं वा रूप दर्शना भाव मात्रम् वा तमो न द्रव्यम्. तत् कथं भावरूपाज्ञानसाधनेनिदर्शनतयोपन्यस्यत इति चेत्; उच्यते-बहुलत्व-विरलत्वाद्यवस्था योगेनरूपवत्तयाचोपलब्धेद्रव्यान्तरमेव तम इति निरवद्यमिति ॥ ६६ ॥

भला, वस्तु का यथायथ भाव को ग्रहण करना ही जब साक्षी-चैतन्य का स्वभाव, तब असत्य अज्ञान भावरूपी होने से भी, साक्षी चैतन्य के साथ उसका विरोध निश्चय होगा? नहीं,-साक्षी चैतन्य जो, वस्तु की यथार्थता ही मात्र को ग्रहण करता है सो नहीं, परन्तु, अज्ञान को भी ग्रहण करता ही है, नहीं तो, असत्य वस्तु की प्रतीति कभी नहीं होते। वस्तुतः ही अज्ञान या असत्य विषयक ज्ञान से अज्ञान या मिथ्या वस्तु निवारित नहीं होता। अतएव, साक्षी चैतन्य के साथ अज्ञान का कोई विरोध नहीं हो सकते। पुनः यह आपत्ति हो रही है कि 'हम अज्ञ'-इसमें अहम्-पदार्थ, आत्मा सहित सम्मिलित भाव से अज्ञान की प्रतीति होती है, स्वयं सिद्ध तथा स्वप्रकाश आत्मा जब कोई भी प्रमाण के अधीन ही नहीं तब तो, साक्षी चैतन्य उसको प्रकाश भी नहीं कर सकते। अतएव उक्त साक्षी चैतन्य, अहम् पदार्थ आत्मा को त्यागि के, मात्र अज्ञान ही को कैसे ग्रहण

अत्रोच्यते, 'अहमज्ञोमामन्यञ्च न जानामि' इत्यत्रोपपत्तिसहितेनकेवलेन च प्रत्यक्षेण न भावरूपमज्ञानं प्रतीयते । यत्तु ज्ञान प्रागभाव विषयत्वेविरोध उक्तः, सहिभावरूपाज्ञानेऽपि तुल्यः । विषयत्वेनाश्रयत्वेन चाज्ञानस्य व्यावर्त्तकतया प्रत्यगर्थः प्रतिपन्नोऽप्रतिपन्नो वा ? प्रतिपन्नश्चेत् तत्स्वरूपज्ञान-निवर्त्त्यं तदज्ञानं तस्मिन् प्रतिपन्ने कथमिवतिष्ठति ? अप्रतिपन्नश्चेत्, व्यावर्त्तकाश्रय विषय

करेगा ? नहीं, यह अपत्ति नहीं आ सकती, कारण यह है कि, समस्त वस्तु ही साक्षी चैतन्य के विषय, तिनमें से कोई ज्ञात रूप, कोई अज्ञातरूप,-विशेष इतना ही मात्र। उसमें भी फिर, जो सब पदार्थ जड़रूप में ज्ञात होके प्रकाशित होता है, तिनके लिये प्रमाण की अपेक्षा रहती है। और, अजड़ स्वरूप आत्मा स्वयं सिद्ध, इसी निमित्त, उनके लिये प्रमाण व्यवहार की अपेक्षा नहीं रहती, सुतरां, सर्वदा ही अज्ञान से पृथक भाव में उनका प्रकाश लाभ संगत होता है। अतएव, युक्ति सिद्ध प्रत्यक्ष-प्रमाण से ही अज्ञान की भाव रूपता प्रतीत तथा प्रमाणित हो रही है।

उक्त अज्ञान पदार्थ की भावरूपता अनुमान से भी सिद्ध-प्रमाणित हो सकता है। सो अनुमान यों-क्यों कि, प्रमाण समुत्पादित ज्ञान से, अप्रकाशित या अविज्ञात विषय प्रकाशित होता है, अतएव ज्ञानोत् पत्ति की पूर्व में उसको प्रागभाव के अतिरिक्त, अथ च, उसको प्रकाश्यविषय को आवरक, तथा उसी से निवारण योग्य, फिर उसी के आश्रय में आश्रित ऐसा कोई वस्तु रहना निश्चय आवश्यक। अर्थात्-ज्ञानोत्पन्न होने के पूर्व में ऐसा एक वस्तु का अस्तित्व मानना चाहिये जो कि उस ज्ञान के विषय को आवृत कर रक्खा था, अथच, वही ज्ञान उसके निवारण में समर्थ, और, वह ज्ञान जिस आत्मा में समुत्पन्न हुवा है, सो भी उसी आत्मा के आश्रित रहा, अधिकन्तु, वह वस्तु फिर ज्ञान का प्रागभाव न हो-उस प्रागभाव से सम्पूर्ण पृथक। अन्धकार में प्रथमोत्पन्न दीप शिखा इसका दृष्टान्त स्थल। यदि कहिये कि, अन्धकार जब, आलोक का अभाव, किम्वा रूप प्रतीति की अभाव के सिवाय और कुछ भी नहीं, तब तो उसका द्रव्यत्व ही असिद्ध, सुतरां अज्ञान का भावत्व अनुमान में, सोइ दृष्टान्त कैसे हो सकता ? हाँ-सो कहा जाता है,-अन्धकार की जब, गाढ़ता अल्पतादि अवस्था तथा नील रूप का सम्बन्ध भी परिलक्षित होती है, तब निश्चय वह भी एक पृथक द्रव्य, अतएव, उक्त सिद्धान्त भी निर्दोष॥ ६६।

नित्य मुक्त-स्वप्रकाश चैत-यैकस्वरूपस्य ब्रह्मणोऽज्ञानानुभवश्च न सम्भवति; स्वानुभवस्वरूपत्वात्। स्वानुभवस्वरूपमपि तिरोहितस्वरूपं अज्ञानमनुभवतीति चेत्; किमिदं तिरोहितस्वरूपत्वम्? अप्रकाशित स्वरूपत्वमिति चेत्; स्वानुभवस्वरूपस्यकथमप्रकाशित स्वरूपत्वम्। स्वानुभवस्वरूपस्याप्यन्यतोऽप्रकाशितस्वरूपत्वमापद्यतइति चेत्; एवं तर्हि प्रकाशाख्य-धर्म्मानभ्युपगमेन प्रकाशस्यैवस्वरूपत्वादन्यतः स्वरूप नाशएवस्यादिति पूर्व्वमेवोक्तम्।

किञ्च ब्रह्म स्वरूप-तिरोधान हेतुभूतम् एतदज्ञानं स्वयमनुभूतं सत् ब्रह्म तिरस्करोति; ब्रह्म तिरस्कृत्य स्वयं तदनुभव-विषयो भवतीत्यन्योन्याश्रयणम्। अनुभूत-

---

का विरोध नहीं'। अच्छी वात, तब तो ज्ञान-प्रागभाव रूपी अज्ञान सो भी विशुद्ध आत्म स्वरूप विषयक और, उक्त प्रकार आश्रय और विषय रूप में जो आत्मा का ज्ञान सो विशुद्ध आत्म विषयक नहीं, इसी कारण से उक्त प्रकार आत्मज्ञान रहते हुये भी, अप्रागभाव रूपी अज्ञान विनष्ट होता है। अतएव अज्ञान का भावत्व साधन में आपका अनुराग के सिवाय उभय के बीच में और कोई वैलक्षण्य देख नहीं पड़ता। विशेषतः, अज्ञान को भाव स्वरूप कहने से भी वह जब अ-ज्ञान, -'ज्ञान नहीं' करके ही समझना पड़ता, तब प्रागभाव के न्याय उसमें भी पूर्वोक्त सापेक्षत्व दोष अव्याहत ही रही। देखा जाय,- अज्ञान-क्या ज्ञान का अभाव? अथवा, ज्ञान से पृथक्-और कुछ? किम्वा ज्ञान विरोधी? इन तीनों पक्ष पर, प्रथमतः ज्ञान का स्वरूप ज्ञान रहना आवश्यक। यद्यपि, अन्धकार की प्रतीति में प्रकाश ज्ञान की अपेक्षा नहीं है-सो सत्य ही है तथापि अन्धकार को जब 'प्रकाश विरोधी' रूप में जानना पड़ता है, तत्काल में भी तो प्रकाश प्रतीति की भी निश्चय ई अपेक्षा रहती है। विशेषतः आपका अभिप्रेत अज्ञान तो कहीं भी (आत्म सम्बन्ध व्यतिरेक से) सिद्ध या प्रतीति नहीं हो सकते, परन्तु, अज्ञान 'ज्ञान नहीं' इत्याकार ही सिद्ध-होती है। अतएव ज्ञानाभाव पक्ष के न्याय, इस पक्ष में भी, सापेक्षत्व दोष समान। विशेषः आप भी जब अन्यत्र प्रागभाव-पदार्थ मानते हैं, तथा च, वह प्रतीति सिद्ध भी, तब, 'हम अज्ञानी, हम हमको तथा अपर को भी नहीं जानते' इत्यादि मौकों पर, वही उभय समस्त प्रागभाव स्वीकार करना ही न्याय्य है।

मेव तिरस्करोतीति चेत्; यद्यतिरोहित स्वरूपमेव ब्रह्म अज्ञानमनुभवति, तद्वाति-रोधान-कल्पना निष्प्रयोजनास्यात्। अज्ञान स्वरूप-कल्पना च; ब्रह्मणोऽज्ञानदर्शनवत् अज्ञान कार्य्यतयाऽभिमतप्रपञ्च दर्शनस्यैव सम्भवात्।

किञ्च ब्रह्मणोऽज्ञानानुभवः किंस्वतः? अन्यतो वा? स्वतश्चेत्; अज्ञानानुभवस्य स्वरूपप्रयुक्तत्वेनानिर्म्मोक्षः स्यात्। अनुभूतिस्वरूपस्य ब्रह्मणोऽज्ञानानुभव स्वरूपत्वेन मिथ्यारजत वाधक ज्ञानेन रजतानुभवस्यापि निवृत्तिवन्निवर्त्तक ज्ञानेना ज्ञानानुभूतिरूप-ब्रह्मस्वरूप निवृत्तिर्व्वा। अन्यतश्चेत; किं तदन्यत्? अज्ञानान्तरमिति चेत्; अनवस्थास्यात्। ब्रह्म तिरस्कृत्यैव स्वयमनुभवविषयो भवतीति चेत्; तथा सति इदमज्ञानं काचादिवत् स्वसत्तया ब्रह्मतिरस्करोतीति ज्ञान-वाध्यत्वमज्ञानस्य न स्यात्॥ १००॥

और भी एक बात, नित्य मुक्त, मात्र प्रकाश स्वभाव, चेतन्य स्वरूप ब्रह्म के पक्ष पर (के लिये) उक्त प्रकार अज्ञानानुभव कभी सम्भव पर नहीं। कारण- ब्रह्म पदार्थ स्वीय अनुभव स्वरूप। यदि कहा जाय कि ब्रह्म स्वानुभव रूपी होते हुये भी, जब, उनकी प्रकाश स्वभाव ढकी जाती है तभी अज्ञान अनुभव करते हैं। इसमें भी पूँछ लेना चाहिये कि इस 'ढक जाना' (स्वरूप तिरोधान) की क्या आशय? अगर, 'स्वरूप-अप्रकाशित' को ही स्वरूप तिरोधान कहा जाय, तो-जो स्वयं ही अनुभव आत्मक स्वरूप, उनको फिर स्वरूप आवरण सो कैसा? इसमें भी यदि कहा जाय कि, आत्मा स्वयं अनुभव स्वरूप होते हुये भी, अपर वस्तु से उसका स्वरूप आवृत होती है। भली बात, तब तो आप की बात से (मत में) प्रकाश जब आत्मा की धर्म ही नहीं, परन्तु प्रकाश आत्मा की ही स्वरूप, उसी प्रकाश का तिरोधान जब अपर किसी से हो सकता, तब तो, प्रकारान्तर से आत्मा का ही बिनाश मानना पड़ा, सो यह बात पहिले ही कही जा चुकी।

और, ब्रह्म का स्वरूप तिरोधायक यह अज्ञान स्वयं अनुभूत न होके, कब भी ब्रह्म स्वरूप को आवृत नहीं कर सकते। और ब्रह्म का स्वरूप समाच्छादन न करके, अपने आप अनुभव का विषय नहीं हो सकते। अतएव, स्वरूप तिरोधान तथा अज्ञानानुभव, परस्पर अपेक्षित होने से अन्योन्याश्रय दोष उपस्थित होता है। यदि कहिये कि, अज्ञान पहिले ही

अथेदमज्ञानं स्वयमनादि, ब्रह्मणः स्वसाक्षित्वं ब्रह्मस्वरूपतिरस्कृतिञ्च युगपदेव करोति । अतो नानवस्थादयो दोषा इति, नैतत् । स्वानुभव स्वरूपस्य ब्रह्मणः स्वरूप तिरस्कृतिमन्तरेण साक्षित्वापादनायोगात् । हेत्वन्तरेण तिरस्कृतमिति चेत्; तर्हि अस्यानादित्वमत्यपास्तम् । अनवस्था च पूर्व्वोक्ता । अतिरस्कृतस्वरूपस्यैव साक्षित्वापादने ब्रह्मणः स्वानुभवैकतानता च न स्यात् ।

अनुभूत होता है, तत्पश्चात, वही अनुभूत अज्ञान ही ब्रह्म-स्वरूप को आवृत करता है, सो ऐसे में भी, अज्ञान द्वारा ब्रह्म-स्वरूप-तिरोधान-कल्पना का कोई प्रयोजन नहीं। अधिक की क्या बात है-अज्ञान कल्पना की भी कोई आवश्यकता नहीं । क्यों कि, ब्रह्म, विना आवरण से, अज्ञान को जैसे अनुभव कर सकते, जगत् प्रपञ्च को भी, वैसे ही अज्ञान कार्य्य करके अनुभव कर सकते-सो असम्भव नहीं और, ब्रह्म जो, अज्ञान अनुभव, करते हैं, सो क्या उनके स्वाभाविक अनुभव, या अपर सहायता से ? जो तो स्वाभाविक हो, तब तो चिरकाल के लिये अज्ञान अनुभव हो सकता-मुक्ति की सम्भावना कभी नहीं हो सकती। विशेषतः ब्रह्म स्वयं ज्ञान स्वरूप होते हुये भी जब, अज्ञानानुभव रूप से ही प्रतीत होते हैं, तब 'शुक्ति रजत' में मिथ्या रजत् का बाधक शुक्तिज्ञान द्वारा जैसे मिथ्या रजत् का अनुभव भी बाधित हो जाता है, ठीक उसी रूप से अज्ञान निवर्तक तत्वज्ञानद्वारा अज्ञान के साथ तदनुरूपी ब्रह्म की भी निवृत्ति या बाधा हो सकती । और यदि कहा जाय कि, ब्रह्म से अज्ञानानुभव नहीं होता है-और वस्तु से होता है, तो भी, पूँछना चाहिये कि, वह और वस्तु सो क्या है ? यदि उसको अज्ञानान्तर कहा जाय, तो अनवस्था दोष आ पड़ती, क्यों कि, इस अज्ञानानुभव में जैसे ज्ञानान्तर का प्रयोजन, उस अज्ञान का अनुभव में भी उक्त-रूप ज्ञानान्तर का प्रयोजन-इत्यादि रूप में अनवरत अज्ञान की कल्पना करनी पड़ेगी। फिर, यदि कहिये कि, अज्ञान, ब्रह्म को आवृत करके पीछे से अनुभव का विषय होता है-पहिले अनुभूत होकर पीछे ब्रह्म को आवृत करती है सो नहीं, सो, इसमें भी समझना चाहिये कि, काचादि रोग जैसे चक्षु आवृत करके दर्शन शक्ति विलुप्त कर देता है, अज्ञान भी वैसे ही ब्रह्म में रह कर उनको स्वप्रकाशता को ढक लेता है। ऐसा होने में, काचादि रोग, जैसे केवल ज्ञानद्वारा बाधित नहीं होता, तैसे ही ब्रह्म-निष्ट अज्ञान भी मात्रज्ञान से बाधित-निवारित नहीं हो सकता। १०० ॥

अपिच, अविद्यया ब्रह्मणि तिरोहिते तद् ब्रह्म न किञ्चिदपि प्रकाशते ? उत किञ्चित् प्रकाशते ? पूर्व्वस्मिन्कल्पे प्रकाशमात्रस्वरूपस्य ब्रह्मणोऽप्रकाशे तुच्छतापत्तिरसकृदुक्ता। उत्तरस्मिन् कल्पे सच्चिदानन्दैरसे ब्रह्मणि कोऽयमंशस्तिरस्क्रियते ? को वा प्रकाशते ? निरंशे निर्व्विशेषे प्रकाशमात्रे वस्तुन्याकारद्वयासम्भवेन तिरस्कारः प्रकाशश्च युगपत् न संगच्छेते।

अथ सच्चिदानन्दैक रसं ब्रह्म विद्यया तिरोहितस्वरूपमविशदमिवलक्ष्यइति; स्वप्रकाशमात्रस्वरूपस्या विशदता अविशदता वा किं रूपा ? एतदुक्तम्भवति, यः सांशः सविशेषः प्रकाशविषयः, तस्य सकलावभासो विशदावभासः, कतिपयविशेष रहितावभासश्च अविशदावभासः। तत्र य आकारोऽप्रतिपन्नः, तस्मिन्नंशे प्रकाशाभावादेव प्रकाशावैशद्यं न विद्यते। यश्चांशःप्रतिपन्नःतस्मिन्नंशे तद्विषयप्रकाशोविशदएव। अतः सर्व्वत्र प्रकाशांशेऽवैशद्यं न सम्भवति। विषयेऽपि स्वरूपे प्रतीयमाने तद्गत-कतिपय विशेषाप्रतीतिरेवावैशद्यम्; तस्मादविषये निर्व्विशेषे प्रकाशमात्रे ब्रह्मणिस्वरूपे प्रकाशमाने कतिपय-विशेषाप्रतिपत्ति रूपावैशद्यं नाम अज्ञान-कार्य्यं न सम्भवतीति। अपिच, इदमविद्या-कार्य्यमवैशद्यं तत्वज्ञानोदयान्निवर्त्तते न वा ? अनिवृत्तावपवर्गाभावः, निवृत्तौ च वस्तु किं रूपमिति विवेचनीयम्। विशदस्वरूपमिति चेत्; तद्विशद स्वरूपं प्रागस्ति वा न वा ? अस्ति चेत्, अविद्या कार्य्यमवैशद्यं तन्निवृत्तश्च न स्याताम्। नो चेत् मोक्षस्य कार्य्यतयाऽनित्यता स्यात्। अस्याज्ञानस्याश्रयानिरूपणादेवासम्भवः पूर्व्वमेवोक्तः। अपि च अपरमार्थदोष-मूलभ्रमवादिना निरधिष्ठानभ्रमासम्भवोऽपि दुरूपपादः, भ्रमहेतुभूतदोष-दोषाश्रयत्ववत् अधिष्ठानापारमार्थ्येऽपि भ्रमोपपत्तेः। ततश्च सर्व्वशून्यत्वमेवस्यात्॥ १०१॥

यदि यों कहा जाय कि, यह अज्ञान स्वयं अनादि सिद्ध सोई अज्ञान एक ही समय में, ब्रह्म का साक्षित्व तथा ब्रह्म-स्वरूप-तिरस्कृति, दोनों को सम्पादन करता है। अतएव, इसमें फिर पूर्वोक्त अनवस्था दोष का सम्भावना नहीं रहती। नहीं,- यह भी ठीक नहीं है। ब्रह्म जब स्वयं अनुभूति स्वरूप तब, पहिले स्वरूप समाच्छादन व्यतीत, साक्षित्व हो ही

नहीं सकते । यदि कहिये कि अपर कोई कारण से स्वरूप आवृत होता है-अज्ञान से नहीं सो उसमें भी, अज्ञान का अनादित्व कल्पना परित्यक्त हो पड़ेगी । इसमें जो अनवस्था दोष-सो पहिले ही कहा गया। विशेषतः, ब्रह्म स्वयं अज्ञानावृत न होके भी, यदि अज्ञान की साक्षी होते, तब तो, उनको केवल मात्र स्वानुभव रूपता सिद्ध न हो पाती ।

और भी एक बात पूँछी जाती है कि, अविद्या तिरोहित ब्रह्म में कुछ भी प्रकाश रहता है या नहीं ? सो, प्रकाश ही जब उनका मात्र स्वरूप, तब फिर, वह प्रकाश ही जब न रहा तब उनमें रहा क्या-तब तो ब्रह्म तुच्छ ही हो पड़ा । और, कियत् परिमाण-प्रकाश को होने में यह जिज्ञास्य है कि, सत्, चित्, आनन्दमय ब्रह्म का कौन अंश अप्रकाशित और कौन अंश प्रकाशित रहता है ? विशेषतः अंश हीन निर्विशेष, एक मात्र प्रकाशात्मक ब्रह्म में जब दो भाव रह ही नहीं सकते तब, एक ही दम प्रकाश और अप्रकाश-दोनों धर्मों की अवस्थिति कभी संगत नहीं ।

यदि कहिये कि, ब्रह्म सच्चिदानन्दमय होते हुये भी, अविद्या से उनका स्वरूप ढक जाता है, इसी से उनका अविशद रूप मालूम होता है । किन्तु, प्रकाश ही मात्र जिनका स्वरूप तिनकी विशदता या अविशदता-सो कैसी ? अभिप्राय यह है कि, जो पदार्थ अंश युक्त, सविशेष तथा अपर प्रकाश के वशीभूत, उसको जो सम्पूर्ण प्रकाश सोई विशदता, और कुछ अंश विशेष का प्रकाश सोई अविशदता । तिसमें जो अंश, ज्ञान के वशीभूत न हो, सो अंश प्रकाश न रहने से निर्मल प्रकाश नहीं रहता, और जो अंश ज्ञान गोचर होता है उस अंश का प्रकाश स्वत ही विशद रूप, अतएव कहीं भी प्रकाशांश की अविशदता सम्भव पर नहीं । कोई वस्तु का स्वरूप प्रतीति का विषय होते हुये भी तद्गत कुछ कुछ विशेष विशेष अंश प्रतीतिगम्य न होने से उसका प्रकाश या प्रतीति को अविशद कहा जाता है । अतएव, इन्द्रिय का अविषय, निर्विशेष अथ च मात्र-प्रकाशमय ब्रह्म जब स्वयं ही प्रकाशमान, तब, तद्गत कतिपय विशेष अंश की अप्रतीति में अज्ञान जनित अविशदता की सम्भावना कभी नहीं हो सकती है ।

अपि च, अविद्या-समुद्भूत उस अविशदता तत्वज्ञानोदय से निवृत्त हो सकती या नहीं ? निवृत्त न होने से अपवर्ग-मुक्ति नहीं हो सकती । और, जो तो, तत्वज्ञान से निवृत्त हो, तो भी, वस्तु का प्रवृत स्वरूप-सो किस प्रकार सो विवेचन योग्य । यदि विशदता

यदुक्तम्; अनुमाने नापि भावरूपमज्ञानं सिध्यतीति; तदयुक्तम्; अनुमाना-सम्भवात्। ननु उक्तमनुमानम्। सत्यमुक्तम्, दुरुक्तं तु तत्; अज्ञानेऽप्यनभिमता-ज्ञानान्तर-साधनेन विरुद्धत्वाद् हेतोः। तत्र अज्ञानान्तरासाधने हेतोरनैकान्त्यं, साधने च तदज्ञानमज्ञानसाक्षित्वं निवारयति ततश्चाज्ञन कल्पना निष्फला स्यात्।

समर्थित हुये हैं सोई यह छान्दोग्य और तैत्तिरीय श्रुतियों से स्मरण कराये गये है। यथा- 'हम जीव आत्मारूप से भूतत्रय के अन्तर में प्रविष्ट होकर नाम तथा रूप को प्रकट करेंगे' । इति। और 'उन्होंने उन सब को सृष्टि करके उन्हींमें प्रवेश किये तथा उनमें प्रविष्ट होकर सत् और त्यत् होते भये। विज्ञान तथा अविज्ञान और सत्य तथा अनृत स्वरूप होते भये' । इति। यहां पर-'तन्मध्य में प्रवेश पूर्वक सत् तथा त्यत्-रूप-धारण और विज्ञान तथा अविज्ञान रूप में आत्म-प्रकटन' के उल्लेख से जाना जाता है-'इस जीवरूप से प्रविष्ट होकर इस श्रुति में भी ठीक वही अर्थ उक्त भया है', अतएव समझ लेना चाहिये कि जीव का जो ब्रह्म-भाव अभिहित भया है, जीव तथा ब्रह्म के शरीर शरीरी भाव ही, उसमें मात्र कारणरूप है, न-चेत् उभय श्रुति की एकार्थता नहीं रह जायगी। और, उस समय पर यह जगत् अव्याकृत भाव में-सूक्ष्मावस्था में रहा, अनन्तर वही नामरूप में अभिव्यक्त भया'। इसमें भी वही नाम-रूप में अभिव्यक्ति की बात ही, स्पष्ट करके कही गई है। अतएव, ज्ञातव्य यह है कि, कार्य रूप से या कारणरूपने-स्थल-सूक्ष्म तथा चेतनाचेतन वस्तु समूह, परम पुरुष-परमेश्वर ही के शरीर। कार्य कभी भी कारण से भिन्न नहीं है। तभी, कारण स्वरूप भगवान को जाननेसे ही तत् कार्य-रूप समस्त जगत् भी जाना जा सकता,सुतरां,एक विज्ञान से सर्व विज्ञान-जो अभिलषित, सो भी सम्पूर्ण रूप से उपपन्न या समर्थित होता है। 'अहम् इमा:'-इत्यादि श्रुति 'तिस्रो देवता:' इत्यादि-द्वारा समस्त जड़ पदार्थों को निर्देश करके, उसीसे फिर स्वस्वरूप जीव के अनुप्रवेश से नाम तथा रूप की अभिव्यक्ति किये हैं। इसे समझना चाहिये कि, वाचक या अर्थ बोधक शब्द मात्र ही, चाहे किसी प्रकार से हो, निश्चय करके परमात्मा को समझाता है। अतएव, कारणावस्थापन्न परमात्म-बोधक शब्दों का (तत् प्रभृति.) पदों के साथ, कार्यवस्था बोधक शब्दों का (जीव बोधक 'त्वम्' प्रभृति पदों के) सामानाधिकरण्य या अभेदोक्ति अबाध रूप से उपपन्न होता है। अतएव, समझना चाहिये कि, स्थूल, सूक्ष्म तथा चित् जड़ात्मक समस्त जगत् ही ब्रह्म के प्रकार-धर्म-अवस्था विशेष ब्रह्म स्वयं ही-कार्य कारण स्वरूप और इस जगत् के उपादान कारण रूप से विराज रहे हैं। अतएव, सूक्ष्म ही हो या चेतन ही हो या अचेतन ही हो, सो समस्त ही ब्रह्म के शरीर तथा ब्रह्म ही उन सबके कारण, और कुछ भी कारण नहीं ।

निर्गुण वादाश्च परस्य ब्रह्मणो हेयगुणासम्भवादुपपद्यन्ते । अप हतपाप्मा विजरोविमृत्युर्विशोकोऽविजि घत्सोऽपिपासः'-इति हेय गुणानप्रतिषिध्य,'सत्य कामः सत्य संकल्पः' इति कल्याण गुणान् विदधतीयं श्रुति रेवान्यत्र सामान्येनावगतं गुणनिषेधं हेयगुणविषयं व्यवस्थापयति ॥

ज्ञान स्वरूपं ब्रह्मेतिवादश्च सर्व्वज्ञस्य सर्व्व शक्तेरखिल हेयप्रत्यनीक

(शंका-तवतो-उभय के धर्म उभय में संक्रमित हो शक्ते) समन्वय-परमार्थ दृष्टिसे ब्रह्म जगत के उपादान होते हुये भी प्रकृत पक्ष में संघात या चेतना चेतन समष्टि ही जगत के उपादान; तभी, चेतना चेतन तथा ब्रह्म के बीच में, स्व स्व स्वभाव परस्पर में संक्रमित नहीं होता है। जैसे, नानारं से रंगे हुये वस्त्र शुक्ल कृष्ण तथा रक्त वर्णसूत्र से निर्मित होते हुये भी, वस्त्र का विभिन्न अंश ही में शुक्लादि वर्णो के सम्बन्ध दृष्ट होता है, किन्तु, वस्त्र के सर्वांश में सर्व वर्णो का सक्रमण नहीं होता है। वैसे ही, चेतन अचेतन तथा ईश्वर-एतत समष्टि जगत के उपादान होते हुये भी, जगत् में भोक्तृत्व भोग्यत्व तथा नियन्त्रित्व प्रभृति धर्मों के परस्पर में संक्रमित नहीं होता है-तब भो विशेष इतना ही है-वस्त्र के उपादान-तन्तु समूह पृपक् रहता है-रह शक्ता है, कर्ता के इच्छानुसार समय विशेष पर संहत होता है; अत एव वह तन्तु, समूह कारणावस्था तथा कर्यावस्था उभय भाव में ही अवस्थान करता है। किन्तु, इसमें-चेतन तथा अचेतन वस्तु समूह, चाहे जब जिस अवस्था में हो, सर्वदा ही परमपुरुष के शरीर स्थानीय, सुतरां, उन्ही के (आपही के) धर्म रूप से सत्र सर्वदा अस्तितत्र लाभ करता है, ताते ही, वही चेतना चेतन शरीर-सम्पन्न परम पुरुष-परमात्मा चिरकाल के लिये 'सर्व' शब्द से अभिधान योग्य। लेकिन, 'स्वभाव' स्व स्व धर्मों के प्रभेद तथा उन सबके परस्पर में संमिश्रण न होना, तहाँ तथा यहाँ (तन्तु-पट, चेतना चेतन ब्रह्म में) बराबर है-कुछ भी बिशेष नहीं। इस प्रकार सिद्धान्त के साथ कार्य भूत जगत के अनुप्रवेश में भी ब्रह्म के अविकृत भाव से अवस्थिति सो सम्यक रूप से उपपन्न-संगत-हो शक्ता है। क्योंकि, उस प्रवेश से कुछ भी उनके स्वरूप का अन्यथाभाव या बिकार नहीं घटता (होता) है। और, वह जब, स्थूलावस्थायुक्त तथा नाम-रूप-कृत विभयासम्पन्न,-चेतन तथा अचेतन मय-जगत की आत्मारूप में अवस्थित, तब, तदभिन्न भावसे उनके कार्यावस्था भी सम्यक रूप से संगत है; क्योंकि, अवस्थान्तर प्राप्ति के नाम ही कार्यत्व ॥ ११५ ॥

कल्याण गुणाकरस्य ब्रह्मणः स्वरूपं विज्ञानैक निरूपणीयं स्वप्रकाशतया ज्ञानस्वरूपञ्चेत्यभ्युपगमादुपपन्नतरः। 'यः सर्व्वज्ञः सर्व्ववित्'। मुण्डः-१-१-६। 'परास्य शक्तिर्विविधैव श्रूयते स्वाभाविको ज्ञान बलक्रियाच'। श्वेता-६-८। 'विज्ञातारमरे केनविजानीयात्'-वृहदाः-६-५-१५। इत्यादिका ज्ञातृत्वम् आवेदयन्ति; 'सत्यं ज्ञानम्'-तैत्ति--१--१। इत्यादिकाश्च ज्ञानैकनिरूपणीयतया स्वप्रकाशतया च ज्ञान स्वरूपताम्।

'सोऽकामयत-बहुस्याम्'। तैत्ति-६-२। 'तदैक्षत-बहुस्याम्'। छान्दो-६-२-३ 'तन्नामरूपाभ्यां व्याक्रियत' वृहदा-३-४-७। इति ब्रह्मैव स्वसंकल्पात् विचित्र स्थिर-चरस्वरूपतया नानाप्रकारमवस्थितमिति तत् प्रत्यनीका ब्रह्मात्मक--वस्तु नानात्वमतत्वमिति तत् प्रतिषिध्यते,--'मृत्योः स मृत्युमाप्नोति य इह नानेव पश्यति नेह नानास्ति किञ्चन'--कठ--४।१०--११। 'यत्रहि द्वैतमिव भवति तदितर इतरम्पश्यति। यत्रत्वस्य सर्व्वमात्मैवाभूत्, तत् केन कंपश्येत्, तत् केन कं विजानीयात्'- वृहदा-४--४--१४। इत्यादिना। 'न पुनः बहुस्यां प्रजायेय' इत्यादि श्रुति सिद्ध' स्वसंकल्पकृतं ब्रह्मणो नानानामरूपभाक्त्वेन नानाप्रकारत्वमपिनिषिध्यते। 'यत्र त्वस्य सर्व्वमात्मैवाभूत्' इति निषेधवाक्यादौ च तत् स्थापितम्। 'सर्व्वं तं परादात् योऽन्यत्रात्मनः सर्व्वंवेद'-वृहदा--४--४६। 'तस्य ह वाएतस्य महतो भूतस्य निःश्वसितमेतत् यत् ऋग्वेदो यजुर्व्वेदः'-सुबाल--२-वृहदा-४-४-१०। इत्यादि एवं चिदचिदीश्वराणां स्वरूप भेदं स्वभावभेदञ्च वदन्तीनां कार्य्य कारण भावं कार्य्यकारणयो रनन्यत्वं वदन्तीनां च सर्व्वासां श्रुतीनामविरोधः, चिदचितोः परमात्मनश्च सर्व्वदा शरीरात्मभावम्, शरीरभूतयोः कारण दशायां नाम रूप विभागानर्ह सूक्ष्मदशापत्तिम्, कार्य्यदशायाञ्च तदर्हस्थूलदशापत्तिं वदन्तीभिः श्रुतिभिरेव ज्ञायते, इति ब्रह्माज्ञानवादस्यौपाधिक ब्रह्म-भेदवादस्यान्यस्याप्यपन्यायमूलस्य सकल श्रुति विरुद्धस्य न कथञ्चिदप्यवकाशोदृश्यते। चिदचिदीश्वराणां पृथक् स्वभावतया तत् तत् श्रुति सिद्धानां शरीरात्म भावेन प्रकार--प्रकारितया श्रुतिभिरेव प्रतिपन्नानां श्रुत्यन्तरेण कार्य्यकारणभाव प्रतिपादनं कार्य्य कारणयो रैक्य प्रतिपादनञ्च ह्यवि-

रुद्धमिति सिद्धम् । यथा--आग्नेयादीन् षड्यागानुत्पत्तिवाक्यैः पृथगुत्पन्नान्समुदायानुवादिवाक्यद्वयेन समुदायद्वयत्वमापन्नान् 'दर्शपूर्णमासाभ्याम्'--कात्यायन श्रौत सू० ४-२।४७ इति अधिकार वाक्यं कामिनः कर्त्तव्यतयाविदधाति; तथा चिदचिदीश्वरान् विविक्तस्वरूप स्वभावान् 'क्षरंप्रधानममृताक्षरं हरः, क्षरात्मानावीशतेदेव एकः'-श्वेता-१-१० । प्रधान क्षेत्रज्ञ पतिर्गुणेशः' 'पति विश्वस्यात्मेश्वरम् ; आत्मा नारायणः परः' । नारायण ११-३-४ । इत्यादि वाक्यैः पृथक् प्रतिपाद्य-'यस्य पृथिवी शरीरं, यस्यात्मा शरीरं यस्याव्यक्तं शरीरं, यस्याक्षरं शरीरम्, एष सर्व्वभूतान्तरात्मा अपहतपाप्मा दिव्योदेव एको नारायणः'-सुवाल ७ । इत्यादिभिर्व्वाक्यैश्चिदचितोः सर्व्वावस्था वस्थितयोः परमात्म शरीरतां परमात्मन स्तदात्मतां च प्रतिपाद्य शरीरभूतपरमात्माभिधायिभिः सद्ब्रह्मात्मादिशब्दैः कारणावस्थः कार्य्यावस्थश्च परमात्मैक एवेति पृथक् प्रतिपन्नं वस्तुत्रितयं 'सदेव सोम्येदमग्र आसीत्' । 'एतदात्म्यमिदं सर्व्वं', 'सर्व्वं खल्विदं ब्रह्म' इत्यादि वाक्यं प्रतिपादयति । चिदचिद्वस्तुशरीरिणः परमात्मनः परमात्मशब्देनाभिधानेहि नास्तिविरोधः; यथा मनुष्य पिण्ड शरीरकस्यात्मविशेषस्य 'अयमात्मासुखी' इत्यात्मशब्देनाभिधाने; इत्यलामतिविस्तरेण ॥ ११६ ॥

निर्गुणवाद निरसन--शास्त्रों में जो ब्रह्म को निर्गुण कहा गया, हेय गुणों के असद्भाव निबन्धन सो भी उपपन्न होता है। (आप) 'वह निष्पाप तथा जरा, मरण, शोक, क्षुधा और पिपासारहित' यह श्रुति उनके बारे मे हेय-गुणों का प्रतिषेध करके उनमे सत्यकाम, सत्य-संकल्प प्रभृति कल्याण मय गुणों का विधान करिके स्वयं कहि रहे हैं-यद्यपि ब्रह्म के 'निर्गुणत्ववाद' साधारण-भाव से कहा गया है--सो सत्य ही है, तथापि, उसी से जो, ब्रह्म गत समस्त गुणों के ही अभाव- अभिहित होता है सो नहीं,--परन्तु, जगत् मे जो सब गुण हेय--निकृष्ट करके प्रसिद्ध, केवल उन्हीं सबके प्रत्याख्यान किये गये । (अत एव, निर्गुणत्व बाधक श्रुतियों से ब्रह्म के निर्गुणत्व निर्णीत नहीं होता हैं ।)

ब्रह्म के ज्ञान-रूपता-निरसन--और, जिन श्रुतियां से ब्रह्म को ज्ञानस्वरूप करके निर्देश किये गये, उसमें भी कारण यह पड़ा है कि, -ब्रह्म स्वाभाविक ही सर्वज्ञ, सर्व शक्ति तथा

मंगलमय-समस्त गुणों के आश्रय शिवायज्ञान के--औरो उपायों से उनके स्वरूप को निर्देश नहीं किया जा शक्ता और, ज्ञान जैसे स्वयं प्रकाशमान, वे भी वैसे ही स्वप्रकाश--इन उभय कारणों से उनको 'ज्ञानस्वरूप' कहा जाता है--किन्तु 'ज्ञान-रूपी' करके नहीं। अतएव ज्ञान स्वरूपत्व -बोधक श्रुतियाँ सो भी विरुद्ध नहीं-वरं, संगत ही है। क्योंकि, 'जो सर्वज्ञ तथा सर्ववेत्ता', 'इनके नाना बिध परा शक्ति तथा सहज--सिद्ध ज्ञानवल और क्रियादिक सुने जाते है'। 'अरे मैत्रेयि, विज्ञाता परमेश्वर को किससे जानोगे'-इत्यादि श्रुतियों ने उनके ज्ञातृत्वहीकोज्ञापनकर रहे हैं--ज्ञान-रूपत्व को नहीं। और, वह सत्य-तथा ज्ञान-स्वरूप' इत्यादि श्रुतियों ने भी, उनके ज्ञानैक-गम्यत्व तथा स्वप्रकाशत्व निवन्धन ही ज्ञानस्वरूपता को निर्देश कर रहे हैं-(किन्तु ज्ञानरूपता निवन्धन नहीं)।

'वे कामना किये थे-हम वहू होंगे,' 'वे आलोचना किये रहे--हम वहू होंगे।' 'वे नाम रूप से अभिव्यक्त होते भये।' इन श्रुतियों से जाना जाता है कि, एक ही ब्रह्म नाना प्रकार के स्थावर--जंगम रूप से अभिव्यक्त होते भये--नानाप्रकार से अवस्थित होते भये, अतएव, तद्विरूद्ध जो अब्रह्म- भाव से बस्तुगत नानात्वयाभेदप्रतीति--सो सत्य नहीं। निम्नोक्त श्रुतियों से यह ब्रह्मात्मक नानात्व ही निषिद्ध हो रहे हैं। यथा—'जो लोक इनमें नानामत देखता है सो परम्परा रूप से मृत्यु को ही प्राप्त होता है।' 'इनमें भेद कुछ भी नहीं है।' 'जव द्वैत के माफिक होता हे, तभी अपर, अपर को देखता है, किन्तु, जब समस्त वस्तु ही साधक के आत्म स्वरूप हो जाता है, तब फिर वह किससे किसको देखेंगे। किससे किसको जानेंगे ?' इत्यादि। (किन्तु) 'हम वहू होंगे' इत्यादि श्रुति--सिद्ध जो, ब्रह्मके स्वेच्छा सम्पादित, नानाविध नामरूप-घटित नानान रूप, उक्त श्रुतियों से जो उसका प्रतिषेध, सो नहीं समझना चाहिये। 'जिस अवस्था मे यह सभी, साधक का आत्म स्वरूप होता है, इत्यादि भेद निषेधक वाक्यों के विचार समय 'जो लोक, आत्मा से भिन्न-सर्ववस्तुवों के अस्तित्व को मानता है, सव वस्तु ही उसको प्रतारित करता है, अर्थात् प्रकृत तत्व को समझने नहीं देता है।' यह जो, ऋग्वेद तथा यजुर्वेद-यह वही स्वतः सिद्ध महान् परमेश्वर केनि:श्वासस्वरूप--अर्थात् उनके अयत्न प्रसूत।' इत्यादि वाक्यों से भी उक्त सिद्धान्त व्यवस्थापित या समर्थित भया है।

और, चेतन, अचेतन तथा ईश्वर के स्वरूप और कार्य्य कारणों के अभिन्नत्व वोधक जो श्रुतियां हैं, उनके बीच में, यद्यपि आपाततः विरोध प्रतीत होता है-सो सत्य है; तथापि, चेतन अचेतन और परमात्मा में सर्वदा शरीरात्म सम्बन्ध, परमात्मा के शरीर स्थानीय चेतनाचेतन पदार्थों के कारणावस्था में नामरूप विभाग-विहीन सूक्ष्म दशालाभ, और, कार्यावस्था में नाम रूप विभाग योग्य स्थूल दशा प्राप्ति, तत् प्रतिपादक श्रुतियों से ही उस विरोध के परिहार या मीमांसा सिद्ध हो सकती है। अतएव, 'ब्रह्मज्ञान-वाद' ही हो या 'औपाधिक ब्रह्म भेद-वाद' ही हो अथवा और कोई वाद ही हो, सो समस्त ही अयुक्ति मूलक तथा सर्व श्रुति विरुद्ध, सुतरां, उन वादों की कल्पना का सुयोग कोई भी नहीं देखा जाता;- अभिप्राय-चेतन, अचेतन तथा ईश्वर के स्वभाव जो, विभिन्न प्रकार, सो, यह (सिद्धान्त) श्रुति सिद्ध; और, 'ईश्वर ही आत्मा, चेतनाचेतन-समूह उनके शरीर,'-इस प्रकार के धर्म-धर्मी भाव-वोधक श्रुति समूह से भी समर्थित। सुतरां, अपर श्रुति के अनुसार जो, उनके कार्य कारण-भाव प्रतिपादन तथा कार्य कारण के अभेद-निर्देश सो कभी भी विरुद्ध नहीं हो सकते। यही प्रमाणित होता है। आग्नेय प्रभृति छवों याग जैसे, प्रथमतः पृथक् पृथक् उतपत्ति-वाक्यों से (प्रथम विधायक वाक्यों से) पृथक् पृथक् भाव से विहित होते हुये भी, पश्चात् वह याग समष्टि को, दो वाक्यों से दो भागों में विभक्त किये गये। अवशेष, पूर्व प्रक्रान्त वोधक-'दर्श-पूर्णमासाभ्याम्'-दर्श तथा पूर्णमास नामक यागों को करना-इस वाक्य से, उस समुदय याग को कभी-अभिलाषी पुरुषों के वारे में कर्तव्यरूप से विहित किया गया है। ठीक उसी प्रकार से, प्रधान या प्रकृति ही चर, और, हर ही अमृत अक्षर (हों)। 'केवल यह देवता ही उभय को शासन करते हैं, प्रधान तथा क्षेत्रज्ञ के पति (वही हैं)।' 'विश्व के पति तथा आत्मा के ईश्वर को-।' 'श्री नारायण ही, परमात्मा इत्यादि वाक्यों से चेतन, अचेतन तथा ईश्वर के विभिन्न प्रकार के स्वरूप और स्वभाव को प्रतिपादन करके पश्चात्-पृथिवी जिनके शरीर वही, सर्व भूतों के अन्तरात्मा, सर्वपाप रहित अलौकिक द्योतमान एक नारायण'-इत्यादि वाक्यों से, सर्वावस्थावों में ही, चेतनाचेतन वस्तुओं को परमात्मा के शरीर, तथा, परमात्मा को वही चेतना चेतनात्मक करके प्रतिपादन कर चुके। पूर्व में चेतना चेतन के आत्म-भूत परमात्मा के वोधक-'सत् ब्रह्म तथा आत्मा'-प्रभृति शब्दों से, एक परमात्मा ही के कार्यावस्था तथा कारणावस्थावों के साथ सम्बन्ध को

यत् पुनरिद मुक्तम्, ब्रह्मात्मैकत्वविज्ञानेनैवा विद्यानिवृत्तिर्युक्तेति। तद-युक्तम्; बन्धस्य पारमार्थिकत्वेन ज्ञान निवर्त्यत्वाभावात् पुण्यापुण्य रूपकर्म्म निमित्त देवादि शरीर-प्रवेश-तत्प्रयुक्त सुख-दुःखानुभव रूपस्य बन्धस्य मिथ्यात्वं कथमिव शक्यये वक्तुम्। एवं रूपबन्ध--निवृत्तिर्भक्तिरूपापन्नोपासनप्रीतपरमपुरुष प्रसादलभ्येति पूर्व्वमेवोक्तम्। भवदभिमतस्यैक्यज्ञानस्य यथावस्थित वस्तु-विपरीतविषयस्य मिथ्यारूपत्वेन बन्ध विवृद्धिरेव फलम्भवति। 'मिथ्यैतदन्यद्द्रव्यंहि नैतितद्द्रव्यतां यतः'-श्रीविष्णु पु० '२-१३-२७। इति शास्त्रात 'उत्तमः पुरुषस्त्वन्यः'-श्रीगीताजी-१५-१७। पृथगात्मानम्प्रेरितारञ्चमत्वा' इति श्वेताश्व १। ६ जीवात्मा विसजातीयस्य तदन्तर्य्यामिणो ब्रह्मणो ज्ञानं परम पुरुषार्थलक्षण-मोक्ष-साधनमित्युपदेशाच्च।

अपि च भवदभिमतस्यापि निवर्त्तकज्ञानस्य मिथ्यारूपत्वात् तस्य निवर्त्तकान्तरं मृग्यम्। निर्वर्त्तक ज्ञानमिदं स्वविरोधि सर्व्वं भेदजातं विनिवर्त्य क्षणिकत्वात् स्वयमेव विनश्यतीति चेत्; न, तत् स्वरूप तदुत्पत्तिविनाशानां काल्पनिकत्वेन विनाश तत् कल्पना कल्पकरूपाविद्यायानिर्वर्त्त कान्तरमन्वेषणीयम्। तद्विनाशो ब्रह्मस्वरूपमेवेतिचेत्, तथा सति निर्वर्त्तक ज्ञानोत्पत्तिरेव न स्यात्। तद्विनाशेतिष्ठति तदुत्पत्त्यसम्भवात्।

प्रतिपादन से, जिन वस्तु-त्रय के पृथक् पृथक् सत्तायें प्रतिपादित भये हैं,-'हे सोम्य सृष्टि के पूर्व में यह जगत् परब्रह्म स्वरूप ही रहा,' 'यह समस्त ही यही ब्रह्मात्मक' 'यह समस्त ही ब्रह्म-स्वरूप'-इत्यादि वाक्य समूह केवल वही पृथक् रूप से वर्णित वस्तु त्रय को ही एकीकृत भाव में वर्णन किये हैं-मात्र। चेतना चेतन वस्तु सब परमात्मा के शरीर होते हुये भी, परमात्मा शब्द से उनको (आपको) उल्लेख करने में बाधा कुछ भी नहीं, (क्योंकि) कोइ कोइ आत्मा मनुष्य देह धारण पूर्वक तद्विशिष्ट होते हुये भी-'यह आत्मा सुखी' इत्यादि रूप से शरीर विशिष्ट आत्मा को शरीर से पृथक करके, मात्र आत्म--शब्द से उल्लेख करते देखा जाता है। अतएव-अलमति विस्तरेण। ११६ ॥

अपि च, चिन्मात्र ब्रह्मव्यतिरिक्त कृत्स्ननिषेधविषयज्ञानस्य कोऽयं ज्ञाता ? अध्यासरूप इति चेत्, न तस्य निषेध्यतया निर्वर्त्तकज्ञान कर्म्मत्वात् तत् कर्तृत्वानुपपत्तेः। ब्रह्मस्वरूपमेवेति चेत्; ब्रह्मणोनिर्वर्त्तकज्ञानं प्रतिज्ञातृत्वं किं स्वरूपम् ? उतअध्यस्तं ? अध्यस्तं चेत्; अयमध्यासस्तन्मूलाविद्यान्तरञ्च निर्वर्त्तकज्ञानाविषयतयातिष्ठत्येव। निर्वर्त्तकज्ञानान्तराभ्युपगमे तु तस्यापि त्रिरूपत्वात् ज्ञात्रपेक्षयानवस्था स्यात् ब्रह्मस्वरूपस्यैव ज्ञातृत्वे अस्मदीय एव पक्षः परिगृहीतः स्यात्। निर्वर्त्तक ज्ञान स्वरूपं स्वस्य ज्ञाता च ब्रह्मव्यतिरिक्तत्वेन स्वनिवर्त्यान्तर्गतम्-इति वचनं 'भूतल व्यतिरिक्तं कृत्स्नं देवदत्तेनच्छिन्नम्, इत्येकस्यामेव च्छेदनक्रियामस्य च्छेत्तुरस्याः च्छेदनक्रियायाश्च च्छेद्यानुप्रवेशवचनवदुपहास्यम्। अध्यस्तोज्ञाता स्वनाश हेतु भूत निर्वर्त्तकज्ञाने स्वयंकर्त्ता च न भवति, स्वनाशस्यापुरुषार्थत्वात्। तन्नाशस्य ब्रह्मस्वरूपत्वाभ्युपगमे भेद-तद्दर्शन तन्मूलाविद्यादीनां कल्पनमेव न स्यात्; इत्यलमनेन दिष्ट-हत मुद्गराभिघातेन ॥ ११७ ॥

तस्मादनादिकर्म्म प्रवाहरूपाज्ञानमूलत्वाद् बन्धस्य तन्निवर्हणमुक्तलक्षणज्ञानादेव। तदुत्पत्तिश्च अहरहरनुष्ठीयमान-परमपुरुषाराधन-वेषात्मयाथात्म्यबुद्धिविशेष संस्कृत वर्णाश्रमोचित कर्म्मलभ्या। तत्र केवल कर्म्मणामल्पास्थिर फलत्वम्, अनभिसंहितफल परम पुरुषाराधनवेषाणां कर्म्मणामुपासनात्मक-ज्ञानोत्पत्ति द्वारेण ब्रह्मयाथात्म्यानुभवरूपानन्तस्थिरफलत्वञ्च कर्म्मस्वरूपज्ञानाद् ऋते न ज्ञायते। केवलाकार परित्याग पूर्वक-यथोक्तस्वरूप कर्म्मोपादानञ्च न सम्भवतीति कर्म्म विचारानन्तरं तत एव हेतोर्ब्रह्मविचारः कर्तव्य इति 'अथातः' इत्युक्तम्॥११८

और जो, ब्रह्म तथा आत्मा का एकत्व ज्ञान ही से अविद्या-निवृत्ति की युक्ति कही गयी सो भी, वस्तुतः युक्ति युक्त नहीं है, कारण-बन्धन जब परमार्थिक-मिथ्या नहीं, तब तो, ऐसे ज्ञान मात्र से उसकी निवृत्ति नहीं हो सकती। और, वस्तविक ही, पाप पुण्य मय कर्म बश, जो देवादि शरीरों में प्रवेश तथा उसी के फल से जो, सुख दुःखानुभूति रूप बन्धन सो, मिथ्या-रूप उसको कैसे कही जायगी ? प्रकृत पक्ष में, ऐसी बन्ध-निवृत्ति, मात्र भगवंदाश्रयग्रहण तथा भक्तिपूर्ण उपासना से परितुष्ट-भगवान के अनुग्रह से ही हो सकती है, यह

बात पहिले ही कही गयी है। और, आप (शंकर) के अभिमत एकत्व ज्ञान, जब, अनुभव सिद्ध द्वैतावस्था के वैपरित्य ग्राहक, मिथ्या या असत्य; तब तो, बन्ध निवृत्ति के बदले में विशेष रूप से बन्ध वृद्धि ही हो सकती। क्यों कि शास्त्र में है-'एक वस्तु कभी अपर वस्तुत्व-लाभ नहीं कर सकता।' अतएव, जीव की जो ब्रह्मभावोक्ति सो भी मिथ्या-सत्य नहीं। विशेषतः 'उत्तम पुरुष (जीव से) पृथक्।' 'पृथक् तथा जगत् नियन्ता आत्मा को मनन करके-।' इत्यादि शास्त्रों में, जीवात्मा से भिन्न जातीय तथा उसी का अन्तर्यामी ब्रह्म विषयक ज्ञान को परम पुरुषार्थ-मोक्ष के साधन करके उल्लेख (उपदेश) किये गये हैं।

अपिच, आपके अभिमत जो अज्ञान निवर्तक ज्ञान-(एकत्व ज्ञान), अगर सत्य करके कहा जाय, तो,-सो भी मिथ्या (क्यों कि, बुद्धि विज्ञान मात्र ही जब असत्य), तब फिर, वह निवर्त्तक ज्ञान की निवृत्ति के लिये जो उपायान्तर के अनुसन्धान, सो अवश्यकर्तव्य (नहीं तो वह मिथ्या ज्ञान रह ही जायगा-और उसके रहते हुये मुक्ति कैसे होगी ?) यदि कहा जाय कि, अज्ञान निवर्त्तक यह अभेद ज्ञान, क्षणिक होने के कारण से, स्व-विरोधी समस्त भेद राशि को निवारण करके स्वयं भी विनष्ट हो जाता है (उसके निवारण के लिये फिर उपायान्तर के आवश्यक नहीं होता है।) नहीं यह बात असङ्गत है। क्यों कि, उस निवर्त्तक ज्ञान के स्वरूप, उत्पत्ति और विनाश-यह सभी, जब (आपके मत में) काल्पनिक, तब तो निश्चय-ही उस ज्ञान-विनाश के निमित्त तथा तत् कल्पक अविद्या समुच्छेद के लिये, अपर कोइ निवर्तक पदार्थ के अन्वेषण आवश्यक। पुनः यदि कहिये कि, उक्त अविद्या का विनाश ब्रह्म-स्वरूप ही है (उनसे अतिरिक्त कुछ भी नहीं) तब तो अविद्या निवर्तक ज्ञान की, आदौ, उत्पत्ति ही हो नही सकती, क्योंकि नित्य ब्रह्म रूपी विनाश वर्तमान रहते हुये, तन्निवर्तक ज्ञान की उत्पत्ति सो सम्भव पर नहीं।

और एक बात-चिन्मात्र ब्रह्म भिन्न निखिल पदार्थों के निषेध-विधायक यो ज्ञान होता है, उसके ज्ञाता कौन है ?-अर्थात् उसकी अनुभव--कर्ता कौन है ? यदि, बुद्धि अथवा अविद्या में चैतन्य का अध्यास को ज्ञाता रूप कहा जाय, तो सो असम्भव है, कारण यह है कि, वही जब निषेध्य या प्रत्याख्यान के विषय तब तो, वह, उस निवर्तक ज्ञान के कर्म के सिवाय, कर्ता नहीं हो सकते। और, जो तो, ब्रह्म-स्वरूप को ही ज्ञान--कर्ता करके स्वीकार किया जाय, तो, उसमें जिज्ञास्य यह है कि, अविद्या--निवर्तक--ज्ञान के सम्बन्ध

में ब्रह्म के जो ज्ञातृत्व, सो क्या उनके स्वरूप अथवा अध्यस्त-रूप ?-(अविद्या-कल्पिती)। जो तो, अध्यस्त हो तब तो यह अध्यास तथा अध्यास के मूलकारण रूप जो, और भी एक अविद्या है सो जब उक्त अविद्या-निवारक ज्ञान के विषयीभूत नहीं है तब तो, वह निवारक ज्ञान समुत्पन्न होने से भी उस अध्यास तथा उसके मूल कारण जो अविद्या सो अक्षुण्ण ही रह जायगी। और, जो तो तत निवारणार्थ और एक निवर्तक ज्ञान की सत्ता को अंगीकार किया जाय, तब भी उस ज्ञान को, ज्ञाता, ज्ञान अथवा ज्ञेय इन तीनों के अन्तभुक्त करना पड़ेगा, सुतरां, उसके ज्ञाता के बारे में प्रश्नोत्तर के साथ अनवस्था दोष आय पड़ेगा। और, ब्रह्म स्वरूप को ही ज्ञाता रूप मानने से तो, हम सबके मत ही में आना पड़ा। ब्रह्म को अविद्या निवर्तक ज्ञान स्वरूप तथा तद्विज्ञाता करके स्वीकार करके, उसी को फिर, पृथक भाव में स्वनिवार्य पदार्थ के अन्तर्गत कहना,-सो ठीक 'भूतल व्यतिरिक्त बाकी समस्त ही देवदत्त ने च्छेदन किये हैं'-इस वाक्योक्त एक ही च्छेदन क्रिया में, एक देवदत्त ही के कर्तृत्व तथा च्छेद्यत्व कथन के न्याय उपहास जनक। प्रकृत पक्ष में, एक ही अध्यस्त वस्तु ज्ञाता भी हो तथा स्वयं ही स्वीय समुच्छेदक भी हो-सो कब भी नहीं हो सकता है। क्यों कि आत्म विनाश किसी का अभीष्ट याने पुरुषार्थ रूप नहीं हो सकता। और, उसी अध्यस्त रूप के विनाशक को ब्रह्म स्वरूप-मानने से भी, जागतिक भेद तथा भेद प्रतीति और उनके मूली भूत अविद्या आदि पदार्थों की कल्पना ही नहीं हो सकती। ख़ैर--अब मरे को मारना फजूल है॥ ११७ ॥

अतएव समझना चाहिये--बन्धन जब, अनादि काल-प्रवृत्त कर्म प्रवाह प्रसूत तब तो, पूर्व कथित ज्ञान ही उसके मात्र-निवारक तथा प्रति दिन परम पुरुष भगवान के आराधना से आत्म विषय में यथायत समुत्पन्न बुद्धि से परिशोधित स्वस्व वर्णाश्रमोचित कर्म से ही ज्ञान-लाभ होता है। कर्म के प्रकृत स्वरूप-परिग्रह के विना नहीं जाना जा सकता है कि, फल वासना-रहित, परम पुरुष भगवान के आराधनात्मक कर्म समूह, सो उपासना मय ज्ञान समुत्पादन पूर्वक ब्रह्म-याथार्थ्यानुभूति-स्वरूप अनन्त तथा स्थिर--अविनश्वर फल को समुत्पादन करता है। क्यों कि, प्रथम ही ज्ञान रहित मात्र कर्मों के अनुष्ठान, सो नहीं हो सकेगा। इसी से, धर्म-कर्म विचार के अनन्तर ब्रह्म विचार करना चाहिये। इसी अभिप्राय से सूत्र में 'अथ' तथा 'अतः' शब्दों के प्रयोग होते भये॥ ११८ ॥

अथ सूत्रार्थ योजनारम्भः

तत्र पूर्व्वपक्षवादीमन्यते, वृद्धव्यवहारादन्यत्र शब्दस्य बोधकत्व शक्त्यवधारणासम्भवात्, व्यवहारस्य च कार्य्य बुद्धि पूर्व्वकत्वेन कार्य्यार्थ एव शब्दस्य प्रामाण्यमिति कार्य्यरूप एववेदार्थः । अतो वेदान्ताः परिनिष्पन्ने परे ब्रह्मणि न प्रमाणभावमनुभवितुमर्हन्ति ।

न च, पुत्रजन्मादिसिद्धवस्तु विषय वाक्येषु हर्षहेतूनां कालत्रयवर्त्तिनामर्थानामानन्त्यात सुलभ-सुखप्रसवादि हर्ष हेत्वर्थान्तरोपनिपात-सम्भावनया च प्रियार्थ प्रतिपत्तिनिमित्त-मुखविकाशादिलिंगेनार्थ विशेषबुद्धिहेतुत्वनिश्चयः; नापिव्युत्पन्नेतरपद-विभक्त्यर्थस्य पदान्तरार्थनिश्चयेन वा प्रकृत्यर्थ निश्चयेन वा शब्दस्य सिद्धिवस्त्वाभिधानशक्तिनिश्चयः; ज्ञात कार्य्याभिधायि-पदसमुदायस्य तदंशविशेष निश्चतरूपत्वात् तस्य ।

न च, सर्पाद्भीतस्य 'नायं सर्प रज्जुरेषा' इति शब्दश्रवणसमनन्तरं भय निवृत्ति दर्शनेन सर्पाभाववुधि हेतुत्व निश्चयः । अत्रापि निश्चेष्टं निर्व्विषम् अचेतनमिदं वस्त्वित्याद्यर्थवोधेषु वहुषु भयनिवृत्ति हेतुषु सत्सु विशेष निश्चयायोगात् । कार्य्य वुद्धि-प्रवृत्ति-व्याप्तिवलेन शब्दस्य प्रवर्त्तकार्थाववोधित्वमवगतमिति सर्व्वपदानां कार्य्यपरत्वेन सर्व्वैः पदैः कार्य्यस्यैव विशिष्टस्य प्रतिपादनात् कार्य्यान्वित-स्वार्थ मात्रे पदशक्ति निश्चयः। इष्ट-साधनताबुद्धिस्तु कार्य्यवुद्धिद्वारेणप्रवृत्ति हेतुर्नस्वरूपेण, अतीतानागत वर्त्त मानेष्टोपाय वुद्धिषु प्रवृत्यनुपलब्धेः । 'इष्टोपायोहि मत् प्रयत्नाद् ऋते न सिध्यति, अतो मत् कृतिसाध्यः' इति वुद्धिर्य्यावत् न जायते, तावन्नप्रर्वते । अतः कार्य्य वुद्धिरेव प्रवृत्ति हेतुरिति प्रवर्त्तकस्यैव शब्दवाच्यतया-कार्य्यस्यैव वेद वेद्यत्वात् परिनिष्पन्नरूप ब्रह्मप्राप्ति लक्षणानन्तस्थिरफलाप्रतिपत्ते:, 'अक्षय्यंहवैचातुर्मास्ययाजिनः सुकृतं भवति ।' आपस्तम्ब-श्रौत-सूत्र-२-१-१- इत्यादिभिः कर्म्मणामेव स्थिरफलत्व प्रतिपादनाच्च कर्म्मफलाल्पास्थिरत्व-ब्रह्मज्ञानफलानन्तस्थिरत्व-ज्ञानहेतुको ब्रह्मविद्यारारम्भो न युक्त इति ।। ११६ ।।

इस विषय पर, पूर्वपक्ष वादी (जैमिनि मत वाले) मानते हैं कि, जो कि, वृद्ध व्यवहार व्यतीत, कभी भी कोई शब्द की अर्थ बोधन शक्ति को अवधारणा नहीं की जा सकती और वह वृद्ध व्यवहार भी, जब कार्य्य बुद्धि–दर्शन के विना, सम्पन्न नहीं हो सकता; अतएव, मात्र कार्य रूप अर्थ हीं में -क्रिया प्रतिपादन ही में शब्दों के प्रामाण्य; -वस्तु मात्र बोधनमें प्रामाण्य नहीं है। सुतरां, क्रिया यज्ञादि कर्मानुष्ठान को प्रतिपादन करना ही वेद के मुख्य अर्थ–सो मानना चाहिये। अतएव, परिनिष्पन्न–स्वतः सिद्ध परब्रह्म प्रतिपादक वेदान्त वाक्य समूह, कब भी प्रामाण्य--लाभ नहीं कर सकते।

और यह भी कह नहीं सकते कि, पूर्व-निष्पन्न--पुत्र–जन्मादि बोधक वाक्य, जब, श्रोता के हर्षोत्पादक होता है; तब, ब्रह्म–बोधक 'वेदान्त' के प्रामाण्य में क्या बाध है ? (क्यों कि) बाधा यह है कि-वहाँ भी पूर्व निष्पन्न पुत्र जन्म ही, जो, हर्षोत्पत्ति के कारण सो नहीं; परन्तु भूत भविष्यति तथा वर्तमान काल वर्ती, हर्षोत्पादक अनन्त, या, असंख्य कारणों में से, शुभलग्न, सुख प्रसव तथा, अपरापर नानान सुख--कर विषयों के सम्भावना वश, और, प्रिय-संघटन--सूचक वक्ता का मुख-प्रसन्नतादिकों के दर्शन से निश्चय, याने अवधारण, किया जाता है कि, तात्कालिक प्रतीति विशेष ही उस प्रकार हर्ष–सम्पादन में हेतु। और, जो सब शब्द अव्युत्पन्न--अर्थात् यौगिकार्थ रहित, उन सब शब्द--गत विभक्ति के अर्थ को समझाने में, सन्निहित पदान्तर के अर्थ·निश्चय किम्वा प्रकृति के (विभक्ति युक्त शब्दों के) अर्थ-निश्चय से निर्णित होता है–उसी निमित्त से, जो, शब्दों की सिद्ध वस्तु-बोधन में, शक्ति को अवधारण किया जा सकता है, सो नहीं; क्यों कि, वहाँ पर प्रसिद्ध कार्य्य–बोधक, जो, समस्त पद सोइ, स्वीय अंश विशेष का (विभक्ति का) अर्थ–निश्चय को कर देता है; (सुतरां, इसमें भी अक्रिया बोधक पदोंके प्रामाण्य नहीं सिद्ध हो सकता)

और, सर्प–भीत व्यक्ति का, जो–'यह सर्प नहीं है-रज्जु है'–इस वाक्य को श्रवण के बाद ही भय–निवृत्ति होते देखा जाता है, सो उसमें भी सर्प–भाव बुद्धि ही भय निवृत्ति के हेतु नहीं है। क्यों कि, वहाँ भी 'यह क्रिया–हीन, निर्विष, अचेतन--जड़ मात्र' इत्यादि बहु विध प्रतीति रूप कारणों के होते हुये में से, भय–निवृत्ति में प्रकृति हेतु कौन है सो निरूपण करना असम्भव है। और, शब्द मात्र ही के जब प्रवृत्ति-बोधक रूप से अर्थ बोध-

अत्राभिधीयते, निखिललोक विदित-शब्दार्थ सम्बन्धावधारण प्रकारमप-
नुद्य सर्व्वशब्दानाम् अलौकिकैकार्थावबोधित्वावधारणं प्रामाणिका न बहु मन्यन्ते।

कता अवधारित है, तब तो कार्य्य विषयक-ज्ञान तथा कार्य विषयक--प्रवृत्ति वटित जो अर्थ-वाचकता--नियम तदनुसार ही समझा जाता है कि समस्त शब्द ही कार्य--पर और समस्त पद ही विशेष--विशेष कार्य--प्रतिपादक। अतएव, क्रिया सम्बद्ध अर्थ--प्रतिपादन ही में समस्त शब्दों की शक्ति--(सामर्थ्य) निश्चित हो रही है। —(क्रिया-सम्बन्ध-विहीन अर्थ वाचन में कोई भी पद की शक्ति नहीं ठहर सकता)। और, इष्ट--साधनता ज्ञान जो प्रवृत्ति के कारण होता है सो भी साक्षात् सम्बन्ध में नहीं--परन्तु क्रिया-बद्धि से होता है। अर्थात् यह हमारे इष्ट-अभिप्रेतार्थ साधन में समर्थ, इस विधि से, जहां कोई भी क्रिया--याने कार्या नुष्ठान की प्रतीति रहती है, तहाँ ही पर लोगों की प्रवृत्ति उपज सकती है न चेत्, केवल इष्ट साधनता--ज्ञान मात्र ही प्रवृत्ति (को) ला नहीं सकती। इसी से, अतीत अनागत तथा वर्तमान (के) जितने इष्ट साधनायें हैं, तद्विषयक ज्ञान के होते हुये भी, प्रवृत्ति में अभाव देखा जाता है। सो, उसमें कारण यह है--'यह अभीष्ट सिद्धि का उपाय, सो हमारे बिना सिद्ध नहीं हो सकता--यह मेरा ही यत्न साध्य, अतएव, इस (विशेष) विषय पर हमारा प्रयत्न प्रयुज्य'--जब तक, ऐसे ज्ञानोत्पत्ति नहीं होती, तब तक, कोई भी उस विषय विषे प्रवृत्त नहिये होता। सुतरां, कर्तव्य बुद्धि ही लोगों की प्रवृत्ति--या--चेष्टा के मात्र कारण। अतएव, लोक--प्रवृत्ति के हेतु भूत अर्थ ही जब, शब्दों के प्रकृत वाच्यार्थ, तब तो वेद के पक्ष में भी (प्रवृत्ति हेतु) वही कार्य ही मात्र प्रतिपाद्य विषय होना चाहिये--हो सकता है। (सिद्ध वस्तु का प्रतिपादन, उसके विषय नहीं हो सकता। तभी कहना--भी चाहिये कि, स्वत: सिद्ध ब्रह्म--प्राप्ति रूप अनन्त तथा नित्य फल लाभ कब भी, केवल प्रतीति या, ज्ञान द्वारा सिद्ध हो नहीं सकता। विशेषत: 'जिन्हों ने चतुर्मास्य'--नामक यज्ञ करते हैं, उनको अक्षय पुण्य लाभ होता है।'--इत्यादिक श्रुति वाक्य से, कर्म के ही चिर-स्थायी--फल सम्पादन में सामर्थ्य प्रतिपादित भया है। अतएव, कर्म फल का अल्पत्व तथा अस्थिरत्व तथा ब्रह्म ज्ञान फल के अनन्तत्व और नित्यत्व को प्रतिपादनार्थ ब्रह्म विचार के लिये--ब्रह्म विचारात्मक इस (वेदान्त) शास्त्र के--आरम्भ युक्ति सिद्ध नहीं है। ११६॥

एवं किल वालाः शब्दार्थ सम्बन्धमवधारयन्ति, माता पितृप्रभृतिभिः अम्बातातमातुलादीन् शशि-पशु-नर-मृग-पक्षि-सर्पादींश्च 'एनमवेहि, इमं च अवधारय' इत्यभिप्रायेणांगुल्या निर्दिश्यतैस्तैः शब्दैस्तेषुतेषु अर्थेषु बहुशः शिक्षिताः शनैः शनैस्तैस्तैरेव शब्दैः तेषु तेषु अर्थेषु स्वात्मना बुद्ध्युत्पत्तिं दृष्ट्वा शब्दार्थयोः सम्बन्धान्तरादर्शनात् संकेतयितृपुरुषाज्ञानाच्च तेस्वर्थेषु तेषां शब्दानांप्रयोगोबोधकत्व निबन्धन इति निश्चिन्वन्ति। पुनश्च व्युत्पन्नेतर शब्देषु 'अस्य शब्दस्यायमर्थः'इति पूर्व्व वृद्धैः शिक्षिताः सर्व्व शब्दानामर्थमवगम्य परप्रत्यायनाय तत्तदर्थावबोधि-वाक्यजातं प्रयुञ्जते।

प्रकारान्तरेणापि शब्दार्थो सम्बन्धावधारणं सुशकम्-केनचित् पुरुषेण हस्तचेष्टादिना 'पितातै सुखमास्ते' इति देवदत्ताय ज्ञापय' इति प्रेषितः कश्चित् तज्ज्ञापने प्रवृत्तः 'पितातै सुखमास्ते' इति शब्दं प्रयुङ्क्ते। पार्श्वस्थोऽन्योव्युत्पित्सुर्मूकवच्चेष्टा विशेषज्ञः तज्ज्ञापने प्रवृत्तमिमंज्ञात्वानुगतः तज्ज्ञापनाय प्रयुक्तमिमं शब्दं श्रुत्वा 'अयं शब्दस्तदर्थबुद्धिहेतुः' इति निश्चिनोति, इति कार्य्यार्थ एव व्युत्पत्तिरिति निर्बन्धो निर्निबन्धनः। अतोवेदान्ताः परिनिष्पन्नं परं ब्रह्म, तदुपासन श्चापरिमितफलं बोधयन्तीति तन्निर्णयफलो ब्रह्मविचारः कर्त्तव्यः। कार्य्यार्थत्वेऽपि वेदस्य ब्रह्म विचारः कर्त्तव्य एव। कथम्? 'आत्मावा अरे द्रष्टव्यः श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्यः' बृहदा:-४-४-५। 'सोऽन्वेष्टव्यः, सविजिज्ञासितव्यः' छान्दो-८-७-१। 'विज्ञाय प्रज्ञांकुर्वीत'-बृहदा-६-४-२१। 'दहरोऽस्मिन्नन्तर आकाशः, तस्मिन् यदन्तस्तदन्वेष्टव्यम्, तद्वावविजिज्ञासितव्यम्' छान्दो-८।१।१। 'तत्रापि दहरं गगनं विशोकः, तस्मिन् यदन्तस्तदुपासितव्यम्' तैत्ति० नारायण १०।२३। इत्यादिभिः प्रतिपन्नोपासन विषय कार्य्याधिकृतफलत्वेन 'ब्रह्मविदाप्नोतिपरम्' तैत्तिः आन, १-१। इत्यादिभिर्ब्रह्मप्राप्तिः श्रूयत इति ब्रह्मस्वरूप-तद्विशेषणानां-दुःखासम्भिन्नदेश विशेष रूप स्वर्गादिवत्, रात्रिसत्रप्रतिष्ठादिवत् अपगोरण-शतयातना-साध्यसाधनभाववच्चकार्य्योपयोगितयैवसिद्धेः।

'गमनीय' इत्यादिष्वपि, वाक्येषु न कार्य्यार्थेव्युत्पत्तिः; भवदभिमतकार्य्यस्य

दुर्निरूपत्वात्। कृतिंभावभावि कृत्युद्देश्यं हिभवत: कार्य्यम्। कृत्युद्देश्यत्वं च कृति-कर्म्मत्वम्। कृतिकर्म्मत्वञ्च कृत्याप्राप्तुमिष्टतमत्वम्। इष्टतमञ्च सुखम् वर्त्तमान दु:खनिवृत्तिर्वा तत्रेष्टसुखार्थिनापुरुषेण स्वप्रयत्नाद् ऋते यदितदसिद्धि: प्रतीता, तत: प्रयत्नेच्छु: प्रवर्त्तते पुरुष:, इति न कचिदपि इच्छा विषयस्य कृत्यधीन सिद्धित्वमन्तरेण कृत्युद्देश्यत्वं नाम किञ्चिदप्युपलभ्यते; इच्छाविषयस्यप्रेरकत्वञ्च प्रयत्नाधीनसिद्धित्वमेव तत एव प्रवृत्ते:। न च पुरुषानुकूलत्वं कृतिउद्देश्यत्वम्' यत: सुखमेवपुरुषानुकूलम्। न च, दु:खनिवृत्ते: पुरुषानुकूलत्वम्। पुरुषानुकूलं सुखं, तत्प्रतिकूलं दु:खमिति सुखदु:खयो: स्वरूपविवेक:। दु:खस्य प्रतिकूलतया तन्निवृत्तिरिष्टा भवति, नानुकूलतया। अनुकूल-प्रतिकूलान्वय विरहे स्वरूपेणा वस्थितिर्हि दु:खनिवृत्ति:। अत: सुखव्यतिरिक्तस्य क्रियादेरनुकूलत्वं न सम्भवति। न च, सुखार्थतया तस्याप्यनुकूलत्वं दु:खात्मकत्वात् तस्य। सुखार्थतयापि तदुपादानेच्छामात्रमेवभवति। न च, कृतिं प्रति शेषित्वं कृत्युद्देश्यत्वम्; भवत्पक्षे शेषित्वस्यानिरूपणात्। न च, परोद्देशप्रवृत्त-कृतिव्याप्त्यर्हत्वं शेषत्वमिति तत्प्रतिसम्बन्धी शेषीत्यव गम्यते; तथासति कृतेरशेषत्वेन तां प्रति तत् साध्यत्वस्य शेषित्वाभावात्। न च, परोद्देश-प्रवृत्त्यर्हतायाः शेषत्वेन पर: शेषी; उद्देश्यत्वस्यैव निरूप्यमाणत्वात, प्रधानस्यापि भृत्योद्देशप्रवृत्त्यर्हत्वदर्शनाच्च। प्रधानस्तु भृत्यपोषेऽपि स्वोद्देशेन प्रवर्त्तत इति चेत्; न, भृत्योऽपि हि प्रधानपोषे स्वोद्देशेनैव प्रवर्त्तते। कार्य्यस्वरूपस्यैवानिरूपणात् कार्य्यं प्रतिसंबन्धी शेष:', 'तत् प्रतिसम्बन्धी शेषी' इत्यप्यसंगतम्।

नापि कृति प्रयोजनत्वं कृत्युद्देश्यत्वम्; पुरुषस्य कृत्यारम्भ प्रयोजनमेवहि-कृतिप्रयोजनम्, सचेच्छाविषय: तस्मादिष्टत्वातिरेकिकृत्युद्देश्यत्वानिरूपणात् कृति-साध्यता कृतिप्रधानत्व रूपं कार्य्यं दुर्निरूपमेव ॥ १२० ॥

ब्रह्मविचार की आवश्यकता प्रतिपादन

इसके उत्तर में कहा जाता है—सर्व साधारण में शब्द तथा अर्थ के सम्बन्ध (वाच्य वाचक भाव) अवधारण के लिये जो प्रणाली परिज्ञात है; सर्वजन विदित वही प्रणाली

परित्याग पूर्वक समस्त शब्द ही के जो एक अलौकिक-अर्थ को अवधारण प्राप्ति रूप फल ही के उल्लेख है, किन्तु उनके स्वरूप तथा तद्गत विशेषण या गुण किम्वा विभूति विशेष के उल्लेख नहीं है-(सो सत्य ही है तथापि-) दुःख-सम्पर्क शून्य स्थान विशेष-यों कहने से, मानों, स्वर्गादिक फल ही की सिद्धि हो रही है, 'रात्रि-सत्र' याग से, जैसे प्रतिष्ठा या यश कामना की सिद्धि होती है, और, अपगोरण-अर्थात् ब्राह्मण को प्रहार करने के निषेधक वाक्य में, जैसे, आवश्यक मत सत यातना (दण्ड) तथा अपगोरण के साध्य-साधन भाव को स्वीकार करना पड़ता है; इसमें भी वैसे ही, कार्य-विशेष में फल-विशेष को होना आवश्यक है। इसी कारण से, उपासना कार्य के उपयुक्त करके ही (जानि के ही) उपासना के फल-स्वरूप 'ब्रह्म के स्वरूप' तथा तद्गत-गुण महिमादि विशेषण समूहों के अस्तित्व सिद्ध होता है-अर्थात् उनके सम्बन्ध को मान लेना चाहिये।

और, 'गाम् आनय'-'गो लावो'-इत्यादि वाक्यों में भी क्रिया-प्रतिपादन ही में शब्दों के शक्ती निरूपित नहीं होती, क्यों कि, वहाँ पर आपके अभिप्रेत-कार्य-पदार्थ, सो किस प्रकार, सो सहज में निरूपण नहीं किया जा सकता। क्यों कि, पुरुष चेष्टा के सद्भावमें जिनके सद्भाव तथा पुरुष-चेष्टा के जो उद्देश्य सोई आपके अभिप्रेत कार्य्य पदार्थ। चेष्टा (कृति) के उद्देश्य अर्थ, चेष्टा का कर्म या विषय, चेष्टा का कर्म अर्थ-चेष्टा से जो (जिसको) विशेष रूप में पाने के लिये अभिलषित, याने, इष्टतम। सुख अथवा उपस्थित दुःख-निवृत्ति ही प्रधानतः इष्ट-तम पदार्थ, उसमें भी फिर सुखाभिलाषी पुरुष, यदि, समझें कि हमारा प्रयत्न-व्यतीत सुख-लाभ नहीं हो सकता, तभी, प्रयत्न में भी उनकी प्रवृत्ति होती है। अतएव, इच्छा के विषयीभूत पदार्थ को प्रयत्नाधीन सिद्ध न होते हुए में कुत्रापि प्रयत्न की इच्छा नहीं देखी जाती है। 'यह अभीष्ट-विषय हमारा प्रयत्नाधीन'-इस प्रकार (के) ज्ञान के बाद जब प्रवृत्ति होती है, तब अभीष्ट विषय को, जो, प्रवर्तक कहा जाता है, सो, उसके अर्थ भी प्रयत्नाधीन-सिद्धि से भिन्न कुछ भी नहीं। और, सुख ही जब पुरुष के लिये मात्र अनुकूल-प्रिय विषय, तब तो, कृति के उद्देश्य को (चेष्टाके विषयको) पुरुष के अनुकूल नहीं कहा जा सकता है। और, दुःख की निवृत्ति भी पुरुष के अनुकूल नहीं है; क्यों कि, जो पुरुष के अनुकूल सोइ सुख, और जो प्रतिकूल वही दुःख रूप। सुख

तथा दुःख के स्वरूप-गत प्रभेद इतना ही मात्र है। प्रतिकूल होने के कारण से ही उसकी निवृत्ति भी सब के अभिप्रेत--होती है-अनुकूल करके नहीं। पुरुष के जो अनुकूल तथा प्रतिकूल तथा प्रतिकूल सम्बन्ध-शून्य रूप में स्वरूपावस्थान उसी की नाम दुःख-निवृत्ति। इसी से, सुखातिरिक्त क्रिया प्रभृति धर्म के अनुकूलता कभी भी सम्भव-पर नहीं होती। और, यों भी कह नहीं सकते-(कि) 'क्रिया जब सुख ही के साधन रूप, तब तो वह भी अनुकूल होना चाहिये।' कारण,-क्रिया सो सहज में दुःख कर-केवल सुख की इच्छा से ही उस क्रियानुष्ठान में भी इच्छा होती।

और, कृतिशेष या, क्रियांग को भी कृति के उद्देश्यय नहीं कहा जा सकता। क्यों कि, आपके मत में शेषित्व जो पदार्थ सो दुर्निरूपणीय। क्यों कि, ऊपर फल के उद्देश्य में आरब्ध कृति या प्रयत्न के व्याप्ति-योग्य अथवा अनुगत विषय को 'शेष' कहने में जो तत् सम्पर्कित विषय सो शेषीहोगी-ऐसा तो नहीं समझा जाता है। कारण,-कृति या प्रयत्न स्वयं ही जब 'शेष'नहीं हो सका,तब, तत् साध्य-विषय, सो तो, किसी तरह से उसकी 'शेषी'-रूप में परिगणित नहीं होगा। और, परोद्देश्य में प्रवृत्ति के योग्य को शेष' कहने से ही जो 'पर' सो शेषी होगी, सो भी नहीं, कारण-उस लक्षणानुसार 'पर' जो वस्तु सो उसके उद्देश्यत्व मात्र ही निरूपित हो सकता--(सुतरां 'पर' को फिर शेषी नहीं कहा जा सकता।) विशेषतः, भृत्य के निमित्त प्रधान को भी, प्रवृत्त होने में योग्यता है (रहती है)। (प्रधान को भृत्य के 'शेष' अधीन नहीं कहा जा सकता) यदि, कहिये कि 'प्रधान' भी जब, भृत्य के परिपोषण में प्रवृत्त होते हैं? सो, उसमें भी उद्देश्य अपना ही होता है? नहीं—तबतो, भृत्य भी अपना उपकार के लिये ही, प्रभु- सेवा में प्रवृत्त होता है? अतएव, प्रधान-भूत कार्य्य ही के, जब, स्वरूप-निरूपण करना असम्भव, तब तो, कार्य के प्रतिसम्बन्धी शेष तथा उसके प्रति सम्बन्धी 'शेषी'-- इस प्रकार के जो निर्देश सो भी असंगत।

और, जो कृति या प्रयत्न के यो प्रयोजन--उद्देश्य, सोई कृत्योद्देश्य'-यह भी अवाच्य है। क्यों कि, पुरुष के कार्य्यारम्भ में जो प्रयोजन, सो तो पुरुष के इच्छा--विषय के सिवाय कुछ भी नहीं,-अतएव, इष्टत्व--भिन्न-'कृत्युद्देश्यत्व', सो निरूपण नहीं किया जा सकता, अतएव कृति-साध्य को भी कार्य-रूप से निर्णय नहीं किया जा सकता। १२०॥

नियोगस्यापि साक्षादिच्छा विषयभूत सुख दुःख निवृत्तिभ्यामन्यत्वात् तत् साधनतयैवेष्टत्वं कृतिसाध्यत्वञ्च । अत एवहि तस्य क्रियातिरिक्तता; अन्यथाक्रियैव कार्य्यं स्यात् । स्वर्गकामपद-समभिव्याहारानुगुण्येनलिङ्आदि वाच्यं कार्य्यं स्वर्गसाधन मेवेतिक्षणभंगि-कर्मातिरेकि स्थिरं स्वर्गसाधनमपूर्व्वमेव कार्य्यमिति स्वर्गसाधनतोल्लेखेनैव ह्यपूर्व्वं व्युत्पत्ति' । अतः प्रथममनन्यार्थतया प्रतिपन्नस्य कार्य्यस्यानन्यार्थत्वनिर्वहणायापूर्व्वमेवपश्चात् स्वर्गसाधनं भवतीत्युपहास्यम्; स्वर्गकामपदान्वितकार्य्याभिधायिपदेन प्रथममप्यनन्यार्थतानभिधानात्; सुख दुःख निवृत्ति तत् साधनेभ्योऽन्यस्यानन्यार्थस्य कृतिसाध्यताप्रतीत्यनुपपत्तेश्च ।

अपिच, किमिदं नियोगस्य प्रयोजनत्वम् ? सुखवत् नियोगस्याप्यनुकूलत्व मेवेति चेत् ; किं नियोगः सुखं ? सुखमेवह्यनुकूलम् । सुखविशेषवत् नियोगपरपर्य्यायं विलक्षणं सुखान्तरमिति चेत्, किं तत्र प्रमाणमिति वक्तव्यम् । स्वानुभवश्चेत् ; न; विषयविशेषानुभवसुखवत् 'नियोगानुभवसुखमिदम्' इति भवतापिनानुभूयते । शास्त्रेण नियोगस्य पुरुषार्थतयाप्रतिपादनात् पश्चात् तु भोक्ष्यत इति चेत्; किं तन्नियोगस्य पुरुषार्थत्ववाचि शास्त्रम् ? न तावत् लौकिकं वाक्यम् ; तस्य दुःखात्मक क्रियाविषयत्वात्, तेन सुखादि साधन तयैव कृतिसाध्यतामात्र प्रतिपादनात् । नापि नित्यनैमित्तिक शास्त्रम्; तस्यापि तदभिधायित्वं स्वर्गकाम वाक्यस्थापूर्व्वव्युत्पत्तिपूर्व्वकमित्युक्तरीत्या तेनापि सुखादि साधनभूत-कार्य्याभिधानमवर्ज्जनीयम । नियतैहिकफलस्य कर्म्मणोऽनुष्ठितस्य फलत्वेन तदानीमनुभूयमानान्नाद्यारोगतादिव्यतिरेकेण नियोगरूपसुखानुभवानुपलब्धेश्च नियोगः 'सुखम्' इत्यत्र न किञ्चन प्रमाणमुपलभामहे ।

अर्थवादादिष्वपि स्वर्गादिसुख-प्रकारकीर्त्तनवत् नियोगरूपसुखप्रकार कीर्त्तनं भवतापि न दृष्टचरम् । अतो विधिवाक्येष्वपि धात्वर्थस्य कर्त्तृव्यापार साध्यता मात्रं शब्दानुशासनसिद्धमेव लिङादेर्वाच्यमित्यध्यवसीयते । धात्वर्थस्य यागादेरग्न्यादिदेवतान्तर्य्यामि-परम-पुरुष-समाराधन रूपता, समाराधितात् परमपुरुषात् फलसिद्धिश्चेति, 'फलमत उपपत्तेः' ब्र: सु:-३-२-३७ । इत्यत्र प्रतिपा-

दर्यिष्यते अतो वेदान्ताः परिनिष्पन्नं परं ब्रह्मबोधयन्तीति ब्रह्मोपासनफलानन्त्य स्थिरत्वञ्च सिद्धम्। चातुर्म्मास्यादिकर्म्मस्वपि केवलस्य कर्म्मणः क्षयिफलत्वोपदेशा-दक्षयफलश्रवणं 'वायुश्चान्तरिक्षं चैतदमृतम्'-बृहदा ४। ३। ३। इत्यादिवदापेक्षिकं मन्तव्यम्।

अतः केवलानां कर्म्मणामल्पास्थिरफलत्वात्, ब्रह्मज्ञानस्यानन्तस्थिरफलत्वाच्च तन्निर्णयफलो ब्रह्मविचारारम्भो युक्तइति स्थितम्।

इति श्रीभाष्ये प्रथमं जिज्ञासाधिकरणं समाप्तम्।

सुख तथा दुःख-निवृत्ति ही साक्षात् सम्बन्ध में इच्छा के विषय होता है, (विधि वाक्य-गत) नियोग, जब, उन सुख तथा दुःख-निवृत्ति से सम्पूर्ण पृथक्, तब, समझना चाहिये कि, सुख तथा दुःख-निवृत्ति के उपाय रूप जानि के ही नियोग-विषय में लोगों की इच्छा होती है, और कृति-साध्यत्व रूप समझता है। इसी से, क्रिया या व्यापार से, वह नियोग धर्म का पार्थक्य रचित होता है। नचेत, क्रिया, तथा कार्य (क्रिया फल) दोनों का एकत्व या अभेद हो सकता। स्वर्ग काम पद के साथ एक योग से अन्वय या सम्बन्ध-वश लिङ् प्रभृत्ति विभक्ति में जो, कार्य समझा जाता है, वही स्वर्ग-साधन रूप। इसी से समझना पड़ता है-क्षण-भंगुर जो यागादि कर्म, उसमें पृथक् तथा दीर्घ-काल स्थायी, स्वर्ग साधन अपूर्व (अदृष्ट-पुण्य-पाप) और कार्य एक ही पदार्थ, सुतरां स्वर्ग साधन रूप में ही अपूर्व शब्द की अर्थ-प्रतीति होती है। अतएव, अपूर्व तथा कार्य जब एक ही पदार्थ, तब तो, उभय के अभिन्नत्व-रक्षार्थ ही, प्रथम में अपूर्व रूप से प्रतीयमान पदार्थ ही पश्चात् (स्वर्गकाम पद के साथ सम्बन्ध के बाद) स्वर्ग-साधन रूप प्रतिपन्न होता है-यह जो सिद्धान्त सो नितान्त ही हास्यास्पद है। क्यों कि, 'स्वर्ग काम' पद के साथ सम्बन्ध कार्य बोधक जो पद सो प्रथम में अनन्यत्व तथा अभिन्नत्व-अर्थ को प्रतिपादन नहीं करता है, कारण-सुख, दुःख-निवृत्ति तथा तदुभय के साधन भिन्न 'अनन्यत्व'-अर्थ, कभी भी 'कृति साध्यता ज्ञान' से उपपन्न नहीं हो सकता।

अपिच, जिज्ञास्य यह है कि, विधि वाक्यस्थ नियोग को जो, प्रयोजन रूप कहा जाता है, सो उसका अभिप्राय क्या है? यदि कहिये कि, सुख के न्याय नियोग की भी

अनुकूलता ही प्रयोजनत्व। भला-सुख ही मात्र अनुकूल पदार्थ, क्या, 'नियोग' उसी का नामान्तर मात्र। अच्छी बात, किन्तु इसके प्रमाण भी कहना चाहिये। पुनः यदि कहिये कि, स्वीय अनुभव ही प्रमाण रूप। नहीं,- विषय विशेष के अनुभव में जैसी सुख की-प्रतीति होती है, वैसे ही, नियोगानुभव करना, सो उसका समादर, प्रमाणाभिज्ञों ने कभी नहीं कर संकेत हैं।

बालकों ने प्रथम प्रथम, शब्द तथा अर्थ सम्बन्ध को इस प्रकार से अवधारण करते हैं, -पिता माता प्रभृति स्वजनगण ने शिक्षा देने के लिये-'इसको जानो-मन में रक्खो'-इत्यादि कहिके, अंगुली-निर्देश से 'अम्बा', 'तात', 'मातुल' प्रभृति को तथा 'शशी', 'पशु', 'मृग', 'नर', 'पक्षी' और 'सर्प' आदिकों को (नाम) उनको शिखलाते हैं। अनन्तर, वे शिक्षित बालक गण, अपने आप क्रम से (रहते रहते), उन शब्दों के प्रयोग द्वारा, पूर्व निर्दिष्ट उन विषयों की प्रतीति से, मानने लगते है कि, उन विशेष विशेष शब्दों के, अपरापर अर्थों के साथ सम्बन्ध जब देख नहीं पड़ता, तथा अन्यार्थ की संकेत कारी भी जब नहीं देख पड़ता, तब तो, उन शब्दों के, निर्दिष्ट विषयों की ही प्रतीति में प्रयोग किये जाते हैं। पुनश्च, व्युत्पन्न-इतर शब्दों में भी 'इस शब्द का यही अर्थ'-इस प्रकार से पूर्व-वृद्ध-शिक्षित भाव में, सब शब्दों के अर्थ को जानि के, औरों के बोध निमित्त, अपने स्वयं भी भिन्न भिन्न अर्थ बोधक वाक्यों को प्रयोग करते हैं।

प्रकारान्तर से भी, शब्दों तथा अर्थों के सम्बन्ध को सहज में ग्रहण किया जा सकता है,-'तुम्हारा पिता सुखी हैं'-इस बात को तुम देवदत्त से कहना-हस्त संचालन के साथ ऐसा कह कर, एक ने और एक को भेजा। प्रेरित व्यक्ति (यथा स्थान पर पहुँच कर) कही 'तुम्हारा पिता सुखी हैं।' जो (आदमी) मूक वत्-संकेत मात्र को समझ सकता अथच शब्दार्थ को जाना चाहता है-ऐसा कोई एक व्यक्ति उस भेजे हुए को अनुगमन किया तथा उस बात को ज्ञापनार्थ पूर्व कथित शब्दों को प्रयोग करते सुनि के स्थिर किये कि, यही शब्द ही आदिष्ट अर्थ-बोध के कारण,। अतएव, 'कार्य-बोधक वाक्य में ही व्युत्पत्ति या शब्दार्थ सम्बन्ध का ग्रहण होना चाहिये'-इस रूप में जो आग्रहातिशय सो निष्कारण या अमूलक क्योंकि हस्त संकेत से भी शब्दार्थ-सम्बन्ध का ग्रहण होता है। अतएव, वेदान्त शास्त्र समूह भी स्वतः सिद्ध परब्रह्म तथा उनके उपासना और उसके अपरिमित फल को प्रतिपादन करने में

अवश्य ही समर्थ है-अर्थात् उस विषय में इस शास्त्र का अप्रमाण्य नहीं हो सकता, अतएव वेदान्तार्थ निर्णय के लिये ब्रह्म विचार सो अवश्यर्तव्य है।

और यदि वेद के कार्य परत्व ही को स्वीकार किया जाय, तब भी ब्रह्म विचार के आवश्यक एकान्त ही है। यदि कहिये कि, काहे को ? तो-उत्तर-'अरे, मैत्रेयि! आत्मा को दर्शन करना, श्रवण करना, मनन करना तथा निदिध्यासन करना।' 'उन्हीं—आत्मा को अनुसन्धान कराना, तथा उन्हीं को जानने की इच्छा करना।' 'उनको विशेष रूप से अवगत होकर तद्विषय में चिन्ता करना,' '(यह जो हृत्पद्म-रूप क्षुद्र गृह) इसके अभ्यन्तर में दहर आकाश है, उसके अभ्यन्तर में जो है उनको अन्वेषण करना और उसीको विशेष करके जानने को इच्छा करना।' 'वहां भी सर्व दुःख वर्जित दहर आकाश है, उसके अभ्यन्तर में जो है उनके उपासना करना'—इत्यादि श्रुति वाक्यों से जो उपासना विहित भयी, 'ब्रह्मवित् पुरुष पर ब्रह्म को प्राप्त होते हैं'—इत्यादि श्रुतियों में फिर उसी उपासना कार्य्य ही के नियत फल स्वरूप—ब्रह्मप्राप्ति के उल्लेख परिश्रुत हो रहे हैं। (यद्यपि, उल्लिखित उपासना—विधायक वाक्यों में केवल ब्रह्म—में भी, 'यह नियोग सुख'-ऐसा अनुभव तो नहीं किया जाता। फिर कहिये कि, विधि शास्त्रमे, जब उसकी पुरुषार्थता की कर्तव्यता या व्यवस्था की गयी है, तब तो, उसकी सुखात्मकता को भी निश्चय समझना चाहिये। ठीक है वह नियोग की पुरुषार्थता के प्रमाण में शास्त्र क्या है? प्रथमतः-लौकिक वाक्य-सो (तद्बोधक) शास्त्र नहीं, क्योंकि मात्र दुःखबहुल क्रिया-प्रतिपादन ही उसके मात्र विषय; विशेषतः लौकिक वाक्य में केवल सुखसाधन रूप से ही उसकी कर्तव्यता प्रतिपादित-भयी है सुखात्मक रूप से नहीं) द्वितीयतः वैदिक-प्रमाण भी नहीं है। क्योंकि, उसके भी केवल स्वर्गसाधन रूप से कार्य का प्रतिपादन किया गया है-(याग जनित अपूर्व रूप)। और, नित्य नैमित्तिक क्रिया विधायक शास्त्र में भी, उसकी सुखात्मकता प्रतिपादित नहीं भयी है। कारण—'स्वर्गकामः यजेत' इत्यादि वाक्यों में जो, अपूर्व में-अदृष्ट पुण्यादिअर्थ में शक्ति कल्पना, तदनुसार ही, नित्य नैमित्तिक वाक्यों के उस प्रकार का अर्थ बोधकत्व कल्पित होता है, सुतरां, उसमें भी, जो कर्मानुष्ठान में सुखादि साधनतारूप में ही कार्य प्रतिपादन-सुख रूप नहीं-सो अस्वीकार

नहीं किया जाता-जिस कर्म का फल यहीं सुनिश्चित-उसका अनुष्ठान से तत् फल रूप में प्रतीयमान-भोगही अन्नादि के प्राचूर्य तथा निरोगतादिक फलों के सिवाय तत कालमें नियोग जनित स्वतन्त्र कोइ सुख की उपलब्धि भी नहीं होती। अतएव, विधि वाक्य स्थित नियोग ही, जो, सुख स्वरूप—यह अप्रमाणिक बात है।

और विधि को स्तुति पर—अर्थ वादादि वाक्यों में भी, स्वर्गादि सुख को विशेषण रूप में उल्लेख देखा जाता है, तद्रूप-नियोग सुख के विशेषण रूप से समुल्लेख तो भी, इतः पूर्व में कभी नहीं देखा गया है। अतएव 'यजेत' प्रभृति विधि वाक्यों में भी, शब्द शास्त्र के नियम-सिद्ध, जो 'यज' प्रभृति धातुवों का कर्तृ व्यापार साध्यता-यही अर्थ ही विधिगत लिङ् प्रभृति के वाच्यार्थ तद्व्यतिरिक्त कोई भी अर्थ नहीं है।—यही जानी जाती है। अग्नि प्रभृति देवता की तथा अन्तर्यामी परमपुरुष भगवान के आराधना तथा आराधित भगवान से फल लाभ-यही 'यज' प्रभृति धातुवों के अर्थ-यागादि शब्द वाच्य। 'इन्ही से क्रिया फल सम्पन्न होता है'-इसी सूत्र में, यही सिद्धान्त प्रतिपादित होगा। अतएव, वेदान्त शास्त्र समूह जब परिनिष्पन्न (स्वतः सिद्ध) ब्रह्म-प्रतिपादित कर रहे हैं, तब तो, उनके अनन्त, स्थिरतर फलदान की शक्ती अनुमित—हो रही है। और चातुर्मास्यादि याग के स्थान पर भी बात यह है कि,-(शास्त्र ही जब ज्ञान सम्बन्ध रहित-) मात्र कर्म फल को ('क्षय शील') कहिके उपदेश किये हैं, तब तो, समझना चाहिये कि, 'वायु तथा अन्तरिक्ष यह दोनों अमृत'-इसमें 'अमृतत्व'-अर्थ जैसे आपेक्षिक-नित्य नहीं'।

अतएव, जिस हेतु से ज्ञान सम्बन्ध रहित कर्म का फल अल्प तथा अस्थिर पक्षान्तर में ब्रह्मज्ञान के फल अनन्त-स्थिर, तब तो उस ब्रह्म ज्ञान के स्वरूप रूपणार्थं ब्रह्म-विचार करने की आवश्यकता व्यवस्थापित भयी।

श्री श्री भाष्यानुवादे प्रथम अधिकरण समाप्तम्।

तात्पर्य्य,--'अधिकरण'--मीमांसाशास्त्रोक्त एक प्रकार सिद्धान्त प्रणाली। प्रत्येक अधिकरण में पाँच अवयव होते हैं। यथा—

विषयःसंशय श्चैव विचारो निर्णयस्तथा।
प्रयोजनेन सहित मेतत्स्यादंगपञ्चकम् ॥ अर्थात्

(१) विषय-विचारार्ह वाक्य या वाक्यार्थ, (२) संशय-विषयों पर अनुकूल तथा प्रतिकूल चिन्ता, (३) विचार,--सिद्धान्त के पूर्व पक्ष उत्थापन (४) निर्णय--प्रकृत सिद्धान्त स्थापन, (५) प्रयोजन--सिद्धान्त के फल या उद्देश्य।

यह प्रथम अधिकरण के विचार्य्य विषय--'ब्रह्म मीमांसा'। संशय--ब्रह्म मीमांसा को आरम्भ करना--सो कर्तव्य है या नहीं ?। विचार--स्वत: सिद्ध वस्तु बोधन में जब शब्दों के सामर्थ्य नहीं है, तब तो ब्रह्म--बोधक वेदान्त के भी प्रामाण्य नहीं है। निर्णय--नहीं--स्वत: सिद्ध वस्तु बोधन में भी शब्दों के सामर्थ्य निश्चय है, अतएव, ब्रह्म बोधक--वेदान्त के भी प्रामाण्य है ही। प्रयोजन--अतएव, ब्रह्म मीमांसा शास्त्र को आरम्भ करना उचित ही है,--मोक्ष लाभ ही विशिष्ट फल।

इसी प्रकार से इस शास्त्र के प्रत्येक अधिकरण ही में उल्लिखित पांच प्रकार के अवयवों की योजना करनी चाहिये।— श्री श्री शुभमिति--भाद्र शुक्ला तृतीया। ४-२६-४६